# CONTENTS

**Seventeenth Series, Vol. I, First Session, 2019/1941 (Saka)**

**No. 6, Monday, June 24, 2019/Ashadha 3, 1941 (Saka)**


| SUBJECT | PAGES |
|---|---|
| **ORAL ANSWERS TO QUESTIONS** | |
| *Starred Question Nos. 21 to 29 | 11-85 |
| **WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS** | |
| Starred Question Nos. 30 to 40 | 86-154 |
| Unstarred Question Nos. 192 to 212**, 214 to 281**, 283 to 355** and 357 to 421 | 155-699 |


* The sign+ marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

** Unstarred Question Nos. 213, 282 and 356 were deleted due to appointment of Shri Om Birla as the Hon'ble Speaker.

**PAPERS LAID ON THE TABLE** 700-726

**STANDING COMMITTEE ON FINANCE**
73rd Report 727

**COMMITTEE ON WELFARE OF OTHER BACKWARD CLASSES**
21st Report 728

**ELECTIONS TO COMMITTEES**
(i) Committee on Estimates 729
(ii) Committee on Public Accounts 730-731
(iii) Committee on Public Undertakings 732-733
(iv) Committee on Welfare of Scheduled Castes and Scheduled Tribes 734-735

**MOTION RE: ELECTION TO COMMITTEE ON WELFARE OF OTHER BACKWARD CLASSES** 736

**GOVERNMENT BILLS - Introduced**
(i) Jammu and Kashmir Reservation (Amendment) Bill, 2019 741
(ii) Aadhaar and Other Laws (Amendment) Bill, 2019 741-745
(iii) Special Economic Zones (Amendment) Bill, 2019 746

**STATEMENT RE: JAMMU AND KASHMIR (RESERVATION) (AMENDMENT) ORDINANCE, 2019** 740

**STATEMENT RE: AADHAAR AND OTHER LAWS (AMENDMENT) ORDINANCE , 2019** 745

**STATEMENT RE: SPECIAL ECONOMIC ZONES (AMENDMENT) ORDINANCE, 2019** 746

**MATTERS UNDER RULE 377** 747-774

(i) Regarding water-shortage and inter-linking of rivers in Wardha parliamentary constituency, Maharashtra

Shri RamdasTadas 748

(ii) Need to provide rail link between Merta and Pushkar in Rajasthan

Shri Bhagirath Choudhary 749

(iii) Regarding setting up of a steel plant in Chatra Parliamentary Constituency, Jharkhand

Shri Sunil Kumar Singh 750-751

(iv) Need to establish Institute of Automotive Research Association of India in Adityapur in Jamshedpur Parliamentary Constituency, Jharkhand.

Shri Bidyut Baran Mahato 752

(v) Need to confer legitimate civil rights to people belonging to Valmiki community in Jammu & Kashmir

Shri Bhanu Pratap Singh Verma 753

(vi) Regarding inclusion of Khetauri, Ghatwal-Ghatwar and others in the list of Scheduled Tribes

Dr. Nishikant Dubey 754

(vii) Need to improve intra city mobility infrastructure in Bengaluru

Shri Tejasvi Surya 755

(viii) Need to construct ROB on level crossings on NH 76 & 86 in Hamirpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh

Kunwar Pushpendra Singh Chandel 756

(ix) Need to improve ground water level and green cover in Churu Parliamentary Constituency, Rajasthan.

Shri Rahul Kaswan 757

(x) Regarding filling up of vacant posts under reserved categories in Railways

Dr.(Prof.) Kirit Premjibhai Solanki 758

(xi) Need to set up separate Ministry for senior citizens

Dr. Virendra Kumar 759

(xii) Need to develop Ramayana tourist circuit in Satna, Madhya Pradesh

Shri Ganesh Singh 760

(xiii) Need to fix Minimum support Price of Milk in the country

Shri Devaji Patel 761

(xiv) Need to construct Kendriya Vidyalaya building in Maharajganj Parliamentary Constituency, Bihar

Shri Janardan Singh Sigriwal 762

(xv) Need to expedite construction work on National Highway No. 19 in Bihar

Shri Rajiv Pratap Rudy 763

(xvi) Regarding widening of Kazhakkuttam Kadambattukonam stretch and construction of Attingal Bypass on National Highway No. 66 in Kerala

Adv. Adoor Prakash 764

(xvii) Need to expedite construction work on National Highway No. 34 in West Bengal

Shri Adhir Ranjan Chowdhury 765

(xviii) Regarding introduction of a bill to overrule the judgement of Hon’ble Supreme Court on Sabarimala issue

Shri Anto Antony 766

(xix) Regarding violence in West Bengal

Prof. Sougata Ray 767

(xx) Regarding socio-environmental impact caused by Power Transmission Projects

Shri A. Ganeshamurthi 768-769

(xxi) Need to rejuvenate old railway bridges on Bakhtiyarpur-Rajgir railway section in Bihar

Shri Kaushalendra Kumar 770

(xxii) Need to address water scarcity in Maharashtra.

Shrimati Supriya Sadanand Sule 771

(xxiii) Regarding eradication of Acute Encephalitis Syndrome in the country

Shri Mohammad Azam Khan 772

(xxiv) Regarding various railway related issues pertaining to Nagapattinam Parliamentary Constituency of Tamil Nadu

Shri M. Selvaraj 773

(xxv) Regarding electrification of Kollam-Punalur Schenkotta railway line

Shri N. K. Premachandran 774

**MOTION OF THANKS ON THE PRESIDENT'S ADDRESS**


| | |
|---|---|
| Shri Pratap Chandra Sarangi | 775-807 |
| Dr. Heena Vijaykumar Gavit | 808-819 |
| Shri Adhir Ranjan Chowdhury | 821-841 |
| Text of Amendments | 842-858 |
| Shri T.R. Baalu | 859-865 |
| Prof. Sougata Ray | 866-876 |
| Shri P.V. Midhun Reddy | 877-883 |
| Shri Vinayak Bhaurao Raut | 884-890 |
| Shri Rajiv Ranjan Singh 'Lalan' | 891-897 |
| Shri Pinaki Misra | 898-905 |
| Kunwar Danish Ali | 906-910 |
| Dr. Nama Nageshwar Rao | 911-915 |
| Dr. Amol Ramsing Kolhe | 916-923 |
| Dr. (Prof.) Kirit Premjibhai Solanki | 924-932 |
| Shri P.K. Kunhalikutty | 933-936 |
| Shri Ganesh Singh | 937-944 |
| Adv. A.M. Ariff | 945-948 |
| Shri Ram Kripal Yadav | 949-957 |
| Shri P. Raveendranath Kumar | 959-964 |
| Shri Dharambir Singh | 965-969 |

| | |
|---|---|
| Shri Mohammad Azam Khan | 970-975 |
| Shri M. Selvaraj | 976-979 |
| Shri Asaduddin Owaisi | 980-984 |
| Shri Tokheho Yepthomi | 990-992 |
| Prof. Rita Bahuguna Joshi | 993-1000 |
| Shri Balubhai *alias* Suresh Narayan Dhanorkar | 1002-1003 |


**ANNEXURE – I**


| | |
|---|---|
| Member-wise Index to Starred Questions | 1004 |
| Member-wise Index to Unstarred Questions | 1005-1007 |


**ANNEXURE – II**


| | |
|---|---|
| Ministry-wise Index to Starred Questions | 1008 |
| Ministry-wise Index to Unstarred Questions | 1009 |

# OFFICERS OF LOK SABHA

## THE SPEAKER

Shri Om Birla

## PANEL OF CHAIRPERSONS

Shrimati Rama Devi

Dr.(Prof.) Kirit Premjibhai Solanki

Shri Rajendra Agrawal

Shrimati Meenakashi Lekhi

## SECRETARY GENERAL

Shrimati Snehlata Shrivastava

# LOK SABHA DEBATES

LOK SABHA

----------

Monday, June 24, 2019/ Ashadha 3, 1941 (Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock

[Hon. Speaker *in the Chair*]

**ORAL ANSWERS TO QUESTIONS**

**(Q. 21)**

SHRI FEROZE VARUN GANDHI : Sir, through you, I would like to ask the hon. Minister whether the Government is considering provisioning a separate and lower GST rate for electric vehicles which would in turn help electrical mobility and also promote sustainable technological environmental practices.

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर :** आदरणीय अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य ने बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न पूछा है कि आखिरकार भविष्य में इलैक्ट्रिकल व्हीकल्स की ओर देश को जाना है तो क्या उसके लिए टैक्स रेट जीएसटी का कम होगा? इसके लिए जीएसटी काउंसिल पीछे हुई, इसमें यह बात रखी गई है। जीएसटी काउंसिल आने वाले समय में इस पर विचार करेगी। जब इसका निर्णय आएगा तो आपके संबंधित प्रश्न का उत्तर दे दिया जाएगा, लेकिन आज के समय जीएसटी काउंसिल में इश्यू पेंडिंग है।

SHRI FEROZE VARUN GANDHI : My question through you, hon. Speaker, to the hon. Minister is that what is being done specifically to make life easier for MSMEs with specific regard to the mobility of capital, the access and the regulatory burden. So, I would like to know about the complexity of returns like GSTR-9 and also the time required for GST refunds to be processed.

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर:** माननीय अध्यक्ष जी, जैसा सबको विदित है कि वर्ष 2017 में जीएसटी प्रणाली को लागू किया गया। टैक्स कलैक्शन में भी जिस तरह से वृद्धि हुई है, इसके चलते और साथ में अगर हम कुल मिलाकर देखें तो समय-समय पर जीएसटी काउंसिल ने इतने सारे निर्णय लिए, विशेष तौर पर एमएसएमई सैक्टर और कुल मिलाकर इस देश में काम करने वाले उद्योगपति, ट्रेडर्स और सबके लिए इतने निर्णय लिए गए कि 92,000 करोड़ का अब तक का लाभ इनको पहुंचा है।

इसके अलावा समय-समय पर निर्णय लिए गए ताकि ट्रेड में कोई बाधा न आए, राहत मिले और जीएसीटी में रिटर्न फाइल में दिक्कतें आती थीं, उसे भी दूर किया गया। अभी दो-तीन दिन पहले मीटिंग जीएसटी काउंसिल की मीटिंग हुई उसमें यह भी निर्णय लिया गया कि जनवरी महीने से रिटर्न फाइल करने में और आसानी हो। अगर आप कुल मिलाकर देखें तो मन्थली रिटर्न में पिछले महीने की 20 तारीख तक 21 लाख लोगों ने एक दिन में रिटर्न फाइल की। यह अपने आप में दिखाता है कि यह सिस्टम अब स्टीब्लाइज हुआ है। इसके साथ लोगों को जो राहत समय-समय पर चाहिए थी, उसके लिए सरकार ने सब निर्णय लिए और अब आहिस्ता-आहिस्ता इस सिस्टम में बहुत सुधार हुआ है।

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB : Sir, before I put my question, I have a suggestion to make. There is another identical question on the same subject, Question no. 28, which can be clubbed together. I leave it to you, Sir.

I do not need to elaborate it further because the hon. Minister is quite aware about the glitches that the GSTN has been facing. Last year, a committee was constituted and twenty-five such glitches were identified. As GST regime is going to complete two years in another week's time, by 30th of this month to be specific, I would like to understand whether all the trouble with GSTN has been overcome and or it is still a work in progress as we have been hearing for some time now.

What appropriate measures have been taken to strengthen the GST portal to facilitate compliance with GST law amendments? I say this because based on the suggestions of GST Council a number of amendments are being effected but they are not being implemented by the GST portal immediately. Is the Government aware that the GST portal has shown its incapability of

handling the load of taxpayers thereby making it inaccessible on crucial dates and timelines?

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर :** माननीय अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य बहुत ही वरिष्ठ सदस्य भी है और बहुत गंभीर प्रश्न भी उठाया है। निश्चित तौर पर सिस्टम में शुरुआत में दिक्कतें आईं,जिसके चलते समय-समय पर जी.एस.टी. काउंसिल में विचार भी किया गया। उस दिशा में कदम भी उठाए गए। आप जैसे अनुभवी सांसदों ने जब-जब ऐसे विषयों को उठाया और जी.एस.टी. काउंसिल में ऐसे विषय आए तो उसके बाद इस दिशा में काम किया गया है। उसमें बहुत सुधार हुआ है। किसी भी नए सिस्टम को स्टेबिलाइज़ होने में थोड़ा समय लगता है, लेकिन मैं कह सकता हूँ कि पिछले महीने में जिस तरह एक ही दिन में 21 लाख रिटर्न्स फाइल की गईं और सिस्टम ने उस लोड को लिया और बहुत ठीक ढंग से चला है, तो हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। अगर छोटी-मोटी त्रुटियां होंगी भी तो उसको दूर किया जाएगा। इसको और आसान करने के लिए जो कदम उठाए गए, अगले साल जनवरी से उसको पूरी तरह से लागू कर दिया जाएगा उसके पायलट प्रोजेक्ट्स भी आजकल चल रहे हैं, ताकि बार-बार रिटर्न फाइल न करनी पड़े और एक ही रिटर्न में आपका ई-वे बिल भी हो और आपकी कम्पोजिशन भी हो जाए। इस दिशा में काम चल रहा है।

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY : Sir, the concept of GST has been read out by the hon. President in his Address as ‘One Country, One Tax, One Market’. But when actually GST was announced, and so hurriedly, small traders were really thrown into huge difficulties. My question to the hon. Minister is this. Is the Government now going to simplify GST further to save the small traders of the country? If so, what further steps are they going to take and what would be the time limit?

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर :** माननीय अध्यक्ष जी, सुदीप दा बहुत वरिष्ठ सांसद भी हैं और ट्रेडर्स की समस्या को लेकर गंभीर प्रश्न भी उठाया है, लेकिन मैं आपको अवगत कराना चाहता हूँ कि

जी.एस.टी. आने से पहले जितने लोग (टैक्स) जी.एस.टी. से पहले की व्यवस्था में थे, उससे दुगने अब हुए हैं। इससे पता चलता है कि आहिस्ता-आहिस्ता जिस तरह से विश्वास इसमें बढ़ा है, इसमें जी.एस.टी. काउंसिल ने जो काम किया है, मैं उन सब सदस्यों को बहुत बधाई देना चाहता हूँ। कहीं न कहीं पूर्व मंत्री आदरणीय अरुण जेटली जी का उसमें बहुत बड़ा रोल रहा है। माननीय प्रधान मंत्री, सारे सदन की और पूरे देश की जो सोच थी, सभी सरकारों के वरिष्ठ मंत्री, वहां के मुख्य मंत्री, वित्त मंत्री सभी लोगों ने एक बहुत बड़ा योगदान दिया तब जाकर व्यवस्था ठीक चल पाई है। कहीं न कहीं टैक्स कलेक्शन का बढ़ना, अगर आप इस साल पहले के दो महीनों का भी टैक्स कलेक्शन देखें तो पिछले साल के अप्रैल–मई के मुकाबले वह साढ़े आठ फीसदी ज्यादा है। यह अपने आप में दिखाता है कि ज्यादा लोग इस सिस्टम पर आ रहे हैं और जो सरकार ने भी निर्णय इतने समय तक जी.एस.टी. काउंसिल ने लिए, 92 हजार करोड़ रुपये के लाभ जी.एस.टी. के शुरू होने से अब तक ट्रेडर्स को अलग-अलग सेगमैंट्स में मिले। चाहे वे गुड्स के थे, सर्विसेज के थे तो हमने लगातार ट्रेडर को राहत दी है कि वो ईमानदारी से काम कर सके और इस देश में ईमानदारी के साथ व्यापारी आगे आए। ये हमने देखा है चाहे वह डायरेक्ट टैक्स हो या इनडायरेक्ट टैक्स हो, दोनों में ही बहुत बड़ा सुधार उसमें हुया है, जिसके लिए व्यापारी भी बहुत तारीफ के अधिकारी हैं और जी.एस.टी. काउंसिल भी तारीफ की अधिकारी है।

**(Q. 22)**

**श्री राहुल कस्वां :** अध्यक्ष महोदय, देश में 15 विश्वविद्यालय ऐसे हैं, जहां पर संस्कृत या तो भाषा के रूप में या सब्जेक्ट के रूप में पढ़ाई जाती है। उसमें से तीन ही डीम्ड यूनिवर्सिटीज के रूप में हैं। काफी समय से देश के अन्दर ही इंडियन यूनिवर्सिटीज में पद की जो पोजिशन है, उसमें 50 परसेंट से ऊपर पद खाली पड़े हुए हैं, जो आज प्रश्न के जवाब में मंत्री महोदय ने बताया है।

मेरा मंत्री महोदय से यही प्रश्न है कि जिन तीन डीम्ड यूनिवर्सिटीज का विषय पेंडिंग पड़ा है, इनको सेंट्रल यूनिवर्सिटीज में बदलने का प्रावधान रखा गया है और जो पद इतने सालों से खाली पड़े हैं, उनको कब तक भरने की प्रक्रिया होगी?

**डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक:** श्रीमन्, जो माननीय सदस्य की चिन्ता है, वह चूंकि संस्कृत की है और स्वाभाविक है कि संस्कृत देववाणी है और ऐसी साइंटिफिक भाषा है, जिसकी जरूरत पूरे विश्व को है। इसलिए सभी भारतीय भाषाओं के साथ संस्कृत को और सुदृढ़ करने की सरकार की स्पष्ट मंशा है।

जो केन्द्रीय पोषित संस्कृत विश्वविद्यालय, डीम्ड विश्वविद्यालय है, राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान है, जो डीम्ड विश्वविद्यालय है, पूरे देश में इसके 12 परिसर हैं। इसमें कुल सृजित पद 288 हैं, अभी केवल 199 पदासीन हैं और 89 पद रिक्त हैं। दूसरा, लाल बहादुर संस्कृत डीम्ड विश्वविद्यालय है। इसमें कुल पद 139 हैं, अभी पदासीन 89 हैं और 50 पद रिक्त है। तीसरा संस्थान राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति है। यह हमारा बहुत अच्छा संस्थान है। वहां 109 पद सृजित हैं, अभी केवल 71 पदासीन हैं और 38 पद रिक्त हैं। इन सभी पदों को भरने के लिए युद्धस्तर पर निर्देश जारी कर दिए गए हैं। मैं माननीय सदस्य को आश्वस्त करना चाहूंगा कि इन पदों को शीघ्र भर दिया जाएगा। इसकी कार्रवाई चल रही है।

**श्री राहुल कस्वां** : अध्यक्ष महोदय, नवम्बर, 2015 के अंदर भारत सरकार ने एक कमेटी का गठन किया, जिसको एन. गोपालस्वामी, चांसलर, राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति ने हेड किया था। इस कमेटी की काफी रिकमेंडेशन्स आईं, जो फरवरी, 2016 को सरकार में मिनिस्ट्री को सब्मिट

की गई। उसमें स्कूल शिक्षा एवं कॉलेज शिक्षा के अंदर वेद विद्या को कैसे बढ़ावा दिया जाए, इसके बारे में कई प्रावधान दिए गए। इसे मिनिस्ट्री द्वारा आगे अलग-अलग कन्सर्न्ड यूनिवर्सिटीज को फारवर्ड कर दिया, लेकिन आज तक इस कमेटी की रिपोर्ट को इम्प्लीमेंट नहीं किया गया।

मैं मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि एन. गोपालस्वामी के नेतृत्व में जो कमेटी बनी थी, उसकी रिकमेंडेशन्स कब तक यूनिवर्सिटीज और स्कूल्स में लागू होंगी?

**डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक**: श्रीमन्, उस कमेटी की बहुत सारी अनुशंसाएं उस रिपोर्ट में आई थीं, उन पर काफी कुछ अध्ययन करने के बाद, हम संस्थानों में धीरे-धीरे करके उसे शुरू कर रहे हैं। अब कुछ विषयों पर काम शुरू हो गया है और जो शुरू किए जा सकते हैं, उनको हम बहुत जल्दी शुरू कर देंगे।

**(Q. 23)**

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN** : Sir, in the 16th Lok Sabha, I have moved a Private Member's Resolution. A detailed discussion took place on the Resolution and finally the Government was forced to constitute a Committee to revamp the Employees' Pension Scheme which comes under the EPF Act. A Committee has been constituted to revamp the Employees' Pension Scheme. As the hon. Minister has rightly stated in the Answer, a Committee was constituted and the Committee has submitted its recommendations.

My point is that the entire House, the 16th Lok Sabha, has supported the Resolution cutting across party, political barriers. Everybody has supported the Resolution and finally, a Committee has been constituted. The recommendation has come in the month of December 2018. It is quite unfortunate to note the Answer given by the hon. Minister there – "Regarding clause (e), no decision has been taken to restore the commuted value of pension."

Sir, if a cashew worker is commuting an amount of Rs. 50,000 from her pension, after 15 years, the entire amount will be realised from the pension. An amount of Rs. 1,78,000 has already been reimbursed from her pension. What she has advanced is only Rs. 50,000.

Sir, my specific question to the hon. Minister is this. It has been assured by the then Minister in the 16th Lok Sabha that it will be reviewed. In part (e), I asked "whether the Government also proposes to stop the realisation of amount from the pension on account of commutation of pension after realising

the commuted amount will be reviewed." Here the answer is that no decision has been taken because of paucity of funds. But my question is how can you realise the money of a poor pensioner after realising the entire amount which has already been commuted. May I know whether a specific assurance will be given by the hon. Minister so that the 65 lakhs of pensioners in the country will be benefitted?

**श्री संतोष कुमार गंगवार** : माननीय अध्यक्ष जी, मैं माननीय सदस्य जी को बहुत-बहुत धन्यवाद दूंगा कि वह इन मजदूरों की चिंता लंबे समय से कर रहे हैं और अच्छे जानकार हैं। यह भी सत्य है कि विगत लोक सभा में आपने जो प्राइवेट मैम्बर बिल रखा, उसी के आधार पर हाई पॉवर्ड कमेटी का गठन हुआ था। आप यह जानते हैं कि हम जो भी निर्णय लेंगे, वह सीबीटी के फैसले के बाद लेंगे। आपने जो बातें बताई है, वे सारी बातें हमारे संज्ञान में है। आपने कैश्यू वर्कर्स के बारे में जो बातें बताई है, उसमें एक एनॉमली बताई थी, हम उसको दुरुस्त करने का काम कर रहे हैं। अगले महीने हम सीबीटी की बैठक कर रहे हैं। आप सभी जानते हैं, सीबीटी की बैठक में सारे मजदूर संगठन, सारे इम्प्लॉयर्स और विभिन्न राज्य सरकारों के प्रतिनिधि आते हैं। उसमें मैं इतना कह सकता हूं कि हम लोग आपकी भावनाओं और मजदूरों की भावनाओं को ध्यान में रख कर फैसला लेंगे कि कैसे उनका हित किया जाए। हम सीबीटी की बैठक में आपको भी संज्ञान में लेंगे। आप जो बात कह रहे हैं, उसको निश्चित रूप से हम चिंता के साथ मजदूरों के संबंध में पॉजिटिव निर्णय लेंगे।

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN** : Before 2014, the minimum eligibility of pension was 10 years of continuous service. Ten years means 10 x 365 days. That means after the scheme was amended in 2014, a minimum attendance of 3650 days is required for getting minimum pension. A worker has to work for 365 days in a year. Nowhere it is even heard of. As far as the poor workers in the country are concerned, they have to work for 365 days in a year. Where is

the law? My specific question to the hon. Minister in part A of my second supplementary is whether the minimum eligibility of 3650 days for pension will be reviewed. Part B of my second supplementary is whether any recommendation has come from the Finance Ministry that the interest on the PF amount has to be reduced.

**श्री संतोष कुमार गंगवार** : सर, जैसा माननीय सदस्य जी कह रहे हैं कि सीजनल इंडस्ट्री के अंदर एक वर्ष का मतलब यह होता है कि वह कितने समय काम किया, एक वर्ष का मतलब 365 डेज नहीं होता है। अगर कैश्यू वर्कर ने तीन-चार महीने काम किया है तो उसके साथ जोड़ा जाएगा और इसमें कोई एनॉमली है तो हम उसको बैठ कर दूर करने का काम करेंगे। मैं इतना कह सकता हूं कि सीबीटी की पिछली बैठक, वर्ष 2018-19 में 8.65 ब्याज दर की संस्तुति वित्त मंत्रालय को की गई है और वित्त मंत्रालय ने इसको समझने के लिए हम लोगों से कुछ जानकारी मांगी है, कोई मना नहीं किया है। मेरा मानना है कि हमारी बात से वित्त मंत्रालय सहमत होगा और एक पॉजिटिव रिजल्ट आएगा, आपको वह बाद में अवगत करा दिया जाएगा।

**श्री जगदम्बिका पाल :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपका अत्यंत आभारी हूं कि वर्ष 1995 का हमारा ऐक्ट लाखों श्रमिकों की पेंशन स्कीम से जुड़ा हुआ है। मैं धन्यवाद भी दूंगा कि हमारी सरकार ने 21 दिसम्बर, 2018 को जो समिति एडिशनल सेक्रेट्री की अध्यक्षता में बनाई थी, उसकी रिपोर्ट आ गई है। उसकी रिपोर्ट सात बिन्दुओं पर दी गई है, जो निश्चित रूप से लाखों इम्प्लॉइज के भविष्य के लिए, उनके हितों की पोषक होगी। Linking the monthly pension with the Cost of Living Index, मैं उस रिपोर्ट पर नहीं कह रहा हूं। …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप सीधा प्रश्न पूछिए।

**श्री जगदम्बिका पाल :** माननीय मंत्री जी ने अभी कहा है कि इसका फैसला सीबीटी करेगी। सीबीटी में राज्य सरकार, केन्द्र सरकार और लेबर इम्प्लॉइज के प्रतिनिधि होंगे तो जो ट्राइपार्टाइट

कमेटी बनी है तो क्या इसकी रिपोर्ट आने के बाद कोई बैठक हुई है, अगर बैठक हुई है तो उसकी क्या प्रगति है?

**श्री संतोष कुमार गंगवार** : सर, मैं माननीय सदस्य जी को बताना चाहूंगा की सीबीटी की बैठक एक रेगुलर इंटरवल में होती है और यह भी उनके संज्ञान में लाना चाहूंगा कि माननीय सुप्रीम कोर्ट में करीब 39 मामले और विभिन्न राज्य सरकारों में 733 मामले लंबित हैं । ईपीएफओ ने भी माननीय सुप्रीम कोर्ट में एक रिव्यू पेटिशन लगा रखी है और यह मामला अभी सबज्यूडिस है । अगले महीने हम सीबीटी की मीटिंग बुला रहे हैं और उसमें फैसला लेंगे । यह एक लंबा प्रॉसेस है । मजदूर संगठन, इम्प्लॉयर और राज्य सरकारों के परामर्श के बाद अंतिम निर्णय लेने के बाद ही फैसला होता है ।

मैं माननीय सदस्य को बताना चाहता हूं कि जो भी पैसा है, वह मजदूर का है । इसमें सरकार का योगदान केवल 1.16 परसेंट होता है, हमने जो 15 हजार रुपये की बात की थी, उसके संदर्भ में, उसकी फिगर इतनी तेजी से आगे बढ़ रही है कि पिछले 10 वर्षों में जो फिगर पौने दो हजार रुपये थी, वह अब पांच हजार रुपये हो गई है और यह सारा पैसा मजदूर का है । मैं समझता हूं कि हम जो भी फैसला लेंगे, मजदूर के हित को ध्यान में रखकर लेंगे ताकि सेवानिवृत्ति के बाद मजदूर को लम्बे समय तक उसकी राशि मिले और यह पैसा खत्म न हो जाए । कहीं ऐसा न हो कि 10 साल के बाद यह योजना हमें खत्म करनी पड़े । मैं आपकी भावना से अवगत हूं और निश्चित रूप से सीबीटी की अगली बैठक में हम फैसला लेंगे और वह फैसला मजदूर के हित का होगा, ऐसा मैं कह सकता हूं ।

**माननीय अध्यक्ष :** प्रो. सौगत राय जी । आप संक्षिप्त में प्रश्न पूछिएगा ।

**PROF. SOUGATA RAY** : Thank you very much, Sir. You are very kind. I also thank Shri N.K. Premachandran for repeatedly raising the questions regarding the EPF based pensions.

I want to ask a straight question to the hon. Minister. He has suggested a very complicated way of taking decisions in the matter of EPF pensions. सीबीटी की मीटिंग होगी, फिर कंसल्टेशन होगा, फिर बजटरी हैल्प आएगी, उसके बाद कुछ होगा। अभी वर्कर को केवल एक हजार रुपये मिनिमम पेंशन मिलती है। यह राशि पहले तीन सौ रुपये थी। सरकार ने इसे बढ़ाकर एक हजार रुपये किया, लेकिन यह राशि भी बहुत कम है और मंत्री जी भी अवगत होंगे कि यह राशि बहुत कम है। मैं मंत्री जी से सीधे डिक्लेयरेशन चाहता हूं कि पेंशन राशि एक हजार रुपये से बढ़ाकर कितनी करेंगे और कब तक करेंगे? इस बारे में माननीय मंत्री जी कृपया हाउस को अवगत कराएं?

**श्री संतोष कुमार गंगवार :** मैं माननीय सदस्य की भावना से सहमत हूं। माननीय सदस्य वरिष्ठ सांसद हैं, लेकिन मैं एक बात उनके संज्ञान में लाना चाहता हूं कि मिनिमम पेंशन के लिए वर्ष 2014 में हमारी तत्कालीन सरकार ने निर्णय लिया था और एक हजार रुपये देने के ऊपर सरकार पर उस समय जिम्मेदारी 813 करोड़ रुपये की आ रही थी। अब यदि यह राशि एक हजार रुपये से बढ़ाकर दो हजार रुपये करते हैं, तो यह जिम्मेदारी 4671 करोड़ रुपये की आएगी और यदि तीन हजार रुपये करते हैं तो 11696 करोड़ रुपये की जिम्मेदारी सरकार पर आएगी। यह फैसला सरकार करेगी और सदन में बैठे सभी लोग मिलकर जो फैसला करेंगे, वह हमें मान्य होगा। मैं आपकी भावनाओं से सरकार को और माननीय प्रधान मंत्री जी को अवगत कराने का काम करूंगा।

**(Q. 24)**

**श्री चुन्नी लाल साहू :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से जनजातीय कार्य मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि देश व राज्य में राज्यवार जनजातियों के प्रकार, उनकी कुल जनसंख्या तथा उनका प्रतिशत कितना है? छत्तीसगढ़ के महसामुन्द जिले में शासन द्वारा आदिम जाति समुदाय के विकास के लिए कौन-सी योजना चलाई जा रही है और उनकी शिक्षा के लिए कितने बजट का प्रावधान किया गया है?

**श्री अर्जुन मुंडा :** महोदय, माननीय सदस्य ने जो प्रश्न पूछा है, उसका पूरा उत्तर सभा पटल पर रखा गया है। इसके बावदूज जो सूचना मांगी गई है, उसके लिए मैं माननीय सदस्य को बताना चाहता हूं कि शिक्षा के लिए विशेष प्रावधान एकलव्य विद्यालय के माध्यम से प्रारम्भ किया गया है जिसमें महासमुन्द इलाके के साथ पूरे छत्तीसगढ़ में वर्ष 2019-20 के लिए 14 एकलव्य विद्यालय और आगामी वर्ष 2020-21 के लिए 22 एकलव्य विद्यालय प्रस्तावित हैं। मैं समझता हूं कि माननीय सदस्य इस बात से सहमत होंगे कि इस बार हम सभी ने यह निर्णय लिया है और प्रधान मंत्री जी ने इस बारे में विशेष तौर पर रुचि ली है कि इन विद्यालयों के लिए पहले राज्य सरकार को राशि आबंटित की जाती थी और उसके माध्यम से काम किया जाता था, लेकिन अब नवोदय के पैटर्न पर ये सारे विद्यालय खोले जा रहे हैं।

**श्री चुन्नी लाल साहू :** अध्यक्ष महोदय, जो सूचनाएं दी गई हैं, उनमें 42 जनजातीय समुदाय के बारे में उल्लेखित किया गया है। संविधान के अनुच्छेद 342 में अनुसूचित जाति, जनजाति के आदेश संशोधन अधिनियम 1976 और 2000 के अधिनियम संख्या 28 द्वारा जनजातियां घोषित की गई हैं, उन्हें संवैधानिक लाभ प्राप्त करने के लिए शासन से जाति प्रमाण-पत्र प्राप्त करना होता है। छत्तीसगढ़ में इन 42 अनुसूचित जनजातियों में राजस्व अभिलेख में सिनोनिम फोनेटिक में मात्रात्मक त्रुटियां हैं। इस वजह से ये जो पांच जातियां भुइयां,, धनवार, किसान, सबर, सवरा, धनगर हैं।

इन जातियों को 'पर्याय' शब्द में शामिल किया गया है, लेकिन अभी इनको जाति प्रमाणपत्र नहीं मिल रहा है जिनके पास जमीन है, राजस्व है, जिनके पास मिसल में अभिलेख है, उनको दिये जा रहे हैं, लेकिन जिनके पास जमीन नहीं है, उनको अभी तक जाति प्रमाणपत्र नहीं दिया जा रहा है। इसके लिए कब तक संशोधन करेंगे, यह मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूँ।

**श्री अर्जुन मुंडा:** माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य को यह अवगत कराना चाहता हूँ कि आर्टिकल 342 के आधार पर और संवैधानिक प्रावधान,1950 के आलोक में जो अधिसूचित है, वैसे देश में कुल सात सौ से अधिक अनुसूचित जनजातियाँ हैं, जिनमें 75 जनजातियाँ ऐसी हैं, जिनको आदिम जनजाति के रूप में कहा गया है, जिनकी आबादी कम है। मूल प्रश्न यह है। अभी जो प्रश्न पूछा गया है, जिसमें बताया गया है कि संवैधानिक संशोधन होने के बाद कुछ जातियों को जाति प्रमाणपत्र प्राप्त नहीं हो रहा है। इस संबंध में, राज्य सरकार को मार्गदर्शन दिया गया है, जिसके माध्यम से राज्य सरकार यह सुनिश्चित करती है कि समीक्षोपरांत या जाँच करने के बाद उन्हें जाति प्रमाणपत्र निर्गत करेंगे। इसके लिए समिति बनाई गई है और उन समितियों के माध्यम से जाति प्रमाणपत्र निर्गत किये जाते हैं। माननीय सदस्य ने विशेष रूप से ध्यान आकृष्ट कराया है, तो इस मामले को भी हम निश्चित रूप से देखेंगे।

**श्री सुनील कुमार सिंह :** माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभारी हूँ कि आपने मुझे जनजातीय समूह से संबंधित महत्त्वपूर्ण विषय पर पूरक प्रश्न पूछने का समय दिया।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि देश में कुल 284 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय स्वीकृत हैं, जिनमें से 219 फंक्शनल हैं और 65 नॉन-फंक्शनल हैं। 65 नॉन-फंक्शनल विद्यालयों में से अकेले झारखण्ड में 16 विद्यालय हैं। झारखण्ड में कुल 23 ईएमआरएस में से सात विद्यालय ही संचालित हैं। मेरे लोक सभा क्षेत्र के चतरा, पलामू और लातेहार में ईएमआरएस के तहत वर्ष 2014-15 में विद्यालयों की मंज़ूरी दी गई, लेकिन अभी तक एक विद्यालय भी प्रारम्भ नहीं हुआ है।

मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि चतरा, पलामू और लातेहार जिले में स्वीकृत एकलव्य विद्यालय कब तक चालू होंगे? इनको शीघ्र शुरू करने के लिए क्या कोई योजना बनाई गई है या नहीं?

यह एक महत्त्वपूर्ण सवाल है, इसलिए मैं आपका संरक्षण चाहते हुए एक बात और जानना चाहूँगा कि 1950 के पूर्व घटवार, खतौरी, गंजू, भोक्ता आदि जातियाँ जनजाति समूह में आती थीं। लेकिन आज वे पीटीजी से बाहर हैं। क्या उनको इसमें शामिल करने की मंत्रालय की कोई योजना है?

झारखण्ड में नाम लिखने में थोड़ी-बहुत अक्षर में हेर-फेर होने के कारण जाति प्रमाणपत्र नहीं मिल पा रहा है। इस समस्या का समाधान क्या होगा, यह भी माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूँ।

**श्री अर्जुन मुंडा:** माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य को यह सूचना देना चाहता हूँ कि उनके क्षेत्र- लातेहार में जो एकलव्य विद्यालय बन रहा है, वह अभी प्रगति पर है। जैसा कि मैंने शुरू में कहा कि इसके लिए राशि राज्य सरकार को आवंटित कर दी जाती है। इसके बाद जो एकलव्य विद्यालय प्रस्तावित हैं, वे महुआटांड, गारू और बरवाडिह में हैं, जो इसी लातेहार जिला के तीन प्रखण्डों में हैं।

इसके अलावा, कुछ विसंगतियों के बारे में प्रश्न पूछा गया है कि जिनको जाति प्रमाणपत्र प्राप्त नहीं होता है।

इसकी संवैधानिक प्रक्रिया है। जो सिनॉनेमस वर्ड है, वैसी चीज़ों के बारे में राज्य सरकार से प्रतिवेदन आने के बाद वह प्रक्रिया के आधार पर आर.जी.आई. के पास जाता है। आर.जी.आई. के पास जाने के बाद मंत्रालय उसे कमीशन को भेजता है। कमीशन के उपरांत मंत्रिपरिषद से होकर के उसमें संशोधन किया जाता है।

**माननीय अध्यक्ष :** मंत्री जी**,** इसको करना ज़रूरी है।

**श्री अर्जुन मुंडा :** जी महोदय।

इस समय जो सबसे बड़ा संकट आ रहा है, वह संकट इस बात का है कि पहले ऐसे बहुत सारे जाति प्रमाण पत्र निर्गत किये जाते थे, जिनकी जानकारी सतही तौर पर स्थानीय पदाधिकारियों को रहती थी कि यह फलाना जाति से है, उन्हें कठिनाई नहीं होती थी। अभी यह कठिनाई है, चूंकि लैण्ड रिकॉर्ड्स डेटा बैंक बन रहे हैं, उनमें एक भी शब्द का यदि अंतर होता है, तो स्थानीय पदाधिकारी इस बात के लिए कि यह संविधान के अनुसार नहीं है, उन्हें जाति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किया जाता है। ऐसे सभी राज्यों से सूचना लेकर इसमें संशोधन करने का कार्य चल रहा है।

**माननीय अध्यक्ष :** क्वेश्चन नंबर **- 25,** मनोज कोटक जी।

**(Q. 25)**

**श्री मनोज कोटक :** अध्यक्ष महोदय, सरकार ने जो उत्तर सभा पटल पर रखा है, मैं उसके लिए सरकार का अभिनंदन करूंगा। 8181 नये सी.एन.जी. फिलिंग स्टेशंस बनाने की योजना है। मेरा मूल प्रश्न था कि मुंबई में कितने नये फिलिंग स्टेशंस बनाने की योजना है। माननीय मंत्री महोदय आपके माध्यम से यह उत्तर दें।

महोदय, मुंबई के अंदर ज़मीन अधिग्रहण की समस्या के चलते सी.एन.जी. फिलिंग स्टेशंस पर लंबी कतारें लगती हैं। वहां न केवल कतारें लगती हैं, पर जो गरीब ऑटो रिक्शा ड्राइवर या टैक्सी ड्राइवर होते हैं, उनके दिन का कम से कम तीन से चार घंटे इन कतारों में व्यस्त होने के कारण उनके रोज़गार का नुकसान भी होता है। ट्रैफिक जाम लगने की भी मुंबई शहर में समस्या रहती है। नोएडा के अंदर इसके मोबाइल डिस्पेन्सर लगे थे, ऐसी मेरे पास सूचना है। माननीय मंत्री महोदय क्या मुंबई में भी ऐसी कोई योजना है, जिसके कारण मोबाइल डिस्पेन्सर से आप सी.एन.जी. फिलिंग का प्रावधान करेंगे? अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से मैं माननीय मंत्री महोदय से इसका उत्तर चाहूंगा। धन्यवाद।

**श्री धर्मेन्द्र प्रधान :** अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य ने सरकार की इस पहल पर अध्ययन कर के इसकी प्रशंसा की, मैं उनको धन्यवाद देता हूं।

सी.एन.जी./पी.एन.जी. हमारी सरकार का एक नेक्स्ट जनरेशन इंफ्रास्ट्रक्चर इनिशिएटेव है। मुंबई शहर में आज के दिन में 135 सी.एन.जी. स्टेशंस हैं। उन्होंने सही कहा कि बड़े-बड़े शहरों में लैण्ड उपलब्धता एक बड़ी चुनौती है और जो एग्जिस्टिंग रिटेल आउटलेट्स हैं, वे भी बड़े कनजेस्टिड और छोटे इलाके में हैं। उनके अंदर और सी.एन.जी. स्टेशंस बनाना एक चैलेंज रहता है। इसके बावजूद भी महानगर गैस लिमिटेड ने उसको ऐक्सपैंड करने के लिए योजना बनाई है। मेरी जानकारी के हिसाब से अब तक सी.एन.जी. में मोबाइल डिस्पेन्सर नहीं आया है, लेकिन इस दिशा में जो संबंधित व्यवस्था है, जैसे पी.एन.जी.आर.बी. और पेसो, हम इन लोगों के साथ बातचीत कर के इस सुझाव को भी तलाश रहे हैं कि क्या दुनिया में कहीं सी.एन.जी. में मोबाइल

डिस्पेन्सर है। पेट्रोल, डीज़ल के लिए वह आ चुका है। भारत में हमने उसको लागू भी किया है। सी.एन.जी. के बारे में भी हम ध्यान देंगे।

**श्री मनोज कोटक :** अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री महोदय ने उत्तर दिया है, मैं सरकार से यह भी जानना चाहता हूं कि हाल ही में सरकार ने कहा था कि सिटी गैस डिस्ट्रिब्यूशन को 300 डिस्ट्रिक्ट्स तक ले जाने की सरकार की योजना है। इससे सी.एन.जी. की प्रतिवर्ष कितनी खपत बढ़ेगी? सरकार ने सी.एन.जी. की बढ़ती खपत की आपूर्ति करने के लिए क्या कदम उठाये हैं, यह सरकार बताये।

**श्री धर्मेन्द्र प्रधान :** अध्यक्ष महोदय**,** मैं सिर्फ दो**-**तीन जानकारियां सदन के सामने आपके माध्यम से रखना चाहूंगा। जब वर्ष **2014** में माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने जिम्मेदारी संभाली थी**,** तब देश में **66** जिलों में सी.एन.जी.**/**पी.एन.जी. का नेटवर्क था। उसमें से भी कई जिलों में सुप्रीम कोर्ट के डायरैक्शन के कारण उसको करना पड़ा था। पिछले पांच सालों में उसको एक चरणबद्ध तरीके से बढ़ाने का काम किया गया है।

मैं आज देश के सामने इस सदन के माध्यम से सूचना देना चाहूंगा कि आज देश के **406** जिलों में इसका इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने की योजना हम लोगों ने बनाई है। टेंथ**-**राउंड के बाद देश की **70** प्रतिशत आबादी को पाइप्ड नैचुरल गैस का स्वच्छ ईंधन मिले**,** लगभग **53** प्रतिशत ज्योग्राफिकल इलाके में यह पहुंचे**,** इसकी योजना बनाई जा चुकी है। सी**.**एन**.**जी**.** की उपलब्धता के बारे में चर्चा की गई।

अध्यक्ष महोदय, हमारे देश में एनर्जी रिक्वायरमेंट में ऑयल एण्ड नेचुरल गैस की हम लगभग 35-36 परसेंट की खपत करते हैं। उसमें से गैस 6 परसेंट है। दुनिया की गैस खपत 24 परसेंट है, लेकिन हमारे सामने एक आइडियल मॉडल भारत में भी है। गुजरात में इसकी खपत 26 परसेंट हो चुकी है। हम देश में गुजरात के एक्सपीरियंस को लागू करने की योजना बना रहे हैं, जिसके कारण हम आज 400 से ज्यादा जिलों में पहुंच चुके हैं। लगभग 1 लाख 20 हजार करोड़ रुपये की इन्वेस्टमेंट आने वाले 8 सालों में होगी, ताकि देश का नेचुरल गैस का उत्पादन बढ़े, देश

में विदेश से एल.एन.जी. इम्पोर्ट करके लेकर आएं, सरकार का एक और बड़ा इनीशिएटिव है। देश के अंदर जो स्वच्छ भारत का अभियान चल रहा है, बहुत सारे खेतों का, जंगलों का, शहरों का कचरा है, बायोमास है, 600 मिलियन मीट्रिक टन बायोमास देश में उपलब्ध है। उसे नया बिज़नेस मॉडल बनाकर कम्प्रेस्ड बायोगैस का एक बहुब बड़ा इनीशिएटिव हम ले रहे हैं। देश में कोई कमी नहीं रहेगी नेचुरल गैस, क्लीन फ्यूल उपलब्ध कराने में। पिछले पांच साल में उसके कई काम किए गए हैं। मैं आपके माध्यम से सदन के सारे मान्यवर एम.पीज. को सूचित करुंगा कि हम सब को अपनी-अपनी कॉन्स्टीट्यूंसी में कहां-कहां ये उपक्रम कौन कर रहा है, हम वह सभी को उपलब्ध करवाएंगे। यदि आप कृपापूर्वक रुचि लेंगे तो आपके शहरों में आपके नेतृत्व में देश में स्वच्छ ईंधन का एक जन आन्दोलन खड़ा कर पाएंगे।

**(Q.26)**

**SHRI M. K. RAGHAVAN** : Respected Speaker Sir, thank you for giving me this opportunity.

I have gone through the reply given by the hon. Minister. Unfortunately, I am not satisfied. I have got the answer but it is not proper.

Sir, we know that India is a Living Museum! India is home to several stone and metal sculptures dating back to centuries. Most of them are not documented, and these priceless sculptures have found their way to museums and personal collections abroad. There are many antiques and paintings which were stolen and sold to foreign buyers. We need to ensure that these treasures do not stay lost forever, though there is a steady increase in demand of Indian objects. There needs to be registering and auditing of these objects.

So, I would like to know from the hon. Minister the reasons as to why we do not have any data on the artefacts held by foreign countries. How will they be identified, and what are the further steps taken to retrieve them?

**श्री प्रहलाद सिंह पटेल :** अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य को मैं एक जानकारी आपके माध्यम से देना चाहता हूं। ऐसा नहीं कि हमारे पास जो पंजीकृत पुरावशेष हैं, उनकी संख्या नहीं है। जो संख्या है, वह 349870 अभी भी पंजीकृत पुरावशेष भारत के पास हैं। लेकिन जहां तक सवाल हमारे माननीय सदस्य जी ने किया है, मैं उनको दूसरी जानकारी यह भी देना चाहता हूं कि पिछले पांच वर्षों में जो काम हुआ, उन पांच वर्षों में हम 33 पुरावशेष वापस लेकर आए हैं। उसके पहले यदि वे जानना चाहें तो 2014 के पहले कुल 13 ही आए थे। जो पिछले पांच वर्षों में काम हुआ है, वह बड़ा काम है, वह संख्या 31 है।

दूसरा, जो वापसी की प्रक्रिया है, उसके लिए वह संख्या भी 40 है, जिस पर वापस लाने का काम चल रहा है। मुझे लगता है कि यह जानकारी का अभाव हो सकता है। यह सच है कि भारत बड़ा देश है, भारत के पास में सम्पत्ति बहुत है। वर्ष 1947 के पहले इस देश में लगभग लूट हुई, हमने इतना पुरावशेष खोया है। उसको वापस लाने के लिए वास्तव में जिन देशों के साथ हमारी संधि है, उनसे हम को जानकारियां मिलती भी हैं। यदि कोई भारत की कलाकृति कहीं पर बिकती है या जब्त होती है और उसकी जानकारी जब वे हमें देते हैं तो सरकार पूरी मुस्तैदी के साथ उस काम को करती है। मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को यह जानकारी देना चाहता हूं।

**SHRI M. K. RAGHAVAN** : Sir, my second question is this. Quoting the hon. Prime Minister, I wish to say that "the heritage becomes important in relation to two countries. These are part of our culture and heritage."

So, I would like to know from the hon. Minister what measures are being taken to identify, register and audit these priceless cultural and heritage products in detail so that we can make a proper claim on these artefacts.

**श्री प्रहलाद सिंह पटेल :** माननीय अध्यक्ष जी, मैंने पहले भी कहा है कि पंजीयन की प्रक्रिया बड़ी सतत प्रक्रिया है, जो लगातार जारी है। एक समस्या तब आती है, जब कभी हम, जनता जिसके पास में भी ऐसी चीज़ें हैं, उन तक सूचना पहुँचाना यह शायद हम सबकी भी ज़िम्मेदारी है, उसमें मीडिया की भी उतनी ही जवाबदेही है, हम जो जनप्रतिनिधि हैं, उनकी भी उतनी ही जवाबदेही है। क्योंकि पंजीयन, जिनके पास में ऐसे प्रॉसेस हैं, हो सकता है कि वह उतने जागरूक या पढ़े-लिखे लोग न हों, लेकिन उसके पश्चात् भी हमारा विभाग उस बात के लिए हर एक-दो वर्ष में एक अधिसूचना जारी करता है, जो नियमित तरीके से होती है, लेकिन यह सच है कि तकनीक का युग आ गया है। हम उस तकनीक का भी उसमें उपयोग करने वाले हैं। मैं आपके माध्यम से सदन से यह प्रार्थना भी करूँगा कि ऐसे प्रॉसेस जिनके भी पास होते हैं, आपकी जानकारी में आते हैं, तो

पंजीयन कराने के लिए उनसे जरूर जागरूकता अभियान चलवाएँ या उनसे आग्रह करें। लोगों के पास वस्तुएँ होती हैं, लेकिन वे पंजीयन नहीं कराते और वही संकट का कारण बनता है।

**SHRIMATI KANIMOZHI** : Hon. Speaker, Sir, in the list of artefacts which have been got back, I think Tamil Nadu has got the highest number. In Tamil Nadu we have lost a lot of idols, artefacts and antiques because absolutely there is no record of what we have. Many of the idols are locked away in temples and we do not know as to how many artefacts and idols are there. When they are opened after many years, we do not know as to how many have been lost. There is no record of what we have and what we have lost. So, the Government should make sure that each idol in every temple is recorded. In some temples, even some granite statues have been removed and replaced. When you hear such things, it is very shocking. Therefore, I would like to know as to what the Government is doing to make recordings of it.

**श्री प्रहलाद सिंह पटेल** : माननीय अध्यक्ष जी, मैं माननीय सदस्या का धन्यवाद करता हूँ। मेरे पास जो सूची है, उनमें से 40 प्रस्तावित हैं, जिनको हमें विदेश से लेकर आना है। उन 40 सूचियों में से लगभग 32 सूचियाँ तमिलनाडु की ही हैं। मुझे लगता है कि जो बात वह कह रही हैं कि मन्दिरों में जो मूर्तियाँ हैं, जिनका पंजीयन नहीं हुआ है, तो वहाँ का ट्रस्ट होगा, राज्य सरकार होगी। राज्य सरकार के पास उन ट्रस्टों के अधिकार होते हैं। मैं पहले निवेदन कर चुका हूँ कि यदि राज्य के भीतर कोई भी पदावशेष हैं, चाहे वह मन्दिर में हों या किसी और के पास हों, तो मुझे लगता है

कि राज्य सरकार को इनीशिएट करना चाहिए। इसके लिए मैं उनको धन्यवाद दूँगा। सूचियों की जो संख्या अभी मैंने बताई है, अगर कहें तो मैं पढ़ देता हूँ। मुझे लगता है कि उसमें 30 या 32…(व्यवधान)

**SHRI T.R. BAALU** : Is the Government of India going to protect the existing idol and artefacts? …(*Interruptions*)

**(Q. 27)**

**SHRI ANNASAHEB SHANKAR JOLLE** : Hon. Speaker, Sir, I would like to ask the hon. Minister of Tourism, through you, whether Shri Basaveshwara has been mentioned as the first preacher in the world to have thought about Democracy, Parliament and Casteless Society and whether the Government is considering or proposes to declare the places associated with Basaveshwara as heritage centres, that is, Basavakalyan Kudal Sangam and Basavana Baggewadi in Karnataka and if so, the details thereof. The answer given by the Minister is unsatisfactory.

**श्री प्रहलाद सिंह पटेल :** अध्यक्ष जी, जो उत्तर है, उससे माननीय सदस्य संतुष्ट नहीं हैं, लेकिन मैं एक निवेदन करता हूँ। यह सच है कि जो हमारे महापुरुष हैं, उनका बड़ा नाम है। उन्होंने जिस ढंग से **12**वीं सदी में जो काम किया है और हमारे सुरेश जी ने हमको बताया है कि जिसको हम अभी संसद कहते हैं, वह मण्डपम् उनकी ही कल्पना थी। यह **12**वीं सदी की बात है। वह निश्चित रूप से महान विचारक, दूरदृष्टा थे।

लेकिन हमारे सामने समस्या यह है कि राज्य सरकार ने बासवकल्याण कुडाल संगम हो या बसवना बागेवाड़ी दोनों का कोई प्रस्ताव राज्य सरकार के पास से अभी तक नहीं आया है। जहां तक कर्नाटक सरकार का सवाल है, मंत्रालय ने जितनी भी स्कीम कर्नाटक सरकार को आबंटित की थी, उसमें से कोई भी काम नहीं हुआ है। इसी कारण से किसी नई परियोजना को लेने की समस्या पैदा हुई है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, अगर राज्य सरकार उसके बारे में कोई प्रस्ताव भेजेगी, तो मंत्रालय उस पर सकारात्मक तरीके के विचार करेगा। वह वास्तव में महान हस्ती हैं, महापुरुष हैं, उन्होंने समाज को बहुत कुछ दिया है और उस पर काम होना चाहिए। इस बात से मंत्रालय सहमत है।

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य क्या आप सप्लीमेन्ट्री पूछना चाहते हैं**?**

**SHRI ANNASAHEB SHANKAR JOLLE** : If adding these towns in the list of heritage towns is not possible, I would like to know whether the Minister for Culture would kindly consider the same.

**श्री प्रहलाद सिंह पटेल :** अध्यक्ष महोदय, मेरा उत्तर वही रहेगा, क्योंकि राज्य सरकार का जो अनुभव है, उसके आधार पर ही हमने यह जवाब माननीय सदस्य को दिया है। मैं उनसे पुनः आग्रह करूंगा कि अगर वह इस बारे में राज्य सरकार से यहां पर प्रस्ताव पहुंचाएंगे, तो मंत्रालय उस पर सकारात्मक तरीके से विचार करेगा।

**(Q. 28)**

**SHRI ANTO ANTONY** : Speaker Sir, Aranmula mirror is made in Aranmula Heritage Village in my constituency Pathanamthitta. For hundreds of years, it is considered as a part of our culture and tradition. I have already given representation to the hon. Prime Minister and hon. Finance Minister to exempt the material for the usage of Aranmula mirror from GST which is tin and copper. I would like to ask the Government, through you, Speaker Sir, whether any steps have been taken by the Government to exempt copper and tin for the usage of Aranmula mirror from the GST.

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर :** माननीय अध्यक्ष जी, मैं माननीय सदस्य को आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि जो भी टैक्स स्लैब्स में बदलाव किया जाता है, वह जीएसटी काउंसिल के माध्यम से किया जाता है। जहां स्टेट और सेन्ट्रल दोनों के प्रतिनिधि वहां पर रहते हैं। अगर हम पूर्व में भी देखें, तो बहुत सारी वस्तुओं और सर्विसेज पर समय-समय पर टैक्स स्लैब्स में बदलाव किया गया है, जब-जब जीएसटी काउंसिल में आम सहमति बन पाई है। अगर यह विषय निश्चित तौर पर केन्द्र या राज्य के माध्यम से वहां पर आएगा, तो उसमें चर्चा करने के बाद जो निर्णय होगा, उससे माननीय सदस्य को अवगत कराएंगे।

**SHRI ANTO ANTONY** : There is already a proposal made from our State GST Council to the Central GST Council. The proposal is pending in the Central GST Council. My humble submission to the hon. Minister is that it should be considered, since it is a part of our heritage and part of custom. For hundreds and hundreds of years, there is “Aranmula Heritage Village”. So, I would request the Government to consider the proposal of the State Government and myself.

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर :** माननीय अध्यक्ष जी, यह सुझाव है।...(व्यवधान)

**श्री गजानन कीर्तिकर :** अध्यक्ष महोदय, तमाम कोशिशों के बावजूद भी सरकार ग्राहकों में सस्ते घर खरीदने का विश्वास नहीं जगा पाई है। देश में सस्ते घरों को खरीदने के लिए कोई भी ग्राहक बाजार में उपलब्ध नहीं है। मैं सरकार से यह पूछना चाहता हूं कि इसके क्या कारण है? क्या आपका मंत्रालय लोगों को सस्ते घर दिलाने के लिए बिल्डरों द्वारा कुछ नई रियायतें ग्राहकों को दिए जाने पर विचार करेगा? यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है? यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर :** माननीय अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य बड़े शहर से आते हैं, मैट्रो सिटी से आते हैं, मुंबई से आते हैं। इनकी चिंता सही भी है कि बड़े शहरों में सस्ते घर कैसे मिल पाएं? अगर आप देखें, तो कुल मिलाकर जीएसटी काउंसिल और सरकार ने इस दिशा में बहुत बड़े कदम उठाए हैं। पहले जो अफोर्डेबल हाउसिंग पर 8 प्रतिशत टैक्स लगता था और जो अफोर्डेबल हाउसिंग के बाहर थे, जिनके ऊपर 12 प्रतिशत टैक्स लगता था, जीएसटी काउंसिल ने स्टेट मिनिस्टर्स और उनके ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स की एक कमेटी बनाई।

गुजरात के उप मुख्य मंत्री के नेतृत्व में बनाई। बड़े विस्तार से इस पर चर्चा करने के बाद यह तय किया गया कि अगर सीमेंट पर 28 परसेंट टैक्स है, स्टील पर 18 परसेंट है, बाकी वस्तुओं पर 12 परसेंट है तो आईटीसी के बाद उसको 12 परसेंट पास-ऑन करना चाहिए। अगर बिल्डर नहीं करता है, इन सब विषयों के बारे में सोचने के बाद यह निर्णय लिया गया कि अफोर्डेबल हाउसिंग पर एक प्रतिशत टैक्स होगा और अफोर्डेबल हाउसिंग के बाहर जितने घर होंगे, उसके ऊपर 5 प्रतिशत टैक्स होगा। इस दिशा में पहले निर्णय किया गया है।

**(Q. 29)**

**डॉ. प्रीतम गोपीनाथ राव मुंडे :** धन्यवाद स्पीकर महोदय। बड़े विस्तृत में मंत्रालय से मुझे इस प्रश्न का उत्तर प्राप्त हुआ है। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी जो ड्राफ्ट की जा रही है और उसमें सजेशन्स और कमेंट्स को इनवाइट करके उसके हिसाब से उसमें बदलाव किए जाएँगे, यह निहायत ही अच्छी बात है। जहाँ तक थ्री लैंग्वेज फॉर्मुले का सवाल है, जितना मैं समझती हूँ, मुझे लगता है कि थ्री लैंग्वेजेज में स्कूल में एक तो इंग्लिश रहेगी, दूसरी हिन्दी रहेगी और तीसरी शायद राज्य की कोई स्थानीय भाषा होगी। भारत की संस्कृति का जो एक अविभाज्य अंग है उर्दू भाषा, क्या इसको समाविष्ट करने का कोई प्रावधान यह पॉलिसी रखती है? यह मैं पूछना चाहती हूँ।

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय मंत्री जी।

**डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक :** श्रीमन्, यह जो नई शिक्षा नीति, 1986 है, उसके बाद 1986 में कोठारी कमीशन बना था और उसके बाद शिक्षा नीति पर विचार-विमर्श हुआ और 1992 में उसमें थोड़ा सा आंशिक संशोधन हुआ। बत्तीस वर्षों के बाद यह पहला अवसर है जब हमारे प्रधान मंत्री जी के निर्देश पर इस देश की शिक्षा व्यवस्था में आमूल-चूल परिवर्तन करते हुए विश्व के फलक पर जाने की इच्छा से यह काम शुरू हुआ है। जैसा कि माननीय सदस्या ने कहा है, यह अजीब-सा संयोग है कि आज से ठीक दो साल पहले 24 जून, 2017 को डॉ. के. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में इस नीति के लिए कमेटी गठित हुई। उस कमेटी ने 31.05.2019 को अपना मसौदा मंत्रालय को सौंपा है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर हित धारकों की टिप्पणियाँ और उनके सुझाव प्राप्त करने के लिए पब्लिक डोमेन में डाला है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति को विभिन्न हित धारकों से प्राप्त सुझाव/टिप्पणियों के बाद इसमें व्यापक परामर्श हुआ भी है, किया भी जाएगा। मैं देखता हूँ कि डॉ. के. कस्तूरीरंगन जी ने…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, माननीय मंत्री जी जवाब दे रहे हैं।

**डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक :** मैं उस पर भी आ रहा हूँ। श्रीमन्, यह बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है और देश की नई शिक्षा नीति आई है। के. कस्तूरीरंगन जी की अध्यक्षता में कमेटी थी, इसने 70

संस्थाओं से भी अधिक से अलग-अलग स्थानों पर मीटिंगें कीं, अनुशंसाएँ कीं। 216 ऐसे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ विषय जिनके साथ इस कमेटी ने निरंतर विचार-विमर्श और परामर्श किया, इस शिक्षा नीति की दिशा में मानव संसाधन विकास मंत्री जी की अध्यक्षता में देश के सभी शिक्षा मंत्रियों की मीटिंग हुई।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, माननीय मंत्री जी जवाब दे रहे हैं।

**डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक :** स्पीच नहीं हो रही, मैं नई शिक्षा नीति के बारे में कह रहा हूँ। एक-एक बिन्दु करके बता रहा हूँ। मैं उस पर भी आता हूँ, जो आप पूछना चाहते हैं। श्रीमन्, मैं समझता हूँ कि जितनी व्यापक इस शिक्षा नीति पर चर्चा हुई है, शायद आज तक कभी इतनी व्यापक चर्चा नहीं हुई होगी। जब हमारी सरकार आई तो जनवरी, 2015 से जो काम नई शिक्षा नीति पर शुरू हुआ, शायद इस देश के इतिहास में पहली बार इस तरीके से 2015, 2016, 2017, 2018 और अब 2019 में यह मसौदा तैयार हुआ है। वह पब्लिक डोमेन में चला गया है।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य**,** कृपया शांत रहिए।

...(व्यवधान)

**डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक :** श्रीमन्, माननीय सदस्या ने जो विचार व्यक्त किया है, हमारी गवर्नमेंट सभी भारतीय भाषाओं की सशक्तता के लिए काम कर रही है। हर भारतीय भाषा को सुदृढ़ किया जाएगा, उसका सम्मान किया जाएगा। मैं समझता हूँ कि जब भारतीय भाषाएं सशक्त होंगी, सबल होंगी तो इस देश की शिक्षा और उसका उत्थान हो सकेगा। मैं माननीय सदस्या का आभारी हूँ, उन्होंने कहा है कि क्या उर्दू के बारे भी चर्चा की है?

श्रीमन्, चाहे तमिल हो, चाहे उर्दू हो, चाहे सिंधी हो, सभी भाषाओं की उन्नति की दिशा में यह गवर्नमेंट पूरी ताकत के साथ काम कर रही है और सभी भारतीय भाषाओं का हर हाल में सम्मान किया जाएगा।

**डॉ. प्रीतम गोपीनाथ राव मुंडे :** मंत्री महोदय, आपका धन्यवाद। इसके साथ ही मैं आपसे एक सवाल और पूछना चाहती हूँ कि हम एजुकेशन पॉलिसी में छात्रों की क्षमता बढ़ाने की लगातार

कोशिश करते हैं ताकि हमारे छात्र रोज नई चुनौतियों का सामना करके दुनिया में आगे बढ़ सकें। इसके लिए उन्हें अच्छे शिक्षक मिलना भी जरूरी है। क्या शिक्षकों की क्षमता बढ़ाने का कोई प्रावधान आप इस पॉलिसी में रख रहे हैं? यह मैं स्पीकर महोदय के माध्यम से आपसे पूछना चाहती हूँ।

**डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक :** श्रीमन्, वैसे तो यह ऑनलाइन है और जो प्रावधान हमने किए हैं, मैं माननीय सदस्या से अनुरोध करना चाहूँगा कि वे भी अपना सुझाव हमें जरूर भेजें। जहाँ तक उन्होंने यह कहा है, यह बात सच है कि जिन छात्रों को शिक्षकों के द्वारा शीर्ष शिक्षा दी जानी है, वे कितने सक्षम हैं। मंत्रालय ने विभिन्न स्तरों पर ताकि शिक्षकों की उत्कृष्टता रहे, उनके प्रशिक्षण में कोई कमी न आए, विभिन्न चरणों में, विभिन्न समय में सभी अध्यापकों को प्रशिक्षित करने की आज भी व्यवस्था है और जो नई शिक्षा नीति आ रही है, जो मसौदा है, उसमें भी इसकी व्यवस्था है।

**SHRI ASADUDDIN OWAISI** : Sir, I need your protection. The Minister is deliberately misleading the House in his answer. Sir, please see the question that was asked in point ‘d’.

**माननीय अध्यक्ष :** आप संक्षिप्त में प्रश्न पूछिएगा।

**SHRI ASADUDDIN OWAISI** : If you see the answer to part ‘d’ of the question, he is running away from the truth. …(*Interruptions*) Sir, please allow me. …(*Interruptions*) So, my question to the hon. Minister is this. Are you going to say anything about it or not? Please, do not say, “it is a policy”. The pointed question that was asked was: “Are you going to make Hindi compulsory?” Is the hon. Minister going away from his own Education Policy? Paragraph 6.5 clearly says that out of the religious communities, the Muslims are most under-represented in higher education and in primary education. Will he agree for

Special Education Zones? It is a part of his policy. Will you agree to these proposals or not? Will you agree to paragraph 6.5 (1) of hiring teachers and opening schools in Muslim areas?

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय मंत्री महोदय, आप संक्षिप्त में जवाब दीजिएगा।

**डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक :** मैं यह सोचता हूँ कि आप नई शिक्षा नीति को पढ़िए और सुझाव दीजिए। अभी तो यह मसौदा है। मुझे आश्चर्य हो रहा है। यह सरकार की अभी नीति नहीं है, यह मसौदा है। आप सुझाव दें, मैं ऐसा सारे सदन से यह अनुरोध करना चाहता हूँ। यह लगातार कहा जा रहा है कि वे जो भी सुझाव देना चाहें, वे अपने सुझाव जरूर दें ताकि हम देश के लिए सशक्त तरीके से नीति बना सकें।…(व्यवधान)

**SHRI T. R. BAALU** : Sir, I would like to know whether Pandit Jawaharlal Nehru's assurance will be kept up by this Government or not.…(*Interruptions*)

**HON. SPEAKER:** Hon. Members, please calm down.

… (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न संख्या 30.

…(व्यवधान)

**SHRI T. R. BAALU**: Sir, he is not answering the question properly.…(*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, कृपया बैठ जाइए। इसे अलग से डिस्कस कर लेंगे। यह लंबा विषय है। आप कभी आधे घंटे की चर्चा माँग लीजिएगा।

**SHRI T. R. BAALU :** This is not correct.…(*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न काल समाप्त। माननीय सदस्य, प्रश्न काल समाप्त हो गया है।

…(व्यवधान)
SHRI PRATAP CHANDRA SARANGI : Sir, why so much of intolerance? …(*Interruptions*) This shows their intolerance. …(*Interruptions*) They should feel proud that a common man became the Prime Minister. …(*Interruptions*)

SHRI KODIKUNNIL SURESH : He has to speak on the President's Address. …(*Interruptions*)

SHRI PRATAP CHANDRA SARANGI : Sir, I am proud that a modest *chai-wala* became the Prime Minister, and he gave an ordinary man like me the opportunity to serve the nation as a Member of this august House and as a Minister. …(*Interruptions*)

SHRI KODIKUNNIL SURESH : He is speaking about his personal issues here. …(*Interruptions*)

SHRI PRATAP CHANDRA SARANGI : Speaker, Sir, I take this opportunity to thank the people of Odisha and the people of India who have contributed to the fantastic electoral performance.

My State is rich in mineral resources. People of my State are peace-loving and hard-working. …(*Interruptions*)

SHRI KODIKUNNIL SURESH : This is not the Odisha Assembly. …(*Interruptions*) This is the Parliament. …(*Interruptions*) He has to speak on the President's Address. …(*Interruptions*)

SHRI PRATAP CHANDRA SARANGI : Sir, one of our great luminaries in Odisha told that : "Cultured hand is industry". …(*Interruptions*) Now, this has been translated into action by our Narendra Modi's Government. …(*Interruptions*)

We have never heard of skill development in the 10 years of UPA rule or in the 55 years of Congress rule. We have never dreamt of skill development, and the necessity was not felt. Now, Shri Narendra Modi introduced skill development, and our human resources have been developed …(*Interruptions*) If you crush a piece of stone, it will be worth Rs. 300, but if

you carve an image out of it, then it will be worth Rs. 55,000. This is value addition, and this is industry. …(*Interruptions*)

Odisha is home to many finest literary minds, sculptors, sportspersons, etc. It was in Odisha that Gandhiji's foot soldiers fought the imperial might of the British with death-defying non-violent valour. This is the land, which gave birth to Netaji Subhash, Surendra Sai, Tu Bakshi Jagabandhu, and Odisha has emerged as a sub-continental socio-religious centre.

Odisha has emerged as a sub-continental socio-religious centre from century to century, through faiths as Buddhism, Jainism, Shaivism, etc. It was Adi Shankaracharya who choose Puri as one of the four Dhams under the benign gaze of the Lord of the Universe, Sri Jagannath. Odisha was also Chaitanya Srikhetra. With the presence of several religious groups, Odisha has its liberal, pluralistic character. The liberal world outlook of Odias has been beautifully composed by Pandit Gopabandhu Das.

Let the love in me reverberate through the world and let love reign supreme.*….* He further says, let my body mingle with the soil of this nation, let my countrymen walk over me. All the holes on the way to Swarajya should be filled with my flesh and bone.*

Mr. Speaker, Sir, this Address of our hon. President is a unique speech, a historical document; full of conviction and commitment; it is full of confidence

*….* English translation of this part of the speech was originally delivered in Odia.

and cooperation. This is a historical document which proves our achievements and our future roadmap and our vision.

As I stand here, my mind goes back to those days of the UPA's misrule, which was synonymous with Government's failure. Policy paralysis was the new norm of the time. We had seen scams after scams - 2G, 3G, Adarsh Housing, Commonwealth Games – to name only a few. …(*Interruptions*). Have patience, my brothers! …(*Interruptions*). These scams had eaten into the very vitals of the nation rendering the governance system hollow and dysfunctional. …(*Interruptions*) The then political leadership, who was referred to as an accidental Prime Minister, remained a mute spectator, looking at the verdict of his boss.

Sir, in a desperate attempt, a new concept of presumptive loss was advocated by a learned Minister of the time to dilute the magnitude of loss of public property. The first family of the Congress also closed its eyes to the unpleasant optics of Ministers in the then Government. …(*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, आपको भी अपनी बात कहने का मौका मिलेगा। माननीय सदस्य, प्लीज बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

**श्री प्रताप चन्द्र षडङ्गी:** सर, मैं निवेदन करता हूं कि विज्ञान के द्वारा अथवा सत्ता के द्वारा हम बेईमान को ईमानदार नहीं बना सकते हैं, देशद्रोही को देशभक्त नहीं बना सकते, भ्रष्टाचारी को सदाचारी नहीं बना सकते। …(व्यवधान) इसके लिए चरित्र होना चाहिए। …(व्यवधान) इसके लिए कैरेक्टर होना चाहिए। …(व्यवधान)

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR): Sir, I am on a point of order. …(*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, बैठ जाइए। No point of order.

…(व्यवधान)

**श्री प्रताप चन्द्र षडङ्गी:** सर, हमारे देश की क्या अवस्था थी, महिला को शौचालय के लिए सूर्यास्त होने की प्रतीक्षा करनी होती थी। पढ़ाई करने के लिए बच्चों को सूर्योदय तक प्रतीक्षा करनी पड़ती थी, क्योंकि इलेक्ट्रिसिटी नहीं थी।**…(**व्यवधान) भोजन नहीं मिलता था, इसलिए…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, आपको अपनी बात कहने का जब मौका मिलेगा, उस समय आप अपनी बात कहें।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, राष्ट्रपति अभिभाषण में कोई व्यवस्था का प्रश्न नहीं है। माननीय सदस्य, प्लीज बैठिए।

…(व्यवधान)

SHRI PRATAP CHANDRA SARANGI: Within 10 years of the UPA Government…….(*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, आपको अपनी बात कहने का मौका मिलेगा।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, आप अपनी सीट पर जाइए।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, आपको अपनी बात कहने का मौका मिलेगा।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, आपको अपनी बात कहने का मौका मिलेगा।

…(व्यवधान)

SHRI PRATAP CHANDRA SARANGI: The BJP Government came to power in 2014 and achieved many things. …(*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, आप उनको बोलने दीजिए। आपके प्वाइंट ऑफ ऑर्डर के सवाल पर बाद में जवाब देंगे।

…(व्यवधान)

SHRI PRATAP CHANDRA SARANGI: Mr. Speaker, Sir, we are grateful to the Congress Party…. …(*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, आप भी बोलना।

…(व्यवधान)

SHRI PRATAP CHANDRA SARANGI: We are grateful to the Congress to make us aware that divisive politics and appeasement politics have reached their expiry date…*(Interruptions)*. Only developmental agenda is the real agenda…*(Interruptions)*. Sir, all people can be cheated for some time, some people can be cheated for all time, all people can never be cheated for all time…*(Interruptions).* Under this background, in the run-up to the elections, the country faced a malicious campaign by the Opposition labelling the NDA as anti-Dalit, anti-poor, anti-ST, anti-farmer, anti-women, anti-minority.…(*Interruptions*).

**माननीय अध्यक्ष :** आपको अपनी बात कहने का मौका मिलेगा।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आपके माननीय सदस्य जो भी बोलेंगे, उनको अपनी बात कहने का मौका मिलेगा।

…(व्यवधान)

SHRI PRATAP CHANDRA SARANGI : Sir, favouring crony capitalism and pushing India into economic distress, issues concerning unemployment, agrarian distress, terrorism and women safety were spitefully raised to show the Government in poor light. The fingers were raised at the Government with baseless allegations of causing distress to people through demonetisation, implementation of GST, stifling freedom of speech or promoting hatred and intolerance in the society and diluting the autonomy of the universities and institutions and the Rafale issue. All this came to a nought if it was meant to portray a negative image of a popular government in the eyes of the public so that a popular government is discredited by the sinister campaign of a few politicians with vested interests. But Shri Narendra Modi remained undisturbed, calm and went ahead with his noble mission of raising India to its new heights.

In our Sastra, it is said :

निन्दन्तु नीतिनिपुणा यदि वा स्तुवन्तु
लक्ष्मीः समाविशतु, गच्छतु वा यथेष्टम् ।
अद्यैव मरणमस्तु , युगान्तरे वा
न्याय्यात्पथः प्रविचलन्ति पदं न धीराः ।।

Sir, truth comes out victorious. *सत्यमेव जयते* नानृतम् सत्येन पन्था विततो देवयानः । Truth is paramount and son of truth can never be covered by the black cloud of untruth all the time. Sir, all the efforts of the Opposition to deceit people through false propaganda came to a nought when the people of India

exercised their democratic choice once again in favour of Shri Narendra Modi and his majestic leadership.

Sir, their electoral Pundits were proved wrong, their electoral calculus collapsed and the traditional ways of looking at the electoral politics from the prism of caste and community suffered irreversible changes. They have consciously voted in favour of BJP which is committed to development and national security. People have voted for a party which does what it says and which says which it could do. There is no difference between the words and deeds. Our journey from 2014 to 2019 reaffirmed our commitment.

Our Pradhan Mantri told at the beginning, मेरी सरकार गरीबों को समर्पित है। मैं प्रधान मंत्री नहीं हूं, मैं देश का प्रधान सेवक हूं। उन्होंने इसको पालन करके दिखाया। …(व्यवधान)

रघुकुल रीत सदा चली आई,
प्राण जाई पर वचन न जाई।

भारत की जनता ने वर्ष 2014 में एक मैनडेट दिया था, जिसको प्रधान मंत्री जी ने कहा था कि यह सरकार देश के गरीब, महिला, युवा, पिछड़े, दलित और आदिवासियों के लिए समर्पित रहेगी। हम ने उसको एक लाइन की फिलॉस्फी बनाई – 'सबका साथ, सबका विकास'।

बहुतों ने गरीबों के बारे में बहुत भाषण दिया। बहुतों ने बहुत योजना बनाई। सबने अच्छी भावना से योजना बनाई होगी, यह मैं डिसप्यूट नहीं करता हूं, परन्तु नरेन्द्र मोदी जी ने इसको क्रियान्वित किया और मैं पूरे विश्वास के साथ कहता हूं कि जनता के विश्वास को जिन्होंने तोड़ा था, वे आज नरेन्द्र मोदी जी की लोकप्रियता को सहन नहीं कर पाते हैं।

सर, हमें इस पर गर्व करना चाहिए। एक प्रधान मंत्री कभी इतिहास में देखा है, जो बच्चों की परीक्षा के संबंध में चर्चा करता है कि कैसे परीक्षा दी जाए? आज लाखों बच्चे आत्महत्या कर रहे हैं,

वे उनको समझाते हैं। एक प्रधान मंत्री महिलाओं के साथ वार्ता करते हैं – 'मन की बात में'। हमें इस पर गर्व करना चाहिए। …(व्यवधान)

सर, यह उसी नीति पर आधारित है। वेदांत का यह सामान्य प्रिंसिपल जिसको आधार बना कर, एक शाश्वत मृत्युंजयी जीवन धारा, पं. दीनदयाल उपाध्याय ने दी है। यह उसी शाश्वत जीवन धारा के ऊपर नरेन्द्र मोदी जी का विचार आ रहा है।

सर, ''सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः'', इसका प्रतिफलन 'सबका साथ, सबका विकास' में हुआ है। 'ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति', भगवत गीता की यह वाणी राजनीति में रूपांतरित होती है। नरेन्द्र मोदी जी को इसका क्रेडिट देना चाहिए। मैंने देखा है, मैंने सुना है कि वर्ष 1971 की वार में श्रीमती इंदिरा गांधी की प्रशंसा करते हुए, माननीय अटल बिहारी वाजपेयी ने कुछ शब्द बाकी नहीं रखे थे। अपोजिशन का यह रोल होता है कि उन्हें अच्छी चीजों की प्रशंसा करनी चाहिए। उन्होंने उनको देवी-दुर्गा बताया। सर, नरेन्द्र मोदी जी के कृत्यों की प्रशंसा करने में इतनी हिचकिचाहट क्यों है?

'ईशावास्यं इदं सर्वं यत्किन्च जगत्यां जगत्' उपनिषदों ने बताया है। हमें तो प्रशंसा करनी चाहिए। जगन्नाथ दास भागवत उड़िया में कहते हैं कि नारायण सबके शरीर में रहते हैं। प्रधान मंत्री जी ने वर्ष 2014 में भी कहा था कि मैं पांच साल में हिसाब देने आऊंगा। पांच साल नहीं, भारत की राजनीति की पहली घटना है, इतिहास में अनप्रेसिडेंटेड है, प्रधान मंत्री जी ने हर साल देश के भिन्न-भिन्न भागों में जा कर उनकी एकाउंटेबिलटी को प्रमाणित किया है। क्या ऐसा कभी कांग्रेस पार्टी के किसी प्रधान मंत्री ने किया था या किसी अन्य पार्टी के प्रधान मंत्री ने? मोदी जी ने प्रधान मंत्री को जनता का सेवक बताया और सेवक मालिक को हिसाब देगा। इसका पूर्णतया अक्षरश: प्रधान मंत्री जी ने पालन किया। यह पहली सरकार है, स्वाधीनता की लहर के समय की अलग बात है, लेकिन यह पहली सरकार है जो प्रो-इनकम्ब सरकार है। पांच साल के काम का हिसाब दिया और परफोर्मेंस के आधार पर एब्सोल्यूट मैजोरिटी लेकर निर्वाचित हुई। We are grateful to the people for reposing confidence in us. पिछले पांच सालों में देश की

जनता ने, देश के गरीबों ने नरेन्द्र मोदी एक्सपेरीमेंट किया था। आज हमें जिम्मेदारी के साथ यह कहने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि यह एक्सपेरीमेंट सफल हुआ है। हमने बीजेपी, एनडीए की ओर से कभी नारा नहीं लगाया था, लेकिन देश की जनता ने नारा लगाया 'अबकी बार 300 पार'। यह नारा सफल भी हुआ और एक बार फिर मोदी सरकार। इस एक्सपेरीमेंट का परिणाम हुआ कि देश की जनता ने मिलावट को स्वीकार नहीं किया। देश असल माल चाहता है। देश की जनता ने इसे करके दिखाया। इतनी धूप में, इतनी विपरीत परिस्थितियों में लोगों ने दिनभर लाइन में खड़े रहकर वोट दिया और सारे दुष्प्रचार को खत्म कर दिया, इसलिए मैं भारत के जागरुक मतदाताओं का अभिनंदन करता हूं। Sir, this was an amazing election, a very unique election where people knew the result before the results came out. This is the uniqueness of this election. आप जानते हैं कि क्या रिजल्ट रहा। बीजेपी अकेले 303 और एनडीए को 353 सीटें मिलीं। इन दिनों में इतना बड़ा मैनडेट किसी सरकार को मिलना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। लोक सभा चुनाव में हमारी अप्रत्याशित जीत, विशेषकर उत्तर-पूर्व बंगाल और ओडिसा की जीत से नरेन्द्र मोदी जी के ऊपर देश की जनता का विश्वास, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह की कुशल रणनीति और अथक प्रयासों से संभव हुई। मैं नज़र डालता हूं कश्मीर से विंध्य तक, कश्मीर से कन्याकुमारी तक, हिमालय से कन्याकुमारी तक और कर्नाटक से कटक तक और स्वराष्ट्र से ब्रह्मपुत्र तक, मैं देखता हूं सर्वत्र ही नरेन्द्र मोदी की लहर चलती है और जनता ने उन पर विश्वास किया है। पश्चिम से लेकर पूर्व तक और पूर्व से पश्चिम तक, उत्तर से दक्षिण तक हम नरेन्द्र मोदी का प्रवाह देखते हैं। मैं स्वयं पूर्व से आता हूं। नार्थ-ईस्ट में ओडिसा, बंगाल सर्वत्र जो गैर परम्परागत इलाका था, जहां से मैं आता हूं, इस इलाके में देश के गरीब लोग रहते हैं, जो देश का सबसे पिछड़ा इलाका है, इन इलाकों ने भी नरेन्द्र मोदी का साथ क्यों दिया, इसका नाम है – aspiration for development, for national glory. जिसके लिए युवाओं ने वोट दिया। जनता अब इस मूड में है कि भारत को आगे बढ़ना है। भारत को आगे ले जाने के लिए अपनी पार्टी लाइन क्रॉस करके भी वोट देने को लोग आए। India will conquer the world not with the

power of the place but with the power of the spirit, स्वामी जी ने बताया। इसे नरेन्द्र मोदी जी ने साकार किया। हमारे प्रधान मंत्री कहते हैं कि सवा सौ करोड़ देशवासी यदि एक-एक कदम आगे चलेंगे, तो देश सवा सौ करोड़ कदम आगे चलेगा।

मुझे याद है, मैंने एक स्कूल में परीक्षा के बारे में चर्चा की व्यवस्था की थी। एक बालिका ने नरेन्द्र मोदी जी से प्रश्न पूछा कि आप इतना परिश्रम करते हैं, क्या आप थकते नहीं हैं। मोदी जी ने तत्काल बताया कि सवा सौ करोड़ देशवासियों को मैं अपना परिवार मानता हूं। इतने बड़े दिल के व्यक्ति की क्या आप प्रशंसा नहीं करेंगे, हृदय से आदर नहीं करेंगे? मैं समझता हूं कि आप पार्लियामेंट में विरोध कर रहे होंगे, लेकिन अंदर ही अंदर प्रशंसा कर रहे होंगे। सरकार चलाने के यूनीक तरीके को प्रधान मंत्री जी ने विकसित किया। यह तरीका जनभागीदारी का है। महात्मा गांधी जी कहते थे कि इस देश में करोड़ों लोगों को कैसे सुखी बनाना चाहिए। Not mass production, but production by masses. करोड़ों आदमियों को सुखी बनाने के लिए हमें कुछ त्याग करना होगा। नरेन्द्र मोदी ने जनभागीदारी का, भगवद गीता में जनभागीदारी, को-ओपरेशन का गणतंत्र का एक सूत्र बताया – परस्पं भव्यन्थ श्रेय परम अवश्यकथ। परस्पर श्रेय भावना, यही प्रधान मंत्री जी का विशेष उद्देश्य है। उन्होंने जनता को विश्वास में लिया और हर योजना का हिस्सा बनाया। आप देखेंगे प्रधान मंत्री जी ने जितनी योजनाएं बनाईं, उनका मूल उद्देश्य जनता की भागीदारी है। We cannot dictate the fate of the masses, we are not the God, we have to involve them.

सर, पहले यह कांग्रेसी शासन में या अन्य शासन में नहीं हुआ था। उन्होंने जनता का विश्वास लिया और उनको हर योजना का हिस्सा बनाया। जनता को यह एहसास दिलाया कि सरकार उन पर विश्वास करती है। पूर्व में सर्टिफिकेट को अटेस्ट करने के लिए बच्चों को बहुत परेशानियाँ होती थीं, कष्ट उठाकर गज़टेड अफसर के पास जाकर लाइन लगाकर बहुत परिश्रम करना पड़ता था, अपमानित होना पड़ता था। लेकिन प्रधान मंत्री जी ने कहा कि मेरे देश के सामान्य लोगों पर भी विश्वास करो। अब प्रमाणपत्र सेल्फ-सर्टिफिकेशन से प्रमाणित किये जाएंगे।

ऋगवेद में बताया गया है कि मानव समाज की उन्नति का क्या मंत्र है । देवताओं ने कैसे उन्नति की, उसके सूत्र बताए गये:

संगच्छध्वं संवदध्वं
सं वो मनांसि जानताम्
देवा भागं यथा पूर्वे
संजानाना उपासते॥
समानो मन्त्र: समिति समानी
समानं मन: सहचित्तमेषाम
समानं मन्त्रमभिमन्त्रये व:
समानेन वो हविषा जुहोमि॥
समानी व आकूति: समाना हृदयानि व:
समानमस्तु वो मनो यथा व: सुसहासति॥

Be it opposition, be it Government, be it public, be it political, be it non-political, हमको एक मन होकर चलना चाहिए । हमारा आचार-विचार-उच्चार समान होना चाहिए । यही प्रोग्रेस का मूल मंत्र है और इसको हमारे प्रधान मंत्री जी ने कार्यान्वित किया है ।

सर, मैं आश्चर्यचकित हो गया । मेरे गांव की जमुना मणिसिंह, आशाकर्मी, जिन्होंने मलेरिया को इरैडिकेट करने के लिए काम किया । हमारे प्रधान मंत्री जी ने उनको ढूंढ निकाला । भारत के कई गांवों में छिपे हुए लुप्त प्रतिभाओं को सामने लाकर प्रधान मंत्री जी ने जैसा समादर किया है, यह अनप्रिसिडेंटेड है । इसके लिए क्या उनकी वंदना नहीं करेंगे? आपके इलाके में भी तो ऐसे लोग होंगे । प्रकाश राव को कौन जानता था, जो चाय बेचकर बच्चों को पढ़ाता था । उनको नरेन्द्र मोदी जी ने ढूंढ निकाला । हमें तो कृतज्ञ रहना चाहिए, कृतज्ञ राष्ट्र को भावपूर्ण श्रद्धांजलि देनी चाहिए । हमने जो कहा वह किया । लोगों ने बहुत कहा, यह एंटी-मुस्लिम है, लोगों ने बहुत दोहराया कि फलां यह हो जाएगा, वह हो जाएगा, लेकिन मैनडेट जिस ढंग से आया, उससे पता चलता है कि समाज ने समरसता के लिए वोट दिया, एकात्मता के लिए वोट दिया, पार्टिज़न पॉलिटिक्स और कम्युनल पॉलिटिक्स के लिए वोट नहीं दिया । समाज के हर वर्ग ने प्रधान मंत्री जी को वोट दिया और

आशीर्वाद भी दिया। So, this time our slogan became 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास'। प्रधान मंत्री जी ने सबका विश्वास जीत लिया। इसलिए हमें गर्व है।

समाज के हर वर्ग ने प्रधान मंत्री जी को आशीर्वाद दिया। आँकड़े बताते हैं कि यह क्या है। Sir, an analysis of the reserved seats shows that the Party has won 77 of 131 seats in 2019 whereas 67 in 2014. Out of the total 84 SC seats, BJP won 46 in 2019 whereas 40 in 2014. Out of the total 47 ST seats, BJP won 31 in 2019 whereas 27 in 2014. In 2019, 78 women Members won versus 68 women in 2014. So, anti-*dalit*, anti-ST, anti-human slogan went nowhere.

आज चुनाव का परिणाम आश्चर्यजनक है। एक पूर्व प्रधान मंत्री हार गये। मैं नाम नहीं लेता हूँ। 12 मुख्यमंत्री हार गये। यह किसका परिणाम है। कह रहे थे कि नरेन्द्र मोदी का क्रेज़ नहीं है, कुछ नहीं है। नरेन्द्र मोदी का क्रेज है क्योंकि वह भारत माता के साक्षात् महान सेवक के रूप में प्रतिनिधि हुए, उनका कोई स्वार्थ नहीं है। इतना विरोध क्यों करते हैं? लोगों ने सामंतों को हराया। चाय बेचने वाले का बेटा दोबारा प्रधान मंत्री हो गया, बर्तन माँजने वाले का बेटा दोबारा प्रधान मंत्री हो गया। इसलिए इतना इंटोलरेंस है, इसलिए इतनी असहिष्णुता है। क्या आप नहीं चाहते हैं कि गरीबों का प्रतिनिधि भी प्रधान मंत्री बने? सिर्फ जमींदारों, राजाओं, साहेबजादों के ही प्रतिनिधि बनेंगे? आज लोग डायनेस्टिक एंटाइटलमेंट को पसंद नहीं करते हैं। वे अब भी नहीं समझ पाते हैं। मैं कहना चाहता हूँ कि अब तो समझो।

इंटोलरेंस पर भाषण देने वालों को तो भारत की जनता ने कड़ा उत्तर दे दिया। यह लड़ाई भारत की जनता ने लड़ी। प्रजातंत्र के द्वारा संवैधानिक प्रक्रिया से, शांतिपूर्वक सच्चाई की विजय हुई। इसको तो मान लेना चाहिए। आप क्यों नहीं मानते हो?

मैं भारत की जनता का अभिनन्दन करता हूँ और कांग्रेस समेत सारे विरोधियों का भी मैं अभिनन्दन करता हूँ, विशेषकर कांग्रेस के सभी मुख्य लोगों का मैं अभिनन्दन करता हूँ क्योंकि उन्होंने हमारे ऊपर बहुत उपकार किये हैं।

सर, भगवान श्री राम जब जंगल में गये और वनवास के उपरांत वापस आए, तो मां कैकई के पास गये और प्रणाम किया। मां कैकई ने पश्चातापपूर्वक कहा - अरे! राम तू मुझे मां कहकर पुकारता है? भगवान श्री राम बोले क्यों मां, मैं तो कौशल्या माता के पास बाद में जाऊंगा, पहले मैं आपके पास आया हूं। कैकई माता कहने लगीं कि मैंने मां शब्द 14 सालों तक सुना नहीं। इस पर राम जी ने कहा कि क्यों भरत आपको मां नहीं कहता? कैकई माता ने कहा नहीं भरत मुझको मां नहीं पुकारता। भगवान श्री राम ने पूछा क्यों भरत, इसका क्या कारण है? कैकई माता ने बताया कि अरे! भरत तो मुझे राक्षसी, वागुनी, नागुनी बोलता है। भगवान श्री राम भरत से बोले ये क्या, माताजी का अपमान? भरत ने कहा देखो भाई राक्षसी, वागुनी, नागुनी बाकी लोगों को खा जाती है, लेकिन अपने बेटे को नहीं खाती है। यह तो पति को भी खा गई और बेटे को भी खा गई। यह सुनने के बाद भगवान श्री राम बोले ऐसी बकवास मत करो, मां से माफी मांगो। भरत ने मां के चरण पकड़ लिये, तो कैकई माता ने आलिंगन कर लिया। यह देखकर भगवान श्री राम बोले देखो भरत, 14 साल तुमने माता को प्रताड़ित किया, लेकिन मातृत्व का कैसा वात्सल्य है, देखो उन्होंने तुमको गदगद होकर आलिंगन कर लिया, मां से तुम माफी मांगो। फिर भगवान श्री राम ने कैकई माता से पूछा क्या मुझको माता बोलने का अधिकार नहीं है? कैकई माता बोली नहीं, तुम्हारा अधिकार है राम, किंतु मुझे हक नहीं है। यह सुनकर भगवान श्री राम बोले क्यों माता? कैकई माता कहने लगीं मैंने तुमको कितना कष्ट दिया। उन्होंने बोला नहीं माता, तुम तो ईश्वर प्रेरित हो। तुम अगर मुझे प्रताड़ित नहीं करती, वन में नहीं भेजती, तो राम को कौन जान सकता था? राम तो अयोध्या के छोटे से राज्य में राजा होकर मर जाता, लेकिन आज दिगतविस्तारी हिमालय से कुमारिका तक अटक से कटक तक, सौराष्ट्र से गंगासागर तक और सिंधु से ब्रह्मपुत्र तक राम की जो महिमा मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में फैली है, वह मां तुम्हारी कृपा से हुई है। …(व्यवधान) आप का हम पर बहुत उपकार है। …(व्यवधान) इसलिए गोस्वामी तुलसीदास पहले संत और असंत, दुष्ट और साधु को वंदना करते हैं :

बंदउँ संत असज्जन चरना।
दुखप्रद उभय बीच कछु बरना।।
बिछुरत एक प्रान हरि लेहीं।
मिलत एक दुख दारुन देहीं॥

वे कहते हैं मैं संत और असंत, साधु और शैतान, दोनों की वंदना करता हूं, क्योंकि दोनों में एक साम्य है। क्या साम्य है? दोनों ही दुखप्रद है। सज्जन का विच्छेद दुखप्रद है और दुर्जन का मिलन ही दुखप्रद है। …(व्यवधान) दोनों ही समान हैं। …(व्यवधान)

सर, अब मैं निवेदन करता हूं कि जनादेश को विनम्रतापूर्वक मानने का सभ्य आचरण सीखना चाहिये। मैं संविधान निर्माताओं को धन्यवाद देता हूं। चाहे डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर हो, राजेन्द्र प्रसाद हो, सरदार वल्लभभाई पटेल हो, मौलाना अब्दुल कलाम आज़ाद हो। …(व्यवधान)

**प्रो. सौगत राय (दमदम) :** आपने नेहरू का नाम नहीं लिया। …(व्यवधान)

**श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी:** मैं नेहरू का नाम भी लेता हूं, नो प्रॉब्लम। …(व्यवधान) वे तो थे, हम भी हैं। आज कई लोग उनकी अवहेलना कर के इंस्टिट्यूशंस को तोड़ने का काम करते हैं। मुझे नेहरू से कोई अनटचेबिलेटी नहीं है। …(व्यवधान) In more than seven decades of India's Independence, it was Congress Party in power for 55 years. Still the blame is on us? पांच वर्षों में वे अस्थिर हो गये, उन्हें यह अपेक्षा करनी चाहिये? What is its track record?

सर, इमरजेन्सी में क्या-क्या किया था, इसको तो याद करना चाहिये। …(व्यवधान) किन-किन को जेल भिजवाया था, किन-किन पर अत्याचार किया था, कैसे भारत के गणतंत्र के साथ तोड़-मरोड़ किया था, संविधान का अपमान किया था, डैमोक्रेसी की हत्या की थी, सत्य का वध किया था, ये भूल गये हैं आप लोग? …(व्यवधान) What is its track record in emergency? किसने सिख दंगा करवाया था? …(व्यवधान) सिखों की हत्या किसने करवाई थी? …(व्यवधान) रिज़र्व बैंक के गवर्नर को किसने हटाया था? …(व्यवधान) इलैक्शन कमीशन पर किसने सवाल उठाये थे? …(व्यवधान) ईवीएम मशीन को किसने दोषी ठहराया था? …(व्यवधान) तीन-तीन

प्रदेशों में ईवीएम मशीन द्वारा कुर्सी पर आने के बाद जब हारने का मौका आ जाता है, तो ईवीएम को दोषी ठहराते हैं । ...(व्यवधान) यह कैसा न्याय है? ...(व्यवधान) इस ईवीएम के प्रति तो कृतज्ञता प्रकट करो, इसी ने तुमको तीन प्रदेशों में कुर्सी पर बैठाया। ...(व्यवधान)

सर, इस मैनडेट को छीनने, हड़पने का किसी को अधिकार नहीं है। ...(व्यवधान) जनता ने मैनडेट दिया और डिबेट्स एंड डिस्कशन करने का अधिकार दिया, लेकिन तोड़-मरोड़ करने का अधिकार नहीं है। ...(व्यवधान) सर, क्या जनता का इतना अपमान करने का अधिकार किसी को है? इस देश में संतों का, बाबा रामदेव, भारतीय परंपरा, कृष्टि का अपमान करने का फल तो मिलता है । ...(व्यवधान) आप अपोज़ीशन लीडर भी नहीं बन पाये? ...(व्यवधान)15-20 दल मिलकर अपोज़ीशन भी नहीं बन पाये? ...(व्यवधान) मैं निवेदन करता हूं, आप थोड़ा सा समझो, इंट्रोस्पैक्ट करो। ...(व्यवधान) सर, हमारी स्मृति दीदी ने क्या किया? ...(व्यवधान) केरल में राहत मिली, भागते-भागते केरल में राहत मिली । ...(व्यवधान) अब तो आप सोचो, नम्रता दिखाओ । ...(व्यवधान) आत्मशोधन करो, पश्चाताप करो, मोदी से माफी मांग लेनी चाहिये। ...(व्यवधान) जनता के रोष ने आपको इतनी दूर भेज दिया। ...(व्यवधान) हो सकता है, जनता अगली बार आपको शांत होकर विरोधी दल की मान्यता दे सकती है। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, प्लीज़, बैठ जाइए। आपको अपनी बात कहने का मौका मिलेगा।

...(<u>व्यवधान</u>)

**श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी :** हो सकता है कि जनता के रोष ने आपको इतनी दूर तक भेज दिया। ...(व्यवधान) हो सकता है कि जनता अगली बार आपको शांत होकर विरोधी दल की मान्यता दे सकती है।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्य प्लीज। आपको अपनी बात कहने का मौका मिलेगा।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** कुछ भी रिकॉर्ड में नहीं जाएगा। केवल माननीय सदस्य की ही बात रिकॉर्ड में जाएगी।

…(व्यवधान) *

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्य प्लीज। आपको अपनी बात कहने का मौका मिलेगा। सदन में आपको अपनी बात कहने का मौका मिलेगा।

…(व्यवधान)

**श्री प्रताप चन्द्र षडङ्गी :** सर, हमारी सरकार की कार्यशैली देखिए, यह गरीबों के लिए समर्पित है। यू.पी.ए. रूल में सपना था, गरीबों के लिए। आज देश में 98 परसेंट टॉयलेट बने हैं। इलैक्ट्रिक्सिटी 100 परसेंट विलेजेज को गयी है। पांच करोड़ घरों में मुफ्त बिजली का कनेक्शन हो गया है। जन-धन योजना में एक-डेढ़ साल में 34 करोड़ के अकाउण्ट्स ओपन हो गए हैं। प्रधान मंत्री राजीव गांधी थे। वह बोलते थे कि 15 परसेंट पैसा ही जनता के पास पहुंचता है, बाकी 85 परसेंट बिचौलिए के पास चला जाता है। इसलिए डायरेक्ट बेनिफिट स्कीम नरेन्द्र मोदी जी ने चालू की। इसको बंद करने का श्रेय नरेन्द्र मोदी जी को जाता है। आज लोगों को पेंशन योजना, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना इत्यादि सैकड़ों योजनाओं के द्वारा आज गरीब लोग डायरेक्ट बेनिफिट पाते हैं। इनके लिए क्सर आपको आनंद नहीं आता है? बिचौलियों की छुट्टी करो। मुद्रा योजना में पचास करोड़ लोन सैंक्शन हुआ है। पचास करोड़ गरीबों के लिए आयुष्मान भारत द्वारा मुफ्त इलाज किया जाता है।

सर, मुझे दुख है कि इन पचास करोड़ गरीब लोगों को क्यों पैसा मिलेगा, यह ओड़िसा को नहीं मिलेगा, बंगाल को नहीं मिलेगा। मैं पूछना चाहता हूं कि क्यों उनको नहीं मिलता है?

---

* Not recorded.

*....*But our brothers and sisters of golden Bengal are deprived of the Central Schemes. नरेन्द्र मोदी जी पैसा देते हैं। सर, इस विषय में विचार करना चाहिए । *Bengal is the land of Swami Vivekananda, land of Khudiram Bose, land of Sri Aurobindo, land of Rabindranath Tagore. There the common people are not getting the benefits of the programmes meant for them. The nutrition programmes are not being implemented. Are you not pained?* …(*Interruptions*)

सर, 1.5 करोड़ घरों का निर्माण हुआ, ऐसा कहीं नहीं हुआ है। वर्ष 2022 तक सब लोगों को घर, सब लोगों को बिजली, सब लोगों को जमीन, इतने बड़े सपने को साकार करने के लिए क्या हम हाथ नहीं मिलाएंगे**?** किसानों को सालाना 6 हजार रुपए का मानदण्ड तय किया गया। Is the historic decision of fixing minimum support price at 1.5 times of the cost of production for 22 crops not a great achievement? चार दशक से लम्बी डिमाण्ड को पूर्ण किया। ईमानदारी से गरीब लोगों को, जो रिज़र्व कैटेगरी के न हों, उन्हें कुछ लाभ नहीं मिलता था, इसकी बहुत डिमाण्ड थी । नरेन्द्र मोदी ने हिम्मत दिखाई । Without disturbing the existing provision of reservation, he enhanced ten per cent. उन्होंने एनाउंस किया। इसके लिए उनको अभिनन्दन नहीं करना चाहिए। उन्होंने यह वीकर सैक्शन के लिए किया । In 2014, only 59 village panchayats had ditigal connectivity. Today, 1,16,000 village panchayats are connected with optical fibre and about 40,000 village panchayats have been provided with wi-fi hotspots. सर, रेल का track renewal 1.5 गुना बढ़ा है । Solar power has gone up from 2.6 gigawatts to 25 gigawatts. Airports have gone up from 65 to 101. इसके लिए तो नरेन्द्र मोदी जी का अभिनन्दन करना चाहिए।

---

*....* English translation of this part of the Speech was originally delivered in Bengali.

सर, यहां तक कि मां गंगा की स्वच्छता, सालों-साल, सैकड़ों साल तक गंगा के प्रति अवहेलना हुई। गंगा माता भारत की जीवन रेखा है, उनको अपमानित किया जाता है। यह नष्ट हो जाती, लेकिन इसको बचाया किसने? भागीरथ की तपस्या की धारा से स्वर्ग से निकली गंगा हिमाद्री होकर आज भूमि को शीतलता, स्निग्धता, पवित्रता प्रदान करते हुए सागर तक बहती है । कहीं कल-कल, छल-छल निनाद में, कहीं भीमकांत गर्जन में, सारे राष्ट्र को समृद्ध करती आई है, लेकिन उसको हमने नष्ट कर दिया। सर, भागीरथ गंगा को लाया था, लेकिन गंगा को पुर्नजीवन प्रदान नरेन्द्र मोदी जी ने नामामि गंगे प्रोजेक्ट में किया।

**13.00 hrs**

देवि सुरेश्वरि भगवति गंगे, त्रिभुवनतारिणि तरलतरंगे,

शंकरमौलिविहारिणि विमले, मम मतिरास्तां तव पदकमले।

सर, यह श्लोक भगवतपाद्य आदि शंकराचार्य जी ने बोला था। लेकिन गंगा नदी का पुनरुद्धार करने का श्रेय श्री नरेन्द्र मोदी जी को जाएगा। क्या आप इसमें आनन्दित नहीं होते हैं? Sir, jealousy is a double-edged blade. If it cannot hurt your enemy, it will come back and hurt yourself. हमने ऐसा कार्य किया है कि आज हम 50 प्रतिशत वोट वाली पार्टी बन गए हैं। कई लोग महागठबंधन की बात करते हैं। महा भी नहीं, गठबंधन भी नहीं। तेल ओर पानी की मिलावट जैसा बेकार हो जाता है। तेल, तेल नहीं रहता, पानी, पानी नहीं रहता। किस नीति पर गठबंधन? सिर्फ मोदी जी के विरोध पर। कोई सैद्धान्तिक गठबंधन नहीं है। जो कल खड्ग लेकर परस्पर एक-दूसरे के खिलाफ बोलते थे, लड़ाई करते थे, आज एक होकर आ गए गठबंधन में, लेकिन यह प्रभावी नहीं हुआ, क्योंकि मिलावटी चीज़ प्रभावी नहीं होती है। जो चीज़ शुद्ध है, सुभाषित है, अच्छे स्वाद की है, वही बिकती है, और नरेन्द्र मोदी जी ने देश के लोगों के समक्ष यह प्रस्तुत कर दिया है। सर, यह देश, महाराणा प्रताप, पृथ्वीराज चौहान, छत्रपति शिवाजी, भगत सिंह, खुदीराम बोस, दिनेश गुप्ता, महात्मा गाँधी, भगवान बुद्ध का देश है। सर इस देश को तोड़ने का अधिकार किसी को भी नहीं है। सर, एक बार जब देश में खाद्य संकट था, पाकिस्तान से युद्ध

होने वाला था, अमेरिका ने धमकी दी थी, तब लाल बहादुर शास्त्री शास्त्री जी ने उस समय पुरुषार्थ प्रकट करते हुए उस समय विपरीत परिस्थिति में देशवासियों से निवेदन किया कि एक वक्त का उपवास रखें। पूरे देश से लाखों लोग उपवास करते आए हैं। श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भी गरीबों को गैस देने के लिए सारे देशवासियों को पुकारा। गरीबों को गैस देने के लिए, स्मोक चूल्हा से मुक्त करने के लिए, उनका उद्धार करने के लिए उन्होंने देशवासियों से गैस सब्सिडी छोड़ने के लिए कहा। देश में करोड़ों लोगों ने इसका रिस्पाँस किया। सर, ये क्यों हुआ? क्या इतनी हिम्मत कभी किसी ने जुटाई थी? इस अपील का परिणाम क्यों सार्थक हुआ? क्योंकि वह साक्षात मूर्तिमान त्याग का आदर्श हैं। यह इसीलिए संभव हुआ है। भाषण से नहीं, व्यक्तित्व से प्रभाव आता है। Sir, An average politician looks in terms of an election. A statesman looks in terms of a generation and a nation-builder looks in terms of millennium and Shri Narendra Modi belongs to this rarest category of becoming a nation-builder. सर, नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान का प्रत्युत्तर जनता ने दिया है। Sir, our development story can be successful if the unity and integrity of our nation remain uncompromised. We know that violence and terror continue to threaten and destabilise our nation. Our turbulent neighbour has been fermenting such forces. I am very sorry to say that some of our leaders and intelligentsia have spoken in support of these terror creating forces. We must deal with these elements firmly. We are proud that our Government has displayed a steely resolve to take terrorism head-on and to eliminate it right from its sources.

Sir, the befitting reply to the Pulwama attack through the air strike was a reflection of the political will, not to be cowed down by terrorists' acts but to go for the jugular and tackle it at its genesis. The swiftness with which we could secure the release of the Indian Wing Commander captured by Pakistan was

indicative of the growing strength of India under our Prime Minister. Have you ever dreamt of such an incident during your rule? सर, मैं अभिनन्दन की बात बताता हूँ। जब अभिनन्दन पाकिस्तान की मिट्टी में मार खा रहा था, फिर भी भारत माता की जय कह रहा था, आप लोग क्या सोचते थे, क्या मैं नहीं जानता हूँ? लेकिन प्रधान मंत्री जी ने पाकिस्तानी प्रधान मंत्री से अभिनन्दन को तुरन्त छोड़ने को कहा। उन्होंने चर्चा करने के लिए कहा, किन्तु हमारे प्रधान मंत्री जी ने कहा कि कोई चर्चा नहीं होगी। अभिनन्दन को तुरन्त छोड़ें, अन्यथा पाकिस्तान के चिह्न को विश्व मानचित्र से हटा दिया जाएगा। पाकिस्तान ने तुरन्त अभिनन्दन को छोड़ दिया। सर, क्या यह भारत की विजय नहीं है? प्रधान मंत्री जी का क्रेडिट नहीं है**?** सर, तीन-तीन बार म्याँमार और पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक करके प्रधान मंत्री जी ने जो दंभ दिखाया, पुरुषार्थ दिखाया, वह सिर्फ आप लोगों को छोड़कर प्रत्येक भारतीय को गर्वित करता है। सर, क्यों दुखी होते हैं? The valour, the strength, the might and the majesty of Mother India has increased million times under the able leadership of our Pradhan Mantri. प्रधानमंत्री जी कहते हैं- आपको क्या दुख है? भारत की विजय में विजय में आप दुखी होते हैं क्या? कुछ लोग प्रमाण माँगते हैं। क्या पिता जी को पिता जी बोलने में माता जी से डी०एन०ए० टेस्ट रिपोर्ट माँगते हैं? सर, मैं पूछना चाहता हूँ, कि हमारे जवानों के पुरुषार्थ पर, पराक्रम पर, वीरता पर, बलिदान पर हम शंका प्रकट करते हैं। यह कैसा देश प्रेम है?

मैं आश्चर्यचकित हो जाता हूं और संपूर्ण विश्व को आश्चर्य होता है कि भारत के ऐसे दिग्गज नेता अपने जवानों के पुरुषार्थ पर सवाल उठाते हैं। रातों-रात, दिन-दिन, अनिद्रा रहकर, सीमांत में, वर्षा में, शीत-बर्फ में खड़ा रहकर अपने जीवन को न्यौछावर करने वाले इन वीर जवानों के प्रति तो कृतज्ञता प्रकट करनी चाहिए। मैं एक जवान को जानता हूं जो घर आया था, शादी हो गई, दो महीने की छुट्टी में आया था, लेकिन तत्काल उसको नोटिस आया, कल शादी हुई थी, पति-पत्नी का मिलन नहीं हुआ, तुरंत नोटिस आया कि सीमा पर आ जाइए। जवान के पास उसकी पत्नी आकर बोली की प्रिये आप कैसे जाएंगे? उसने बोला कि आप मेरी प्रिये हो, लेकिन भारत माता मेरी

प्रियतमा है, मैं जाता हूं और विजय प्राप्त करके तुरंत वापस आऊंगा। वह वापस नहीं आया, उसका निधन हो गया, देशमात्र के चरणों में उसका जीवन समर्पित हो गया, इसलिए वह घर नहीं आ पाया और हमारी वह छोटी-सी बहन विधवा हो गई।

महोदय, क्या इन लोगों के प्रति हमारा कोई दायित्व नहीं है, जिम्मेदारी नहीं है? क्या इस पर भी सवाल उठाएंगे? क्या यह देश को गर्वित करता है? क्या यह टुकड़ों-टुकड़ों ज्ञान का धर्म है क्या भारत के टुकड़े-टुकड़े करने तक हमारी जंग जारी रहेगी? पाकिस्तान जिंदाबाद, अफजल गुरु जिंदाबाद। हमें शर्मिन्दा है कि अफजल तेरे कातिल जिंदा है, क्या ये कहने वालों लोगों को इस देश में रहने का अधिकार है? इनको सपोर्ट करने वाले लोग…(व्यवधान) इनको कौन सपोर्ट करता है। जिनको हमारे प्रिय भारत की पावन भूमि से प्यार नहीं है, जिनको भारत की आज़ादी और अखंडता स्वीकार नहीं है, जिनको भारत का वंदे मातरम् स्वीकार नहीं है, क्या उनको भारत में रहने का अधिकार है?…(व्यवधान)

महोदय, देश के करदाताओं के अर्थ का श्राद्ध करते हुए विदेश में रहने वाले हमारे एक नेता एक बार कहते थे कि हमारा न कोई राष्ट्र है, न हमारी कोई संस्कृति है, न हमारा कोई देश है, हमारा महादेश है। हमारा राष्ट्रसंघ है, जैसे कि अमेरिका में राष्ट्रसंघ है, वैसी कल्पना करते थे। हमारी मिली-जुली संस्कृति है। भारत की परंपरा के बारे में उनको कोई भी ज्ञान नहीं है। वह प्रधान मंत्री बने थे, लेकिन भारत की परंपरा के बारे में नहीं पता था। उनको भी कई इंटेलिजेन्स ने सपोर्ट किया है, कई राजनेताओं ने सपोर्ट किया है। मैं साफ-साफ कहता हूं कि हमारा एक देश है।

हिमालयं समारभ्य यावत् इंदु सरोवरम्।
तं देवनिर्मितं देशं हिंदुस्थानं प्रचक्षते॥
उत्तरं यत समुद्रस्य, हिमाद्रेश्चैव दक्षिणं।
वर्ष तद भारतं, नाम भारती यत्र संतति॥

महोदय, इस भूमि में जन्म लेने के लिए देवताओं ने भी तपस्या की है। यह पावन भूमि जिसके बारे में वेद कहते हैं कि – माता भूमिः पुत्रोहं पृथिव्या।

महोदय, भगवान श्रीराम चन्द्र जी ने लंका के स्वर्णिम सिंघासन को छोड़कर लक्ष्मण और विभीषण को बताया कि मुझे यह स्वर्णिम सिंघासन नहीं चाहिए। उन्होंने यह निवेदन किया था कि यहां शासन करिए। लंका को छोड़कर बताया कि –

अपि स्वर्णमयी लंका न मे लक्ष्मण रोचते,
जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी॥

महोदय, आदिशंकराचार्य ने इस भूमि का वंदन करते हुए कहा –

प्रातः स्मरामि शुभदां वरदां वरेण्यं,
सिंधुर्मि धौदचरणं सुधियांशरणं।

महोदय, स्वामी विवेकानन्द जी ने बोला था कि आगामी 50 साल तक बाकी सभी देवताओं को, भारत माता हमारी जीती-जागती राष्ट्र देवता है। भारत माता पशुबलि नहीं चाहती है, नर बलि चाहती है। सहस्त्र युवक बलि दे दो और उनके आह्वान पर लाखों नवयुवक-युवतियों ने आकर फांसी के फंदे को चूमा। वंदे मातरम् के पंचात्श्री मंत्रोच्चारण से भारत गगन को प्रकंभित करते हुए फांसी के फंदे को चुंबन किया और ब्रिटिश वाहिंनी के साथ लड़कर अपने को खंडित कर दिया। चन्द्र शेखर आज़ाद, भगत सिंह, खुदीराम, दिनेश गुप्ता, विनय बोस, राम प्रसाद बिस्मिल, प्रीतिलता देवी, सुन्नलता देवी, अशफ़ाक उल्ला खां, बाघा जतिन, सबने समर्पित कर दिया।…(व्यवधान) आपके इस कमेंट पर मुझे दया आती है।

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य शांत रहिए।

…(व्यवधान)

**श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी :** महोदय, बीजेपी में बहुत सारे थे। आपको मालूम नहीं है, इतिहास पढ़िए।…(व्यवधान) तब बीजेपी अस्तित्व में नहीं आयी थी।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय मंत्री जी के वक्तव्य के अलावा कुछ भी रिकार्ड में नहीं आएगा।

…(व्यवधान)

**श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी :** महोदय, देश के क्रांतिकारियों की महिमा बखान करते समय…(व्यवधान) वास्तव में दयाजनक है, लज्जाजनक है। मुझे दया आती है। ये क्या बोलते हैं, नहीं जानते हैं । देश के क्रांतिकारियों का महिमा बखान सुनकर भी असहिष्णु हो जाते हैं।…(व्यवधान) तब तो क्रांतिकारी थे, लेकिन आज बंगाल की भूमि में संतरासवादी निकले, जो गणतंत्र की हत्या करने वाले हैं।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य कृपया शांत रहिए।

…(व्यवधान)

**श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी :** महोदय, स्वामीरामतीर्थ ने बोला है कि मैं हूं भारत माता, मैं जब सोता हूं, माता सो जाती है, जब मैं चलता हूं।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य शांत रहिए।

…(व्यवधान)

**श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी :** महोदय, मेरे जागृत होने से माता जागृत हो जाती है। हिमालय मेरा मुकुट है और कन्याकुमारी मेरी चरणदेय, सौराष्ट्र गंगासागर मेरा प्रसारित भूजोद्यो है।…(व्यवधान) श्री अरविन्द बोले कि भारत माता न केवल वृत्तिका का विस्तार है।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, बैठे-बैठे मत बोलिए।

…(व्यवधान)

**श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी :** भारत माता, महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती, माहेश्वरी स्वरूपिणी, श्रीमयी जगद्जननी भारत माता, उनकी चरणवन्दना करो, न केवल चक्षुका लोतक से, बल्कि हृदय की शोणित से भारत माता की पगवन्दना करो।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, आपको अपनी बात कहने का मौका मिलेगा। आप बैठक जाइए।

माननीय सदस्य, आप कृपया बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

**श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी :** वन्दे मातरम कविता में बंकिम चन्द्र गाते हैं,

त्वं हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी कमला कमलदलविहारिणी वाणी विद्यादायिनी,

नमामि त्वाम्, नमामि कमलां, अमलां अतुलां सुजलां सुफलां मातरम्, वंदे मातरम्॥

रवीन्द्र ठाकुर बोलते हैं एई भारतेर महामानवेर सागरतीरे, यही भारत माता की वन्दना जब करोड़ों देशवासी बोलते हैं, भारत माता की जय, वंदे मातरम्, भारत माता का हृदय कैसे गदगद हो उठता है, इसकी कल्पना करनी चाहिए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि कितनी बदली है। कांग्रेस भाइयों को मैं विशेषकर कहना चाहता हूँ। आजकल कुछ लोग बोलते हैं कि प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने विदेश जाने में कितना पैसा फ्लाइट में खर्च किया?…(व्यवधान)

सर, मैं सभी को बोलना चाहता हूँ।…(व्यवधान) यूपीए के प्रधान मंत्री क्या साइकिल से जाते थे? …(व्यवधान) मनमोहन सिंह जी क्या साइकिल से जाते थे?…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, आपको भी बोलने का मौका मिलेगा।

**श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी :** यूपीए रूल में पाकिस्तान हमें धमकी देता था। हमें बांग्लादेश धमकी देता था।…(व्यवधान) हमें म्यांमार, श्रीलंका, चाइना धमकी देते थे।…(व्यवधान) आज स्थिति कैसी बदल गई है? …(व्यवधान) आज सम्पूर्ण विश्व हमें समर्थन करता है।…(व्यवधान) एक घर क्या हो गया है, वे असहाय हो गए हैं।…(व्यवधान) पाकिस्तान के प्रधान मंत्री भी शान्ति की कथा वार्ता करने के लिए व्याकुल हो रहे हैं। नरेन्द्र मोदी ने पराक्रम से इसको साबित कर दिया है और भारत माता का पराक्रम जागा है।

सर, मैं जानता हूँ। मैं बंगाल में चुनाव प्रचार में गया था। मैं वहाँ एक संत से मिला। उन्होंने मुझे बताया। उन्होंने मुझसे कहा कि तुम्हारा नाम क्या है, मैंने बोला प्रताप षडङ्गी। उन्होंने मुझे आलिंगन किया। उन्होंने कहा कि 20 साल पहले मैंने तुम्हारे साथ तीन सभाओं में भाषण दिया था। उन्होंने कहा कि देखो भाई, हम रात को दो घंटे मठों के सारे संत बैठकर जाप करते हैं कि

भारत माता की रक्षा करो, नरेन्द्र मोदी को दोबारा प्रधान मंत्री बनाओ। देश का कैसा विश्वास है, आप इसे समझिए।

सर, मैं यह कहना चाहता हूँ कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हमारा कैसा सम्मान हुआ। क्या आपको गर्व नहीं होता है? मैंने कल पार्लियामेंट से एक रिकॉर्ड निकाला। कल मैंने लिखकर दिया कि प्रधान मंत्री जी को कितने अवॉर्ड मिले। देखिए, कभी आप कल्पना कर सकते थे? क्या इनसे भारत का गौरव बढ़ा नहीं? The Prime Minister Narendra Modi was conferred with the Saudi Arabia's highest civilian honour - 'King Abdulaziz Sash' by King Salman bin Abdulaziz. हमारे पीएम को मिला नहीं, भारत माता को मिला। पीएम उनके घर नहीं जाएंगे। भारत माता का क्रेडिट बढ़ा है। Russia honoured PM Narendra Modi with 'Order of St. Andrew the Apostle' which is the highest Order of the Russian Federation. The UAE honoured Shri Narendra Modi with Zayed Medal. यह प्रधान मंत्री को मिला, हमारे देश को मिला। यह भारत माता का सम्मान है।

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, आपको मौका मिलेगा ।

**श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी :** इस पर तो गर्व कीजिए। The Prime Minister Narendra Modi was conferred with the first-ever Philip Kotler Presidential Award. Then he was conferred with Seoul Peace Prize. …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, आपको भी बोलने का मौका मिलेगा।

**श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी :** The Prime Minister has been conferred with nine international awards. सारे विश्व ने भारत माता को सम्मानित किया। The Prime Minister Narendra Modi was conferred with the 'Grand Collar of the State of Palestine'. The Prime Minister Narendra Modi was conferred with the Amir Amanullah Khan Award, the highest civilian honour of Afghanistan. Major nine awards have been conferred upon our Prime Minister. The Prime Minister was also

awarded with the prestigious UN Champions of the Earth Award 2018. Is it not a matter of pride for India? Irrespective of your Party affiliation, are you not feeling proud? आपको गर्व नहीं होता है? आप गर्व महसूस नहीं करते हो?

सर, प्रधान मंत्री ने पाँच साल पहले संयुक्त राष्ट्र संघ में एक प्रतिवेदन किया था कि विश्व योग दिवस के रूप में जून, 21 को मनाया जाए। किसी ने कोई सवाल नहीं उठाया। कोई कम्युनल सवाल नहीं उठा। सारे विश्व पटल पर आनन्दमय और सहर्ष सभी ने स्वीकार किया। लगभग 190 देशों ने इसे मान लिया। सिर्फ माना ही नहीं, वे इसका पालन भी करते हैं। इसमें लगभग 50 मुस्लिम देश भी शामिल हैं।

सर, आज सारे विश्व के बहुत सारे विश्वविद्यालयों में योग एक पाठ्यक्रम के रूप में आ गया है। भारत के आध्यात्मिक नेतृत्व को सम्पूर्ण विश्व ने स्वीकार कर लिया, जिसे विवेकानन्द ने प्रोफेस किया था। एक नरेन्द्र ने उसे प्रोफेस किया था और एक नरेन्द्र के समय में यह फलवती हुआ। इसका गर्व आपको नहीं होता है?…(व्यवधान) क्या हम इतने खिन्न हो गए हैं कि हमारे देश के गर्व में भी हम शामिल नहीं हो पाएंगे? कितना पीड़ादायक जीवन हो गया है? …(व्यवधान)
हम इकट्ठे होकर देश के गर्व को मनाएं।…(व्यवधान)

सर, नवीकरणीय ऊर्जा के बारे में मैं कहना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री जी एक ज्वलंत मुद्दे को लेकर आए, जिसके कारण सबका मानना है कि नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहित किया जाए।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, बैठ जाएं। आपको अपनी बात कहने का मौका मिलेगा।

…(व्यवधान)

**श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी :** भारत बाकी देशों की भी मदद कर सके और नवीकरणीय ऊर्जा में एक वरिष्ठ सदस्य बन सके। इंटरनेशनल सोलर अलायंस लॉन्च किया । Countries have signed ISF Framework Agreement. India showed global statesmanship in climate change and world is looking up to India's leadership. …(*Interruptions*)

आज लाखों-करोड़ों भारतीय मूल के नागरिक, जो विश्व में कहीं भी काम करते हों, पर अगर वे विश्व में कहीं भी पासपोर्ट दिखाते हैं तो उन्हें बड़ी इज्जत मिलती है ।…(व्यवधान)

सर, भारतीय मूल के लोग, आज विश्व में कहीं भी हों, वे अपने आपको सुरक्षित महसूस करते हैं। मोदी जी की सरकार ने, जब भी किसी भारतीय के ऊपर किसी भी तरह की आँच आई, तो उनको संरक्षण दिया और उनकी चिंता की। 'ऑपरेशन राहत' के तहत यमन में 6,710 लोगों को निकाला गया। इसमें 4,748 भारतीय और 1,962 विदेशी नागरिक शामिल थे।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, आपको भी अभिव्यक्ति होगी अपनी बात कहने की।

…(व्यवधान)

**श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी :** सर, मैं इनसे पूछना चाहता हूं कि कुवैत में जो हुआ था, उस समय आपने क्या किया? आपने बोल दिया कि हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं है। क्या कुवैत से उद्धार करना आपका दायित्व नहीं था?…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, सब कुछ नियम-प्रक्रिया के तहत चल रहा है। आप बैठिए।

…(व्यवधान)

**श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी :** सर, मैं एक साधारण व्यक्ति हूं।

सर, उनके मंत्रियों, अधिकारियों ने हाथ खड़े कर दिए कि कुवैत की उनकी मुसीबत हमारी नहीं है। यह हो सकता है कि उन लोगों ने हमारी नागरिकता छोड़ दी हो। वे भारत में नहीं, बल्कि कुवैत में काम कर रहे थे। लेकिन, वे हमारे भारत के भाई-बहन थे और उनका मूल हम सबके बीच ही था।…(व्यवधान)

सर, हमारे पांच साल के शासन में जब किसी देश के किसी एक व्यक्ति के ऊपर भी आँच आई तो हमारी सरकार ने 24 घंटे एक करके उनकी मदद की, उसमें पीछे नहीं हटी।…(व्यवधान)

Our Government's endeavour is to usher in an era of harmonious and collaborative Centre-State relationship. In tune with the Governments idea of cooperative federalism, the Fourteenth Finance Commission has come out

with a novel scheme of devolution of funds between the Centre and the States. It is the firm belief of the Government that the Centre and States are all partners in the task of nation building. We are not competitors but equal stakeholders in the progress story of our nation. However, there are still some political leaders who believe ideological differences are enough ground for non-cooperation even at the cost of great loss to the day to day life of the common citizen. I cannot understand why our brothers and sisters in West Bengal should suffer due to political stubbornness of their leaders and are not implementing the Central programmes like Ayushman Bharat and others. Still we look after all. We will work 24x7 in service of all sections. Our goal is to serve our people and make India a great nation. …(*Interruptions*)

सर, आपको बहुत हैरानी होगी। वहां तो 'राम' का नाम निषिद्ध हो गया, 'भारत माता की जय' निषिद्ध हो गया।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, प्लीज़।

…(व्यवधान)

***Shri Pratap Chandra Sarangi :** What crime have we committed? Why giving slogans in the name of Ram is banned in Bengal? Why so much intolerance? Why have you banned the slogan *'Bharat Mata ki jay'?* Why are you killing democracy every day? …(*Interruptions*) Dada, you kindly sit down. You have resorted to violence. Look what you have done to Bengal. Thousands of political murders are taking place. The Government has to take the responsibility. Your role is changing every now and then like in a drama.

---

* English translation of this part of the Speech was originally delivered in Bengali.

Sometimes you are Rana Pratap, sometimes you are Shivaji. Sometimes you are supporting, sometimes you are opposing. I want to say that first fix your stand. Let me narrate a story of an impartial person.

**श्री कल्याण बनर्जी (श्रीरामपुर):** राम का नाम बदनाम न करो।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, प्लीज़।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय मंत्री जी की बात के अलावा कोई भी बात रिकॉर्ड में नहीं जाएगी।

… * व्यवधान)

**श्री प्रताप चंद्र षडङ्गी :** सर, हजारों की संख्या में लोग मारे गए हैं ।…(व्यवधान) सर, कभी उनके खिलाफ बोलते हैं, कभी वोट के लिए उनका सपोर्ट करते हैं ।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, आप कृपया आसन की तरफ देख कर बोलें।

…(व्यवधान)

***Shri Pratap Chandra Sarangi :** You people claim to be impartial. So, the story goes like this. A crime is being committed on a train. A man is picking pockets. So, the impartial man says" 'I will not protest. I will keep quiet." But then his own pocket was picked. He said: "I am impartial. I allowed you to pick pockets of others. Why are you picking pocket?" But he could not stop the crime. Thereafter, he started travelling again quietly. Once again, someone came to gouge out his eyes. He screamed. "Why are you taking out my eyes. I work in the Secretariat, I need my eyes." But the man said, "I need your eyes. Ok, I will work under handicapped quota, fine" – he thought.

---

* Not recorded.

* English translation of this part of the Speech was originally delivered in Bengali .

After that, a man came to take out his kidneys saying that those would fetch more price. So, the upshot is that those who do not object to injustice, do not protest wrong doings are bound to suffer one day. Impartiality will not save anyone.*

ऐसी नेतृत्व वाली सरकार हमने दी । अब हम पांच साल और परिश्रम करेंगे । माननीय प्रधान मंत्री मोदी जी के नेतृत्व में हम एक साफ, ईमानदार, निर्णायक, निडर, गरीबों को समर्पित, संवेदनशील, सुदृढ़, सक्षम, विकासशील और कर्मठ सरकार देंगे । आप इसमें सहायता कीजिए । अगर नहीं करेंगे तो जनता क्या करेगी, आपको भली-भांति मालूम है। …(व्यवधान)

मैं फिर से आपको कहता हूं, यह वैदिक ऋषियों से लेकर ऋषि दयानन्द तक, भगवान बुद्ध से लेकर नागसेन तक, श्री चैतन्य देव से लेकर चन्द्रधर तक, महाराणा प्रताप से लेकर प्रताप आदित्य तक, छत्रपति शिवाजी से लेकर छत्रसाल तक, समर्थ स्वामी रामदास से लेकर रामकृष्ण विवेकानंद तक, श्री अश्वघोष अश्वपति से लेकर श्री अरविंद तक हमारा समस्त ऋषि, मुनि, दार्शनिक, योद्धा, राष्ट्रनायक, तत्ववेत्ता सबने भारत माता की वंदना की है और इस भारत की कण-कण भूमि यज्ञ भूमि है।

हमारी भाषा अलग हो सकती है, लेकिन भाव एक है । रचना अलग हो सकती है, लेकिन भाषा एक है । हमारा मार्ग भिन्न हो सकता है, लेकिन लक्ष्य एक है । साधन भिन्न हो सकता है, लेकिन साध्य एक है । हमारी रीति भिन्न हो सकती है, लेकिन संस्कृति एक है । नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय संस्कृति की जय-जयकार होने वाली है। जो इनका विरोध करेगा, वह हिमालय से अपना माथा ठोकेगा …(व्यवधान) जैसा एक सदस्य ने कहा, वैसा ही होगा।

मैं भी आपको आश्वस्त करता हूं। जिस मार्ग पर हम चलेंगे, आपके साथ भी प्यार रखेंगे, लेकिन जो भारत माता का विरोध करेगा, अगर कोई दुष्ट ग्रह, शनि ग्रह हमारे मार्ग में आ जाएगा, तो हम उसके सभी प्रयत्नों को नष्ट-निर्मूल कर देंगे। वह बर्बाद हो जाएगा और भारत माता की जय-जयकार होगा।

सर, मैं फिर से माननीय राष्ट्रपति जी का अभिवादन करता हूं। देश की मंगल की कामना के साथ मोदी जी के नेतृत्व में विश्वास के साथ और जनता के सहयोग के साथ मैं अपनी वाणी को विराम देने से पहले अपने मित्रों को विन्रमापूर्वक कहता हूं कि इस देश की धरोहर को समझो, हमारे गौरवपूर्ण सांस्कृतिक उत्तराधिकारी को समझो । हम सब कम्यूनिस्ट हो, कांग्रेस हो, बीजेपी हो, बीजेडी हो, टीएमसी हो या कोई भी पार्टी हो, हम सभी भारत माता की संतान हैं । हिन्दू हो, मुस्लिम हो, क्रिश्चियन हो, हम सभी भारत माता की संतान हैं और आज भारत माता हमारी प्रतीक्षा करती है। हमने एक गलती की थी, इसलिए देश का विभाजन हुआ। फिर दोबारा गलती नहीं करेंगे। इस बार जनता देश को बर्बाद करने के लिए कभी अनुमति नहीं देगी, कभी हमें बर्दाश्त नहीं करेगी और टुकड़ों-टुकड़ों को तो देशवासी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेंगे। आज पूरा देश श्री नरेन्द्र मोदी जी के साथ है। भारत माता तथा भगवान की करुणा है। आइए हम सभी हाथ मिलाकर देश को आगे बढ़ाएं।

**DR. HEENA VIJAYKUMAR GAVIT (NANDURBAR):** Hon. Speaker Sir, I rise to speak - on behalf of the Government - in support of the Address of the hon. President. I would like to thank hon. President for addressing this august House and laying out the vision of the Government.

I thank you, hon. Speaker Sir, for giving me this opportunity to participate in this momentous occasion.

**<u>13.24 hrs</u>** (Shri Rajendra Agrawal *in the Chair)*

India is a young nation and more than two-thirds of the population are less than the age of 35 years. By giving this opportunity to a 31-year old, you have shown that this temple of democracy is open to all and it represents all. I belong to an advasi family. I represent my society and I am speaking on behalf of my tribal community. As a young aspirational member of my community, I represent my society's aspiration to rise and participate in the *vikas yatra* of the nation.

I thank the Prime Minister, Shri Narendra Modi*ji* for giving me the opportunity to serve my people and reposing faith in me to participate in this debate. The election of Prime Minister Modi*ji* was an expression of this aspiration. This re-election by even a bigger mandate is a mark of approval of his leadership, work and commitment to the people of the nation, especially the poor and the downtrodden.

Speaker Sir, in 2014, on May 21st, when Prime Minster, Modi*ji* entered this sacred building for the very first time, he bowed down at the foot of this Temple and re-affirmed his faith in the Constitution and the people of the

country. Sadly, Sir, I could not witness that occasion because I was writing my MD examination in Mumbai at that time. But, five years later, when Modi*ji* again entered this building, he showed another gesture. He bowed down in front of the Constitution of India. As a mark of respect, Sir, especially for me and my people who come from the State of Maharashtra to which Dr. Baba Saheb Ambedkar belonged, this was a reflection of our trust and faith in Modi*ji.* We know that we all have made the right choice.

Chairman Sir, five years ago, I passed my MD examination. Dr. Gavit, MBBS became Dr. Gavit, MD. On a larger scale, this time, our Prime Minister has passed his exam with a distinction and has emerged victorious with a bigger, stronger and stunning mandate than last time. Sir, this election was a unique election in the way that women participation was nearly equal to that of men. The women voted decisively in favour of Prime Minister, Modi*ji.* This election had the highest voting percentage ever in the country. Nearly 67 per cent people in the country voted in this election. Clearly, Sir, the youth also voted in large numbers, and this young nation has voted in favour of the dynamic and visionary leadership of Prime Minister, Modi*ji.* BJP became the first party to complete a term and be re-elected with its own majority since 1984. Sir, in 1984, those who laughed at us are now serving the Opposition Benches. Some of their colleagues could not even make it to the House. They are still sitting outside and wondering as to what went wrong. I would like to tell them as to what exactly went wrong.

Sir, I come from a constituency which has always elected a Congress candidate as a Member of Parliament since 1967. This record was broken by me in 2014. I got elected as the youngest BJP MP in that Lok Sabha.

सभापति जी, वर्ष 2014 से पहले मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र नन्दुरबार में हेल्थ कैंप्स का आयोजन करती थी। हम नि:शुल्क आपरेशंस करवाते थे, सर्जरीज करवाते थे। एक बार हमने कैटरेक्ट सर्जरी का कैंप आयोजित किया। उस कैंप में एक 72 वर्षीय महिला अपनी आंख का आपरेशन करवाने आई थी। जब मैंने उनसे पूछा कि वे कितने सालों से देख नहीं पातीं, तब उन्होंने बताया कि बचपन से ही उनकी दृष्टि नहीं है। क्या हम यह कल्पना कर सकते हैं कि अपना पूरा जीवन अंधेरे में जीना। मुझे थोड़ा संदेह हुआ कि क्या उन्हें सचमुच कैटरेक्ट ही हुआ है। मैंने एक वरिष्ठ डाक्टर से पूछा कि क्या इन्हें कैटरैक्ट है? वरिष्ठ डाक्टर ने मुझे बताया कि इस महिला को कुपोषण के कारण कैटरेक्ट हुआ है। जब हमने उस महिला का आपरेशन किया, तब उनकी दृष्टि वापस आई। उस समय मेरे आनन्द की सीमा नहीं थी। उस महिला ने अपना पूरा जीवन अंधेरे में जिया। अपने परिवार के सदस्यों को उन्होंने कभी नहीं देखा। वह केवल उनकी आवाज से उनको पहचानती थी। जब उनकी आंखों की दृष्टि आई और पहली बार उनके पति, बच्चे, पोता-पोती उनके सामने आए, तो उनके चेहरे से वह उन्हें पहचान नहीं पाई, लेकिन उनकी आवाज से उनको पहचाना। उनके हाथ में एक छड़ी थी। वह छड़ी उन्होंने फेंक दी।

Chairman Sir, this lady is a metaphor for all Indians. We have removed and thrown our blindfold and seen the reality of Congress, their fake and empty promises. Sir, this entire incident opened my eyes as well. I realised how malnutrition keeps us behind in the race, and how it reduces our productivity and immunity. We are not able to give the best to our children. What the Prime Minister has done to tackle this malnutrition problem is that he ensured food security for more than 80 crore people in the country. They merely promised it.

We delivered it. In all the 36 States and Union Territories, Right to Food was implemented by this Government.

नेता वह होता है, जो गरीबों के घर में राशन दे, This is our contribution. वर्ष 2014 के पहले मेरे जैसे युवा-युवती बहुत हताश थे, We were completely helpless. क्या यह देश हमेशा जुगाड़ु रहेगा या कभी कोई चीज बदलेगी, क्या काम करने का माध्यम हमेशा रिश्वत ही रहेगा या कभी सबको समान अवसर भी मिलेगा ? देश में जो गरीब और पिछड़ा वर्ग है, उन्हें केवल वोट बैंक की तरह ही देखा जाएगा या कभी उनका भी आत्मसम्मान इतना उभरेगा कि वे अपनी अपेक्षाएं सरकार को बता सकें और सरकार उस पर काम करे, उस आधार पर वे लोग वोट कर सकें। We, the youngsters, have all given up. लेकिन आज माननीय प्रधान मंत्री जी ने हमारा हौसला बढ़ाया है, हमें हिम्मत दी है कि देश एक ईमानदार रास्ते पर चल सकता है। There will be a premium on honesty. मैं एक और उदाहरण देना चाहूंगी, मैंने कैटरक्ट सर्जरी के बारे में बताया, मेरे संसदीय क्षेत्र में तोरनमाल नामक एक हिल स्टेशन है, जो सतपुड़ा पर्वतों में है, एक दिन एक गरीब आदिवासी लड़की मुझे वहां मिली, मुझे आकर उसने कहा कि दीदी आपके कारण मेरे आंखों की दृष्टि आई है। मैं चाहता हूं कि आप हमारे गांव आइए, हम आपको धन्यवाद करना चाहते हैं। मैं तैयार होकर साथ में गाड़ी में गई, जब हम कुछ दूर गए तो एक डेड इंड आ गया, हमारी गाड़ी वहां रुक गई थी, आगे कोई सड़क नहीं थी। वहां एक घाटी थी और घाटी में कई गांव थे, वह दृश्य बहुत सुन्दर था, लेकिन उस सुन्दरता के पीछे वहां का पिछड़ापन दिखाई दे रहा था। उस गांव में न सड़क थी, न बिजली थी, न स्कूल था और न ही अस्पताल था। वहां के लोग घर में रोशनी के लिए मिट्टी के तेल का इस्तेमाल करते थे। इतना ही नहीं, अगर कोई बीमार पड़ जाए तो मीलों दूर जाना है तो वहां बम्बू-एम्बुलेंस नामक एक बांस का स्ट्रेचर बनाया जाता था, उसे दो लोग उठा कर पेशेंट को हॉस्पीटल ले जाते थे। This was the sorry situation there. In the last five years of Modi Government, *vikas* is ensured there. The first road in that area was constructed under the *Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana*; the first electricity

connection, the solar electricity connection, was given under the *Pradhan Mantri Sowbagya Yojana*; toilets have been constructed under the *Swacchch Bharat Abhiyan*; the first International Tribal School is under construction in that area and, moreover, that areas has got the first Hospital Sub-Centre with a doctor under the Prime Minister ‘s *Jan Arogya Abhiyan*. Now, the people there no longer feel isolated, helpless and cut off from country’s progress. They also have hopes and aspirations.

Sir, my district Nandurbar is one of the most backward districts in the country. It borders Gujarat. Before 2014, I have seen the good work done by Modiji when he was the Chief Minister of Gujarat. Places like Valsad, Bardoli, etc. are the adjacent areas to my constituency and we have seen the way how those areas have developed. As a youngster I was really impressed by the performance and vision of Modiji in that area and I decided to join BJP. I still feel honoured that it was he, who welcomed me in the Party in New Delhi.

For development of such backward districts, the Prime Minister framed a new programme called ‘Aspirational Districts’. My district is one of those 115 districts which have been chosen as Aspirational Districts for development and I feel proud to say that we are constantly improving on most of the parameters.

This is the story across the country. People, wherever they are, have seen and felt this change and, therefore, have voted for Modiji. People were anxious for change, Modiji has brought in that change and improved the lives of the people.

माननीय सभापति जी, मैं एक युवराज से पूछना चाहती हूं कि पीढ़ी दर पीढ़ी राज करने के बाद भी देश में इतना पिछड़ापन क्यों रहा ? आज जो भी परिवर्तन हम यहां देख रहे हैं, वह केवल मोदी जी के कारण संभव हुआ है।

Sir, today, 2.5 crore households have got free electricity connection under *Pradhan Mantri Sowbagya Yojana*; 12 crore gas connections have been given over the last five years, as compared to 13 crore gas connections given in the past six decades post-Independence; 38 per cent was the sanitation level in 2014 in rural areas and now it has increased to 99 per cent in 2019. During the period of 2014 to 2018, more than 1.5 crore houses have been constructed under *Pradhan Mantri Awas Yojana*. In my own constituency, I have personally handed over 1.5 lakh women beneficiaries *Ujjwala* gas connections.

Additionally, 1.5 lakh houses have been constructed under the Pradhan Mantri Awas Yojana and 1.25 lakh houses have got free electricity connections for the first time after Independence. एयरकंडीशन में रहने वाले बड़े लोग शायद यह पीड़ा कभी नहीं समझ सकते कि किसी गरीब के घर में बिजली आना कितनी बड़ी बात होती है। एक विद्यार्थी जिसे केरोसीन के लैम्प में पढ़ना पड़े या स्ट्रीट लाइट के नीचे बैठकर पढ़ना पड़े, उसके घर में बिजली आना कितनी बड़ी बात है।

माननीय सभापति जी, मैंने माननीय प्रधान मंत्री जी के जीवन का एक अंश 'चलो जीते हैं' में देखा था। इन सब अभावों का माननीय प्रधान मंत्री जी ने खुद अनुभव किया है, इसलिए उन्होंने यह तय किया कि ऐसी विपरीत परिस्थिति किसी भी बच्चे के जीवन में नहीं आनी चाहिए। हर बच्चे को अधिकार है बिजली का, हर महिला को अधिकार है गैस सिलेंडर का, इन्हीं बातों के कारण लोगों ने मोदी जी पर विश्वास जताया और आज हमें 282 से 303 की संख्या देश ने दी है।

हमें दलित विरोधी भी कहा गया। हम पर जो यह आरोप लगाते थे, मैं उन्हें कहना चाहती हूं कि वर्ष 2014 और वर्ष 2019 के आंकड़े देखें, देश में सारी रिजर्व सीटों पर हम बढ़े हैं, हमारी संख्या वर्ष 2014 से 2019 में निश्चित रूप से ज्यादा आई है। मैं इसी मौके पर हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय अमित शाह जी को भी धन्यवाद देना चाहती हूं कि उन्होंने इस चुनाव में बड़ी संख्या में महिलाओं को भी मौका दिया। इस बार बढ़-चढ़कर समाज के हर वर्ग ने माननीय प्रधान मंत्री जी को आशीर्वाद दिया है। अब तक देश में सरकारें इनकमबन्सी पर बनती थी, अब पहली बार प्रो इनकमबन्सी पर सरकार बनी है। हमें जो वोट मिले हैं, यह पोजीटिव वोट हैं, प्रो-इनकमबन्सी के वोट हैं, पोलिटिक्स आफ परफार्मेंस शुरु हुई है। देश की जनता ने परफार्मेंस को वोट दिया है। इस देश ने ईमानदारी का सम्मान किया है।

माननीय सभापति जी, लोगों ने जाति के जमावड़े को रिजेक्ट किया है और एक बेदाग सरकार पुन: देश को दी है। इस देश को आजादी मिलने के बाद पहली बार ऐसा हुआ है कि एक भी आरोप न लग सके, ऐसी सरकार इस देश को मिली है। इस सबके लिए बड़ी जिम्मेदारी से काम करना पड़ता है, सारी व्यवस्था पर अनुशासन रखना पड़ता है, कठोर अंकुश लगाना पड़ता है और दिन रात निगरानी करनी पड़ती है।

माननीय सभापति जी, एक युवा विपक्षी नेता ने माननीय प्रधान मंत्री जी के लिए कई बार अपशब्दों का इस्तेमाल किया, लेकिन देश के नौजवानों और देश की जनता ने उन्हें करारा जवाब दिया कि उन्हें अपनी खानदानी सीट छोड़कर भागना पड़ा, मेरी बड़ी बहन ने उन्हें वहां से हराया। वे दोनों भाई-बहन खूब लगे थे लेकिन मेरी बड़ी बहन ने ऐसा पासा पलटा कि उन्हें अपनी सीट छोड़कर देश के दूसरे कोने जाकर चुनाव लड़ना पड़ा। This election has demolished all the myths of political pundits. बड़े-बड़े मीडिया, बड़े विशेषज्ञ, बड़े पोलिटिकल एनेलिस्ट, बड़े विचारक, जो अपने आपको बहुत माहिर समझते हैं कि वे पोलिटिकल समझ रखते हैं, सूझबूझ रखते हैं, सबने कहा -BJP will lose. अलग-अलग थ्योरीज़ को दिखाकर बताया गया कि भारतीय जनता पार्टी को जीत हासिल नहीं हो सकती है, लेकिन देश की जनता ने उनके सारे भ्रमों

को तोड़ दिया। वे कहते थे कि पीक हो गया है, जब वर्ष 2014 में मध्य प्रदेश में हमारी 27 सीटें आई थीं। अब की बार तो हम 27 नहीं 28 सीटें मध्य प्रदेश में जीते हैं। मैं विश्वास से कह सकती हूं कि मध्य प्रदेश की जनता 29 की 29 सीटें माननीय प्रधान मंत्री जी की झोली में देगी।

Sir, this time, once again, we are 7 out of 7 in Delhi, 5 out of 5 in Uttarakhand. हम हरियाणा में पिछली बार सात सीटें जीते थे, अटकलें लगाई जा रही थी कि शायद सात सीट भी न आए, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने इस बार हरियाणा में सात नहीं, आठ नहीं, नौ नहीं बल्कि दस की दस सीटें जीतकर एक रिकॉर्ड बनाया है। अभी भी बीजेपी ने पीक नहीं किया, We will now ride on our success in Bengal, Odisha and Telangana and concur new territories in the South next time. We won all the urban seats of Mumbai, Delhi and Pune. We won the aspirational Bengaluru, where my place as the youngest BJP MP has been taken by my brother Tejasvi Surya.

I have won from my tribal Constituency, Nandurbar; we have won from Ladakh; and we have won from Arunachal Pradesh. People of West Bengal, UP, Bihar, every part, has voted in favour of Prime Minister Modiji.

Sir, every section has been benefited under this Government and every section has voted for Prime Minister Modiji.

Under Modiji's leadership, women's development has changed to women-led development; and this time, out of 78 women Members of Parliament in this Lok Sabha, 42 women MPs are from the BJP and this is the proof of women development.

Under Pradhan Mantri Ujjwala Yojana, seven crore women have got free LPG connection.

आपको यह जानकर हैरानी होगी कि मेरे क्षेत्र में महिलाएं गर्मी के तीन-चार महीने बारिश के मौसम के लिए लकड़ियां इक्कट्ठा करती थी , and I never ever imagined that people would ever get free gas connection and they will be free from the smoke and firewood that they used to use. We have seen people shed tears when they cut onions. But have we ever seen tears in a woman's eyes while she is burning her eyes in the smoke just to cook food for her family? Now, because of this Pradhan Mantri Ujjwala Yojana, women will now, get good eyesight and they will have good health. I would like to thank the hon. Prime Minister on behalf of all the women of the country for giving this important gas connection scheme to the women.

Sir, another important issue is construction of toilets. Have you ever heard of a person dying because he went to a field or a jungle at night and he got a snakebite while he had gone to defecate in the jungle? Recently, we saw one Hindi movie 'Toilet -- Ek Prem Katha' where we have finally seen how a woman has to suffer due to lack of toilet. Therefore, it was a priority of the Modi Government to construct toilets and give dignity of women. Over 9.7 crore toilets have been built to eradicate open defecation with women more actively participating in the workforce.

It was very painful for doctors like us to advise them to either take care of their health or leave their jobs because their office would not permit them leave for a longer time. Now, paid maternity leave has been extended from 12 weeks to 26 weeks. With this, a woman can take better care of herself and her family.

Provision of death penalty for rape of a girl under the age of 12 year, has been made. 'Beti Bachao, Beti Padhao' Abhiyan has improved the sex ratio in 104 Identified Districts. Now, there will be equal employment opportunities to women for working in mines. My Muslim sisters are being protected from destitution and given dignity through the Triple Talak Bill. I urge you all to support it.

Sir, 33 per cent reservation for women in police force has been extended in 10 States and seven Union Territories.

हमारे मेनीफैस्टो में महिलाओं पर विशेष ध्यान दिया है, and we will fulfil all these promises.

Harnessing Yuva Shakti was again a priority of our Government. Seven IITs, seven IIMs, 14 IIITs, 103 Kendriya Vidyalayas, Eklavya Model Residential Schools for Tribal Children have all been established for the education of the youth. Atal Tinkering Labs are being opened in 9,000 schools. More than 15,000 Start-ups have been recognised, and tax relief for three out of seven consecutive assessment years has been given. Over 15 crore Mudra Loans have been sanctioned out of which two-third has been given to women. Thirteen thousand training centres under 'Skill India' and Vocational Training have been started to train over one crore youngsters. Now, 2,500 new players will be trained each year under the 'Khelo India' Programme.

Not only that, for the welfare of the SCs and STs, a historic budget of Rs. 95,000 crore has been given. Amendment to the SCST Act, which was a long standing demand of my community, has been fulfilled.

Income eligibility for the Scheduled Caste students for Pre-Matric Scholarship has been increased from Rs. 2 lakh to Rs. 2.5 lakh. The Constitutional status to the OBC Commission has been given. Work on Panchteerth of Dr. Baba Saheb Ambedkar has also been started.

माननीय सभापति जी, हमारे देश की सुरक्षा सर्वोपरि है। हमने पिछले कुछ दिनों में यह देखा है कि हमारे पड़ोसी देश अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आते, लेकिन मोदी जी की नेतृत्व वाली इस सरकार ने आंतकवाद के कारखाने में घुसकर आतंकवादियों को नष्ट करने का काम किया है। हमारी सेना ने लाइन ऑफ कन्ट्रोल क्रॉस करके आतंकवाद के गढ़ बालाकोट में जाकर उन्हें खत्म करने का काम किया है।

हमारी सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक की, अपोजिशन के हमारे कुछ साथियों ने उसकी सच्चाई पर सवाल उठाए। उनके सवालों के जवाब आज देश की जनता ने इतना बड़ा ऐतिहासिक मैंडेट देकर दे दिया है।

Sir, today, a tribal girl gets a chance to participate in this debate. My elder brother Sarangi *ji* just spoke and participated in this debate whose life in itself is an example for everyone.

माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से इस सदन और देश की जनता का को धन्यवाद देना चाहती हूं कि उन्होंने भारतीय जनता पार्टी और हमारे प्रधान मंत्री आदरणीय मोदी जी को एक ऐतिहासिक-अभूतपूर्व बहुमत देकर एक नए भारत, सक्षम भारत, समर्थ भारत और स्वर्णिम भारत के निर्माण में एक ठोस कदम उठाया है। भारत माता की जय। धन्यवाद।

**माननीय सभापति :** प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ:

'कि राष्ट्रपति की सेवा में निम्नलिखित शब्दों में एक समावेदन प्रस्तुत किया जाए:-

"कि सत्र में समवेत लोक सभा के सदस्य राष्ट्रपति के उस अभिभाषण के लिए, जो उन्होंने 20 जून, 2019 को एक साथ समवेत संसद की दोनों सभाओं के समक्ष देने की कृपा की है, उनके अत्यंत आभारी हैं।"

माननीय सदस्यगण, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर जिन माननीय सदस्यों के संशोधन परिचालित किए गए हैं, यदि वे अपने संशोधनों को प्रस्तुत करने के इच्छुक हैं तो 15 मिनट के भीतर सभा पटल पर अपनी पर्चियां भेज सकते हैं, जिनमें उन संशोधनों की क्रम संख्या दर्शायी गई हो, जिन्हें वे प्रस्तुत करना चाहते हैं। केवल उन संशोधनों को प्रस्तुत किया गया समझा जाएगा, जिनके सम्बन्ध में पर्चियां विनिर्दिष्ट समय के भीतर सभा पटल पर प्राप्त होंगी। प्रस्तुत किए गए समझे जाने वाले संशोधनों की क्रम संख्या को दर्शाने वाली सूची कुछ समय पश्चात् सूचना पट्ट पर लगा दी जाएगी। यदि उस सूची में सदस्य कोई विसंगति पाते हैं तो वे कृपया इसे तत्काल सभा पटल पर अधिकारियों के ध्यान में लाएं।

श्री अधीर रंजन चौधरी जी।

**SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR):** Sir, at the outset, at the time of delivering my speech on the Presidential Address, I would like to pay my profound respect to our hon. President who has made his gracious presence at the Central Hall on 20th June. Actually, the Constitution of India provides for the Address by the President of India and the genesis of this kind of Address lies in the year 1921 while we were under Central Legislature and by the Government of India Act, 1919, the practice was set in motion. Now, after Independence, the practice and the system has been bequeathed upon us. That is why, it is a time-honoured custom of Parliamentary democracy of India that we are having this kind of sovereign Address to the people.

Sir, you are well-aware that the contents of the Presidential Address is prepared or drafted by the Government. It is because in India the President is envisaged as a formal or Constitutional Head of the Executive like the English Parliament where simply the hyphen joins and a buckle fastens the legislative part of State to executive part. So, as a corollary, we can say that in our Parliamentary democracy, the document of Presidential Address has been the expression of intention of this Government and the policy and programme they want to pursue.

So, it is a great opportunity for me to participate in the debate. We are all hearing with rapt attention the speech delivered by hon. Minister Sarangi Ji and our beloved sister Gavit ji. बात ऐसी है कि आप किसी की स्तुति करें, इसमें कोई हर्ज नहीं है। प्रधान मंत्री जी आपके ही नहीं बल्कि हम सभी के प्रधान मंत्री हैं। क्योंकि वह आपकी पार्टी के लीडर हैं, इसलिए स्तुति करनी ही चाहिए, लेकिन स्तुति करते-करते हद के बाहर होना, बेमानी

लगता है, यह मैं जरूर कहूंगा। सारंगी जी, आप बहुत ज्ञानी हैं, लेकिन स्वामी विवेकानंद जी से, खास कर इनका नाम नरेन्द्र मोदी है, इसलिए नरेन्द्र दत्त को आप नरेन्द्र दामोदरदास मोदी से मिलाएं, यह गलत है। मैं यह जरूर कहूंगा। इसमें बुरा मत मानिए। मैं भी प्रधान मंत्री जी का सम्मान करता हूं, जरूर सम्मान करता हूं क्योंकि वह देश के प्रधान मंत्री एक बार नहीं बल्कि दो बार बने हैं, इन्हें सम्मान करना ही चाहिए। …(व्यवधान)

**संसदीय कार्य मंत्री, कोयला मंत्री तथा खान मंत्री (श्री प्रह्लाद जोशी):** कम से कम हमारे लोग India is Indira and Indira is India, इस हद तक तो नहीं गए । …(व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी** : कहां मां गंगा और कहां *ऐसा फर्क मत करो। हमें कुछ बोलने पर मजबूर मत करो।…(व्यवधान) हम भी सम्मान करते हैं। मैंने शुरुआती तौर पर कहा कि मैं सम्मान करता हूं।…(व्यवधान) You should not compare between monk and monster. यह अवमानना है।…(व्यवधान) आप लोग बोलने के लिए मजबूर करते हैं।…(व्यवधान) हम लोग बोलना नहीं चाहते हैं।…(व्यवधान) आप लोग बोलने के लिए मजबूर कर रहे हैं। In the year 1893, Swami Vivekananda visited Chicago in USA to join a religious congregation.

**माननीय सभापति** : आप सभी बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

**माननीय सभापति** : रिकॉर्ड देखने के बाद, जो असंसदीय शब्द होगा, उसको डिलीट कर दिया जाएगा। कृपया आप बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

**माननीय सभापति**: रिकॉर्ड देख लिया जाएगा।

…(व्यवधान)

**माननीय सभापति**: आपके नेता खड़े हैं, आप बैठ जाइए।

---

* Not recorded.

…(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आपके नेता बोल रहे हैं, आप बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** कोई भी आपत्तिजनक शब्द होगा, उसको कार्यवाही से निकाल दिया जाएगा। कृपया आप बैठ जाइए ।

**SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY:** In the city of Chicago, USA, Swami Vivekananda had addressed one religious rally, religious congregation in Chicago where he said and I quote:-

> "Chastity, purity, sanity and honesty are not the exclusive possession of any church in the world. If anybody dreams of the exclusive survival of his own religion and destruction of the others, I pity on them and point out to them that upon the banner of every religion will soon be written, help not fight, assimilation and not destruction, peace and harmony and not dissension."

This was the message given by no other than Swami Vivekananda Ji.

What message our Modi Ji has conveyed to the world? …(*Interruptions*) During his address to the Indian community in Shanghai in 2015, PM Modi had said: "Earlier you felt ashamed of being born Indian. Now you feel proud to represent the country." Do you agree with it? …(*Interruptions*) That is very good. So, that means, Atal Bihari Vajpayee Ji, Mohan Bhagwat Ji, Savarkar Ji, Gaikwad Ji, Munshi Ji--they were all not proud of being Indians. Only you are proud of being Indian. Only Modi Ji is being proud of Indian. …(*Interruptions*) Do you agree? …(*Interruptions*) 2-जी, 3-जी करते-करते तो हम यहां बैठे हैं, अब तो आपको आपत्ति नहीं होनी चाहिए। मोदी जी के पिछले पांच साल और अब छठा साल चल रहा है। 2-जी में, कोयला घोटाले में क्या किसी को पकड़ा है? क्या सोनिया गांधी जी को, राहुल गांधी जी

को जेल की सलाखों के पीछे रख पाए हैं? हम चाहते हैं कि आप कानून को चुस्त-दुरुस्त करें। जिन लोगों को आप चोर बताकर सत्ता में आए हैं, उनके खिलाफ आपने क्या किया? वे क्यों आज हाउस में बैठे हैं? वे क्यों सलाखों के पीछे नहीं हैं? क्यों राहुल जी बाहर हैं, क्यों सोनिया गांधी जी बाहर हैं, यह मैं पूछना चाहता हूं? यहां प्रधान मंत्री जी हैं, गृह मंत्री जी हैं, इन्हें जेल क्यों नहीं भेजते हैं?…(व्यवधान) राम कृपाल जी, इस बार प्रचार में 2-जी घोटाले या कोयले घोटाले की बात नहीं कही। अब बाजार में यह प्रोडक्ट किट नहीं बेची जाएगी। इस बार आप नया प्रोडक्ट लाए हैं। आप बहुत बड़े सेल्समैन हैं। मैं मानता हूं कि हमारे प्रधान मंत्री जी बहुत बड़े सेल्समैन हैं और होना भी चाहिए। मैं उनकी सराहना करता हूं कि हम हमारा डक्ट सेल करने में नाकामयाब हुए, इसलिए हम हारे। आप अपना प्रोडक्ट सेल करने में कामयाब हुए, इसलिए जीत गए।…(व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON** : Adhir Ranjan Choudhury Ji, please address the Chair.

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** महोदय, मैं स्वीकार करता हूं कि हम अपना प्रोडक्ट बेचने में नाकामयाब रहे, इसलिए हम हारे और इधर बैठे। आपका प्रोडक्ट अच्छा था या बुरा था, आप बेचने में कामयाब हुए और सत्ता में आ गए। This Presidential Address is replete with insipid hyperbole, monotonous rigmarole and high bulletin rhetorical exercises without any substance. That is why, we have proposed a number of amendments to the Presidential Address. It is a Motion of Thanks.

Before going into the details, first of all, I must say that the Congress Party does not want to criticize hon. Rashtrapati Ji. We do not want to castigate hon. Rashtrapati Ji. Rather, we want to lambast the Government for

its failure and indifferent apathy on various issues. सारंगी साहब बोले, बहनजी भी बोलीं और इतनी बातें सदन में कहीं, लेकिन सूखे की चपेट में जो आधा हिंदुस्तान है, उसका कहीं उल्लेख नहीं है? क्या इसकी चिंता नहीं है? किसी ने एक बात भी नहीं उठाई कि सारे हिंदुस्तान का आधे से ज्यादा हिस्सा सूखे की चपेट में आ चुका है।

**14.00 hrs**

बिहार में एंसेफेलाइटिस का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। नरसंहार हो रहा है। 150 से ज्यादा बच्चों की मौत हो गई है। अभी क्या होगा, यह पता नहीं है। चमकी बुखार से त्राहि-त्राहि मच गयी है, त्रासदी हो गयी है। लेकिन आप लोगों को कोई फिक्र नहीं है। आप सबको जानकारी है, …(व्यवधान) क्योंकि आप सब लोगों में से ज्यादातर एमपीज को यह भरोसा है कि मैं कुछ करने वाला नहीं, जो कुछ करेंगे, वह हमारे मोदी जी कर देंगे। हमें कोई पार करेगा, तो मोदी बाबा पार करेगा। यही आपका नारा है। …(व्यवधान) पार करेंगे। आप उनके भरोसे पर रहेंगे। इसीलिए आम लोगों की जो कठिनाइयाँ हैं, आम लोगों की जो तकलीफें हैं, उनके बारे में आप लोगों को बिल्कुल चिन्ता नहीं है। किन्तु आप लोगों का एक परसेप्शन है, आपके दिमाग में यह है कि मोदी बाबा पार करेगा। इसलिए मोदी बाबा की पूजा करो, तो सभी उलझनों से निकल जाएंगे। इसलिए आम लोगों की पूजा नहीं होती, बल्कि मोदी बाबा की पूजा की जाती है। यही तो है। नहीं तो, आज सत्तारूढ़ पार्टी की तरफ से जो भाषण हुआ है, आप बताएँ सभापति महोदय जी, इसमें प्रेसिडेंशियल एड्रेस पर कितनी बार जिक्र किया गया है? इस पर हम लोग जिक्र करेंगे। हम लोग संख्या में नगण्य हो सकते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आम लोगों के लिए हमने लड़ना बंद कर दिया है। ऐसा नहीं है। कोई ऐसी गलतफहमी में न रहे।

कभी इंदिरा गांधी कहा करती थीं कि एक व्यक्ति की ऊँचाई जितनी भी हो, अगर खाना-पीना ठीक से न हो, ज्यादा मेहनत की हो, सेहत पर ध्यान न दिया हो, तो उसमें थोड़ा सूखापन और थोड़ा ढ़ीलापन लगता है, लेकिन किसी भी हालत में इंसान की ऊँचाई नहीं घटती है। मोदी जी की ऊँचाई जितनी भी हो, अगर खाना-पीना कम हो, मेहनत ज्यादा हो, तो वे थोड़े दुबले-पतले हो सकते हैं, लेकिन उनकी ऊँचाई कभी नहीं घटेगी। कांग्रेस पार्टी की ऊँचाई भी इसी तरह है। यह दुबली-पतली हो सकती है। हमारी पार्टी के 52 मेम्बर्स हैं, इसका मतलब है कि हम दुबले-पतले तो हुए हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हमारी ऊँचाई कभी गिरने वाली है क्योंकि हम आम लोगों की बात कहने वाले हैं और कहते रहेंगे।

In para 7 of the President's Address, the hon. President has mentioned, "By doing so, the people of the country have given a mandate for continuing uninterrupted and at an accelerated pace the journey of development which started in 2014." यहाँ हमारा ऑब्जेक्शन है।

Sir, I beg to differ with this kind of contention. We know that India got Independence on 15th August, 1947. On that day, the visionary leader, Jawaharlal Nehru delivered his historic address and said, "At the stroke of the midnight hour, when the world sleeps, India will awake to life and freedom. A moment comes, which comes but rarely in history, when we step out from the old to the new, when an age ends, and when the soul of a nation, long suppressed, finds utterance."

आज़ादी के बाद हिन्दुस्तान की तरक्की का इतिहास शुरू हुआ। अगर यह कोई न माने, अगर इसको कोई सम्मान न दे, तो मैं कहूँगा कि हिन्दुस्तान के साथ, यह एक तरह का धोखा है।

So, the first reaction of the Congress Party to the Presidential Address, which has been drafted by the ruling regime, is that it is a deliberate distortion of history and it is a partisan manipulation of facts also.

Sir, for your convenience and for the convenience of the House, I may tell you that the First Five Year Plan (1951-56) had a modest outlay of Rs. 2,069 crore which moved up to Rs. 36,44,718 crore during the 11th Five Year Plan (2007-2012). A huge enhancement in this outlay itself is an indication of the progress, growth and development that took place in the Indian economy. आपको समझ आया? इलैवेंथ फाइव इयर प्लान में 2 हज़ार 69 करोड़ रुपये का इजाफा होते-होते 36 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। क्या यह कोई काम नहीं है?

**14.06 hrs** (Shrimati Meenakashi Lekhi *in the Chair*)

In the first half of the Century from 1901 to 1951, the GDP growth of Indian economy was less than one per cent *per annum*. At the end of the 11th Five Year Plan (2007-2012), India's coal production was 612 million tonnes, steel production was 91.5 million tonnes, cement production was 270.3 million tonnes and electricity generation stood at 1048.7 billion units. We achieved more than 7.5 per cent GDP growth. That means from minus one per cent growth, we had drawn the country to the height of 7.5 per cent GDP growth. Mind it. Hon. Prime Minister is also here.

We had a compact period of ten years from 2003 to 2012 where India achieved GDP growth rate of more than 7.6 per cent on an average for ten years and in 2009-10, the GDP growth was 8.6 per cent in spite of the fact that the world had witnessed an economic recession and a global meltdown had occurred at that time across the shores of Atlantic. We also faced its cascading effect in our country. That economic tsunami had its effect across the world. In spite of that fact, we had emerged out unscathed from the economic tsunami which had occurred in the USA because the USA was the epicentre of that economic tsunami.

The current account deficit was 2.8 per cent in 2009-10 while the wholesale price index inflation was 3.8 per cent and IIP growth was 3.5 per cent. During this period, there was a remarkable qualitative change in Indian economy. Sectoral share in the gross value added in terms of percentage of

important sectors had substantially changed. Earlier, agriculture contributed nearly 50 per cent to our GDP. In 2011-12, the contribution of service sector was 48.2 per cent and industry comprised 32.9 per cent and agriculture, as I mentioned, came down to 18.9 per cent.

Within a couple of days, new Finance Minister is going to present his Budget. We will find astronomical figures in the budgetary document in regard to revenue receipts, revenue expenditure, revenue deficit in revenue account etc.

Madam, for your convenience, I would like to draw the attention that in the first Budget presented by the Union Finance Minister, Shri Shanmukham Chetty, revenue receipts were Rs.171 crore only (1947-48). Revenue expenditure was only Rs.197 crore and the revenue defict was only Rs.26 crore.

In the last full Budget of UPA II (2013-14) presented by another illustrious son of Tamil Nadu, Shri P. Chidambaram, the revenue receipts were Rs.10,56,331crore, revenue expenditure was Rs.14,36,169 crore and revenue deficit was Rs.3,79,838 crore. It was an enormous change and, surely, this change took place before 2014. That is why we should not distort the history because past is our history, future is a mystery and the present is cash-in-hand, spend wisely.

In 1969, the then Prime Minister Shrimati Indira Gandhi decided to nationalise 14 major scheduled commercial banks operating in India comprising nearly 90 per cent of the banking business. There have been

phenomenal changes in banking business ever since. जब सारंगी साहब को कुछ नहीं दिखाई देता, तो क्या करें?

Madam, Indian tradition begins with enquiry, quest, questions, doubts, disagreement, accommodation, acceptance etc. because these are the hallmarks of our pluralism. Plurality is a hallmark of our country. India, we can claim, as a civilisation, is an unending celebration of human plurality. Plurality accommodates differences and differences embody and enact the dissention. On this concept, we have been growing the country for decades together.

Congress Party has been contributing to the growth of our country. Now, if one fine morning, somebody says that nothing has taken place in India and so we have come here and started developing, it is nothing but a travesty of truth. …(*Interruptions*) and I would urge upon the Hon. Minister and the Government that, in future, you should not be accused as a Government who were indulging in the travesty of truth.

Who has initiated the Green Revolution? Who has initiated the White Revolution? Now, you are talking about the Blue Revolution. It was initiated by the Congress Party during the 7th Five Year Plan. Just go through the record.…(*Interruptions*)

Now, you are trying to earn credit for the Blue Revolution. Why? It is because that it is a Government that may be called compliment-addicted Government, that is, earning compliment by manipulating the facts. So, it is a compliment addiction by manipulation. कुछ करके आप सराहना अदा कीजिए, कोई हर्ज नहीं है।

Without even letting a drop of blood, Congress Party had been initiating a slew of measures – rather I say, a slew of social revolutions – for the growth of my country, for the welfare of the people of my country.

In so far as the Green Revolution is concerned, who had initiated the Green Revolution? The Green Revolution to end India's food grain import dependency was started in 1965 with the help of Indian geneticists. You are well aware of the name of Shri Swaminathan. You are well aware about the high-yielding seeds that we had brought from Mexico in order to achieve self-dependency on food grain production of our country. We had exhausted all our resources to get rid of the PL-480 that was imposed upon us by the rich nation, namely, America.

Shri M. S. Swaminathan was called as father of the Green Revolution by the then Prime Minister, Shri Lal Bahadur Shastri, and was taken forward by the then Prime Minister, Shrimati Indira Gandhi, from 1966. The Green Revolution resulted in record grain output. In 1947, when our country attained Independence, the capacity of our food production was 50 million tonnes. It was increased to the tune of 131 million tonnes in 1978-1979; and to 264.38 million tonnes in 2013-2014. Have we not done anything for the country?

In 1970, Operation Flood, was launched with the help of Dr. Kurien. Our Prime Minister and our Home Minister are well informed and acquainted with the White Revolution because the epicentre of the White Revolution was in Gujarat. The name AMUL stands for Anand Milk Union Limited. The Prime Minister perhaps has learnt about 'cooperative federalism' from Dr. Kurien

because most of the time he used to refer about ‘cooperative federalism’, but this concept of ‘cooperative’ was generated or had its great origin in Gujarat. From being 50th in the world in terms of milk production, India became the largest producer of milk in just a couple of decades followed by America, China, Pakistan and Brazil. Operation Flood has also established a pattern of success for other countries to follow. By 1975, all imports of milk and milk products were stopped.

पहले विदेश से हमें मिल्क पाउडर लाना पड़ता था। बचपन में हम भी विदेश से लाए गए मिल्क पाउडर को स्कूल में खाते थे, लेकिन आज हिन्दुस्तान सेल्फ सफिशिएन्ट हो गया है। किसने किया, ये वाइट रिवोल्यूशन किसने किया? Who was the pioneer of the White Revolution? It was the Congress. Who was the pioneer of the Green Revolution? It was the Congress. Who was the pioneer of the Blue Revolution? It was the Congress. So, Congress is the soul of the nation. You will lose your entire identity without Congress. Congress is very much synonymous with India. Congress is an identity of India. Do not take it otherwise.

There is an adage in America that before election one may be Democrat or Republican, but after election all are American. Can we say, by taking a cue from this, that before election one may be BJP, SP, BSP, Trinamool, BJD or Congress, but after election we all are striving for country’s or nation’s progress. We should adopt the slogan that after election we should all strive for our nation’s progress.

Sir, dairy is one of the biggest industries in India with over 10 million dairy farmers in around 96,000 cooperatives.

The highest number of cooperatives across the nation are from Gujarat, Maharashtra and other States. In my State, it had failed miserably.

About dams in India, since Independence, India has made tremendous progress in building dams and water reservoirs. In 1947, there were a few of them, 30 in number; by the year 2000, the number has grown to over 4,000. More than half of them were built between 1971 and 1989. India ranks third in the world in dam building, after the USA and China. Are you not proud of it?

षड्डंगी जी, कहते हैं कि क्या आप मोदी जी की जीत में खुश नहीं हैं? अरे मोदी जी तो हिन्दुस्तान के एक इंसान हैं, हम जरूर खुश हैं। लेकिन हिन्दुस्तान की तरक्की में आप खुश नहीं हैं। आप तो मोदी जी की तरक्की में खुश रहते हैं और हम हिन्दुस्तान की तरक्की में खुश रहते हैं, क्योंकि व्यक्ति नहीं, हमारे लिए देश आगे है, पार्टी नहीं, हमारे लिए हिन्दुस्तान आगे है।

षड्डंगी जी, भाखड़ा नांगल डैम किसने बनाया है? गुजरात में सरदार सरोवर डैम किसने बनाया है? हीराकुंड डैम किसने बनाया है? नागार्जुन सागर डैम किसने बनाया है? इडुक्की डैम किसने बनाया है? यह बहुत लंबी कतार है।...(व्यवधान) इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड कांग्रेस ने बनाया है। ऑयल एंड नेचुरैल गैस कमीशन कांग्रेस ने बनाया है। यहां पर प्रधान साहब हैं। भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड कांग्रेस ने बनाया है। हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड कांग्रेस ने बनाया है। नेशनल थर्मल पावर कार्पोरेशन कांग्रेस ने बनाया है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कांग्रेस ने बनाया है। हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड कांग्रेस ने बनाया है।...(व्यवधान) May I ask a question to our hon. Prime minister? How many PSUs were established as opposed to shutting them down? …(*Interruptions*) Now, we are a Member of the Nuclear Club of the world. Some time back Shri Narendra Modi *ji* boasted of India being a Member of the Nuclear Club of the world. He has every right to boast of because he is the Prime Minister of our country.

Prime Minister, Jawaharlal Nehru and Homi Bhabha are known to be the architects of nuclear research in India. In 1948, as Prime Minister, Jawaharlal Nehru wrote to the Defence Minister, Sardar Baldev Singh that the future belongs to those who produce atomic energy, which is going to be the cheap national power of future. It was Nehru who entrusted the job to Homi Jehangir Bhabha, who is known as father of the Indian Nuclear Programme. It was Nehru who said: “Think big.” Some of the major milestones in nuclear research. India establishes the Reactor Research: Centre under the DAE in 1971, which was later renamed as the Indira Gandhi Centre for Atomic Research.

महोदया, हम लोगों ने भी परमाणु विस्फोट को घटाया था और अटल बिहारी वाजपेयी जी ने भी घटाया था । यही तो परंपरा है । हम तो अटल बिहारी वाजपेयी जी की सराहना करते हैं । प्रधान मंत्री सड़क योजना उन्हीं के दिमाग की सोच है । हम लोग तो उनकी सराहना करते हैं । लेकिन आपने इतना बड़ा प्रेसिडेंसियल एड्रेस लिखा है, एक बार कम से कम नेहरू जी का नाम ले लिया होता, तो हम लोगों को भी अच्छा लगता । आप छोटे नहीं हो जाएंगे ।…(व्यवधान) एक बार नाम ले लेते । हिन्दुस्तान को आप जिस रूप में चाहते हैं कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, तो हमारा कैसे विश्वास होगा? आप हमारे नेता का नाम नहीं लेते हैं । आप हमें निकालने का प्रयास करते हैं । आपको इसमें सोचना चाहिए ।…(व्यवधान) स्माइलिंग बुद्धा, 1974 पोखरण में एक्स्प्लोशन हुआ था । बाद में श्रीमती इंदिरा गांधी के लीडरशिप में, बाद में अटल बिहारी वाजपेयी जी ने शक्ति विस्फोट किया था । यह हम सबके लिए गर्व की बात है । By the end of 2013, India had 68 nuclear reactors. पहले हम लोगों को अछूत माना जाता था । दुनिया में न्यूक्लीयर कंट्री हमें अछूत मानती थी । In 2008, the India-US Nuclear Agreement was

signed paving the way for nuclear energy production in India. सारंगी जी, आप लोगों ने इसका विरोध किया था।

षड्डंगी जी, आप लोगों ने विरोध किया था, फिर भी पास करा लिया। लेकिन हम उस तरीके से उपयोग नहीं करते। हमने उस दिन पास कराया, इसलिए आज दुनिया में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी को सम्मान मिलता है। हम चाहते हैं कि हमारे प्रधान मंत्री जहाँ जाए, वहाँ उनका स्वागत हो, वहाँ उनका सम्मान हो। हम चाहते हैं, तहेदिल से चाहते हैं।

मिसाइल डेवलपमेंट की बात आई। आप कहते हैं कि पाकिस्तान अगर ज़्यादा इधर-उधर करेगा तो पाकिस्तान को हम नेस्तनाबूद कर देंगे। किसके भरोसे, मिसाइल के भरोसे। मिसाइल किसने बनाया, कांग्रेस ने बनाया। DRDO was established in 1958 under the aegis of the then Prime Minister, Shri Jawaharlal Nehru, with a vision to make India prosperous by establishing world-class science & technology base and provide our defence services a decisive edge. Dr. A P J Abdul Kalam along with others at ISRO Trivandrum made a plea to the then Prime Minister, Shrimati Indira Gandhi, in 1972 to continue to retain direct leadership of the space programme and get India's historic missile mission started. Dr. A P J Abdul Kalam is called the 'Missile Man of India' for his outstanding contribution to the field. We successfully tested Agni-I (surface-to-surface range missile) in 1981, Agni-II in 1999, Prithvi-iii in 2000, BrahMos in 2001, PAD in 2006, Nirbhay in 2013, ASAT in 2019, EMISAT in 2019. ये सैटेलाइट्स हैं। आपको समझ में नहीं आया, ये सैटेलाइट्स हैं। Agni-III in 2010, Agni-V in 2012. मैं मोदी जी से पूछता हूँ और सब से पूछता हूँ कि अगर कांग्रेस के जमाने में इस तरीके से स्पेस टेक्नोलॉजी का काम नहीं होता, तो क्या आज मोदी जी चन्द्रयान के बारे में सोच सकते? आप बोलिये। मतलब क्या है कांग्रेस ने बनाया, उसके बाद आप बना रहे हैं। मोदी जी चाहते हैं कि 2047 तक रहें। वह ठीक है, आप रह सकते हैं।

उसके बाद तो कोई बनाएगा। वर्ष 2047 तक हमने आपको छूट दी, उसके बाद तो कोई नया आएगा। जो काम आप 2047 तक करेंगे, उसके बाद कोई दूसरा करेगा। यही तो हमारा सिलसिला है। इसमें आप वर्ड ऑफ क्रेडिट क्यों लेना चाहते हैं, आप यह सराहना का वार क्यों करते हैं? यही तो मुझे बुरा लगता है।

आप एजुकेशन की बात करें। एजुकेशन में देखिए। At the time of Independence, in India, literacy rate was 12.2 per cent which increased to 71.96 per cent by 2013-14. हाँ, पार्लियामेंट में एलिमेंटरी एजुकेशन को फंडामेंटल राइट बनाया। उसके पीछे अटल बिहारी वापजेयी जी की बड़ी देन है। मैं मानता हूँ। मैं उस समय पार्लियामेंट में था।

Mid-Day Meal was started in schools since 1995. There were only twenty-seven universities in 1950-51 which had been increased to 821 in 2013-14. हम लोगों ने कुछ नहीं किया, आप बताओ।

टेलीकॉम रिवॉल्यूशन के बारे में आप जानते हैं कि हिन्दुस्तान में टेलीकॉम रिवॉल्यूशन के चलते आज हम दुनिया में किसी भी खतरे का मुकाबला करने में सक्षम होते हैं। जब टेलीकॉम की बात आती है तो राजीव गांधी जी की बात आ जाती है। उनके पिता हैं, ज़्यादा तो गलती नहीं की, उनके पिता ही तो हैं। राहुल जी की इसमें बड़ी दिलचस्पी है, इसलिए कह रहा हूँ। आज फोर्थ इंडस्ट्रियल रिवॉल्यूशन होने वाला है। मतलब टेक्नोलॉजी का रिवॉल्यूशन। पहले स्टीम के ज़रिये फर्स्ट रिवॉल्यूशन, साइंस के ज़रिये सैकेंड रिवॉल्यूशन, डिजिटल के लिए थर्ड रिवॉल्यूशन और अभी टेक्नोलॉजी के लिए फोर्थ इंडस्ट्रियल रिवॉल्यूशन । अगर राजीव जी नहीं होते तो इस तरीके की रिवॉल्यूशन क्या हम कर पाते? आप बोलिए।

आज आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस - रोबोटिक्स का जमाना आ रहा है। मैं प्रधान मंत्री जी को यह सजेस्ट करूँगा कि 5जी का जमाना आ रहा है, हमारे नौजवानों को 5जी की ट्रेनिंग दो, 5जी की ट्रेनिंग अगर उन लोगों को न मिले तो हमारा जो डेमोग्रोफिक डिविडेंड और यूथ जनरेशन है, उनको काम नहीं मिलेगा।

इसलिए मैं उनको सजेस्ट करना चाहता हूँ कि 5जी का जमाना आने वाला है, अभी इस स्किल को उस तरीके से लेकर चलना चाहिए, जिससे हम 5जी की सुविधा हिन्दुस्तान को मुहैया कराने में सक्षम रहें । ये सारे टेलीकॉम रेग्युलेशन किसने किए? ये सब राजीव गाँधी जी ने किये, जिन्हें डिजिटल मैन ऑफ इंडिया, कम्प्यूटर मैन ऑफ इंडिया कहा जाता है । इस तरीके से हम लोगों ने देश के लिए काम किया है। यह आप लोगों को अच्छा नहीं लगता है तो यह हम लोगों के लिए बहुत चिंता का विषय है। मनरेगा किसने चालू किया? इसे कांग्रेस ने चालू किया। राइट टू इनफॉर्मेशन एक्ट किसने चालू किया? इसे कांग्रेस ने चालू किया। राइट टू एजुकेशन किसने चालू किया? इसे कांग्रेस ने चालू किया। लैंड एक्विजिशन एक्ट किसने चालू किया? इसे कांग्रेस ने चालू किया। फूड सिक्योरिटी एक्ट के लिए मैं मैडम सोनिया गाँधी जी की सराहना करूँगा कि यह फूड सिक्योरिटी एक्ट, जिसका जिक्र मेरी बहन जी कर रही थीं, यह फूड सिक्योरिटी एक्ट उस समय मैडम जी के नेतृत्व में हुआ था। उन्होंने हमारी सरकार को नसीहत दी कि इस तरीके का कानून लाना चाहिए । फॉरेस्ट राइट एक्ट किसके जमाने में हुआ? यह कांग्रेस के जमाने में हुआ । लोकपाल एक्ट, एग्रीकल्चर डेट वेवर एंड डेट रिलीफ स्कीम भी कांग्रेस के जमाने में हुई। मैं आपसे ज्यादा नहीं कहूँगा, आप मेरी एक छोटी सी बात सुन लीजिए, उससे सारंगी जी को सुविधा होगी। Modi Government has renamed 19 out of 23 Congress schemes. Basic Savings Bank Deposit Account was renamed as Pradhan Mantri Jan Dhan Yojana; National Girl Child Development Programme was renamed as Beti Bachao, Beti Padhao Yojana; Nirmal Bharat Abhiyan was renamed as Swachh Bharat Abhiyan; Rajiv Awas Yojana was renamed as Sardar Patel National Urban Housing Mission; Indira Awas Yojana was renamed as Pradhan Mantri Awas Yojana; Rajiv Gandhi Vidyudikaran Yojana was renamed as Deen Dayal Upadhyay Gram Jyoti Yojana; Svavalamban Yojana was renamed as Atal Pension Yojana; Jan Aushadhi Scheme was renamed as Pradhan Mantri Jan

Aushadhi Yojana; Comprehensive Crop Insurance Scheme was renamed as Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana; National E-Governance Plan was renamed as Digital India; National Skill Development Programme was renamed as Skill India; Direct Benefit Transfer for LPG was renamed as PAHAL; National Optic Fibre Network was renamed as Bharat Net. भाई साहब, मैंने गलती से कुछ ज्यादा तो नहीं बोल दिया। This *sarkar* has developed a new syndrome which may be called as political plagiarism.

मैडम, हमें कुछ देर बोलने दीजिए। उन दोनों ने इतना ज्यादा बोल दिया। हम क्या करें?

**माननीय सभापति :** आप बोलेंगे तो आपकी पार्टी के बाकी लोगों को मौका नहीं मिलेगा। यह आप डिसाइड कर सकते हैं।

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** महोदय, ठीक है। मैं खत्म कर देता हूँ।…(व्यवधान)

**डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा):** महोदया, मेरा पॉइंट ऑफ ऑर्डर है।…(व्यवधान)

**माननीय सभापति:** आप रूल बताइए।

**DR. NISHIKANT DUBEY** : Madam, I am on a point of order. …(*Interruptions*) Raising point or order is my right.

**माननीय सभापति:** निशिकांत जी, आप रूल बताइए।

**डॉ. निशिकांत दुबे :** महोदया, रूल 356।…(व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON**: If a Member has raised a point of order, let me just go over it. Let him just read the Rule.

… (*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON**: If there is an objection by a Member, I have to go through the Rule.

… (*Interruptions*)

**डॉ. निशिकांत दुबे :** महोदया, हम लोग राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा कर रहे हैं और यह चर्चा कांग्रेस के बखान पर हो रही है। रूल 356 यह कहता है:

> "The Speaker, after having called the attention of the House to the conduct of a member who persists in irrelevance or in tedious repetition either in one's own arguments or of the arguments used by other members in debate, may direct that member to discontinue the speech."

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** मैडम, ये बेकार बात है। इन्हें दफ्तर नहीं मिला, फिर भी ऐसे ही बोलते रहते हैं।…(व्यवधान)

**डॉ. निशिकांत दुबे :** मैडम, दूसरा मैं आपको बताता हूँ। यह पार्लियामेंट है। इन्होंने जीडीपी की बात की। इन्होंने वर्ष 1901 से वर्ष 1951 तक की बात की। पार्लियामेंट में हम लोग दुनिया के सामने मूर्ख न हो जाएं।…(व्यवधान)

**माननीय सभापति:** निशिकांत जी, आप केवल रूल की बात कीजिए। आप भाषण नहीं दे सकते हैं। आप केवल रूल की बात कीजिए।

**डॉ. निशिकांत दुबे :** मैडम, मैं यह कह रहा हूं कि जी.डी.पी. वर्ष 1935-36 में आया। ये वर्ष 1901 की बात कर रहे हैं। पूरी दुनिया में हम मूर्ख न हो जाएं, इसलिए इन्हें समझाना चाहिए।

**माननीय सभापति :** निशिकांत जी, आप जी.डी.पी. की बात नहीं करेंगे।

प्लीज़, आप बैठिए।

…(व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON**: Please continue and wind it up quickly.

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** मैडम, यू.पी.ए. के जमाने में, new methodology के तहत, जी.डी.पी. ग्रोथ रेट 8.1% था, एन.डी.ए. के समय में वह घट कर **7.3%** हो गया। NDA regime में export collapsing हो रही है। यू.पी.ए. के जमाने में एक्सपोर्ट की दर जी.डी.पी. की 25.43% थी। यह घट कर अभी जी.डी.पी. की 19.03% हो गयी। काँग्रेस के जमाने में Gross NPA 2.5 लाख

करोड़ रुपये था, अभी वह बढ़ कर 9.62 लाख करोड़ हो गया। काँग्रेस के जमाने में recovery of rate of bad loans 22% था। अभी यह घट कर 9.8% हो गया। As far as rupee devaluation goes, the fall in value was Rs. 14 in ten years of UPA regime, while the fall was Rs. 12 in four years of NDA rule. Gross fixed capital formation was 34.1 per cent of GDP during the UPA regime. It had been decreased to 28.53 per cent of GDP in 2016-17. काँग्रेस के जमाने में पेट्रोल पर एक्साइज़ ड्यूटी 9 रुपये 48 पैसे थी और आप के जमाने में यह 90 रुपये 48 पैसे हो गयी है। काँग्रेस के जमाने में डीजल पर एक्साइज़ ड्यूटी 3 रुपये 56 पैसे थी और अब के जमाने में यह 15 रुपये 33 पैसे हो गयी है। हमारे जमाने में सालाना सात लाख जॉब्स क्रिएट हुए, आप के जमाने में यह 1.8 लाख हुए। हमारे जमाने में एग्रीकल्चर ग्रोथ 3.84 पर्सेंट हुआ, एन.डी.ए. के जमाने में 1.86 पर्सेंट हुआ। Average growth rate of rural wage, हमारे यू.पी.ए.-II के जमाने में हुआ - 19.6 पर्सेंट, और अभी हो रहा है 9.44 पर्सेंट। न्यूनतम समर्थन मूल्य में हमारे समय में ग्रोथ हुआ था – 19.3 पर्सेंट, आपके समय हो रहा है - 3.6 पर्सेंट। इन सारी बातों का जवाब आप लोगों को देना पड़ेगा।

मैडम, मैं ज्यादा समय नहीं लूंगा। मैं एक छोटी-सी बात आप सबके सामने रखना चाहता हूं। यहां प्राइम मिनिस्टर बैठे हैं, गृह मंत्री जी बैठे हैं। एक बात बड़ी चिंता का विषय है। आप जानते हैं कि अभी यू.एस.ए. और चाइना का ट्रेड वॉर चल रहा है, यू.एस.ए. और ईरान के बीच में संघर्ष के काफी हालात बन रहे हैं, तो इसी समय आप क्यों चुप्पी साधे हैं? इसी बीच, हमारा बहुत नुकसान हो रहा है। U.S. Government proclamation terminating the status of India as beneficiary developing country, special trade status with effect from June 5, 2019 has grave trade and economic implications for India. It directly affects India's export worth 54.4 billion US dollars, that is, Rs. 3,80,800 crore. This special trade status was availed by India from November 24, 1975 when Indira

Gandhi was Prime Minister and has now been withdrawn after 44 years. It affects 16 per cent of India's export. इसे आपको बड़े ध्यान से देखना चाहिए।

हम जानते हैं कि नरेन्द्र मोदी जी के साथ दुनिया के सभी लीडर्स का बड़ा अच्छा सम्पर्क है। देश को बचाने के लिए आपको देखना चाहिए।

अन-इम्प्लॉयमेंट की बात तो आप जानते हैं। 6.1 पर्सेंट अन-इम्प्लॉयमेंट है। पिछले 45 सालों में सबसे कम है। इसके साथ-साथ हम दूसरी बात करते हैं।

आपने प्रेसिडेंशियल एड्रेस में 'नेबरहुड पॉलिसी' के बारे में जिक्र किया। क्या इस 'नेबरहुड पॉलिसी' में पाकिस्तान रहेगा, क्योंकि बात यह है कि we can change our friend but we cannot change our neighbor. We can change our history but we cannot change our geography. It is up to you to decide what is to be done.

आपने बालाकोट में जिस तरीके से एयर स्ट्राइक किया, हम उसका समर्थन करते हैं। पर, इसके साथ-साथ एक बात कहूंगा कि यह जो अभिनन्दन वर्तमान है, इसे 'भारत श्री' के पुरस्कार से नवाज़िए। अभिनन्दन जी का जो गोफ है, उसे 'नेशनल मुस्टैश' की हैसियत से नवाजा जाए। हम चाहते हैं कि हमारा नौजवान इससे ज्यादा उत्साहित हो।

मैडम, मैं बस लास्ट बात कह रहा हूं –

एन.डी.ए. की नई पहचान -<br>
ऊँची मक़ान, लेकिन फीका पकवान।

मैं अंतिम शब्द यह कहना चाहता हूं कि आप गाँधी जी की 150वीं बर्थ एनीवर्सरी मनाना चाहते हैं। यह अच्छा है, लेकिन इसमें एक सवाल है। एक तरफ, आपकी पार्टी के लोग हत्यारे गोडसे का नारा लगाते हैं कि वह देशप्रेमी है और दूसरी तरफ आप गाँधी जी की 150वीं जन्म जयन्ती मनाने जा रहे हैं। क्या इसमें आपका दोमुँहापन हम लोगों के सामने नहीं आता है?

मैडम, मैं बस लास्ट बात कहना चाहता हूं।

**माननीय सभापति :** अधीर जी, आपका तीन बार लास्ट हुआ।

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** रवीन्द्रनाथ टैगोर जी यूरोप में गए थे। वर्ल्ड वार–2 चालू हो गया था। उस समय जर्मनी में आइंस्टीन को खदेड़ दिया गया। नोबल लॉरिअट थॉमस मान की सारी पुस्तकों को जला दिया गया। इससे रवीन्द्रनाथ टैगोर जी को बहुत दुख हुआ था। आपने किसी दोस्त को कहा कि मैं यूरोप गया तो इस तरीके का दृश्य देखकर बहुत परेशान हूं। उस समय एक दोस्त ने उनको एक चिट्ठी लिखा, उसमें लिखी था : You need not be anguished over it. He told, "I would like to remind you that the courses of civilization have never been determined by the brutal forces. The courses of civilization have always been determined by the forces of humanity." So, the Red Shirt of Hitler and the Brown Shirt of Mussolini will not be able to determine the course of history. The course of history will be determined by a person who did not have any shirt, that is Mahatma Gandhi who lived in India. So, being an Indian, I am proud of it.

**TEXT OF AMENDMENTS***

---

* Please see Pages 417-A to 417-Q

**SHRI T. R. BAALU (SRIPERUMBUDUR):** Madam Chairperson, I speak on behalf of DMK whose voice is heard in this august House for the past 62 years, that is from 1957 onwards; I speak on behalf of my late leader Dr. Kalaignar Karunanidhi, who was the president of DMK for about 50 years; I speak on behalf of the DMK president Dr. M.K. Stalin, who has led not only the DMK but also the alliance partners in Lok Sabha elections sweeping in Tamil Nadu. ......(*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON**: Silence please. The hon. Member is on his legs.

… (*Interruptions*)

**SHRI T. R. BAALU** : On behalf of our Party and our leader Dr. M.K. Stalin, I congratulate the hon. Prime Minister Shri Narendra Modiji for his consecutive success, his second term as Prime Minister. Madam, with a deep sense of gratitude, I thank the hon. President, hon. Prime Minister Mr. Modi, the then Leader of Opposition Soniaji and Members of this august House for the gracious honour conferred on my late leader Dr. Kalaignar Karunanidhi when he departed away from this world, in memory of his glorious life that spanned more than 80 years.

Madam, the Prime Minister's speech was echoed as the President's Address. That is usual. The Cabinet will approve the draft speech of the President. The President will speak in the Central Hall every year. That is the practice. Whatever I say against the Prime Minister may not be construed as it is against the President, but against the Prime Minister only.

The President's Address seems to be nothing, but prospectus of a company which calls for membership of the company.

Madam, the point is that the strength of the BJP or the success of the BJP does not lie in itself but it lies in the weakness of the Opposition, including my Party. It is because of the weakness of the Opposition that the party in power has come to power. There was a lot of jubilation and elation during the Address of the President as well as in the House from the morning onwards. At the same time, I feel rather disappointed because whatever the feelings of the public, the lower classes, the middle classes, the *Dalits,* the backward classes, everybody's aspirations have not been fulfilled. It includes the minorities also. The minorities, *Dalits* and backward classes felt that whatever the President was going to speak on the floor of the Central Hall would definitely be for the future development of the society but this speech of the President definitely has got a lot of shortcomings due to the promises not fulfilled after the 2014 elections. He has made many promises and those promises have not been fulfilled but futuristic promises have been given in the present President's Address.

What happened to the promises made in public during the last elections? Even in the election manifestoes, my dear friend the present Prime Minister had categorically stated that the Government would go to the foreign countries, they would unearth black money which has been deposited in the foreign countries, those monies would be brought back to India, and definitely

the future Government would deposit Rs. 15 lakh per head. What has happened to that promise? Nothing.

He had promised that two crore employment opportunities would be given to the youths of our country. Two crore employment opportunities per year means ten crore jobs in five years. All our youngsters would have got jobs. In the present President Address, the President says that an industrial policy would be arrived at so that jobs could be given to the people who are in need but if he had given two crore jobs every year, ten crore job appointments would have been given. Nothing has happened. For your information, two million jobs are lying vacant even today. Even if he had filled up the two million jobs, it would have been somewhat better. He has not done so.

Unnecessarily the NEET examination is being conducted over and above the ten-plus-two examination. The ten-plus-two examination would be conducted in the State Board syllabus whereas the NEET examination would be conducted in CBSE syllabus. How can a student who has passed a State Board examination write a CBSE syllabus examination? As a result of this, a lot of problems have arisen and people are suffering for the past two to three years. This year, the break-up of number of students who have passed the NEET examination is this. It is, 7,04,335 forward class students; 63,749 backward class students; 20,009 Scheduled Caste students; and 8,455 Scheduled Tribe students.

You can understand how the forward class is gaining advantage in getting admission in the medical colleges, whereas the ordinary people, the Dalits and the Backward Class people are not able to get the admission. This problem is being faced by our students in Tamil Nadu. Keeping this in view, in 2007 itself our Leader, late Kalaignar Karunanidhi had passed a Bill in the Assembly, which was sent to the President for his assent. After the approval of the hon. President, this has been implemented in the State from 2007 onwards. Two years back, the Government had started conducting this particular examination and as a result, the BC and SC students from our State are deprived of getting admission in Medical colleges. The Prime Minister should come forward to abolish it immediately. I would say that 29 months ago the Tamil Nadu Assembly had unanimously passed a Resolution, which was sent to this Government. The Government is keeping quiet and they have not even responded to it. They have not even told us whether it has been sent to the President or the Government is looking into it. Further, dozens and dozens of students, who have been denied admission because of this NEET, have committed suicides. To name a few, Anitha from Ariyalur, Pradeepa from Villupuram, Ridusree from Tirupur, Vaishya from Pattukottai and Monisha from Marakkanam have committed suicides and their parents are left in lurch. Keeping this in mind our Leader, Dr. Stalin has requested the Central Government to abolish the NEET forthwith.

A developed country like England was also having the same examination, NET, National Entrance Test. Pass out percentage of the NET

was one per cent from the Government schools and five per cent from the private schools. Looking at this percentage, they came to the conclusion that this type of examination should be abolished immediately since there is no level playing field. So, this has been abolished even in England. It is high time that the Government of India should come forward and abolish NEET.

Another serious problem is with regard to the lack of employment opportunities for the educated youth. Crores and crores of people are lingering for want of jobs. As a result, a lot of communal riots are going on. These things should be attended to immediately.

There is no irrigation water and therefore, people, especially living in the Delta region, of Tamil Nadu are suffering for want of Cauvery water.

The Mettur Dam has been fed by the Karnataka Government. The Karnataka Government is very much adamant as they are not releasing irrigation water for the crop season in which the crops are cultivated. Actually, 9.19 tmc of water has to be released as per Cauvery Management Board order. As per the court order, the Cauvery Management Board have also ordered the same. But, so far, water has not been released. About 55 hon. Members of Parliament have requested the Government of India and the Prime Minister to intervene immediately so that the particular issue is sorted out quickly. But the Government is keeping silent on this matter. Moreover, because the crops are not being cultivated for want of water, the farmers could not repay the loan received by them. So, that is why, the Government should come forward to see that the farm loan is waived off without any further delay.

Madam, the long pending issue is that the Tamil language should be made as an Official Language. It is because Tamil language is still dynamic and vibrant and flourishing, it must be seen as an official language of this country. People, all over Tamil Nadu, irrespective of their political affiliations, have craved hard for it. What is wrong in it? At least for now, we want that Tamil language should be introduced as an Official Language within the State of Tamil Nadu, in PSUs and in the Central Government offices. That is what we want. But nothing has been done. The hon. Members of Parliament are going on requesting the Government of India, but they are not doing it. Not only Tamil Nadu, but all the State Governments should come forward and introduce their respective State language as a medium of expression in the Government offices as well as in the PSUs. Irrespective of languages, all the State Governments and the Government of India should come forward in introducing it as Official Language of the States.

Madam, women's reservation is pending for so many years. There have been a lot of discussions going on every now and then. Whenever the Parliament is convened, hon. Members of Parliament say outrightly that the Women's Reservation Bill should be introduced and about 1/3rd reservation should be given. But nothing is moving on. My Party wholeheartedly supports to see that it is definitely passed in this session without fail.

Before I conclude, I profoundly thank my leader, Dr. M.K. Stalin and Party workers who have given us a massive victory in the 17th Lok Sabha Elections for DMK alliance. With these words, I conclude. I would like to thank the hon. President for his Address. Thank you, Madam.

**PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM):** Madam, I rise to speak on the Motion of Thanks on the President's Address. I oppose the Motion of Thanks and support the amendments moved by us.

Before I start my speech, I shall quote from Tulsidas because Shri Pratap Chandra Sarangi has quoted Tulsidas extensively. Tulsidas said and I quote:

तुलसी कबहु न त्याजिए, अपने कुल की रीति
लायक हो सो कीजिए, विवाह, बैर और प्रीति।

प्रताप षडङ्गी जी ने शादी नहीं की, विवाह नहीं किया, इसलिए वे गड़बड़ा गए, वे क्या बोले, खत्म नहीं किया। …(व्यवधान) यह तुलसीदास जी ने बोला, मैंने नहीं बोला। …(व्यवधान)

**श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण):** किसी को…* रूप से इस तरह की बात नहीं बोलनी चाहिए। …(व्यवधान)

**प्रो. सौगत राय :** मैंने बोला कि गड़बड़ा गए।…(व्यवधान)

**श्री राजीव प्रताप रूडी :** यह बिल्कुल गलत है। …(व्यवधान) जिस स्पीकर ने इस सदन में सबसे खूबसूरत और व्यापक भाषण दिया उसके बारे में इन्होंने इशारा किया कि...* रूप से गड़बड़ है।…(व्यवधान)

**प्रो. सौगत राय :** मैंने बोला कि गड़बड़ा गए। क्या यह शब्द खराब है? …(व्यवधान) मैंने …* शब्द नहीं बोला, मैंने बोला कि गड़बड़ा गए हैं।…(व्यवधान)

---

* Not recorded.

**15.00 hrs** (Shrimati Rama Devi *in the Chair*)

**माननीय सभापति :** अभी यह जो बोल चुके है उसको रिकॉर्ड से निकाल दिया जाए, जो इस तरह की असंसदीय भाषा बोल रहे हैं। हम ऐसा नहीं सुन सकते हैं।

…(व्यवधान) …*

**प्रो. सौगत राय :** अच्छा दूसरी बार मैं फिर बोलता हूँ कि प्रताप षडङ्गी जी ने तुलसीदास का अनुशासन वह नहीं माना, इसलिए उनके बोलने में गड़बड़ी थी और उन्होंने प्रधान मंत्री के बारे में बोलते-बोलते ज्यादा बोल दिया । मैं समझता हूँ कि उनमें संतुलन का अभाव है । इतना तो मैं कहूँगा । दूसरी बात मैं कहना चाहता हूँ, many people ask me as to why TMC did not attend the dinner called by the Prime Minster and also why did you not attend the meeting on 'One Nation One election' तो मैं फिर तुलसीदास जी की बात कोट करूंगा :

"आवत हिय हरषे नहीं, नैनन नहीं सनेह,
तुलसी तहां न जाइए, कंचन बरसे मेह ।"

अगर अमित शाह हमें एडवाइसरी भेजते रहे और आशा करें कि हम उनकी मीटिंग में जाएंगे, यह कभी नहीं होगा । अगर कंचन भी मेह से बरसे तो हम उनकी मीटिंग में नहीं जाएंगे । एडवाइसरी देना बंद करें तो हम लोग फिर सहयोग करने के लिए तैयार हैं । …(व्यवधान) तीसरी बात, यह सरकार हुकुमत में आई है, जब हुकुमत में आए हैं, we have to obey that. …(व्यवधान)

**डॉ. निशिकान्त दुबे (गोड्डा) :** इन्होंने अमित शाह का नाम लिया यह नहीं ले सकते।…(व्यवधान)

---

* Not recorded.

Rule 352(ii) says:

"make personal reference by way of making an allegation imputing a motive to or questioning the *bona fides* of any other member of the House…"

**प्रो. सौगत राय :** क्या अमित शाह का नाम नहीं लिया जाएगा? आप तो अभी मंत्री नहीं बनने वाले हैं, क्यों हल्ला कर रहे हैं?…(व्यवधान) अरे मैडम अमित शाह के बारे में क्या बोला?

**माननीय सभापति:** माननीय सांसद महोदय कभी अच्छा बोलिए ना, अच्छा बोलिए ना।

…(व्यवधान)

**प्रो. सौगत राय :** मैडम, ठीक है। नाम नहीं बोलेंगे। होम मिनिस्टर यदि एडवाइसरी भेजेंगे तो हम उनकी मीटिंग में नहीं जाएंगे। ये फेडरलिज्म के खिलाफ है।…(व्यवधान) They are violating the principle of cooperative federalism.

I told you earlier that this Government has come to power to rule for five years and constitutionally it is acceptable. But there is a doubt about the results of the election. How come the BJP President, one day before the results were out, said that they would get 300 seats and they got 303 seats. How come, immediately after the election in Karnataka, the BJP was trounced in the election. There is a doubt that the EVMs have been manipulated. That is why, we want EVMs to be jettisoned and bring back the ballot paper as it has been done in many countries like the USA. …(व्यवधान) मैडम, आप बोल सकते हैं।

**डॉ. निशिकान्त दुबे :** मैडम, मेरा प्वाइंट ऑफ ऑर्डर है। माननीय सदस्य ईवीएम पर ऐसे नहीं बोल सकते हैं। …(व्यवधान)

**PROF. SOUGATA RAY** : Madam, he does not know the rule book. मैडम, ये फर्स्ट रो में डिस्टर्ब करने आए हैं। कुछ नहीं होगा इन सबसे। बी.जे.पी. को जो बोलना है, वह सब कुछ बोलेंगे। मैडम मैंने कुछ खराब नहीं बोला है।...(व्यवधान)

**डॉ. निशिकान्त दुबे:** यह तो स्पीकर डिसाइड करेंगे।

मैडम, रूल 352(5) देखिए।

**माननीय सभापति:** निशिकान्त जी, आप बोलिए।

**डॉ. निशिकान्त दुबे :** मैडम, रूल 352(5) देखिए :

"Reflect upon the conduct of a person in higher authority unless the discussion is based on a substantive motion."

यदि ये ईवीएम की बात करते हैं तो ये इलेक्शन कमीशन पर क्वेश्चन कर रहे हैं। इस देश के इलेक्शन कमीशन की अथॉरिटी पर क्वेश्चन कर रहे हैं। इसके लिए इन्होंने यहां मोशन नहीं दिया है, इसलिए वे ईवीएम और चुनाव के ऊपर चर्चा नहीं कर सकते हैं और इसीलिए इनकी बात को रिकॉर्ड से बाहर किया जाए।...(व्यवधान)

**PROF. SOUGATA RAY :** Madam, this is all bogus. He has been brought to disturb us. ...(*Interruptions*)

**माननीय सभापति :** रिकॉर्ड देखा जाएगा, उसके पश्चात् निर्णय होगा। माननीय सदस्य कोई भी बात अगर गलत ढंग से निकाल रहे हैं तो वह नहीं होनी चाहिए। आप इतने अच्छे लोग हैं, आप अच्छी बात कीजिए।

...(व्यवधान)

**प्रो. सौगत राय :** मैंने कुछ भी गलत नहीं बोला है। ...(व्यवधान) आप रूल्स से फैमिलियर नहीं हैं। आप आज वहां बैठे हैं, थोड़ा रूल्स पढ़ लीजिए। ...(व्यवधान) मेंबर्स को ऐसे डिस्टर्ब नहीं किया जाता है। ...(व्यवधान)

**DR. NISHIKANT DUBEY** : Madam, this is derogatory …(*Interruptions*)

**PROF. SOUGATA RAY** : Madam, I am totally opposed to the vote by EVMs. I demand and it is the demand of our party that ballot papers should be brought back …(*Interruptions*)

**डॉ. निशिकान्त दुबे :** मैडम, माननीय सदस्य चेयर के खिलाफ बोल रहे हैं, यह डेरोगेटरी है।…(व्यवधान) आप यह नहीं बोल सकते हैं कि चेयरमैन रूल्स से फैमिलियर नहीं हैं । …(व्यवधान)

**DR. NISHIKANT DUBEY** : Madam, this is derogatory …(*Interruptions*)

**PROF. SOUGATA RAY**: Under what rules? …(*Interruptions*)

**डॉ. निशिकान्त दुबे :** मैडम, इन्होंने फिर वही बात कही है। माननीय सदस्य को इस बारे में बोलने से पहले मोशन लाना चाहिए ।…(व्यवधान)

**माननीय सभापति:** माननीय सदस्य जो भी गलत बात बोलेंगे, उसे रिकॉर्ड में नहीं रखा जाएगा, निकाल दिया जाएगा।

**प्रो. सौगत राय:** मैडम, मैंने इलेक्शन कमीशन पर नहीं बोला है। मैंने ईवीएम के बारे में बोला है और मैं बोल सकता हूं, हजार बार बोल सकता हूं। …(व्यवधान) आप ऐसा नहीं कह सकते हैं। …(व्यवधान) हजार बार बोलेंगे कि ईवीएम में फ्रॉड हुआ, मैनिपुलेशन हुआ।…(व्यवधान) I would like to say as to what is the condition of the country now. Does the speech of the hon. President reflect the condition of the country? No. It does not. It just gives some pious platitudes and repeats all the programmes of the Government like *Beti Bachao, Beti Padao, PM Kisan Sammanidhi,* RERA, IBC, *Bharatmala, Sagarmala etc.* लेकिन देश की असल स्थिति के बारे में इस प्रेजिडेंट एड्रेस में कुछ नहीं है। डिमॉनेटाइजेशन से लाखों लोगों का काम चला गया, उसके बारे में कोई मेंशन नहीं है। किसान खुदकुशी कर रहे हैं, सूखे से किसान मर रहे हैं, फार्मर्स सुसाइड के बारे में प्रेजिडेंट एड्रेस में

कुछ नहीं है । राफेल डील में ऑफसेट एक प्राइवेट पार्टनर को दिया गया, उसके बारे में लोगों में शक है । Nothing is mentioned about the doubts expressed in the Rafale deal in the speech of the hon. President. That this Government is capturing the media, NDTV is being raided, nothing of these have been mentioned in the speech of the hon. President. Freedom is being curtailed in this country. Institutions have been weakened. At the top is the CBI; in the Vigilance Commission there is a fight. There is no mention of these in the Address of the hon. President. This Government is destroying the institutions. There is cultivation of hatred in this country because rationalists are being killed from Dhavalkar, to Pansare to Gauri Lankesh, rationalists are being killed by people linked to extreme Hindu organisations. Nothing of these have been mentioned in the Address of the hon. President. The affairs in the State of Jammu and Kashmir has been mishandled. Only in this year, 88 civilians have died in Kashmir. That has not been mentioned in the Address of the hon. President.

Madam Chairperson, the main concern is jobs. Unemployment rate is the highest in the last 45 years. The hon. Prime Minister had promised 2 crore jobs per year. But that promise has been proven to be totally false. Now, more unemployment will be created because the hon. Prime Minister has announced that 30 PSUs are to be disinvested. This is the most anti-national step that can be taken. Take the case of BSNL, which employs 40,000 employees, which is on the verge of closure. People are not getting their salaries for six months. The Jet Airways which employed 20,000 people is now closed. The Address of

the President has not mentioned this. Is this an Address of the President? Does it reflect the reality of the country? No, it does not.

Madam, as I said, this book is a declaration of divisive agenda. Do you know what *The Times Magazine* said about our Prime Minister? In its 20th May, 2019 issue, it has called the Prime Minister as India's divider-in-chief. It wrote:

> "Not only has Modi's electoral miracle failed to materialise, he has created an atmosphere of poisonous religious nationalism in India."

यही प्रधान मंत्री जी ने किया है । ...(व्यवधान) It is said "poisonous religious nationalism". यह उन्होंने किया है और वही डिवाइसिव एजेंडा, वे लोग फंक्शन कर रहे हैं। I am seeing it in West Bengal. The Prime Minister went 18 times to West Bengal during elections. He even came to my constituency but of course, BJP got defeated there. But his party workers are creating mayhem in West Bengal, attacking our offices, killing our TMC workers and let loose violence. The President's Address does not mention it and the Home Minister sends us advisory. That is his temerity and that is his arrogance. You have to remember this point.

Today, a report has appeared about the US Government. The Prime Minister takes great pains to befriend them. The Annual Report of the United States Government on religious freedom says:

> "Multiple instances are there of Modi Government having taken steps that hurt the Muslim minority. Apart from the murder and lynching by cow vigilantes, there are several attempts to

undermine minority institutions and change the names of cities that reminded one of the pluralistic nature of India."

अचानक इलाहाबाद को प्रयागराज में बदल दिया, हमारा इतिहास नहीं रहेगा। बीजेपी नया इतिहास बनाएगी। …(व्यवधान) इस प्रेसिडेंट स्पीच में महात्मा गांधी का नाम लिया गया है। आप जानते हैं, बीजेपी पार्टी अपनी पॉलिसी में, पहले था कि Gandhian socialism. Now it is integral humanism of Deen Dayal Upadhyay. Even in its policy, it has eliminated Mahatma Gandhi and they have mentioned, in para 97, about Gandhi Ji, Sardar Patel, Netaji, Dr. Ambedkar, Quit India Movement but there is not one mention of the first Prime Minister of India, Pt. Jawaharlal Nehru. Does the President not know the name of Jawaharlal Nehru? Can he not mention the name of the first Prime Minister? They cannot.

Madam, the whole effort is to communalise and divide the country. The President's Address should not have included the divisive points. What are they doing?

Para 40 talks about Triple Talaq, as if they are the sole repository of Muslim women. They want to send people who give talaq to jail. How can we convert a civil offence into a criminal offence? The whole Muslim community is opposed to it. लेकिन वे करेंगे, क्योंकि समाज का विभाजन करना है।

In para 89, there is a mention about National Register of Citizens. In Assam, 40 lakh Bengalis are there and out of them, 22 lakh Bengalis are Hindus. Their names have been put in the Register. They may lose their citizenship. The Home Minister says that he will introduce the National Register in Bengal also. We shall resist it tooth and nail. We shall never let the National

Register of Citizens be introduced in Bengal. They say that they will pass the Citizenship Act. They tried it last time also. It is a discriminatory law. We did not let them pass the Citizenship (Amendment) Bill. Again, the Home Minister says that he will bring it. We shall oppose the Citizenship (Amendment) Bill tooth and nail.

Again, they say about One Nation, One Election. Most political parties are opposed to it. It is an effort to strait jacket the Indian political system into one group. We shall not let it happen. One Nation, One Poll is not acceptable to us.

सरकार लोगों का विभाजन करना चाहती है। देश की बुनियादी समस्याओं के बारे में सरकार नहीं बोल रही है। आज लोगों की नौकरी जा रही है। किसान खुदकशी कर रहे हैं। आधा देश सूखे से पीड़ित है। पब्लिक सैक्टर बंद होते जा रहे हैं। The economy is in doldrums. This Government talks big. The rate of growth has fallen down to 5.8 per cent. This is the lowest in many years. The Government has no policy about how to improve the rate of growth which will create more jobs. It has no policy at all.

Madam, this Government will not do. This has got questionable priorities and lack of legislative clarity. It has only divisive agenda and pious platitude. They do not mention about encephalitis in Bihar, your own State, Madam, which has already killed 150 people. Is the Government talking about all those children who are dying? They are not talking about the allegation of corruption on the Rafale Deal where Rs. 30,000 crore have been given to an offset partner – some ‘Ambani’. They are absolutely keeping quiet on this matter. Today, the Government brought the draconian Aadhaar, and it is a failed attempt to deny citizens, the fundamental right to privacy.

Madam, this is not the way the country will run. The Government is in power. Even though there is a doubtful use and manipulation of EVMs, the Government still has to carry different sections of the society together. सभी लोगों को साथ लेकर चलना है। सबको साथ लेकर चलने की सरकार कोशिश नहीं करती है। सरकार की कोशिश है कि लोगों को हिंदू-मुसलमान, शमशान-कब्रिस्तान में बांटा जाए। राष्ट्रपति जी के भाषण के समर्थन में इन लोगों ने कोट किया है। मैं रवीन्द्र नाथ टैगोर को कोट करता हूं, जिसको थोड़ा बहुत प्रेजीडेंट ने कोट किया है –

*"Esho he arjo, esho anarjo, Hindu-Musalman*
*Esho esho aaj tumi Ingraj, Esho esho Christian*
*Esho Brahman, shuchi kari mon dharo haat shabakar,*
*Esho he patit, hok aponit shab apomanbhaar"*

He is calling Aryans, Non-Aryans, Hindus, Muslims, English and Christians. He is asking:

*"Maar obhisheke esho esho tara"* – Come for the coronation of mother.
*"Mangalghat hoyeni je bhara"* – To fill the holy vessel.
*"Shabar paroshe pobitro karo Teertho neene"* – These people are fowling. They are violating the basic spirit of the Constitution.

इनके प्रेजीडेंट की स्पीच में सैक्युलरिज्म वर्ड नहीं है, जवाहरलाल नेहरू नहीं है, क्योंकि ये आरएसएस के हैं। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ एक संगठन है, जिसने हमारी आजादी की लड़ाई में भाग नहीं लिया था। 26 जनवरी को उन्होंने भगवा ध्वज फहराया, तिरंगा नहीं फहराया। वर्ष 1942 में 'भारत छोड़ो आंदोलन' में भाग नहीं लिया। जिस संगठन को वर्ष 1948 में गांधी जी के मर्डर के सिलसिले में बैन किया गया था, आज हमारे लिए दुख की बात यह है कि वही आरएसएस का एक भूतपूर्व प्रचाकर आज देश का प्रधान मंत्री है। वे बड़ी-बड़ी बात बोलते हैं। वे कहते हैं कि मैं

अमरीका के राष्ट्रपति बराक ओबामा को बराक बोलते हैं, लेकिन हमारे आस-पास मालदीव भी हमारी बात ठुकरा देता है और हमारी बात नहीं मानता है। यह हमारे लिए बिलकुल फेल्योर है, to rope in our neighbours. हमारे नेबर्स से ये कोई सम्पर्क नहीं बना पाए हैं। मैडम, आप देखिए, the erosion of India's influence in Asia. Small island nation like Maldives feels confident in spurning India, as does Sri Lanka. Until five years ago, India enjoyed a pre-eminent position in the sub-continent with its voice sought on resolving matters within this country.

It is clear that this influence has been eroded because of a foreign policy lacking any coherent objectives except to promote the personality of the Prime Minister. This Government is handling everything wrongly. I sound a note of warning. Even by manipulation of EVMs, you may have come to power. But that is not the end.

**माननीय सभापति:** ईवीएम मशीन में गड़बड़ी थी, तो आप जीतकर कैसे आए?

**DR. NISHIKANT DUBEY** : Madam, this is derogatory …(*Interruptions*)

**PROF. SOUGATA RAY**: The more you clamp down on the people, on their freedom, the more your people will shoot the rationalists, the more you create mayhem, the more people will resist. As Tagore said:

'*Oder badhon jatoi shakto habe*
*tatoi bachon tutbe*
*Oder jatoi aankhi rakto habe*
*Moder aanki phutbe.'*

‘The more red-shot do their eyes be, the more will our eyes open’.

We shall resist you with all our might. Even if people go over to BJP, even if they create violence in Bengal, to save secularism, we shall all stand together over the march of the communal, divisive, partisan, sectarian parties in this country of Gandhiji and Jawaharlal Nehru.

**SHRI P.V. MIDHUN REDDY (RAJAMPET):** Madam, I thank you profoundly for giving me this opportunity to speak on the Motion of Thanks on the President's Address.

Madam, I was very happy to hear the President's Address because he covered various people-centric activities and he also mentioned about economic growth, environment, employment, helping farmers and various other developmental activities. It is a welcome move that the Government is envisaging to do various developmental activities in the coming five years.

This Session assumes great significance specially after the massive mandate the BJP or the NDA has got for the second time. A massive mandate means huge responsibility. There are a lot of expectations from the public. The people are expecting a lot from this Government, especially people of my State of Andhra Pradesh. Translation of the aspirations of the people into reality will require a great deal of cooperation between the Centre and the States. We wish this Government extends maximum support to States like Andhra Pradesh or other States which are not ruled by the BJP.

Madam, coming to the issues, I would like to say that agriculture is the backbone of our economy. More than 70 per cent of the people in our country are dependent on agriculture and its various allied activities. The agrarian distress is huge in the country maybe due to the various cyclones that have hit our country or the series of drought which have affected the farmers or the low MSP which the farmers are having to deal with these days. Then, the climate change and inconsistent rains have affected the farming community a great

deal. So, we request the Government to take steps to keep up their word. The Government had promised that they would double the income of farmers in the coming five years. They promised it during their previous tenure. Hopefully, they take enough initiatives to double the income of farmers.

I would like to talk about my State. The agriculture sector in Andhra Pradesh is in huge distress. The plight of the farmers is described in detail by the NABARD, in its All India Rural Financial Inclusion Survey – 2016-17. Agricultural households in Andhra Pradesh have an average income of Rs. 7,000 per month which is very low by any standards. The average monthly income for the country for the faming community is Rs. 9,000 and this leaves only with a surplus of Rs. 350 per family. Kindly imagine what the farmers can do with this surplus of Rs. 350. They are in huge trouble. So, the Government has to come up with more initiatives to help the farmers. To understand the magnitude of the plight of farmers, I will just give you some details. Andhra Pradesh tops the list of indebtedness of the farmers. The percentage of indebtedness of the farmers in Andhra Pradesh is 77 per cent, whereas the national average is only 47 per cent.

So, if you just see the figures, in 2014 when our new State of Andhra Pradesh was formed, the State level banking community pegged our farmers loans at Rs. 87,612 crore, but in four years, it has increased to Rs. 1,30,436 crore. Madam, the poor farmers are in a downward spiral. They need a way out. The Government should come out with good initiatives. What the Government has promised is exactly not enough and more initiatives needs to

be done because with this sort of support, I do not think doubling of farmers income is possible. I think Swaminathan Committee report has to be implemented.

Talking about the other national level issues, I would like to talk about the Insolvency and Bankruptcy Act. The Insolvency and Bankruptcy Code 2016 was framed with the purpose of addressing the NPA problem which is crippling the whole banking sector in the country. As per the data released by the Ministry of Finance, the gross NPA ratio of public sector banks is as high as 14.6 per cent, which is really very high. Banks are catalysts for industrial and economic growth. If the banks are crippled by NPAs, there is no way the economy is going to grow; there is no way our GDP rate is going to be maintained. Madam, I would like to cite an example because there is a proverb which says “A stitch in time saves nine”. There are various sectors which need immediate attention. I would like to quote about one sector especially the coal based thermal power projects. In 2008, the capacity of coal based thermal power projects was 76,048 MW, but in these 10 years till 2018, it grew to 1,97,171 MW. If you take a capital outlay of Rs. 5 crore per MW, it is an additional burden with debt equity ratio of 75:25. It is an additional burden of Rs. 4,50,000 crore on the banks. But if you see the actual ground reality, it is entirely different. The monthly report released by Central Electricity Authority specifies a Plant Load Factor of 65 per cent which makes these plants to be viable, but according to the Draft National Electricity Plan released by CEA in December 2016, many thermal plants need to be operated at decreased PLFs

and many of them get nil or partial schedule to operate. This is due to lack of proper planning; this is due to the lack of proper power purchase agreements; this is due to lack of coal linkages and various other regulatory issues. Madam, if this Rs. 4½ lakh crore is going to become another NPA and if it is going to burden the banks, I think we are going to hit badly and the Government is going to end up infusing a lot of capital to save these banks. We need to avoid this situation. I just mentioned about one sector. There are various other sectors where the Government needs to focus immediately and needs to act before it is too late.

The Make in India initiative was started by this Government in the previous NDA regime. It was hugely publicized and it was given a lot of importance. But seeing the ground reality in the last five years, if you see the index of industrial production, it grew only at less than one per cent apart from one year. The Government was talking of sectoral shift because they wanted to create more jobs and if this is the case, it is not possible with below 5 per cent growth in manufacturing. So, the Government has to come up with more initiatives.

There is one more issue which I would like to bring to the notice of the Government and it is regarding the 15th Finance Commission. The Terms of Reference of the 15th Finance Commission requests the Finance Commission to take into consideration the population data of 2011.

The 14th Finance Commission took into consideration the population figures of 1971 Census. But in these 40 years from 1971 to 2011, various

States like Andhra Pradesh, took a lot of initiatives to control population. They implemented all the family planning schemes efficiently and cut down the growth of population.

If the population figures of 2011 Census are taken into consideration, it is going to affect Andhra Pradesh drastically just because they have controlled the population. Towards various schemes, it was publicised and the population was reduced. So, considering these facts, we are of the view that using the population data of 2011 Census as a basis for determining the State's share in divisive pool, would be grossly unjust to Andhra Pradesh.

Madam, I would also like to remind the Government of the promises they had made to us in the NDA-I before they came to power. The first promise in the manifesto of the BJP Government was: "We will provide special category status to Andhra Pradesh." It was widely publicised, and the then NDA Government, the NDA-1, won a lot of seats in Andhra Pradesh. Along with Telugu Desam Party, they came to power. But this promise of special category status to Andhra Pradesh had not been fulfilled.

It is a burning issue for us, now. I would like to explain as to what is the status of Andhra Pradesh, right now. In 2014, when our new State was formed, the total debt of our State was Rs. 90,000 crore from Independence. But if you see, today, it is close to Rs. 2,68,000 crore. So, with such an increase in debt, we are going to kill our progress in the next three to four months. Our State is going to get bankrupt if it is going to progress like this. Every year, we are paying Rs. 20,000 crore for just servicing the interest costs.

Madam, this is not a good development. If this problem is not addressed, now, and if our State is not given enough help, in the next three to four years, we would not be able to able to pay salaries also. It is going to be a huge financial crisis for our State.

Madam, it was promised on the floor of this very House that the special category status will be given to Andhra Pradesh. Both the UPA-II and the NDA together split our State. Both of them promised special category status to Andhra Pradesh. It is not a new demand, which we are making overnight. It has been there; and it was promised also. It is a just demand.

So, we demand special category status for our State. Through you, Madam, I would request the Government to act on this.

Various other issues have also been mentioned in the AP Reorganisation Act, which are not moving at a pace, that they should move. For example, take the Polavaram Project. We want the Central Government to put in more efforts to fund it because it is a national project. It was promised also. So, we want the Polavaram Project to be completed fast because our farmers are in huge distress. There is a lot of drought in the State of Andhra Pradesh.

Madam, we want the Government to keep up the promises they have made to us, specially in the AP Reorganisation Act.

Madam, there are a lot of first-time Members from our party in this Lok Sabha. We have limited time. I would conclude, now, so that all other Members also get a chance to speak.

In the end, I would like to tell the House that we, as a party, under the leadership of our young CM, Shri Jagan Mohan Reddy, have won 22 seats out of 25 seats. We have got 51 per cent of vote share, which is a big record in the country. So, we expect the Central Government to offer better help to us. We expect them to keep up their promises.

With these words, I conclude. Thank you.

**श्री विनायक भाऊराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदूर्ग):** धन्यवाद सभापति महोदया । माननीय प्रताप चन्द्र षडङ्गी, जो इस सभागृह के सदस्य हैं, माननीय मंत्री जी हैं,उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जो धन्यवाद प्रस्ताव यहां रखा है, उसका शिवसेना की तरफ से समर्थन करने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं।

सभापति महोदय, हमारे महाराष्ट्र के प्रसिद्ध सन्त हैं, ज्ञानेश्वर माउली। उन्होंने भगवान के पास प्रार्थना करते हुए मराठी में एक पसायदान लिखा है और उन्होंने कहा है कि –

दुरितांचे तिमिर जावो  विश्व स्वधर्म सूर्यें पाहो  ।

जो जे वांच्छिल तो तें लाहो प्राणिजात ॥

नैनेश्वर माऊली ने भगवान से प्रार्थना की थी कि इस विश्व के जितने गरीब लोग हैं, हर-एक वर्ग में काम करने वाले जो लोग हैं, चाहे वे किसान हों, काश्तकार हों, या अन्य लोग हों, उनके हित के लिए जो चाहिए वह भगवान के माध्यम से हो जाए और गरीब के घर का जो अन्धकार है- “दुरितान्चे तिमिर जावो” वह दूर होकर उनके घर में प्रकाश कैसे हो सकता है, इसके लिए भगवान को कोशिश करनी चाहिए। मैंने इसलिए इसका उल्लेख किया है कि आदरणीय राष्ट्रपति जी ने अपने भाषण में जो लिखा है और उनके भाषण के पेज नंबर-22 में लिखा है कि उन्होंने इस चुनाव के बाद माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पूरे देशवासियों ने जिस तरह से एक मजबूत सरकार दी है, जो पिछले कई वर्षों में नहीं आई थी। इस सरकार के माध्यम से पिछले 5 वर्षों में और भविष्य में जो-जो करने वाले हैं, उसके बारे में भी यहाँ लिखा है, जैसे कि The farmers’ income will be doubled and every poor will have a pucca roof over his head. ऐसा जो भी यहाँ लिखा है, मैं माननीय  राष्ट्रपति जी को धन्यवाद देता हूँ। 400 वर्ष पहले नैनेश्वर माऊली जी ने भगवान से जो माँगा था, आज इस लोकशाही के मंदिर में, जहाँ हम सब लोग बैठे हैं, जैसा कि राष्ट्रपति जी ने कहा कि पहली बार ऐसा हुआ कि समाज के प्रत्येक घटक से प्रतिनिधित्व करने वाले लोग यहाँ इस लोकशाही के मंदिर में आकर बैठे हैं। लोकशाही के मंदिर का भगवान जो कि मतदाता है, उनके माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री जी ने इस देश के जो गरीब लोग हैं, उनके लिए

जो जो करना चाहिए, वह यहाँ लिखा है। इसके लिए मैं उन्हें बधाई देता हूँ और भगवान से प्रार्थना करता हूँ, प्रभु रामचन्द्र जी से प्रार्थना करता हूँ कि इन 5 वर्षों में माननीय प्रधान मंत्री जी जो चाहते हैं कि सबको घर मिलना चाहिए, सबके घर में दीया जलना चाहिए और सब सुखी होने चाहिए यह भगवान उन्हें सफलता दे, देश का भवितव्य उज्ज्वल हो, ऐसी मैं प्रार्थना करता हूँ। अध्यक्ष महोदया, जैसा कि इसके पहले गरीबी हटाओ का नारा बहुत बार दिया गया, लेकिन दुर्भाग्य से गरीबी का यह शब्द जैसे का जैसे रहा, गरीबी वैसी की वैसी रही, गरीब लोग वैसे के वैसे रहे, गरीबी शब्द दूर हो गया। उसके माध्यम से जितना पैसा देना था, दिया गया। जो लुटेरे थे, उन्होंने लूट लिया, लेकिन असलियत में गरीब लोगों को कुछ फायदा नहीं हुआ। आज पहली बार ऐसा हो रहा है कि माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी की जी सरकार ने इलेक्शन के पहले या उसके बाद जो वादा किया था कि गरीबों के घर में ज्यादा नहीं हर वर्ष सिर्फ 6 हजार रुपये, सिर्फ वादा नहीं, तो 2 हजार रुपये उनके अकाउंट में गया। लोगों को संतोष हुआ और दूसरी तरफ ऐसा वादा किया गया कि भारत सरकार अगर 6 हजार दे रही है तो हम 72 हजार रुपये एक वर्ष में देंगे। लोग इतने अनाड़ी नहीं हैं। हाथ में कुछ है नहीं तो कुछ भी बता दें, लोग समझ रहे हैं कि सच्चाई क्या है और भूलभुलैया या जुमलेबाजी करने वाले कौन हैं। तो 72 हजार रुपये देने वाले को लोगों ने घर में बिठाया और जो 2 हजार या यानी 6 हजार जिनके माध्यम से आया, उनको बड़ी संख्या में भारत माता का भवितव्य उनके हाथों में सौंप दिया। 'प्रधान मंत्री किसान सम्मान योजना' जितनी महत्वपूर्ण है, उतनी ही 'उज्जवला योजना' का प्रभाव भी कितनी अच्छी तरह से हुआ, यह आपको मालूम है। बहुत वर्षों बाद फिर एक बार महिला सांसदों की जो संख्या बढ़ी है, वह 'उज्ज्वला योजना' का प्रभाव है। 'उज्ज्वला' एक गैस नहीं है। वर्षों से जिनके घर में चूल्हा, चूल्हा, चूल्हा, उसके बाद एक परिवर्तन एक छोटे से डिब्बे में से हुआ नहीं तो उनको वास्तव में प्रगति क्या होती है, विकास क्या होता है, वह गरीब बहनों के चूल्हों तक गया और 'उज्ज्वला योजना' एक ऐसी प्रभावशाली योजना है कि मैं इसके अलावा खुश इसलिए हूँ कि उस दिन के भाषण में माननीय राष्ट्रपति जी ने कहा कि भविष्य में देश के हर एक घर में 'उज्ज्वला योजना' के अंतर्गत गैस

कनेक्शन देन का प्रावधान इस सरकार के माध्यम से किया जाएगा। यह आज की जरूरत है। मुझे भरोसा है कि इसका प्रावधान जल्द प्रभावशाली हो जाएगा और इससे लोगों को काफी फायदा हो सकता है। अध्यक्ष महोदया, कई ऐसी घोषणाएँ, जैसे कि 'आयुष्मान भारत' योजना है। आज भी महाराष्ट्र में कई ऐसे इलाके व देश के कई ऐसे इलाके हैं जहाँ कुपोषण का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। महाराष्ट्र के दो जिलों में प्रत्येक वर्ष कम से कम 900 बच्चे कुपोषण की वजह से मरते जा रहे हैं। उनका कोई भविष्य दिखाई नहीं पड़ रहा है। करोड़ों रुपए खर्चा हो रहे हैं, लेकिन उनके लिए जिस तरह से कार्रवाई होनी चाहिए, दुर्भाग्य से नहीं हो रही है। 'आयुष्मान योजना' के माध्यम से हर एक घर को एक आधार मिला है। आज दुर्भाग्य से डायबिटीज की प्रॉब्लम बढ़ती जा रही है, हार्ट की प्रॉब्लम बढ़ती जा रही है, हार्ट फेल्योर की प्रॉब्लम बढ़ती जा रही है। हॉस्पिटल में कम से कम 5 लाख का खर्च होता है, जेब काटी जाती है।

ऐसी स्थिति में गरीब लोगों का इलाज करने के लिए 'आयुष्मान भारत' जैसी योजना मानो भगवान की कृपा हुई है। इस केन्द्र सरकार और श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार के माध्यम से मरीजों को आधार देने वाली, संरक्षण देने वाली और जीवनदान देने वाली योजना का अमल हुआ है, जिससे लाखों लोगों ने उसका फायदा लेना प्रारंभ कर दिया है।

महोदया, कैटल रिलेटेड डिसीज का एक महत्पवूर्ण उल्लेख राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में हुआ है। हमारा देश कृषि प्रधान देश है। देश में कम से कम 65 प्रतिशत से ज्यादा लोग आज भी खेती करते हैं। लेकिन उनके पास जो जानवर होते हैं, अभी बरसात शुरू हुई है। बरसात के वक्त जानवरों को तकलीफ देने वाले कई रोग हो जाते हैं, उनका सही इलाज करने के लिए दुर्भाग्य से आज डाक्टरों की कमी है। इसीलिए कैटल रिलेटेड डिसीज के लिए 13,000 करोड़ रुपयों का प्रावधान किया गया है, मैं उसके लिए भी बधाई देता हूं। इसका सही अमल कैसे हो सकता है। हर एक पंचायत में कम से कम एक कैटल डिस्पेन्सरी या वेटरनिरी डिस्पेनसरी जरूर होनी चाहिए और उसमें डाक्टर होना चाहिए।

महोदया, जैसे 'किसान सम्मान योजना' है, वैसे ही पेंशन स्कीम है। अपने देश में जितने भी किसान हैं, उससे कई गुना मजदूरों की संख्या हैं। ऐसे मजदूर हैं, जिनके पास खुद की खेती नहीं है, जो उनको बुलाते हैं, वहां पर खेती करने के लिए जाते हैं। हर दिन का जो पैसा मिलता है, उससे उनका गुजारा होता है। जो खाना मिलता है, उसके ऊपर उनका परिवार निर्भर करता है। ऐसे जो निराधार वर्ग के लोग हैं, जो करोड़ों की संख्या में हैं, उन्हें मजदूर कहा जाता है। ऐसे मजदूर वर्ग के लिए उनका जीवन, जब तक हाथ मजबूत है, जब तक पैर मजबूत है, तब तक वे काम कर सकते हैं, लेकिन जब वे दुर्भाग्य से विकलांग हो जाते हैं, तब उनके भविष्य का प्रश्न खड़ा होता है। ऐसे विकलांग लोगों के लिए या विकलांग की स्थिति में अपने देश के गरीब लोगों के हित के लिए दुर्भाग्य से आज से पहले इतनी सरकारें आकर चली गईं, लेकिन किसी ने भी इस स्थिति के पर ध्यान नहीं दिया था। माननीय नरेन्द्र मोदी जी की सरकार में लोकशाही की जो व्याख्या है, माननीय डाक्टर अंबेडकर जी ने कहा था कि लोगों ने, लोगों के माध्यम से, लोगों के द्वारा किया जाने वाला राज्य यानी लोकशाही, ऐसे लोगों के माध्यम से जब लोगों के लिए काम किया जाता है, तभी ऐसी स्थिति का ज्ञान होता है। ऐसे निराधार लोगों को आधार देने के लिए पेंशन स्कीम का यहां प्रावधान किया गया है। महोदया, शिवसेना के लिए 22 मिनट हैं।

क्लाइमेट चेंज का बहुत बड़े खतरे का निर्माण हुआ है। इस बार पहली बार पूरे देश में पीने के पानी की और कृषि के पानी की समस्या का निर्माण हुआ है। सद्भाग्य से नए मंत्रालय का निर्माण होने की ज़रूरत थी, नए मंत्रालय का निर्माण किया गया। जल नीति का जो निर्णय है, सिर्फ बरसात के ऊपर डिपेंड होकर पानी नहीं मिलने वाला है। लेकिन जिस भाग में ज़्यादा बारिश होती है, वहाँ से, जहाँ बारिश नहीं हो रही है, ऐसे प्रदेश में पानी लेकर जाना अभी मुश्किल की बात नहीं है। कच्छ में अगर नर्मदा सरोवर का पानी जाता है और आज नंदन वन तैयार हुआ है, ओएसिस तैयार हुआ है तो ऐसे देश में पानी की समस्या दूर करने के लिए जल नीति का नया डिपार्टमेंट खोलकर एक अच्छा काम करने की शुरुआत की है।

मरीन फिश इंडस्ट्री एंड इनलैंड फिशरीज, सद्भाग्य से अपने देश के लिए बहुत बड़ा समुद्र मिला है। तीनों तरफ इतना बड़ा समुद्र होने के बावजूद करोड़ों की संख्या में मछुआरे अपना गुजारा करते हैं लेकिन साथ-साथ पूरे देशवासियों के लिए और प्रदेश के लिए भी जितनी मछलियाँ चाहिए, वह देने का काम करते हैं। एक नीली क्रांति के माध्यम से ऐसे मछुआरों को आधार देने का काम हो रहा है। लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा हुआ कि पिछले कई वर्षों से यह जो मछुआरी करने में, जो मॉडर्न टेक्नोलॉजी आई है, उसका दुरुपयोग भारी संख्या में हो रहा है। जैसे कि डीप फिशिंग करते वक्त, एक बार ऐसा होता था कि एलईडी फिशिंग का उपयोग किया जाता था, लेकिन अभी जो पारंपरिक मच्छीमार है, उनका 12 नॉटिकल माइल एरिया रहता है तो वही एरिया में भी एलईडी फिशिंग करने वाले जो भी हैं उनके ऊपर कड़ी कार्रवाई करने की ज़रूरत है। यानी एलईडी से फिशिंग करके खुदा का स्वार्थ देखते हैं। लेकिन उनके माध्यम से समुद्र सम्पत्ति के ऊपर जो आक्रमण हो रहा है, समुद्र सम्पत्ति नष्ट होती जा रही है, एलईडी यूज करके जहाँ-जहाँ फिशिंग करेंगे, चाहे प्रदेश के जहाज हों या अपने देश के जहाज हों उसके ऊपर कड़ी कार्रवाई करके उनके ऊपर पांबदी लगानी चाहिए। उनको सज़ा देने का प्रावधान भी करना चाहिए।

सभापति महोदया, एक महत्वपूर्ण विधेयक कल ही मंजूर हुआ- ट्रिपल तलाक। यह जो निर्णय लिया है यह स्त्री शक्ति को न्याय देने वाला है। किसी धर्म की बात नहीं है, लेकिन इस देश में रहने वाली जो स्त्री शक्ति है और स्त्री शक्ति के माध्यम से हम सारे लोक प्रतिनिधि यहाँ काम करते हैं, यह स्त्री शक्ति को आधार देने के लिए ट्रिपल तलाक का जो निर्णय हुआ उसके लिए भी मैं सरकार को बधाई देता हूँ।

किसानों के बारे में बहुत-सी बातें कही गई हैं। उनके पीक बीमा योजना के बारे में जब मैं सब कुछ अच्छा बोलता हूँ, तभी कुछ कमी है, वह भी इस माध्यम से सरकार का ध्यान उसके ऊपर आकर्षित करने की ज़रूरत है। किसानों को आधार देने के लिए पीक बीमा योजना आई है। अरबों रुपये इस देश की इंश्योरेंस कम्पनी किसानों के माध्यम से वसूल करती हैं। लेकिन किसान जब पीक बीमा संरक्षण की माँग करते हैं तभी इंश्योरेंस कम्पनी के माध्यम से किसानों के ऊपर

जिस तरीके से अन्याय होता है कोई भी इंश्योरेंस कम्पनी एक-एक जिले में, हमारे यहाँ महाराष्ट्र के ग्रामीण इलाकों से सांसद चुन कर आए हैं, एक-एक जिले में 150 करोड़, 200 करोड़ इकट्ठा करते हैं। लेकिन जब देने का वक्त आता है, तभी 150 करोड़ जिस जिले में पीक बीमा की वसूली हुई उस जिले में कम से कम 10 करोड़ भी किसानों को नहीं मिलता है।

ऐसी बदमाशी करने वाली जो इंश्योरेंस कंपनियाँ हैं, उनके ऊपर सरकार को सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है। जो किसान पीक बीमा लेगा, उन किसानों को सही तरीके से रिटर्न भी मिलना चाहिए। केन्द्र सरकार को भविष्य में यानी आज से ऐसे किसानों के हित के लिए इसमें बड़ा प्रावधान करने की जरूरत है। इस भाषण में माननीय पंथ प्रधान जी ने, माननीय राष्ट्रपति जी ने इस देश में कई अच्छे ऐलान किए हैं, जैसे दांडी म्यूजियम, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, सरदार पटेल जी का एक क्रांति मंदिर, नेशनल मैमोरियल यानी महामानव बाबा साहेब अम्बेडकर जी के स्मरण के लिए मुंबई में एक बहुत बड़ा स्मारक बन रहा है। ये सारी बातें करने की जरूरत थी।

महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री जी से विनती करना चाहता हूँ कि सभी का आशीर्वाद आपकी जीत के साथ है। जैसे भारत माता के 130 करोड़ देशवासियों ने अपना भविष्य आपके हाथों में दिया है और उनके लिए आप भी बहुत कुछ करते हैं। जैसे गरीबों का साथ आपको है, व्यापारियों का साथ आपको है, भगिनी वर्ग का साथ आपके साथ है, वैसे ही अयोध्या के रामलला का आशीर्वाद भी माननीय नरेन्द्र मोदी जी के साथ है। अगर अयोध्या में बैठे रामलला की अवस्था देखें, तो उनके लिए भी एक अच्छा दिन आने की जरूरत है। ऐसे ही अयोध्या का रामलला भी चाहता है कि मेरे सुपुत्र, मेरे भक्त इस लोकशाही के मंदिर में बैठे हैं, उनका नाम नरेन्द्र मोदी जी है और इसके लिए उनके हाथ हमने मजबूत किए हैं कि मुझे जो जकड़कर रखा है, जेल जैसे वातावरण में रखा हुआ है, भविष्य में वे मुझे उससे मुक्त करायें। अयोध्या में रामलला का राम मंदिर का निर्माण करें, यह माँग मैं इस माध्यम से माननीय पंथ प्रधान जी के पास करता हूँ। मैं फिर एक बार उनको धन्यवाद देता हूँ कि गरीबों का आशीर्वाद लें, राम जी का आशीर्वाद लें और उनका भविष्य उज्ज्वल हो। धन्यवाद।

**श्री राजीव रंजन सिंह 'ललन' (मुंगेर) :** महोदया, मैं आपका आभारी हूँ कि आपने मुझे महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर वाद-विवाद में हिस्सा लेने का अवसर दिया।

प्रताप षडङ्गी जी द्वारा जो धन्यवाद का प्रस्ताव पेश किया गया है, मैं उसका समर्थन करता हूँ। मैं समर्थन के साथ-साथ कुछ सकारात्मक सुझाव आपके माध्यम से सरकार के संज्ञान में लाना चाहता हूँ।

महोदया, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन इस चुनाव में जीत के बाद इसी पार्लियामेंट के केन्द्रीय कक्ष में आदरणीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी संसदीय दल के नेता चुने गए और नेता चुने जाने के बाद उन्होंने विस्तार से, लगभग एक घंटे का भाषण दिया। उस भाषण में उन्होंने कई चर्चाएं कीं। उसमें एक बहुत अच्छी चर्चा थी और उसमें उन्होंने एन.ए.आर.ए. को डिफाइन किया। उन्होंने एन.ए.आर.ए. को परिभाषित करने का काम किया। एन.ए. को उन्होंने नेशनल ऐस्पिरेशन कहा। नेशनल ऐस्पिरेशन पिछले 5 वर्षों में, वर्ष 2014 से वर्ष 2019 तक में आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने पूर्णत: पूरा करने का काम किया। उसमें कई योजनाएं हैं, जो उन्होंने बहुत सख्ती के साथ लागू कीं। उन्होंने पहला काम नोटबंदी लाकर काले धन पर हमला करने का किया और यह उनका बहुत बड़ा सही कदम था। उस समय हमारे बिहार के मुख्यमंत्री और हमारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का हिस्सा नहीं थे। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का हिस्सा नहीं रहते हुए भी आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने जो काले धन पर हमला किया, उसका उन्होंने खुलेआम समर्थन किया और उन्होंने कहा कि मैं इसके साथ हूँ।

कई लोगों ने उसका विरोध किया। उस समय जिस गठबंधन में थे, उन्हें अच्छा नहीं लगा, लेकिन हमारे मुख्य मंत्री ने कहा कि जो देशहित में होगा, हम उसका समर्थन करेंगे और यही एक सच्चे देशभक्त का काम है।

भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का काम आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने 2014 से लेकर 2019 तक किया। आज उस पर इस देश की जनता ने मुहर लगाने का काम किया। आज प्रचंड बहुमत से, फिर से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को समर्थन देने का काम इस देश की जनता ने किया है।

विजय माल्या और नीरव मोदी जैसे लोग देश का पैसा लेकर विदेश भाग गए। उन्हें पकड़ कर लाने का भी प्रयास पिछले वर्षों से हो रहा है। पूरे लोक सभा चुनावों के दौरान काँग्रेस पार्टी के लोग घूम-घूम कर नीरव मोदी और विजय माल्या की चर्चा कर रहे थे। अरे भाई, विजय माल्या और नीरव मोदी को किसके ज़माने में हजारों करोड़ रुपये दिए गए और किसके ज़माने में उन्हें पैसे देकर भागने के लिए मालामाल किया गया, इसका भी तो आप जवाब देते। अभी जब माननीय काँग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी जी बोल रहे थे तो वे इस पर चुप थे। इन्होंने इसे मुनासिब नहीं समझा कि विजय माल्या और नीरव मोदी को जो हजारों करोड़ रुपये मिले, वह किसके ज़माने में मिले, वे इस बात को भूल गए।

महोदया, चौदहवीं और पन्द्रहवीं लोक सभा में मैं भी इस सदन का सदस्य था। आतंकवाद की घटना इस देश के लिए एक अभिशाप बन गयी थी। हर दो महीने पर, तीन महीने पर आतंकवाद की घटना होती थी। कभी दिल्ली के सरोजिनी नगर मार्केट में, कभी बेंगलुरू में, कभी पुणे में, कभी लखनऊ में, कभी कोलकाता में ये होती थीं। इस सदन में उस पर बहस होती थी। उस समय शिवराज पाटील जी गृह मंत्री थे। गृह मंत्री जी को बलि का बकरा बना दिया गया, लेकिन काँग्रेस पार्टी ने आतंकवाद पर कोई हमला करने का काम नहीं किया। आज इस देश ने इनको इसकी सज़ा दी है। आपने आतंकवाद पर कौन-सी कार्रवाई की? हर तीन महीने पर आतंकवादी घटना होती थी। वर्ष 2014 से लेकर वर्ष 2019 तक आदरणीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने शासन किया। आप एक भी बड़ी आतंकवादी घटना का जिक्र नहीं कर सकते हैं। सिर्फ एक, पुलवामा की घटना हुई और आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक करके जो संदेश दिया, आज विश्व में उससे मान बढ़ा है, इस देश का मान बढ़ा है।

नेशनल एस्पिरेशन को माननीय प्रधान मंत्री जी ने पूरे तौर पर एड्रेस करने का काम किया। लेकिन, आज जरूरत इस बात की है, चूंकि मैं माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण को पढ़ रहा था, कि आप रीजनल एस्पिरेशन को कैसे पूरा करेंगे? इसकी आज आवश्यकता है। पिछली सरकार में रघुराम राजन कमेटी बनी थी, उस ने रिपोर्ट दी है। उस सरकार की रिपोर्ट में यह बात है

कि अगर आप इस देश को विकसित राष्ट्र बनाना चाहते हैं तो जो पिछड़े राज्य हैं, उनको विकसित करना पड़ेगा और उन्हें बिना विकसित किए हुए आप विकसित राष्ट्र नहीं बन सकते हैं। रघुराम राजन कमेटी ने यह रिपोर्ट दी और उसमें यह लिखा है कि देश के दस प्रदेश हैं, जो काफी पिछड़े प्रदेश हैं। उसमें बिहार भी है, ओडिशा भी है, झारखण्ड, बंगाल तथा कई और राज्य हैं। ऐसे दस राज्य हैं। रघुराम राजन कमेटी ने यह भी अनुशंसा की है कि उन पिछड़े राज्यों की मदद करनी चाहिए, उन्हें आर्थिक सहायता देनी चाहिए।

महोदया, मैं आपको बताना चाहता हूं कि मैं बिहार प्रदेश से आता हूं। बिहार का आर्थिक विकास पिछले कई वर्षों से दस प्रतिशत से ज्यादा है। यह काम हम अपने बलबूते पर कर रहे हैं। बिहार के मुख्य मंत्री अपनी दृष्टि के आधार पर कर रहे हैं, अपने कार्यक्रमों के बल पर कर रहे हैं, अपने विज़न के बल पर कर रहे हैं। अगर केन्द्र की सहायता मिलेगी तो शायद ऐसा लगता है कि हम राष्ट्रीय औसत पर पहुंच जाने का काम करेंगे। इसलिए हम आपके माध्यम से आग्रह करना चाहते हैं कि आप रीजनल एस्पिरेशन पर ध्यान दीजिए।

आज जो प्रति व्यक्ति आय है, उसमें वर्ष 2017-18 में जो राष्ट्रीय औसत है, हम उससे कम हैं। यह 32.86 है। हमारे प्रदेश में कोई मिनरल नहीं है। हर वर्ष हम बाढ़ और सुखाड़ से पीड़ित रहते हैं। हर वर्ष हम बाढ़ और सुखाड़ पर, आपदा पर हजारों करोड़ रुपये खर्च करते हैं।

**16.00 hrs**

अगर आज केन्द्र सरकार और आदरणीय प्रधान मंत्री जी राज्य के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए, रघुराजन कमेटी की रिपोर्ट के मुताबिक जो पिछड़े राज्य हैं, उन राज्यों की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए, उन राज्यों को मदद करने के लिए अगर कोई ठोस कार्यक्रम बनाते हैं तो वह रीजनल एस्पिरेशनल को पूरा करने की दिशा में कार्यवाही होगी।

महोदया, आपको मालूम है, बिहार के सभी सदस्यों को मालूम है कि बिहार के मुख्यमंत्री आदरणीय श्री नीतीश कुमार जी ने वर्ष 2015 की विधानसभा चुनाव में सात निश्चय की घोषणा की। चुनाव प्रचार के दौरान उसको उन्होंने अपने मैनिफेस्टो का पार्ट बनाया। राज्य का जो गवर्नेंस का एजेंडा है, जो सुशासन का कार्यक्रम है, उसका वह हिस्सा बनेगा। सात निश्चय का क्या कार्यक्रम है? सात निश्चय का कार्यक्रम है कि बिहार प्रदेश के हर गांव को मूलभूत सुविधाओं से जोड़ना और वहां मूलभूत सुविधाएं विकसित करना है। आज बिहार एक ऐसा प्रदेश है, जहां हमने हर घर में बिजली पहुंचा देने का काम किया है। हमको याद है कि जब हम लोगों ने वर्ष 2015 में इस कार्यक्रम को शुरू किया और वर्ष 2017 में बिहार के उस मॉडल को राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में स्वीकार किया। वर्ष 2017 से वह राष्ट्रीय कार्यक्रम बना। कई राज्यों के लोग आए, नौ प्रदेशों के लोग आए, यह देखने के लिए बिहार आए कि बिहार में कौन-सा ऐसा काम हुआ जिससे हर घर में बिजली पहुंच गई। आज हमने हर घर में बिजली पहुंचा दी।

आज हम किसानों तथा कृषि के लिए अलग फीडर की व्यवस्था कर रहे हैं और उस काम को भी पूरा करने का लक्ष्य नवंबर 2019 तक है। अगर केन्द्र की सहायता मिलेगी तो हम उसको और तेजी से आगे बढ़ा सकेंगे। आज किसानों के हित में, जो कृषि के लिए 75 पैसे बिजली की खपत करेंगे, उसकी दर घटाकर बिहार सरकार ने मात्र 75 पैसे प्रति यूनिट करने का काम किया है। इस तरह से कई ऐसे कार्यक्रम हैं।

हम आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से कहना चाहते हैं कि आप योजना बना देते हैं और राज्य पर थोप देते हैं। राज्य उसको पांच साल तक चलाते हैं, क्योंकि आप पांच साल तक

अनुदान देते हैं, उसके बाद राज्य पर उसका वित्तीय बोझ पड़ जाता है। हम चाहते हैं कि केन्द्र प्रायोजित जो योजनाएं हैं, उनमें कटौती की जाए। राज्यों को यह अधिकार दीजिए कि वह अपने जरुरतों के मुताबिक योजना बनाएं और उस योजना पर खर्च करें। यह मैं आपसे आग्रह करना चाहते हैं।

सभापति महोदया, हम आपसे आग्रह करना चाहते हैं कि आज जो यह आवश्यकता है, आज बिहार में जितनी नदियां हैं, प्रत्येक वर्ष बाढ़ से हजारों-हजार, लाखों एकड़ भूमि में फसल बर्बाद होती है और इससे लाखों लोग आपदा के शिकार होते हैं। नेपाल की जितनी भी नदियां हैं, बिहार की कोई नदी नहीं है, बिहार में जितनी नदियां हैं, वे नेपाल से आती हैं। नेपाल से नदियां आकर बिहार में उत्पात मचाती हैं। अगर नेपाल में अधिक बारिश हो, बंगाल में अधिक बारिश हो, झारखंड में अधिक बारिश हो, मध्य प्रदेश में अधिक बारिश हो, उत्तर प्रदेश में अधिक बारिश हो, जब इन राज्यों में अधिक बारिश होगी तो उसका प्रभाव बिहार पर पड़ता है।

आज हम आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से यह आग्रह करेंगे कि नेपाल सरकार से बात करके, नेपाल की जो नदिया हैं, उन नदियों पर हाई डैम बनाने का काम कीजिए, ताकि नदियों को नियंत्रित किया जा सकें। इससे बिजली का भी उत्पादन होगा। जब बिजली का उत्पादन होगा तो बिजली के क्षेत्र में भी आप आत्मनिर्भर होने का काम करेंगे। इसलिए आज हम यह चर्चा करना चाहते हैं, कृषि के क्षेत्र में चर्चा करना चाहते हैं।

सभापति महोदया, यह बहुत बड़ी विडंबना है कि आज हमारा कृषि का उत्पादन बढ़ रहा है, हर साल हम यह दावा करते हैं कि हमारा कृषि उत्पादन बढ़ रहा है, लेकिन किसानों का जो पैदावार है, वह अलाभकारी होती जा रही है। यह कौन-सी विडंबना है, यह कौन-सी नीति है, इस पर गंभीरता से विचार करना होगा, ताकि किसानों की जो फसल है, उसका उन्हें लाभकारी मूल्य मिल सके। आज हम उत्पादन बढ़ाने पर ध्यान केन्द्रित कर रहे हैं। हमारी कृषि की जो पुरानी ट्रेडिशन थी, उसको छोड़कर आज हम बीज, खाद तथा हर चीज के लिए सरकार को नियंत्रण दे दिए हैं।

उसका कारण है कि न किसानों को समय पर खाद मिलती है, न बीज मिलता है और अगर मिलता है, तो महंगी दर पर मिलता है। इसके कारण आज कृषि के उत्पादन का खर्च बढ़ता जा रहा है। जब खर्च बढ़ेगा, तो वह अलाभकारी होगा। वह उत्पादन अलाभकारी होगा, तो किसानों की स्थिति नहीं सुधरेगी। आज इस बात की जरूरत है कि किसानों के हक में विचार किया जाए और किसानों के हक में ऐसी नीति बनाने का काम किया जाए, जिससे किसान को लाभकारी मूल्य मिल सके और किसानों की स्थिति सुधर सके। आज हम आपसे यह आग्रह करना चाहते हैं।

रोजगार का सवाल है, आज विदेशी निवेश हो रहा है, बड़ी-बड़ी मशीन्स लग रही हैं, बड़ी-बड़ी फैक्टरीज लग रही हैं, उनकी सारी टेक्नोलॉजी मशीन पर आधारित है। अगर मशीन पर आधारित टेक्नोलॉजी होगी, तो रोजगार सृजन का काम नहीं हो सकता है। अगर रोजगार सृजन करना है, तो बापू की जो ओरिजनल कल्पना थी कि इस देश में कुटीर उद्योग, लघु उद्योग, फूड प्रोसेसिंग यूनिट, एग्रो बेस्ड इंडस्ट्रीज को बढ़ावा देना होगा। अगर इनको प्रमोट करेंगे, तभी रोजगार का सृजन हो सकेगा और बेरोजगारी को दूर करने का काम भी हो सकेगा। हम आज यह आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहते हैं।

पेयजल संकट आने वाला है। पूरे देश में आधी जगहों पर सूखे की स्थिति है और पेयजल का संकट है। पानी का जल स्तर प्रतिदिन नीचे भाग रहा है, चापाकल फेल हो रहे हैं, कुएं सूख रहे हैं। पीने के पीनी के लिए लोगों के बीच हाहाकार है। आज इस पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। सभापति महोदय, हम चाहेंगे कि आज केन्द्र सरकार इन मूलभूत समस्याओं, जो जनता से जुड़ी हैं, उन पर ध्यान केंद्रित करने का काम करे।

अभी शिव सेना के साथी बोल रहे थे। विवादास्पद चीज को अभी छेड़ने की क्या जरूरत है? समाज में तनाव क्यों पैदा करना चाहते हैं? समाज में ऐसी जागृति पैदा करिए कि उस समाज के लोग भी इस तरह के कानून को स्वीकार करें। कानून बना कर थोपना किसी के हक में नहीं है। हम आज उस पर विशेष चर्चा नहीं करना चाहते, क्योंकि जब बिल आएगा, तो उसमें हमारी पार्टी की नीति और दृष्टिकोण साफ है, हम उस दिन उस पर चर्चा करेंगे। आज हम सिर्फ इतना आग्रह जरूर

करना चाहेंगे कि तीन तलाक जैसे जो विवादास्पद मुद्दे हैं, उन विवादास्पद मुद्दों को छेड़ने की जरूरत नहीं है। एक धर्म है, एक सम्प्रदाय है, आप उस सम्प्रदाय को अपनी सहमत ि के साथ उसको लागू करने के लिए दीजिए, जागृति लाइए, जागरुकता पैदा कीजिए। उस समाज में भी प्रावधान है, इज़मा का, इज्तिहाद का। इसी के लिए इस्लाम धर्म में प्रावधान है। उसको उसके लिए प्रेरित करने का काम करिए, ताकि वह इस तरह की चीजों को स्वत: स्वीकार करे। इसलिए विवादास्पद चीजों को छेड़ने की बजाय, आज देश की जो मूलभूत समस्याएं हैं, उन पर ध्यान केंद्रित करने का काम करिए।

हम यही आग्रह केंद्र सरकार से करते हुए पुन: राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करते हुए अपनी बात समाप्त करते हैं।

**श्री पिनाकी मिश्रा (पुरी) :** आदरणीय सभापति महोदया, आपने 17वीं लोक सभा के राष्ट्रपति जी के, महामहिम के पहले अभिभाषण पर मेरी पार्टी बीजू जनता दल और मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत धन्यवाद देता हूं।

राष्ट्रपति जी ने देश के मतदाताओं की भरपूर प्रशंसा की है। यह सही बात है, वे प्रशंसा के लायक हैं। देश के 61 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने मतदान करके दुनिया में भारत के लोकतंत्र की साख बढ़ाई है। इस चुनाव की सफलता के लिए सभी मतदाता बधाई के पात्र हैं। इस देश के मतदाताओं ने बहुत सूझ-बूझ दिखाई है। ओडिशा के मतदाताओं ने तो बहुत ही ज्यादा सूझ-बूझ दिखाई है। वहां पर राज्य के निर्वाचन भी हुए। पांचवीं बार नवीन पटनायक की सरकार को ओडिशा के लोगों ने भारी बहुमत से वहां पर निर्वाचित किया है, लेकिन साथ ही उन्होंने मोदी जी की सरकार के भी हाथ मजबूत करने का काम किया है। ओडिशा से 12 सांसद बीजू जनता दल के आए हैं, तो 8 सांसद भारतीय जनता पार्टी के भी आए हैं।

आजकल कांग्रेस की जो हालत है, उसको देखते हुए उनका एक सांसद भी वहां से आ गया है, बड़े यंग सांसद हैं। वहां के लोगों की जो मंशा है, जो उनकी आशा है, वह बहुत साफ है। राज्य सरकार और केन्द्र सरकार एक साथ मिल कर काम करे। नवीन पटनायक जी की सरकार वहां के लोगों के लिए काम करे और केन्द्र सरकार लोकहित में जो काम करे, उसको कंस्ट्रक्टिव कोआपरेशन हम लोग दें, बीजेडी के मैनिफेस्टो में यही बात लिखी गई थी। जो भी केन्द्र सरकार सत्ता में आएगी, उसके साथ राज्य सरकार कंस्ट्रक्टिव कोआपरेशन के साथ काम करेगी, इसके सिवाय राज्य सरकार के पास कोई चारा नहीं है। आज की तारीख में प्रधान मंत्री जी ने फेडरल कोआपरेशन की बात की है, कोऑपरेटिव फेडरलिज्म की बात की है, उसके बिना इस देश में कोई चारा नहीं है। राज्य सरकार और केन्द्र सरकार के बीच संपर्क के बारे में बात होती है। चौधरी जी ने अमेरिकी सिस्टम की बात की, In the American system, you are a Democrat or a Republican prior to the elections, and after the elections you are an American

first. इससे हम पूरी तरह सहमत हैं, इलेक्शन की कटुता खत्म होनी चाहिए। इलेक्शन में जितने वाद-विवाद हुए, जितनी कहा-सुनी हुई, वह सब खत्म होनी चाहिए । लोगों ने पांच साल के लिए सरकार चुनी है । पांच साल के लिए यहां मोदी जी की सरकार है, वहां नवीन पटनायक जी की सरकार है, भारतीय जनता पार्टी की यहां सरकार है, बीजू जनता दल की वहां सरकार है और दोनों को साथ मिल कर काम करना है।

मुझे याद आता है, मैं पन्द्रहवीं लोक सभा में यहीं था । माननीय सुषमा स्वराज जी यहां विपक्ष की नेता थी, यह जनतंत्र की विडम्बना है, जहां अभी चौधरी जी बैठे हैं। उन्होंने बड़े सुन्दर शब्दों में कहा था, दुश्मनी जम कर करो, लेकिन इतनी गुंजाइश छोड़ दो कि कल दुबारा दोस्ती हो जाए तो शर्मिंदा न हो। मैं बड़ी खुशी के साथ कहना चाहता हूं कि इलेक्शन के वक्त मोदी जी और पटनायक जी ने इस तरह के मुद्दों पर लड़ाई लड़ी कि आज अगर कोआपरेशन की बात होती है, आज अगर एक साथ काम करने की बात होती है तो कोई इसमें शर्मिंदगी नहीं है। हमने लड़ा है, मुद्दों पर लड़ा है, बहुत जबर्दस्त तरीके से लड़ा है, लेकिन आज जब एक बार मत आ गया है तो वह मत सर आंखों पर, हम उसके हिसाब से काम करेंगे।

सभापति जी, माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में कई बातें कही गई हैं। सरकार की जो उपलब्धियां हैं, काम निश्चित ही हुआ है, नहीं तो इस देश के लोग बेवकूफ नहीं हैं कि मोदी जी को इतनी भारी मात्रा में दुबारा चुन कर भेजें । लोगों ने परिपक्वता दिखाई है, सूझबूख दिखाई है, इसलिए काम निश्चित ही हुआ है । लेकिन बहुत काम होना अभी बाकी है । यह खुद माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के पैरा 101 में मानते हैं । देश जब 2022 में 75वीं वर्षगांठ मनाने जाएगा, जो सरकार की परिकल्पना है, उसमें बहुत काम बाकी है । उसमें हम सभी को भागीदार होना चाहिए। राष्ट्रपति जी ने जिन मुद्दों की बात छेड़ी है, उन मुद्दों के बारे में मैं ज्यादा बात नहीं करना चाहता। सरकार की तरफ सारंगी जी और गावित जी ने उस बारे में काफी चर्चा की है। यह संसद की गरिमा रही है और संसद का एक विशेष स्वरूप रहा है। राष्ट्रपति जी जो नहीं कहते हैं, उसकी भी चर्चा होनी चाहिए। जो चर्चा होने के काबिल है, उस पर चर्चा होनी चाहिए, क्योंकि समय

का अभाव होता है इसलिए अभिभाषण में पूरी चर्चा नहीं कर पाते हैं। मैं आज उन मुद्दों पर बोलना चाहता हूं।

कुछ राष्ट्र के मुद्दे हैं और कुछ हमारे राज्य के मुद्दे हैं। जहां तक राष्ट्र के मुद्दे हैं, राष्ट्रपति जी ने एक बात कही कि 78 महिला सांसद का चुना जाना भारत की एक नई तस्वीर प्रस्तुत करता है, इसमें कोई दो राय नहीं है। नवीन पटनायक जी ने हिन्दुस्तान में पहली बार एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए दीं, इसमें सात सीटें महिलाओं के लिए नॉमिनेट की गईं। हमारे यहां से पांच महिलाएं चुन कर आईं, पांच में एक प्रमिला बिसोई 'एसएजी ग्रुप' से चुन कर आई हैं जो बिल्कुल ग्रासरूट लेवल पर काम करने वाली महिला हैं। जो जानती हैं कि महिलाओं का क्या स्वरूप है और उनकी तकलीफें क्या हैं। इस हाउस की सबसे कम उम्र की महिला 25 साल की चन्द्राणी मुर्मु जीत कर आई हैं। वह भी हमारी पार्टी से है। एक तिहाई सांसद बीजू जनता दल नहीं दे पाई, लेकिन ये खुशी की बात है कि भारतीय जनता पार्टी से दो बहुत वरिष्ठ महिलाएं जीत कर आई हैं, ओडिशा से एक तिहाई हो गया है, वन थर्ड रिजर्वेशन सीट का 21 सीटों में 7 महिलाएं ओडिशा से जीत कर आई हैं। हमारा जो कंट्रीब्यूशन होना चाहिए, दोनों पार्टियों ने इसे पूरा किया है, हमने वह कोटा पूरा किया है।

मुझे लगा कि महामहिम राष्ट्रपति जी को मेरे हिसाब से महिला आरक्षण बिल का विवरण देना चाहिए था। इस बिल का समय आ गया है, यह बिल लोकसभा द्वारा पास होना चाहिए। कुछ पार्टियों की इस बारे में कुछ मिसगिविंग्स थीं, उनके मन में कुछ शंकाएं थीं। मुझे याद है वर्ष 2009 में राज्य सभा में डिबेट हुई थी, बहुत ही विशियस डिबेट हुई थी, बहुत संघर्षपूर्ण डिबेट हुई थी और शरद यादव जी ने कहा था कि सब परकटी महिलाएं हाउस में आ जाएंगी, उसका कोई फायदा नहीं होगा। आज आप देख रहे हैं कि सजग महिलाएं आई हैं, कोई डॉक्टरेट है, कोई अर्ली रिटायरमेंट लेकर ब्यूरोक्रेट आई है, अपराजिता सारंगी जी यहां आई हुई हैं। ऐसा नहीं है कि सिर्फ एक क्लास से महिलाएं आएंगी, हर क्लास से इस हाउस में अब महिलाएं आने के लिए तैयार हैं। महिला आरक्षण हर लैवल, पंचायत लैवल पर सक्सैस रहा है और अब लोक सभा और विधान सभा लैवल

पर हो जाना चाहिए। राज्य सभा ने पारित कर दिया है। मेरे ख्याल से यहां आधे घंटे या 45 मिनट से ज्यादा समय नहीं लगेगा, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी ने भी कहा है कि वे इसके पक्ष में हैं, कांग्रेस ने भी कहा है, हम सब कह रहे हैं कि हम इसके पक्ष में हैं। इस हाउस में यह निर्विवादित पास हो सकता है, अगर सरकार की मंशा हो तो कल, परसों, तरसों, जब आप चाहें पास करा सकते हैं। अभी चुनाव महाराष्ट्र, झारखंड और हरियाणा में होने वाले हैं, मेरे ख्याल से यहां बड़े आराम से लागू हो सकता है। मैं सरकार से आपके माध्यम से निवेदन करूंगा कि यह बिल जल्दी से जल्दी लेकर आएं, यह बीजू जनता दल की मंशा है।

**<u>16.17 hrs</u>** (Shri Rajendra Agrawal *in the Chair*)

मैं अधिवक्ता हूं, मैं कुछ न कहूं तो ठीक नहीं होगा। माननीय चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया ने माननीय प्रधानमंत्री जी को चिट्ठी लिखी है कि हाई कोर्ट के जजों की एज बढ़नी चाहिए जबकि इस पूरे अभिभाषण में कहीं भी ज्यूडिशियरी का कोई ब्यौरा नहीं है, कोई बात नहीं की गई है। यह ज्यूडिशियरी की बहुत ही महत्वपूर्ण बात है, इसलिए मैं यह बात आपके माध्यम से सरकार के संज्ञान में लाना चाहता हूं।

यह बहुत अच्छा सुझाव है, उन्होंने सुझाव इस नाते दिया है कि एरियर्स आफ पैंडेंसी में फायदा होगा अगर हाई कोर्ट जजों की ऐज सुप्रीम कोर्ट के जजों के बराबर हो जाएगी, 62 से 65 हो जाएगी। मेरा मानना है और मैं यह केवल हाउस में कह सकता हूं, शायद बाहर न कह सकू, कि हाई कोर्ट की निर्भीकता धीरे-धीरे कम होती जा रही है क्योंकि सब हाई कोर्ट्स के जज चाहते हैं कि उनको तीन साल एडिशन मिल जाएं और वे सुप्रीम कोर्ट पहुंच जाएं। माफ कीजिए, यह बिल्कुल कटु सत्य है।

हाई कोर्ट में अब 800-850 जज हैं, ये इस देश के स्तम्भ हैं। सुप्रीम कोर्ट में तो सिर्फ 30 जजेस हैं। देश के लोगों को ज्यादातर जस्टिस हाई कोर्ट के जरिए मिलता है। वे जजमेंट निर्भीकता, निष्पक्षता, फेयरलैस बिना डर के दे सकते हैं, लेकिन वे सोचते हैं कि कहीं हम सुप्रीम

कोर्ट न जा पाएं, वहां कोलिजियम नाराज न हो जाए और हम कोई ऐसी जजमेंट दे दें। मेरे हिसाब से अगर उनकी एज 65 कर देंगे तो हाई कोर्ट की निर्भीकता और रुआब रहेगा और बढ़ेगा ।

मेरी सरकार से दरख्वास्त है, चीफ जस्टिस आफ इंडिया ने सही कारण दिया है। माननीय कानून मंत्री जी यहां आ गए हैं, मेरा मानना है कि वे इस बारे में मेरे साथ पूरी से सहमत होंगे, अगर ऐसा हो जाए तो कोई दो राय नहीं है क्योंकि इससे हाई कोर्ट की निर्भीकता पर बहुत फर्क पड़ेगा। मैं चाहता हूं कि आपके कार्यकाल में यह हो जाए क्योंकि देश का इससे बहुत भला होगा।

अब राज्य की बात आती है, मुझे खुशी है कि राजीव रंजन जी जब बोल रहे थे तब मैं हाउस में था। उन्होंने बिहार की बात कही। भारत के पूर्व और पश्चिम के बीच में विषमताएं हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि बहुत विषमताएं हैं। फणी चक्रवात की बात महामहिम राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में की है। मेरी कांस्टीटुएंसी पुरी में यह चक्रवात निर्वाचन के दस दिन बाद आया था। महामहिम राष्ट्रपति जी ने कहा है कि इसमें जान-माल की बहुत ज्यादा रक्षा हो पाई, क्योंकि हमें नोटिस मिल गया था। जान की तो रक्षा हो पाई क्योंकि बीजू जनता दल की सरकार ने तकरीबन 13 लाख लोगों को 48 घंटे में विस्थापित किया।

13 लाख लोग अपने घरों से विस्थापित होकर चले गए। मेरे हिसाब से चक्रवात में हार्डली 15 या 20 लोगों की मृत्यु हुई, जिसका हमें दुख होता है, लेकिन जो सम्पत्ति का नुकसान हुआ है, सरकारी सम्पत्ति व लोगों की सम्पत्ति, उसका कोई अंत नहीं है। प्रधान मंत्री खुद गए थे। उन्होंने चारों तरफ का ब्यौरा दिया। यह गलत होगा, अगर आज हम उनको धन्यवाद न दें। मैं धन्यवाद देना चाहता हूँ कि उन्होंने इमिजिएटली हजार करोड़ रुपया ओडिशा गवर्नमेंट को दिया। उस हजार करोड़ रुपये का हमें बहुत फायदा हुआ, क्योंकि वहां पर जो जान-माल की हानि हुई थी उससे लोगों को इमिजिएटली कुछ राहत मिल गई। ओडिशा में अभी बहुत काम होना बाकी है। आप यह समझिए कि छ: साल में कम से कम चार सुपर साइक्लोन हुडहुड, फैलिन, तितली और फॉनी, इन चार मेजर साइक्लोन्स ओडिशा को हिट कर चुके हैं। हम कई दशक पीछे हो गए हैं। ढाई लाख इलैक्ट्रिक्स पोल हमारे कोस्टल ओडिशा में गिर गए हैं। मतलब कि 50-60 साल से ज्यादा पीछे

हम पिछड़ गए हैं। इसलिए वहां 10 हजार करोड़ रुपये तकरीबन के नुकसान का आंकलन हुआ है, जो इमिजिएटली रिलीफ का काम है। आज की तारीख में कम से कम पांच लाख हमें प्रधान मंत्री आवास योजना में से घर चाहिए इसलिए हमारे मुख्य मंत्री ने प्रधान मंत्री जी से यह गुहार की है। 'स्पेशल कैटिगरी स्टेट्स' की बात पर अभी डिबेट है, लेकिन जो स्टेट्स इस तरह के States which are completely in the path of these kinds of natural disasters such as supercyclones and repeatedly they are being besetted and buffeted by supercyclones, तो कम से कम उन स्टेट्स को आप "स्पेशल फोकस स्टेट" कहके उनको अगर कुछ शार्ट टर्म से मिडियम टर्म में, मैं यह नहीं कहता हूँ कि अनलिमिटेड पीरियड के लिए नहीं, लेकिन  तीन साल, चार साल, पांच साल के लिए आप उनको कुछ स्पेशल असिसटेन्स दें, तभी जाकर कुछ हो पाएगा, नहीं तो जो विषमताएं हैं, जो बात प्रधान मंत्री जी ने खुद कही हैं, वे विषमताएं कभी दूर नहीं होगी।  राजीव रंजन जी ने भी इन्हीं के बारे में बात की कि ईस्ट इंडिया जो भारत का पूर्व अंग है, वे हमेशा जो हिस्टोरिकल इंजस्टिसेज हुए है, 83 साल पहले ओडिशा "लैंग्वेज" के बेसिस पर पहला स्टेट बना था। अब 72 साल हो गए है इंडिपेंडेंस को। इतने हिस्टोरिकल इंजस्टिसेज उस स्टेट के साथ हुए है कि अगर उन हिस्टोरिकल इंजस्टिसेज को चाहे आज दूर करना है,  तो उसके लिए एक "स्पेशल फोकस स्टेट्स" पर देना चाहिए। मैं आपके माध्यम से सरकार से गुहार करूंगा मुझे तीन-चार मिनट और दीजिएगा मैं थोड़ा सा कहना चाहता हूँ, विशेष रूप से स्टेट के बारे में क्योंकि  स्टेट की जो है, जो एसपिरेशनल डिस्ट्रिक्ट्स की बात माननीय राष्ट्रपति जी ने की है, यह एक सरकार की बहुत अच्छी मुहिम है इसमें भी हमारा यह कहना है कि The Centre should focus on macro issues like teledensity, high-speed bandwidth, दोनों के रविशंकर प्रसाद जी यहां मंत्री है बड़ी खुशी की बात है कि आप सुन रहे हैं। Next is, Banking network as well as roads and railways. This is what the Centre should do which is a macro approach. रेलवेज के लिए तो मैं कह दूं।

सभापति जी, ओडिशा भारतवर्ष को सबसे ज्यादा रेवेन्यू देता है, 20 हजार करोड़। साल के बजट में प्रोविजन आता है 4 हजार, 5 हजार करोड़ रुपये, लेकिन जब साल के अंत में खर्च होता है, 1000-1200 करोड़ से ज्यादा आज तक कभी खर्च नहीं हुआ। आप अगर ये 5000 करोड़ खर्च कर दे ओडिशा के ऊपर तो आपको हर साल 40 हजार करोड़ मिलेगा। रेलवे का रेवेन्यू डबल हो जाएगा ओडिशा से। हम आपको डबल रेवेन्यू देंगे। आज इतना डेमरेज हो रहा है सारे पोर्ट्स में रेल रेक की मारा- मारी हो रही है, क्योंकि वहां पर कनेक्टिविटी नहीं है इसलिए सरकार को यह सोचना चाहिए और यह तो सिम्पल इकोनोमिक्स है, अगर रेल मंत्री यह सोचे कि जो उस स्टेट को दें, जिससे रेवेन्यू हमें डबल हो जाए, तो हम उतना दें। उनको Micro issues should be left in, Aspirational Districts, for the State to focus on. Otherwise, there will be a little bit of problem as far as the federalism aspect is concerned, आदरणीय सभापति जी, कहने के लिए तो स्टेट के बहुत इश्यूज हैं, लेकिन मैं इस हाउस का ज्यादा समय नहीं लूंगा। मुझे मालूम है कि मैं अधिवक्ता हूँ। मुझे मालूम है कि मुझे जो समय दिया गया है उसी के भीतर मैं अपनी बात पूरी करूंगा। मेरी आंख हमेशा घड़ी के ऊपर रहती है। मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूँ।

**विधि और न्याय मंत्री, संचार मंत्री तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री रवि शंकर प्रसाद) :** अधिवक्ता समय पर अपना अरग्यूमेंट खत्म करते हैं यह बात डिबेटेबल इश्यू है।

**श्री पिनाकी मिश्रा :** रविशंकर प्रसाद जी जानते हैं कि जब मुवक्किल पीछे बैठकर देख रहा हो, घड़ी देख रहा हो, समय ज्यादा हो रहा हो, तब जब फीस का इश्यू आता है तो बात कुछ और होती है। यहां हाउस के समय की बात है, यहां फीस की बात नहीं है।

सभापति जी, जैसा मैंने पहले कहा, ओडिशा को राज्य का दर्जा मिले हुए 83 साल हो गए। मैं ओडिशा के लोगों की तरफ से केवल यह कह सकता हूं:

"हैरान हैं खुद अपने सब्र का पैमाना देखकर,

उन्होंने याद नहीं किया और हमने इन्तजार नहीं छोड़ा।"

अब मैं कहना चाहता हूं कि हमने बहुत सब्र किया, बहुत हमने झेला है। केन्द्र सरकार से हम हाथ जोड़कर यह गुहार करते हैं कि ओडिशा का जो हक है, वह हक दीजिए। सब्र का पैमाना अब छलक चुका है। अब आप हमारे सब्र को ज्यादा टेस्ट मत कीजिए। यही बात कहकर, मैं राष्ट्रपति जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देते हुए अपनी बात खत्म करता हूं। धन्यवाद।

**माननीय सभापति :** कुंवर दानिश अली जी, आज आपका पहला सम्बोधन है, आपका स्वागत है।

**कुंवर दानिश अली (अमरोहा):** सभापति जी, आपका बहुत-बहुत शुक्रिया कि आपने 17वीं लोक सभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर मुझे बोलने का मौका दिया।

मैं अपनी पार्टी बहुजन समाज पार्टी की तरफ से यहां बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। एक नया संसद सदस्य होने के नाते मैं अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं कि जब इस देश में महात्मा गांधी की 150वीं जयन्ती का वर्ष है, उस वक्त मुझे इस सदन में आने का मौका मिला है।

राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में सरकार के कामों की चर्चा की और जो लक्ष्य रखा है, उसे बड़े गंभीरतापूर्ण तरीके से हम सभी सदस्यों ने सुना है। मुझे इस बात की खुशी है कि सरकार ने भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में राष्ट्रपति के अभिभाषण में नारायण गुरू का भी जिक्र किया है। मैं उस बहुजन समाज पार्टी से आता हूं, जिसके किसी भी कार्यक्रम में, हमारे राष्ट्रीय कार्यालय में, हर नेता के मंच पर और घर में, जब से पार्टी की स्थापना हुई है, नारायण गुरू की तस्वीर हमेशा से लगाई जाती रही है। अब मैं यह नहीं कहूंगा कि सत्ता पक्ष में बैठे लोगों की निगाह केरल पर है, इसलिए वे अभिभाषण में लिखते हुए भी यह बताने की कोशिश कर रहे थे कि नारायण गुरू केरल से आते हैं। मैं नहीं समझता हूं कि इस सदन में आने वाले लोगों को यह पता नहीं होगा कि नारायण गुरू किस राज्य से आते हैं।

सरकार ने राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में किसानों की आमदनी दोगुना करने की बात की है। मैं स्वयं एक किसान होने के नाते कहूंगा, आज इस देश का किसान किस कठिनाई से गुजर रहा है, देश के कितने किसान रोजाना आत्महत्या करने पर मजबूर हैं और हम लोग यहां इस सदन में बैठकर, किसानों के बारे में केवल लिप सर्विस करके चले जाते हैं। पिछले कई वर्षों में प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना का बहुत ढोल पीटा गया।

लेकिन अगर मैं एक किसान की भाषा में कहूं तो फसल बीमा योजना, मरते हुए लोगों को दो लात और मारने वाली योजना साबित हुई।

सभापति महोदय, जब किसान बैंक के पास क्रॉप लोन लेने जाते हैं तो वे जितना क्रॉप लोन लेते हैं, वे अपनी जितनी जमीन मॉर्गेज कराते हैं, उनकी जमीन के हिसाब से फसल का बीमा कर दिया जाता है। वे क्रॉप लोन पर इंटरेस्ट देते है और साथ-साथ फसल बीमा योजना के नाम पर भी उनसे वसूली की जाती है, लेकिन जब किसान की फसल नष्ट होती है तो फसल बीमा करने वाली कंपनियां कहीं नजर नहीं आती हैं। किसी किसान को बीमा नहीं मिलता है। उस समय यह कह दिया जाता है कि उस ब्लॉक, तहसील के अंदर 50 प्रतिशत फसल नष्ट हुई होगी, तब आपको बीमा मिलेगा। हम जानते हैं, यहां बैठे हुए सभी माननीय सदस्य ईमानदारी से जानते हैं कि किस तरह से सर्वे होते हैं। …(व्यवधान)

**श्री गणेश सिंह (सतना):** यह 33 प्रतिशत नुकसान पर पूरा हो रहा है। …(व्यवधान)

**कुँवर दानिश अली :** यह 33 प्रतिशत पर हो गया है, लेकिन गणेश भाई जरा यह बताइए कि लेखपाल और तहसीलदार हर राज्य में, फसल बीमा करने वाली जो कंपनियां हैं, जब तक आपके अधिकारी वहां मानक नहीं पहुंचाते हैं कि किसानों को बीमा की राशि मिल जाए, तब तक उनको बीमा नहीं मिलता है। इस पर कंटेस्ट करने की जरूरत नहीं है, यह सच्चाई है। आप लोग सच्चाई से मुंह मोड़ रहे हैं। किसानों को कोई बीमा नहीं मिलता है। इसने मरते हुए लोगों को दो लात और मारने का काम किया है। केवल बहुराष्ट्रीय इंश्योरेंस कंपनीज को फायदा पहुंचाने के लिए यह फसल बीमा योजना लागू की गई है। …(व्यवधान)

सर, हमारी कुछ बात सुनिए। अभी तो मैंने शुरुआत की है। आज मेरा पहला दिन है। …(व्यवधान) आप सुनने का मादा रखिए। मैं नया सांसद हूं। …(व्यवधान)

**माननीय सभापति** : उनकी मेडेन स्पीच है, उनको बोलने दीजिए।

**कुँवर दानिश अली :** जो सच्चाई है, मैं अपना और अपने किसानों के कष्ट को बयां करने की कोशिश कर रहा हूं। अगर सत्ता पक्ष के लोगों को अच्छा न लगे तो कोई बात नहीं है। मैं तो इतना

ही कहूंगा। …(व्यवधान) शायद इस देश में सही तो एक ही पार्टी और एक ही व्यक्ति, बोलना जानते हैं, बाकी सब गलत ही बोलते हैं।

सभापति जी, हमें सुनने को मिला, माननीय मंत्री जी जब यह प्रस्ताव पेश कर रहे थे तो उन्होंने इस देश में गठबंधन को महामिलावटी कहा। मैंने यह चुनाव के भाषणों के दौरान भी सुना है। इस देश के संविधान के निर्माता बाबासाहेब भीम राव अम्बेडकर और उनके साथी थे। उन्होंने देश के संविधान की रचना ऐसी की है कि इस देश में बहु-दलीय प्रणाली हो, मल्टी पार्टीज डेमोक्रेसी हो और मल्टी पार्टीज डेमोक्रेसी को वन पार्टी डेमोक्रेसी में बदलने की जो आप लोगों की मंशा है, हम वह पूरा नहीं होने देंगे। अब ये खुद भूल जाते हैं कि जब एनडीए-वन की सरकार बनी थी तो माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 23 पार्टीज की सरकार थी। क्या उसको भी मिलावटी, महामिलावटी सरकार कहेंगे। आज भी भारतीय जनता पार्टी कई राज्यों में गठबंधन की सरकारें चला रही है। क्या वे सभी मिलावटी, महामिलावटी सरकारें हैं? 10 परसेंट रिजर्वेशन अपर कास्ट के लोगों के लिए किया गया। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि क्या देश में सरकारी नौकरी बचेंगी? जिस रफ्तार से सरकारी नौकरियों को खत्म करने की कोशिश चल रही है और हर विभाग का निजीकरण हो रहा है, मुझे लगता है कि सरकारी नौकरियां बचेंगी ही नहीं। बीएसएनएल को खत्म कर दिया और एक निजी कम्पनी को पूरा देश सौंप दिया। अब रेलवे को प्राइवेटाइज करने की कोशिश जारी है और इसकी शुरूआत हो रही है।

अभी पिनाकी मिश्रा जी कह रहे थे कि ओडिशा के लिए यदि कुछ बजट दे दें, तो शायद रेलवे की आमदनी वहां से दोगुनी हो जाए, लेकिन आपकी नीयत साफ नहीं है। आप रेलवे का निजीकरण करके अपने कोरपोरेट साथियों को देना चाहते हैं।

महोदय, देश में 'वन नेशन वन इलेक्शन' की चर्चा हुई है। आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। प्रधान मंत्री जी कुछ इश्यूज पर बहुत जल्दी में हैं। मैं कहना चाहता हूं कि देश में चुनाव सुधार होना चाहिए।

**माननीय सभापति :** आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

**कुंवर दानिश अली :** चुनाव सुधार का विषय आते ही घंटी बज गई, क्योंकि जो बीस-बीस हजार करोड़ रुपये चुनाव में खर्च करते हैं, वह रुपया कहां से आता है, कौन-से कोरपोरेट हाउसेज हैं, जो पैसा देते हैं? मैं कहता हूं कि यह जो वोट लेकर आए हैं, ये पिछले दरवाजे से लेकर आए हैं। यदि आप ईमानदार हैं, तो चुनाव सुधार की बात करें। मैंने चुनाव आयोग की बैठक में भी कहा कि चुनाव आयोग को एक इलेक्टोरल ट्रस्ट बनाना चाहिए । यदि कोई कोरपोरेट हाउस देश का लोकतंत्र मजबूत बनाने के लिए डोनेशन देना चाहता है, तो वह उसमें डोनेट करे, क्योंकि कोई भी कोरपोरेट हाउस हमारी जैसी पार्टी को, जो बहुजन समाज की बात करती है, जो दलित की बात करती है, जो किसान की बात करती है, कोई कोरपोरेट हाउस हमें फंड नहीं देगा …(व्यवधान) आप मेरी बात सुनिए।

**माननीय सभापति :** आप चेयर को एड्रेस कीजिए।

**कुंवर दानिश अली :** सभापति जी, मैं आपका प्रोटक्शन चाहता हूं। जब देश के एक बड़े सैक्शन का लोकतंत्र के विश्वास में सवालिया निशान लग रहा हो, जब वोटिंग मशीन पर इस देश में सवालिया निशान लग रहा हो, आखिर ऐसी कौन-सी वजह है कि इस विषय पर चर्चा नहीं की गई। हमें खुशी होती, यदि प्रधान मंत्री जी बैठक बुलाते कि आइए, सभी दल बैठें और लोगों का चुनाव में विश्वास बनाएं।…(व्यवधान) जब हम जीतकर आए, तब हमने सर्टिफिकेट लेते समय भी कहा कि हम इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन का विरोध करते हैं।

**माननीय सभापति :** आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

**कुंवर दानिश अली :** महोदय, आप मजबूत सरकार की बात कहते हैं, मान्यवर कांशीराम जी कहा करते थे कि मजबूत सरकार बहुजन समाज के दबे, कुचले वर्ग के हित में नहीं होती है और मजबूर सरकार हमेशा दलित, पिछड़े, दबे, कुचले वर्ग के हित में होती है। ये जरा नशे में ज्यादा हैं।

ये ईवीएम के माध्यम से यहाँ आ गये हैं, इसलिए आप थोड़ा-सा सोचिए। …(व्यवधान) आप ईवीएम के माध्यम से आ गये हैं। …(व्यवधान) ईवीएम का विरोध जारी रहेगा। बहुजन समाज पार्टी बहन मायावती जी के नेतृत्व में ईवीएम का विरोध जारी रखेगी। …(व्यवधान)

एक बात और है। ये कहते हैं कि इस देश में जो कुछ हुआ है, शायद इनके सत्ता में आने से पहले इस देश में कुछ हुआ ही नहीं था। पहले प्रधान मंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर देवगौड़ा जी तक जितने भी प्रधान मंत्री आए, वी.पी. सिंह आदि किसी ने भी कुछ नहीं किया। …(व्यवधान) सभापति जी, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूँ कि जब पहली बार इस देश में गठबंधन की सरकार बनी, तो आदरणीय वी.पी. सिंह जी के नेतृत्व में बहन कुमारी मायावती जी पहली बार लोक सभा में आयीं। उसी वक्त बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की तस्वीर इस पार्लियामेंट के सेन्ट्रल हॉल में लगाने का काम हुआ। इसलिए हमेशा मजबूर सरकारें, कमजोर सरकारें दलितों और दबे-कुचले वर्गों के हित में होती हैं, उनका काम करती हैं। ये नशे में हैं।

मैं आपके माध्यम से सिर्फ इतना कहना चाहता हूँ कि यह सरकार किसानों, गरीबों, नौज़वानों के लिए भी ध्यान दे। केवल अपने कॉरपोरेट के मित्रों के लिए ही रात-दिन काम न करे। इस देश का जो दबा-कुचला वर्ग है, जो दलित है, पिछड़ा है, गरीब है, उनके लिए भी ध्यान दे तभी 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' संभव होगा।

**माननीय सभापति:** अब आपकी बातें रिकॉर्ड में नहीं जा रही हैं।

…(व्यवधान) …*

**श्री गणेश सिंह :** सभापति जी, उन्होंने एक शब्द का उपयोग किया है, कृपया उसे देख लें।

**माननीय सभापति :** ठीक है, इसे देख लेंगे, कुछ गलत होगा, तो निकाल देंगे। श्री नामा नागेश्वर राव।

**डॉ. नामा नागेश्वर राव (खम्माम):** Thank You, Chairmam Sir for giving me this opportunity. 20 तारीख को प्रेसिडेंट साहब के भाषण पर आज हम लोगों को हाउस में बात करने का मौका मिला है। इसी तरह से जब हमें इंडिपेंडेंस मिली थी, तो उसके बाद जो फर्स्ट जनरल इलेक्शन हुआ, उसके बाद उस समय के प्रेसिडेंट ने स्पीच दी थी। उस समय डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

---

* Not recorded.

जी प्रेसिडेंट थे, प्राइम मिनिस्टर जवाहरलाल नेहरू साहब और मावलंकर साहब स्पीकर थे। आप उस स्पीच को देखें। अभी हम लोगों को इंडिपेंडेंस मिले 73 ईयर्स हुए हैं। उस स्पीच में महत्त्व की बात है, उस समय हम लोगों को फूड ग्रेन्स नहीं मिलता था, उसको हम लोग अमेरिका से इम्पोर्ट करते थे। विदेशों से हम लोग फूड ग्रेन्स इम्पोर्ट करते थे। यह सब देखने के बाद किसान लोगों को आगे बढ़ाने के लिए उस समय देश में नदियों के ऊपर डैम्स बनाने का कार्यक्रम शुरू किया गया। फर्स्ट पार्लियामेंट के समय चार-पाँच नदियों- रिहन्द, चम्बल, कृष्णा, कोसी आदि को आइडेंटिफाई करके उन पर डैम्स बनाने का काम शुरू किया गया। उस समय फूड ग्रेन्स को इम्पोर्ट करने में देश में बहुत दिक्कतें होती थीं। जिस तरह से अभी हम लोग पेट्रोल और ऑयल इम्पोर्ट कर रहे हैं, उसी तरह से हम लोग उस समय फूड ग्रेन्स को इम्पोर्ट करते थे। उस समय भी किसानों को दिक्कतें थीं, पीने के पानी की दिक्कत थी। सभी दिक्कतों के बारे में उस समय के प्रेसिडेंट ने अपने प्रेसिडेंशियल एड्रेस में मेंशन किया था।

अभी 17वीं लोक सभा है। 20 तारीख को देश के प्रसिडेंट ने स्पीच दी है। अपने प्रेसिडेंशियल स्पीच में उन्होंने कहा,

I would like to quote one paragraph from the President's Address and I quote:

> "One of the biggest challenges of the 21st century is growing water crisis. Over time, the traditional and effective practices of water conservation in our country are disappearing."

इसका मतलब है - जिसके बारे में प्रेसीडेंट साहब ने अपने एड्रेस में भी बोला है - कि यह तो बिगेस्ट चैलेंज है। इस बिगेस्ट चैलेंज से बाहर आने के लिए गवर्नमेंट को काफी अच्छे तरीके से सोचना चाहिये।

सभापति जी, मैं इस बारे में एक बात बोलना चाहता हूं। हम लोग तेलंगाना से हैं। हमारे नेता केसीआर साहब हैं। तेलंगाना को बने हुये अभी 6 साल हुए हैं। 15वीं लोक सभा में उसका बिल आया था, वह बिल पास हुआ है। 15वीं लोक सभा में आंध्र-तेलंगाना सैपरेट हो गये हैं। हमारा तेलंगाना स्टेट कम उम्र का स्टेट है। हमारे लीडर केसीआर साहब ने क्या किया है? किसानों के बारे में सोचकर हम लोगों ने इरिगेशन डेवलपमेंट के लिये काफी प्रोजेक्ट्स स्टार्ट किये हैं। उसमें सबसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है, जिसका तीन-चार दिन पहले तीन मुख्य मंत्रियों ने उद्घाटन किया है, वह कालेश्वर्म प्रोजेक्ट है। हम लोगों को इस प्रेसिडेंशियल स्पीच में यह भी बताया गया है कि जब स्टेट गवर्नमेंट्स और सैंट्रल गवर्नमेंट मिलकर काम करेगी, तब ही हम लोगों की जी.डी.पी. ग्रोथ 5 ट्रिलियन की हो सकेगी। In collaboration with the States, India is set to become a five-trillion dollar economy. उस तक पहुंचने के लिये स्टेट और सैंट्रल गवर्नमेंट, दोनों की सहायता चाहिये।

सभापति जी, इस हाउस में सभी पार्टी के लोगों को मैं दो इंपॉर्टेंट बातें बोलना चाहता हूं। तीन चीफ मिनिस्टर्स इस प्रोजैक्ट के इनॉगरेशन में गये हैं। महाराष्ट्र के चीफ मिनिस्टर बीजेपी के हैं, आंध्र के चीफ मिनिस्टर वाईएसआर पार्टी के हैं, हमारे चीफ मिनिस्टर टी.आर.एस. पार्टी के हैं। तीन डिफरेंट पार्टीज़ के चीफ मिनिस्टर्स एक प्रोजैक्ट के उद्घाटन में गये हैं। मैं आपको इसकी

इंपॉर्टेंस के बारे में बोलना चाहता हूं। इससे पहले इसी प्रोजैक्ट के लिये यू.पी.ए. की गवर्नमेंट के समय में आंध्र में कांग्रेस गवर्नमेंट थी और सेंट्रल में भी कांग्रेस गवर्नमेंट थी। महाराष्ट्र स्टेट में भी कांग्रेस गवर्नमेंट थी । उस समय हम लोग अपोज़ीशन में थे। हमने यह मुद्दा 15वीं लोक सभा में उठाया था, जो लोग यहां हैं, उन्हें भी मालूम है। यहीं गोदावरी रिवर के ऊपर महाराष्ट्र में जो प्रोजैक्ट्स बन रहे थे, उन प्रोजैक्ट्स को देखने और रोकने के लिये हम वहां गये थे। उन प्रोजैक्ट्स के कंस्ट्रक्शन से तेलंगाना के लिये और तेलंगाना के किसानों के लिए दिक्कत है, ऐसा बोलकर हम उधर गये थे। हम सबको पांच दिनों तक जेल में रखा गया। हम उस टाइम भी मेंबर ऑफ पार्लियामेंट थे। हमको महाराष्ट्र पुलिस ने बहुत मारा था। हमने हाउस में सबको दिखाया था।

यह बात बोलने का मेन मुद्दा यही है कि तेलंगाना बनने के बाद हमारे नेता केसीआर साहब खुद महाराष्ट्र के चीफ मिनिस्टर के पास गये, वे खुद आंध्र के चीफ मिनिस्टर के पास गये। हम लोग इस तरह से लड़कर अगर अपने बीच के इश्यूज़ को ले जाकर दिल्ली में रखेंगे, तो यह प्रॉब्लम सॉल्व नहीं होगी। हम लोग इसे बैठकर सॉल्व करेंगे, ऐसा कह कर तीनों चीफ मिनिस्टर्स ने इसे बैठकर सॉल्व किया है। इसकी वजह से वर्ल्ड में बिगेस्ट लिफ्ट इरिगेशन हमारे यहां कमीशन हुआ है। आप लोग अगर नेट पर जाकर देखेंगे कि वर्ल्ड में बिगेस्ट लिफ्ट इरिगेशन प्रोजेक्ट क्या है, तो उसमें कालेश्वर्म, तेलंगाना का नाम आएगा। यह प्रोजेक्ट हम लोगों ने तीन साल में बना दिया है। तीन साल में तीन चीफ मिनिस्टर्स को साथ में लगाकर हमने 50 हज़ार करोड़ रुपये स्पेन्ड किये हैं। 45 लाख एकड़ हमने इरिगेशन के लिए दिया है। 14000 गांवों के ड्रिकिंग वॉटर के लिए भी हमने काम किया है। हैदराबाद ड्रिकिंग वॉटर भी उधर से आ जाएगा। उसके साथ-साथ इंडस्ट्रीज़ के लिए भी वॉटर वहां से आ जाएगा। इतना महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट हम लोगों ने पूरा किया है।

हम लोग बहुत पहले से बोल रहे थे कि इस प्रोजेक्ट को आप नेशनल स्टेटस दीजिए। अगर स्टेट गवर्नमेंट और सेंट्रल गवर्नमेंट दोनों को मिलकर करना है तो ऐसे प्रोजेक्ट्स को सेंट्रल गवर्नमेंट को सोचकर सपोर्ट करना चाहिए। अगर वह सपोर्ट मिलता है तो बाकी स्टेट गवर्नमेंट्स भी बहुत आगे बढ़ेंगी। हम आपके माध्यम से चाहते हैं कि सेंट्रल गवर्नमेंट, सेंट्रल गवर्नमेंट फण्ड से नेशनल

प्रोजेक्ट डिक्लेयर करे। हम यह भी चाहते हैं, और हमारे मुख्य मंत्री भी यही चाहते हैं कि हम यहां से मैम्बर्स को, लीडर्स को ले जाकर प्रोजेक्ट को दिखाना चाहते हैं। उस प्रोजेक्ट को दिखाने के बाद हमारे साथ आप सब भी सपोर्ट करेंगे । इस तरह से वर्ल्ड में कोई भी ऐसा प्रोजेक्ट नहीं है। अभी तक हम लोग नदी के डैम बनाते हैं। नेचुरल ग्रैविटी के साथ हम लोग कैनाल बनाते हैं। मगर हमारा हैदराबाद सी लेवल से करीब-करीब 600 मीटर ऊपर है और उसके लिए वाटर ले जाने में बहुत दिक्कत है। अभी तक हम लोगों ने कुएं से पानी निकाला है, बोरवेल से पानी निकाला है, नदी से नहर बनाकर पानी निकाला है, मगर गोदावरी नदी को 500 मीटर मल्टी लिफ्टिंग करके 45 लाख किसानों को हम लोग पानी दे रहे हैं। इस वृहत्तर प्रोजेक्ट के लिए अगस्त हाउस में चर्चा होनी चाहिए, उसको सपोर्ट मिलना चाहिए। उसी तरह से देखें तो ए.पी. रिऑर्गेनाइज़ेशन एक्ट में 6 साल हो गए, साहब भी इधर ही बैठे हैं, होम मिनिस्टर साहब तो नहीं है। मैं आपके माध्यम से बोलना चाहता हूं कि उसमें कई पेंडिंग चीजों को सेंट्रल गवर्नमेंट को क्लीयर करना चाहिए, सपोर्ट चाहिए। ईवन जो कालेश्वरम प्रोजेक्ट बनाया है, उस कालेश्वरम प्रोजेक्ट की जितनी भी परमीशंस हैं, हम आपके माध्यम से सेंट्रल गवर्नमेंट को धन्यवाद देना चाहते हैं, काफी देर से हम लोगों को परमीशंस मिली हैं, तब जाकर तीन साल के अंदर ये प्रोजेक्ट हम लोगों ने बनाया है।

सभापति जी, इसी के साथ-साथ प्रेजिडेंशियल एड्रेस के नम्बर 26 में प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि, इसमें भी पूरे भारत देश में हमारे तेलंगाना ने किसान के लिए पहले कदम बढ़ाया है। हम लोग राइट बंधु किसान निधि के तहत हर साल एक-एक एकड़ के लिए दस हजार रुपए हर किसान को दे रहे हैं। इसके बाद सेंट्रल गवर्नमेंट भी 6 हजार रुपए दे रही है। हमारे तेलंगाना में हम लोग दस हजार रुपए दे रहे हैं, सेंट्रल गवर्नमेंट से भी 6 हजार रुपए मिल रहे हैं पर एकड़ के लिए। भारत देश में पहली बार किसान के बारे में हमारे नेता के.सी.आर. साहब ने सोचा है। उस तरह से देखें तो हमारा राइट बीमा है। अभी कुछ लोगों ने इंश्योरेंस के बारे में बात की है। हम लोगों ने 5 लाख रुपए के राइट बीमा की सुविधा दी है। उसी तरह से सबसे इम्पोर्टेंट बात एजूकेशन के बारे में

है । तेलंगाना बनने के बाद 6 साल के अंदर 700 रेजीडेंशियल स्कूल्स ओपन किए हैं, एस.सी.,एस.टी., माइनोरिटी और बी.सी. लोगों के लिए।

**माननीय सभापति :** प्लीज कनक्लूड कीजिए।

**श्री नामा नागेश्वर राव :** सर, बस दो मिनट, कम्प्लीट होने वाला है। इसी तरह से मिशन भागीरथ है। ऐसे हमने काफी प्रोजेक्ट्स किए हैं। ईवन 16वीं लोक सभा में जब डिमोनेटाइजेशन का इश्यू आया था, उसे हमारे नेता ने सपोर्ट किया था। देश के डेवलपमेंट के लिए हम लोग सपोर्ट करना चाहते हैं। हमने इसमें में भी सपोर्ट किया और जी.एस.टी. में भी सपोर्ट किया। हम यही चाहते हैं कि हमारा स्टेट 6 साल का नया बच्चा है, उस पर सेंट्रल गवर्नमेंट नजर रखे। उसके साथ-साथ हम एक और बात बोलना चाहते हैं कि इसके पहले वाजपेयी जी के टाइम में प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना और बाकी देश के लिए गोल्डन क्वाड्रिलेट्रल का प्रोजेक्ट स्टार्ट किया था। आज के दिन उसकी वजह से इण्डिया के ट्रांसपोर्ट नेटवर्क में काफी सुधार हआ है।

इसके बाद नेशनल इलेक्ट्रिक ग्रिड को भी हम लोगों ने ओपन किया है। नॉर्थ, साउथ, ईस्ट वेस्ट में ग्रिड भी हो गया है, जिससे कहीं भी पावर को ले जा सकते हैं। आपके माध्यम से मैं सरकार से यह कहना चाहता हूँ कि अभी आप रिवर लिंकिंग का काम कीजिए। नेशनल वाटर लिंकिंग का काम होना चाहिए। उसके अंदर हमारे कालेश्वरम् प्रोजेक्ट को भी सपोर्ट करना चाहिए। उसी तरह से पोल्ट्री का भी इशू, जो खेती के साथ तेलंगाना में नंबर वन है, उसके लिए भी थोड़ा सपोर्ट करें। इन सब बातों के साथ मैंने रेलवे इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए जो बात की है, उसको भी आगे ले जाने हेतु हमारे स्टेट को सपोर्ट देना चाहिए। इन्हीं बातों के साथ हम राष्ट्रपति महोदय के धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करते हैं।

**माननीय सभापति :** माननीय सदस्यगण, आप कृपया समय सीमा का ध्यान रखें। यहाँ से घण्टी बजाना अच्छा नहीं लगता है, लेकिन मज़बूरी में घण्टी बजाना पड़ती है।

श्री अमोल कोल्हे जी।

**DR. AMOL RAMSING KOLHE (SHIRUR):** Thank you, hon. Chairperson for giving me this opportunity to express my thoughts. This is my maiden speech in Parliament.

**माननीय सभापति :** आपका स्वागत है। कृपया बोलिए।

**DR. AMOL RAMSING KOLHE :** Thank you, Sir.

The Speech or the Address delivered by the hon. President had a dream and a vision. It had a lot of praise and appreciation for the Government but I personally found, unfortunately, it lacked the real reflection of our nation.

Hon. President did mention about the clear mandate the Government has got for the second time. But I would like to draw the attention of the House towards a fact that the magnitude of the mandate is directly proportional to the responsibility of the Government. The responsibility to fulfil dreams, the responsibility to fulfil promises और जिस प्रकार किसी सक्सेस का क्रेडिट लिया जाता है, उसी प्रकार किसी शॉर्ट कमिंग का, किसी अपयश का उत्तरदायित्व भी लेना चाहिए । इट्स रिस्पाँसिबिलिटी। यह उत्तरदायित्व सरकार पर है। मेरा यह मानना है कि अगर नदी की धारा को सुनियंत्रित रखना है, तो उसमें अहम् भूमिका नदी के दो तट निभाते हैं। वैसे ही अगर सत्ता या शासन को नदी की बहती हुई धारा माना जाए, तो उसको सुनियंत्रित रखने वाले दो तट होते हैं, एक विपक्ष और दूसरा स्वायत्त संस्थाएँ। एक युवा सांसद होने के नाते मेरी यह अपेक्षा है कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में विपक्ष का सम्मान बना रहे, और जो स्वायत्त संस्था है, जैसे सी.बी.आई. हो, आर.बी.आई. हो, न्याय पालिका हो, इन सबकी स्वायत्ता भी बनी रहे। सांसद होने से पहले, भारत का एक नागरिक होने के नाते पिछले पाँच वर्षों में जिन घटनाओं को मैंने महसूस किया, जो घटनाएं हमने देखीं, जैसे माननीय न्यायाधीश को न्याय की गुहार जनता से लगाते हुए हमने देखा। सी.बी.आई. के बारे में होती हुई घटनाओं को हमने देखा। आर.बी.आई. के गवर्नर के बारे में होती

हुई घटनाओं को हमने देखा, तब कहीं ऐसा लगा कि लोकतंत्र पर आम जनता का जो दृढ़ विश्वास है, इस दृढ़ता को कहीं क्षति न पहुँच जाए। यही अपेक्षा इस सरकार से, इस मेन्डेट वाली सरकार से एक युवा सांसद होने के नाते मैं करता हूँ।

महामहिम राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में किसानों के लिए कई सारी योजनाओं का जिक्र किया, लेकिन मेरा यह मानना है that all these schemes will be effective if and only if these schemes are taken from paper and from Government offices to the doorsteps of the farmer. That is the need of the hour. आज ही महाराष्ट्र से आँकड़े आए हैं। एक बहुत ही शर्मनाक रिकॉर्ड सामने आया है, महाराष्ट्र के किसानों की खुदकुशी के मामले में।

सभापति जी, महाराष्ट्र में आज हर दिन 8 किसान आत्म हत्या कर रहे हैं। यह एक आत्म हत्या नहीं होती, बल्कि एक पूरा परिवार कोलैप्स हो जाता है। एक आत्म हत्या की वजह से पूरे परिवार के सामने अपने भविष्य को लेकर अँधेरा छा जाता है। मेरी सरकार से यह दरख्ावास्त है कि हम किसान सम्मान योजना की बात कर रहे हैं। किसानों का सम्मान हो, किसानों का श्मशान न बने, यह मेरी सरकार से दरख्वास्त है। इसी के साथ एक तरफ हम 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनने की बात कर रहे हैं, और दूसरी तरफ हमारे देश के जो किसान हैं, who comprise 65 per cent of India's population are still waiting for minimum guarantee price for their agriculture produce. अभी हाल ही में जब किसानों के सम्मान की बात की जाए, तो मैं इस बात पर ध्यान आकर्षित करना चाहूँगा कि जो इम्पोर्ट और एक्सपोर्ट पॉलिसीज हैं, उन्हें किसानों के हित में रखा जाए, किसानों के हित में बनाया जाए।

**17.00 hrs**

मैं हाल ही का एक उदाहरण देना चाहूंगा जो प्याज के दाम के मामले में है। जब किसानों के प्याज की फसल बनकर तैयार थी, मार्केट में आने के लिए तैयार थी, उसी वक्त पिछले पंचवार्षिक में ईजिप्ट से, पाकिस्तान से प्याज इंपोर्ट किया गया था और जो महाराष्ट्र के किसान हैं, देश के किसान हैं, उनके प्याज के दाम रॉक बॉटम आए गए थे। इस दुविधा से किसानों को निकालने के लिए जो इंपोर्ट और एक्सपोर्ट पालिसी सरकार की तरफ से बने, उसमें ग्राहक और उत्पादक दोनों का हित देखा जाए। अगर यह हित देखा जाए, तो मुझे लगता है कि जिन योजनाओं के माध्यम से हम लोग किसान सम्मान की बात कर रहे हैं, इससे सही मामले में किसानों को सम्मान दिया जाएगा। As we are seeing, the monsoon has been delayed. किसानों के हाथ से जो खरीफ का सीज़न है, वह ऑलरेडी चला गया है। मेरा यह कहना है और मेरा यह सरकार से अनुरोध है कि जो किसान सूखे प्रभावित क्षेत्रों से आते हैं, सूखे प्रभावित राज्यों से आते हैं, उनकी राहत के लिए जल्द से जल्द कदम उठाए जाएं, तभी जाकर sixty-five per cent of the population की जो जरूरत है, उसका ख्याल रखा जा सकेगा।

महोदय, महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में पशुधन के बारे में, पशुधन के विकास के बारे में, उनके आयोग्य के बारे में बात कही गई है। इसी मामले में एक बहुत अहम मुद्दे पर मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा जो महाराष्ट्र का है, वह है बुलक कार्ट रेस या जिसे हम बैलगाड़ी शर्यत कहते हैं। This tradition is for more than 400 years which is facing ban since 2011. Bull, though it is a domestic animal, yet was included in Government gazette as a protected animal and that is why there was a ban on bullock cart racing. But let me tell you that bullock cart racing is not only a means of entertainment but it could be a potential source to strengthen the rural economy. क्योंकि इसमें न सिर्फ बैलगाड़ी मालिक शामिल होते हैं, बल्कि इसमें जो छोटे-बड़े व्यापारी होते हैं, आइसफ्रूट बेचने वाले से लेकर, भेल बेचने वाले से लेकर, ट्रांसपोर्टेशन वाले तक,

ये रुरल इकोनॉमी को बहुत मजबूत करने वाला मुद्दा बन सकता है। ऐसा मेरा अनुमान है और ऐसा मेरा मानना भी है। अगर हम इसके दूसरे पहलू पर नज़र डालें, तो यह एक चिंताजनक बात है। जो बैल बैलगाड़ी रेसिंग के लिए इस्तेमाल होते हैं, ये खिलार नाम के देशी गोवंश से आते हैं। यह खिलार नाम का देशी गोवंश है, जहां की गायें होती हैं, इनमें दूध की मात्रा कम होती है। फिर भी महाराष्ट्र के किसान इन गायों का पालन-पोषण करते हैं, क्योंकि बुलक कार्ट रेसिंग के लिए बैलों की उपज की जा सके। लेकिन इस बैन की वजह से या सूखे की वजह से एक तरफ जब सरकार गोवंश हत्या प्रतिबंध की बात कर रही है, तो उसी तरफ इस बैन की वजह से दूध की मात्रा कम होने की वजह से खिलार बैल उनका इस्तेमाल खेती के कामों में नहीं किया जा सकता है। इसलिए मजबूरन किसानों को खिलार गोवंश के लिए स्लॉटर हाउस का रुख करना पड़ रहा है। इसलिए मेरी सरकार से गुजारिश है कि इस देशी गोवंश को बचाने के लिए और इस परंपरा को बचाने के लिए बुलक कार्ट रेसिंग के लिए आर्डिनेंस पास किया जाए।

महोदय, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में आदिवासी भाइयों के लिए भी बातें कही गई हैं। मैं जिस चुनाव क्षेत्र से आता हूं, उसमें तीन ऐसी तहसील हैं, जिनमें आदिवासी भाइयों का निवास है। सह्याद्रि के जो रेंजर्स हैं, जो पश्चिम घाटी है, इस पश्चिम घाटी में कई सारी वनौषधि भी है। जहां एक तरफ हम आयुष मंत्रालय और आयुर्वेद को मुख्य पटल पर लाने की बात कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ इन वनौषधियों पर संशोधन करने वाला एक राष्ट्रीय संशोधन केन्द्र बनाया जाए, ताकि इन वनौषधियों को साइंटिफिकली लोगों के सामने लाया जाए और साइंटिफिकली इनका इस्तेमाल आयुर्वेद में किया जा सके।

महोदय, एक और बात की तरफ भी मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। इस ट्राइबल संसदीय क्षेत्र में बीएसएनएल की कनेक्टिविटी नहीं है। जब भी कोई नैसर्गिक आपत्ति आती है, जब भी कोई मेडिकल इमरजेन्सी आती है, जो चार-पांच साल पहले आई थी, मालिन जैसा एक पूरा गांव का गांव लैंडस्लाइड से दब गया था, लेकिन बीएसएनएल की कनेक्टिविटी नहीं है। बीएसएनएल के अधिकारियों से जब मैंने वार्तालाप की तो I was shocked to know, the

officers told me that the electric supply for the BSNL towers was cut off because BSNL has not been able to pay electricity bills. इसी बात को लेकर मैं पीएसयूएज की तरफ एक इशारा करना चाहता हूं। मेरा यह मानना है कि इन पीएसयूएज के बारे में माननीय भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री जी सदन में नहीं हैं, जो पीएसयू के बारे में भलीभांति जानते हैं।

पीएसयूज को स्ट्रेंथन करने के मामले में सरकार को कदम उठाना होगा क्योंकि युवा होने के नाते हमारे ज़ेहन में बहुत सारे सवाल हैं। हमारे ज़ेहन में यह सवाल आता है कि बीएसएनल की कहीं ऐसी तो अवस्था नहीं हुई कि हमारी संस्कृति है- 'जीओ और जीने दो'। बीएसएनल के एम्लॉइज ऐसे तो नहीं बोल रहे कि जीओ भाई हमें भी जीने दो। यह तो बात नहीं हो रही ना, जैसा बीएसएनल को देख कर लगता है। जब राफेल के असेम्बली की डील आती है तब यह सवाल एक युवा के मन में हमेशा उठता है कि यह असेम्बली की डील हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स जैसे पीएसयू को क्यों नहीं दी जाती? ओएनजीसी जैसे पीएसयू को एक प्राइवेट सेक्टर से इक्वल कम्पीटिशन का सहारा क्यों नहीं दिया जाता? ऐसे तो नहीं होता है कि किसी के हाथ-पैर बांध कर उस पर इल्जाम तो नहीं लगाया जाता कि आप घूम नहीं सकते।

अंत में दो-तीन चीज़ों पर ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। एक है- हेल्थ के बारे में। यह बहुत इम्पोर्टेंट मामला है, इसलिए मेरा निवेदन है कि इस मामले को मुझे उठाने दिया जाए। हेल्थ के मामले में जहाँ एक विडम्बना देश में ऐसी है कि जहाँ एक तरफ देश में जय श्रीराम के नारे लगते हैं, उसी वक्त कहीं न कहीं देश में राम नाम सत्य है, की सिसकियाँ भी सुनाई दी जाती हैं और जब यह सिसकियाँ सुनाई देती हैं, तब हाथ में देश के भविष्य की लाशें होती हैं। चाहे बिहार में चमकी फीवर की बात है या फिर पिछले साल उत्तर प्रदेश में ऑक्सीजन की सप्लाई की वजह से आई हुई बात हो। इस बात को लेकर एक बहुत अहम मुद्दा सामने आता है वह है- माल न्यूट्रिशन। जब हम लोग देश को एक सर्वश्रेष्ठ शक्ति बनाने की बात करते हैं तो यह Malnutrition makes children vulnerable to infectious diseases और इसलिए आईसीडीएस की स्कीम के तहत जो मात्रा

में कमी की गई है, जो फंड में स्लैश किया गया है, वह मात्रा वापस बढ़ा दी जाए ताकि इस माल न्यूट्रिशन का ख्याल रखा जाए।

I would like to focus on another aspect of health. We should condemn the attacks on medical professionals, be they in private sector or Government sector. But at the same time, क्योंकि कोई बच्चा अगर डॉक्टर बनता है, तो डिग्री लड़के को मिलती है, डिग्री लड़की को मिलती है लेकिन सपना पूरे घर का पूरा होता है। अगर आप आगे जाकर सीबीएसई, आईसीएसई के टॉपर का अंदाजा लेंगे तो यह सामने आता है कि No more do these people want to take up medical profession as their career of choice. इसलिए टर्शियरी केयर में प्रोटेक्शन के साथ, कम्युनिकेशन स्किल के साथ बेसिक एमीनिटीज भी आनी चाहिए तब जाकर आयुष्मान भारत सही में आयुष्मान होगा।

**सभापति महोदय :** अब समाप्त कीजिए।

**डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे :** अंत में सिर्फ दो बातों की तरफ ध्यान दिलाना चाहूँगा। जैसे हायर एजुकेशन में महामहिम राष्ट्रपति जी की स्पीच में बोला गया है कि 2024 तक सीटों की संख्या डेढ़ गुना करने की गुंजाइश की गई है, जिसका मैं अभिनन्दन करता हूँ लेकिन उसी के साथ इस बात पर भी ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ कि अभी भारत में अन-एम्प्लॉयमेंट का प्रमाण 6.1 परसेंट है और In urban population, the proportion is 7.8 per cent. So, the time has arrived that हम आने वाली पीढ़ी को परीक्षार्थियों से वापस विद्यार्थी बनाए। सिर्फ सीटें बढ़ाने से अच्छा हैं एजुकेशन में एम्प्लायबिलिटी भी आनी चाहिए। ऐसा मेरा मानना है। 2027 में India will become the highest population when we will cross China.

**सभापति महोदय :** थैंक यू।

**डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे :** सर, सिर्फ अंतिम बात बोलना चाहूँगा। As this is my maiden speech, I would request you to give me some more time.

**सभापति महोदय :** जल्दी समाप्त कीजिए।

**डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे :** सर, पॉपुलेशन के बारे में अनुराग जी मैं यही कहना चाहूँगा, आपको धन्यवाद देता हूँ, 2027 में जब हम चीन की आबादी को हम क्रॉस करेंगे तो उस वक्त जिन बच्चों के हाथ में देश की कमान होगी, जिन युवाओं के हाथ में देश की कमान होगी वह आज 10, 12, 14 साल के बच्चे हैं, इसलिए शिक्षा प्रणाली में जो सबसे बड़े आबादी वाले देश की कमान सम्भाल सके, ऐसी युवा-पीढ़ी को तैयार करने के लिए शिक्षा प्रणाली में आमूल बदलाव की सम्भावना है, आमूल बदलाव की ज़रूरत है।

महामहिम राष्ट्रपति जी ने अंत में अपने अभिभाषण में स्टेच्यु ऑफ यूनिटी का जिक्र किया है। उसी प्रकार एक बहुत अहम मुद्दे पर मैं आप सब का ध्यान आकर्षित करना चाहूँगा। एक नेशनल हीरो से हमें हमेशा प्रेरणा मिलती है। जिस महाराष्ट्र से मैं आता हूँ, उस महाराष्ट्र में एक बहुत बड़े नेशनल हीरो है, जो छत्रपति शिवाजी महाराज है। He was the only king in the entire world who was not born as a king. He never betrayed anyone to become a king. He sworn himself as a king and till the time he passed away, he was a king. None of the great seventeen kings in the world stand on this criteria. इसलिए इतनी बड़ी मेनडेट वाली सरकार से मेरी गुजारिश है कि अगर लोकतंत्र की एक बहुत बड़ी आदरांजलि छत्रपति शिवाजी महाराज को देना चाहे, क्योंकि शिवाजी महाराज लोकतंत्र के पहले उदगाता माने जाते हैं ।

17वीं शताब्दी में जब साम्राज्यवाद था तब वे इकलौते राजा ऐसे थे, जिन्होंने अपना पूरा साम्राज्य खड़ा किया, लेकिन उसे अपने नाम पर नहीं, अपने कुल के नाम पर नहीं, बल्कि लोगों के नाम पर "रयते राज्य" खड़ा किया, जिसे स्वराज्य कहते हैं। इसलिए इतनी बड़ी मैन्डेट वाली सरकार से मेरी यह अपेक्षा है कि लोकतंत्र के पहले उद्गाता का सबसे उचित स्मारक वही होगा, जब स्वराज की राजधानी किले रायगढ़ को 17वीं सदी में जैसा किला रायगढ़ था, वैसे के वैसे उसे बनाया जाए। अगर यह बनाया गया तो यह विश्व का 8वाँ अजूबा होगा। मेरी सरकार से गुजारिश है

कि अगली बार जब स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के बारे में सुनने को आए तो उसमें छत्रपति शिवाजी महाराज के बारे में सुनने को मिले।

मैं आपका शुक्रगुजार हूँ, मैं आपको धन्यवाद देता हूँ और अंत में इतना ही कहता हूँ कि युवा भारत उस सुबह की तलाश में है, उस दिन की तलाश में है, जिस दिन आने वाला हर इंसान किसी दूसरे इंसान को अपनी जाति से नहीं, धर्म से नहीं, बल्कि सिर्फ इंसानियत के नाम से पहचाने। इस प्रतीक्षा में युवा भारत है। धन्यवाद। जय शिवराय।

**डॉ. (प्रो.) किरिट प्रेमजीभाई सोलंकी (अहमदाबाद पश्चिम):** महोदय, मैं आपका बहुत-बहुत आभारी हूँ कि आपने मुझे बहुत ही महत्वपूर्ण विषय यानी कि महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर बोलने की अनुमति दी है।

यह धन्यवाद प्रस्ताव हमारे सांसद और मंत्री श्री सारंगी जी ने रखा था, उसका अनुमोदन डॉ. हिना गावीत जी ने किया था, आज मैं उसके समर्थन के लिए खड़ा हुआ हूँ।

महोदय, मैं आपको स्मरण दिलाता हूँ कि यह जो वर्ष 2019 का चुनाव हुआ, वर्ष 2019 का चुनाव 5 साल के कार्यकाल के बाद लोगों के सामने अपना लेखा-जोखा रखकर करने का चुनाव हुआ था। देश की जनता और देश के पण्डित अलग-अलग प्रकार की बातें करते थे, मगर नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में यह चुनाव लड़ा गया, हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित भाई शाह के नेतृत्व में यह चुनाव लड़ा गया। लोग कहते हैं कि वर्ष 2014 के चुनाव में नरेन्द्र मोदी की लहर थी, मगर इस बार नरेन्द्र मोदी की लहर नहीं थी, इस बार नरेन्द्र मोदी की सुनामी थी और इस सुनामी में पूरा विपक्ष ध्वस्त हो गया है और नरेन्द्र मोदी जी जननायक के रूप में उभरकर आए हैं। आज हमारे कांग्रेस के जो नेता हैं, वैसे तो कांग्रेस के पास विपक्ष का नेता बनने लायक संख्या भी नहीं हैं, मगर वे नेता हैं, हम उनका सम्मान करते हैं। वे बहुत वरिष्ठ हैं। जब वे ऐसे पद पर बैठे हैं, तो उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के समय जो कहा, मैं उस पर आपत्ति जताना चाहता हूँ। देश के करोड़ों लोगों की जिन पर आस्था है, ऐसे नरेन्द्र मोदी जी के बारे में, हमारे प्रधान मंत्री जी के बारे में उन्होंने जिन शब्दों का प्रयोग किया था, मैं आपके माध्यम से उस पर कड़ी आपत्ति जताना चाहता हूँ। उन्हें ऐसी अगरिमापूर्ण भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, क्योंकि वे देश के प्रधान मंत्री हैं। ये ऐसे प्रधान मंत्री हैं, देश की सीमाओं को छोड़कर, पूरे विश्व में भी उन्हें आदर मिलता है। ये भारत की प्रतिष्ठा को आगे ले जाते हैं। ऐसे प्रधान मंत्री के बारे में उन्होंने इस प्रकार की जो बातें कीं, मैं उनकी घोर निन्दा करता हूँ। उन्होंने ऐसा भी कहा कि यह सरकार, नरेन्द्र मोदी जी की सरकार हमारी पुरानी स्कीमों को लेकर आगे चलती है। उन्होंने जिक्र किया कि हमारी राजीव गाँधी

विद्युतीकरण योजना को ये “पंडित दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना” के नाम से लेकर आए हैं। वे यहाँ उपस्थित नहीं हैं, लेकिन उनके मित्र यहाँ बैठे हैं और अन्य सभी लोग यहाँ पर हैं।

महोदय, मैं आपके माध्यम से उनको स्मरण दिलाना चाहता हूँ कि आपकी राजीव गाँधी योजना में देश में 18 हजार गाँवों में बिजली नहीं पहुँची थी। अगर गाँवों में किसी ने बिजली पहुँचाने का कार्य किया है, तो नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने किया है। जो गरीब के घर में बिजली का गोला पहुँचाने का कार्य किया है, तो वह नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने किया है। उन्होंने ऐसा भी कहा कि हमारा निर्मल भारत आपने “स्वच्छता मिशन” को लेकर आगे बढ़ाया है। मैं उनको बताना चाहता हूँ कि आपका निर्मल भारत सिर्फ कागज पर लिखा हुआ था, अगर उसको किसी ने धरती पर उतारने का कार्य किया है, उसे जन-जन तक ले जाने का कार्य किया है, तो वह नरेन्द्र मोदी जी ने किया है। मैं आपसे कहता हूँ कि आप भी अपने दिल पर हाथ रखकर कहिए कि जिस प्रकार से “स्वच्छ अभियान” की मुहिम चली है, बच्चा-बच्चा, युवा और सभी वर्ग के लोग इससे जुड़े हुए हैं, ऐसा उन्होंने सुशासन के जरिए किया है।

आपने कहा कि ‘इन्दिरा आवास योजना’ आपकी थी। नरेन्द्र मोदी जी की ‘प्रधान मंत्री आवास योजना’ है। अगर इसकी और ‘इन्दिरा आवास योजना’ की तुलना की जाए तो उससे करीब तीन से चार गुणा ज्यादा की लागत से आज ‘प्रधान मंत्री आवास योजना’ बनती है। पहले की ‘इन्दिरा आवास योजना’ के आवास को हमने देखा है, मगर आज की ‘प्रधान मंत्री आवास योजना’ के जो आवास हैं, उनमें पानी है, बिजली है, शौचालय है और सभी प्रकार की सुविधाएं हैं। जब एक गरीब व्यक्ति उसमें रहने जाता है तो एक सम्मान के साथ जाता है। उनके बच्चे भी सम्मान के साथ जाते हैं। उनके बच्चे अपने स्कूली मित्रों को अपने घरों पर एक स्वाभिमान के साथ आमंत्रित भी कर सकते हैं। पहले की योजना में इस तरह के आवास नहीं होते थे।

आपने ‘आधार’ का कार्यक्रम किया। आपने जिक्र नहीं किया। आपने जी.एस.टी. कार्यक्रम किया था। आपने ही किया था, मैं आपसे सहमत हूं, मगर आज ‘आधार’ कार्यक्रम में नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने करीब 100 करोड़ से ज्यादा आधार कार्ड्स निकाल कर उसे ज़मीन पर लाया है।

डी.बी.टी. की करीब 400-450 योजनाओं के पैसे 'आधार' के तहत गरीबों के हाथों में जाते हैं। काँग्रेस के वक्त में ये पैसे बिचौलिए के हाथों में चले जाते थे। उस समय पैसों का लीकेज होता था। आज यदि नरेन्द्र मोदी सरकार एक रुपया भेजती है तो 100 पैसे उसके खाते में जमा होते हैं, यह वास्तविकता है।

मैं जी.एस.टी. की बात करूं तो वह आप लोग लाए थे और मैं आपको बधाई भी देता हूं। मगर, आपके पास वह विल-पावर नहीं थी, जो नरेन्द्र मोदी जी में थी। आज जिस प्रकार से जी.एस.टी. आया है, पूरे देश में एक टैक्स का जो कार्य किया गया है, उस पर आपको बोलने का अधिकार नहीं है।

अब मैं स्कीम्स के बारे में बताता हूं। आपकी सरकार में पंडित जवाहर लाल नेहरू के नाम पर जे.एन.एन.यू.आर.एम. योजना थी। आपके वक्त इन्दिरा गांधी आवास योजना थी। आपके वक्त राजीव गांधी के नाम पर आवास योजना थी। एक ही परिवार के नाम पर अलग-अलग योजनाएं रहती थीं। यहां प्रधान मंत्री नरेन्द्र भाई मोदी या उनके कुटुम्ब के किसी व्यक्ति के नाम पर कोई योजना नहीं है, अगर कोई भी योजना है, वह प्रधान मंत्री के नाम से है। इसलिए आपको इस पर बात करने का अधिकार नहीं है।...(व्यवधान) आप बैठिए, मैं विनम्रता से कहता हूं।...(व्यवधान) आपको सुनना पड़ेगा।...(व्यवधान) देश की जनता ने प्रचंड बहुमत से यह सरकार बनाई है।...(व्यवधान)

मैं अधीर रंजन जी से यह कहना चाहता हूं और एक मित्र भाव से मैं इन्हें कहना चाहता हूं कि आपने प्रधान मंत्री जी के बारे में जिन शब्दों का प्रयोग किया है, आपके काँग्रेस अध्यक्ष ने भी चुनावों के समय और उसके पहले यह किया था और देश की प्रजा ने उनका क्या हाल किया? उन्हें कौन-से स्थान पर ला दिया, अधीर रंजन जी, आपको यह देखना चाहिए।

मैं पेशे से डॉक्टर हूं। I am a surgeon. I am a professor of Surgery in Medical College in my *kshetra*. मैं अगर ज्यादा बात कहूंगा तो मैं स्वास्थ्य सुविधाओं की बात कहूंगा। इस देश को आज़ाद हुए 70 साल हुए हैं, मगर स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर हमारे देश में कोई भी

ठोस योजना नहीं बनाई गयी थी। नरेन्द्र मोदी जी ने 'आयुष्मान भारत', 'प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना' बनाई। लोग पॉपुलर्ली 'मोदीकेयर योजना' को जानते हैं। उन्होंने एक ऐसी योजना बनाई जो देश में ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में आपको इस तरह की योजना देखने को नहीं मिलेगी। यहां करीबन दस करोड़ परिवारों को, यानी देश की आधी आबादी को, हर परिवार को पाँच लाख रुपये सालाना का हेल्थ केयर मिलता है। मैं नहीं समझता हूं कि ऐसी कोई योजना हुई है। हमारे पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी, जो हमारे आदर्श थे, उनकी जन्म तिथि पर यह हुई है। वे अंत्योदय की थ्योरी लेकर आगे चलते थे। वे कहते थे कि हमें उसकी चिंता करनी है, जो पिछली पायदान पर बैठा है। उनके जन्मदिन पर पिछले साल प्रधान मंत्री जी ने इसकी घोषणा की थी। आज मैं फ़ख्र के साथ कहता हूं कि करीबन 27 लाख लोगों ने इस योजना का लाभ लिया है और हम सबकी मंशा है कि आगे इस योजना को घर-घर तक पहुँचाएंगे, ताकि गरीब को उसका हक़ मिल सके। कई विपक्ष शासित राज्य हैं, मैं उनके नाम भी दूंगा, जैसे पश्चिम बंगाल हो या दिल्ली हो, ये इस योजना को लागू नहीं करते हैं। यह योजना एक ऐसी योजना है, जो ऑनलाइन है, कैशलेस है। इसके अन्तर्गत मरीज़ किसी भी ज़गह पर जाता है, चाहे वह गुजरात का हो और महाराष्ट्र में गया तो महाराष्ट्र में भी उसे कैशलेस योजना का लाभ मिलता है।

इसमें टर्शिअरी केयर तथा सेकेंडरी केयर की सभी सुविधाओं का लाभ मिलता है। अगर मैं अलग-अलग रोगों की गिनती करूँ तो करीब 1300 से ज्यादा रोग हैं, चाहे वह लीवर का हो, चाहे किडनी का हो, चाहे वह हृदय का हो, चाहे वह किसी भी प्रकार का रोग हो, उसमें शामिल है। जो पुराने रोग हैं, उन रोगों को भी शामिल करने का कार्य नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने किया है। मैं समझता हूं कि पूरे विश्व में ऐसी योजना नहीं है। इस योजना के संबंध में अगर हम आबादी को गिनेंगे तो अमेरिका की जनसंख्या, कनाडा की जनसंख्या और मैक्सिको की जनसंख्या को मिलाइए, तो यह उससे भी बड़ी योजना है। मैं समझता हूं कि प्रधान मंत्री जी को जो प्रचंड बहुमत मिला है, आपको भी पॉजिटिव तरीके से देखना पड़ेगा, क्योंकि प्रधान मंत्री जी ने जितनी भी योजना बनाने का काम किया है, वह पिछड़ी पंक्ति में बैठे हुए गरीबों के लिए बनाया है। चाहे वह

उज्ज्वला योजना हो, चाहे आयुष्मान भारत योजना हो, इस प्रकार की योजनाओं की जरिए प्रधान मंत्री जी ने जो काम किया है, उसके लिए मैं प्रधान मंत्री जी का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं।

इसमें बहुत सारी बीमारियां भी शामिल हैं। प्रधान मंत्री जन धन योजना में कई सारे लोगों को पैसे के बिना भी सीधे लाभ हुआ है। इसको आधार के जरिए भी जोड़ने की जरूरत नहीं है। ऐसे भी उनको इसका लाभ मिलता है। इसमें राज्य तथा केन्द्र की जिम्मेदारी होती है। दोनों को साथ रहकर इस योजना को आगे बढ़ाना चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से कई राज्य इसमें सहयोग नहीं दे रहे हैं। मैं समझता हूं कि यह गरीबों का अपमान है और आने वाले चुनावों में ऐसे राज्य सरकारों को गरीब लोग सबक सीखा देंगे, ऐसा मुझे पूरा विश्वास है।

जब पहले कोई गरीब बीमार होता था, तो वह लाख, दो लाख रुपये का उपचार नहीं करवा सकता था। आज गरीब एक हक के साथ अपना गोल्डेन कार्ड लेकर उपचार करवा सकता है। मैं मेडिकल प्रोफेसर हूं। मेडिकल एजुकेशन और हॉस्पिटल के बारे में सरकार ने जो योजना बनायी है, 20 नए सुपर स्पेशियलिटी एम्स जैसे हॉस्पिटल खुलने वाले हैं। यह नरेन्द्र मोदी सरकार का निर्णय है। इनमें से एक झारखंड और दूसरा गुजरात के राजकोट में नए एम्स खुलने वाले हैं।

महोदय, मैं आपके माध्यम से प्रधान मंत्री जी का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं। करीब 73 सरकारी मेडिकल कॉलेज़ज अपग्रेड किए जाएंगी। एम्स जैसे हॉस्पिटल्स में 1675 बेड्स की संख्या बढ़ायी जाएगी। यह नरेन्द्र मोदी सरकार का निर्णय है। पूरे देश में कुल 92 नए मेडिकल कॉलेज खुलेंगे। तीन डिस्ट्रिक्ट्स के बीच में एक मेडिकल कॉलेज खुलेगा। आज हमारे स्वास्थ्य सुविधा में अगर सबसे बड़ी कोई चुनौती है, तो रूरल हैल्थ केयर को एड्रेस करना चुनौती है। मैं समझता हूं कि जब मेडिकल कॉलेज बनेगा, तब गांवों में भी मेडिकल की सुविधा मिल सकेगी। एमबीबीएस की 15354 सीटें बढ़ेंगी और डॉक्टरों की जो कमी है, उसकी भी पूर्ति होगी। जहां तक जहां तक पीजी की सीटों का सवाल है, एमएस एमडी का सवाल है, इसमें करीब 12646 सीट्स बढ़ने वाली हैं और कई सारी सुपर स्पेशियलिटी सीट्स भी बढ़ने वाली हैं।

अगर मैं पीएचसी के बारे में बताऊं तो पूरे देश में करीब डेढ़ लाख पीएचसी फैले हुए हैं। प्रधान मंत्री जी ने निश्चय किया है कि उसको अपग्रेड करके वैलनेस सेन्टर के तौर पर निर्माण किया जाएगा। वहां इलाज तो होगा, मगर वहां प्रिवेन्टिव भी होगा, नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने इस काम को किया है।

सभापति जी, योगा को हॉलिस्टिक तरीके से जो बढ़ावा दिया गया है, पहले भी हमारे कई वक्ताओं ने योगा के बारे में बोला है। अभी 21 जून को पाँचवां योगा इंटरनेशनल डे मनाया गया। हमने देखा कि यह न सिर्फ भारत में बल्कि विदेश के सभी बड़े-बड़े शहरों में, यूएन में, दुबई में, मुस्लिम कंट्रीज़ में लोगों ने योग का प्रयोग किया। मैं समझता हूं कि प्रधान मंत्री जी के एक वाक्य पर 190 से ज्यादा देशों ने योगा को स्वीकार किया। मैं समझता हूं कि यह योगा और प्रधान मंत्री जी की एक्सेप्टिबिलिटी है।

जहां तक वैश्विक टीबी का सवाल है, टीबी को हमारे यहां राजरोग माना जाता था। पहले जिसको टीबी होता था, वह अपने आपको ऐसा समझ लेता था कि वह ज्यादा टिकने वाला नहीं है। डब्ल्यूएचओ और यूएन ने वर्ष 2030 तक टीबी को समाप्त करने का निर्णय लिया है। मुझे एक डॉक्टर होने के नाते गर्व है कि हमारे प्रधान मंत्री ने 5 साल पहले टीबी को यहां से उखाड़ कर फेंक देने का निर्णय लिया है। यह निर्णय ऐसे नहीं लिया है। इसके लिए 4 लाख से अधिक डीओटी केन्द्र हैं, जहां डायरेक्ट ऑब्जर्वेशन ट्रीटमेंट के जरिए मरीज को दवाई दी जाती है। जहां एक्टिव केस का पता लगाने के लिए करीबन साढ़े पांच करोड़ लोगों के घर-घर जाकर उनकी स्क्रीनिंग करते हैं। सभी टीबी रोगियों का पोषण इम्प्रूव करने के लिए नरेन्द्र मोदी की सरकार 500 रुपये प्रति माह देगी और वह डॉयरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर के माध्यम से से देगी।

मिशन इंद्रधनुष के बारे में बहुत सारी बातें हैं। यह सरकार का ठोस निर्णय है। वैक्सिनेशन के जरिए, महिलाएं हों या बच्चे हों, करोड़ों लोगों तक यह योजना पहुंची है। पल्स पोलियो का जिस प्रकार से काम किया गया है, मैं समझता हूं कि हमारे लिए एक राष्ट्रीय गौरव का विषय है। प्रधान मंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम, आज गुर्दे के रोग बहुत होते जा रहे हैं। कई लोगों को किडनी

ट्रांसप्लांट कराना पड़ता है। प्रधान मंत्री जी ने गरीब के लिए नि:शुल्क डायलिसिस केन्द्र डिस्ट्रिक्ट लेवल पर खोले हैं। वहां पर उनको नि:शुल्क सुविधा दी जाती है। मैं समझता हूं कि प्रधान मंत्री जन औषधि केन्द्र के द्वारा औषधियों के दामों को 60 से 80 प्रतिशत कम किया गया है। टीबी, कैंसर और हार्ट की दवाइयों के दामों में और भी गिरावट की है। पहले कार्डिएक स्टैंट लाखों में डालते थे, आपको मेडिकेटेड स्टैंट चाहिए या नॉन मेडिकेटेड स्टैंट चाहिए, इन बातों पर लोगों को बहुत पैसा खर्च करना पड़ता था। प्रधान मंत्री जी ने उसकी एमआरपी फिक्स की है और करीब 30 से 35 हजार रुपये में स्टैंट मिलता है। इसी प्रकार ज्वाइंट रिप्लेसमेंट भी प्रधान मंत्री जी की इस योजना के तहत होता है।

मैं कुछ बात सामाजिक न्याय की भी करूंगा। प्रिवेंशन ऑफ एट्रोसिटी एक्ट, 1989 में तत्कालीन विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार लाई थी। इसके पहले कांग्रेस ने कभी भी एससी, एसटी के लिए एट्रोसिटी एक्ट का कोई प्रावधान नहीं किया था, सोचा भी नहीं था। उस समय, अभी के हमारे मंत्री श्री रामविलास पासवान जी जो एक्ट लाए थे, यह उनके हाथों से हुआ था। वर्षों तक ऐसे ही चलता रहा। उसमें कुछ कमजोरियां थीं। कांग्रेस की सरकार कई बार आई, मगर उस एक्ट में कोई भी परिवर्तन नहीं किया था। मैं फख्र के साथ कहता हूं कि वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी जी की सरकार आई और वर्ष 2015 में एट्रोसिटी एक्ट में परिवर्तन किया गया। उनको नाखून दिए गए। उनको और कड़ा किया और करीब 25 और गुनाहों को उसमें शामिल करके उस एक्ट को मजबूत किया गया।

अनफार्चुनेटली, सुप्रीम कोर्ट के एक जजमेंट से उस एक्ट को डायलूट किया गया था, मगर मोदी सरकार ने पिछले सत्र में उस एक्ट को बरकरार रखने का कार्य किया। पूर्व में जिस स्थिति में था, उसी स्थिति में लाने का कार्य किया था। इसे गरीबों, दलितों, एससी, एसटी के लिए नरेन्द्र मोदी सरकार ने किया था।

यूजीसी का एक फैसला आया था। यह फैसला ऐसा था कि एससी, एसटी, ओबीसी और विकलांग को जो रिजर्वेशन मिलता है, उसमें 200 प्वाइंट्स का रोस्टर होता था, उसके बजाय 13

प्वाइंट्स का रोस्टर रखा गया। मोदी सरकार ने उसको सुप्रीम कोर्ट में चुनौती थी, मगर सुप्रीम कोर्ट ने इस बात को नकार दिया था। यही मोदी सरकार थी, जिसने अध्यादेश लाकर चुनाव के पहले उस 200 प्वाइंट्स रोस्टर को बरकरार रखने का कार्य किया था। जो नेशनल कमीशन फॉर बैकवर्ड क्लास है, इनका भी अगर किसी ने किया है, तो मोदी सरकार ने किया है।

मैं बाबा साहब अंबेडकर की बात करके अपनी बात को समाप्त करूंगा। बाबा साहब अंबेडकर का अपमान कांग्रेस ने हर मौके पर किया था। बाबा साहब अंबेडकर को भारत रत्न कांग्रेस के वक्त में नहीं मिला था। यहां बगल में केन्द्रीय हॉल है। यहां बाबा साहब अंबेडकर ने अपना लिखा हुआ संविधान राष्ट्रपति जी के हस्तों में प्रस्तुत किया था।

जहां संविधान प्रस्तुत किया था, उनका वहां तैल चित्र नहीं रखा गया था, वहां सभी नेताओं के तैल चित्र थे लेकिन बाबा साहब का तैल चित्र नहीं था। मुझे स्मरण है कि हमार स्वर्गीय नेता अटल बिहारी वाजपेयी जी ने उस वक्त के प्रधान मंत्री को निवेदन किया कि बाबा साहब का तैल चित्र रखा जाए। प्रधान मंत्री ने क्या जवाब दिया ? प्रधान मंत्री ने जवाब दिया कि सेंट्रल हॉल की दीवार पर जगह नहीं है। तब वाजपेयी जी ने कहा था कि सेंट्रल हॉल की दीवार पर जगह तो है मगर कांग्रेस के दिल में जगह नहीं है। इस प्रकार का अन्याय बाबा साहब के प्रति किया गया था। मैं बाबा साहब अम्बेडकर के पंचतीर्थ की बात करूं, उनका जन्म मध्य प्रदेश के महु में हुआ था, बाबा साहब जहां नागपुर में दीक्षा ली थी, बाबा साहब अम्बेडकर ने जहां अंतिम सांस ली थी। 26 अलीपुर रोड, दिल्ली, बाबा साहब अम्बेडकर की अंतिम यात्रा बम्बई की इन्दु मिल के पास निकली थी,भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने वहां स्मारक बनाया था। आज दिल्ली में इतने बड़े व्यक्ति का जिन्होंने देश को संविधान दिया था, उनका कोई स्मारक नहीं था। नरेन्द्र मोदी जी ने 2014 में 15 जनपथ रोड पर एक इंटरनेशनल स्मारक बनाया, मोदी जी ने शिलान्यास भी किया, इसका उद्घाटन या लोकार्पण भी मोदी जी ने किया। यह मोदी जी का उनके प्रति सम्मान बताता है। इसी प्रकार 26 अलीपुर रोड में निजी सम्पत्ति थी, अटल जी ने वह सम्पत्ति खरीदी थी और वहां बाबा साहब का एक भव्य स्मारक बनाने का संकल्प किया था। उसके बाद आपकी यूपीए-1 आई और उसके बाद

यूपीए-2 आई, दस साल में आपने कुछ नहीं किया, वह नरेन्द्र मोदी थे जिन्होंने वहां स्मारक बनाया, दिल्ली में मेमोरियल बनाया। मैं आपसे इतना ही कहना चाहता हूं कि मोदी जी की सरकार, मुझे पूरा स्मरण है कि इसी प्रकार 2014 में राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर मोदी जी इसी सदन में जब जवाब देने गए थे, उनके शब्द मुझे याद हैं। उन्होंने उस वक्त कहा था, मेरी सरकार गरीबों के प्रति समर्पित रहेगी, मेरी सरकार महिला, दलित और वनवासियों के प्रति समर्पित रहेगी। यह अपने कार्यकाल में उन्होंने सिद्ध कर दिया है कि यह सरकार गरीबों के लिए है। आप लोग जब तक गरीबों का साथ नहीं देंगे, आपका जो ये हाल हुआ, उससे भी बेहाल होगा। इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपका बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं।

**SHRI P.K. KUNHALIKUTTY (MALAPPURAM):** Respected Chairman, Sir, I stand to oppose the Motion of Thanks on the President's Address. It seems that the very slogan of this Government is to do nothing but did market well. They always think like that. This time, of course, the Government has sold it well. I must say this. But it will not be like that always. The people of this country cannot be fooled forever. That is the basic principle of democracy.

Respected Chairman, Sir, they have not solved any of the problems that this country is severely facing during their last term of the Government. This morning, our Adhir Ranjan Chowdhury had mentioned about the work done during the regime of the successive Congress governments or the successive UPA governments. The UPA Government was known for solving problems like unemployment. It was known for growing the economy or growing the GDP rate, improving relations with neighbouring countries of the world, and making India a super power. With regard to India becoming the next destination, at a point of time, the world used to compare India with even China.

There was a time when the world was talking that India is better than China. What is the fact now? We have admitted that we are below China; we have gone down on that. China became the best destination in this region, but India is not so during Narendra Modi's time. We are talking a lot about the Prime Minister. It is okay; you have the freedom to talk about the Prime Minister like that. But what has India become during the last five years as a destination for investment around the globe? It has gone down. But the during the last 10 years of the UPA Government, during Manmohan Singh's time,

what was the world talking about India? The world was telling that India is the superpower; India is the next destination; India is better; it has become the best democracy; it is a time-tested country like Britain or Europe and India will become the best destination for investment and it will be a peaceful place. What has it become now? Similarly, on what ground you have achieved anything? You are marketing it well. I admit that you have sold it well this time. But you will not be able to sell it like that any more with all the problems that are there.

Take, for example, water. Many hon. Members were talking about that here today. Tamil Nadu is a part of our country. The people in Tamil Nadu are running around with empty water pots. Are you talking about that? Are you serious about that? There is not much mention about that in any of the speeches that I heard today here when the Members went on praising the hon. Prime Minister like anything.

The unemployment rate is an all-time record now. Can you deny that? It went on increasing during the last five years. The growth rate is going down like anything. The economic situation that the country faces is very severe. Where are we going forward? Where are we heading? It seems that our people are going to starve. They have no employment; they have no food; they have no water. They have no hope in the future for any nearest solution for any of these problems. Was it like that during the time of the UPA Government? It was not. The focus was on development. The focus was on employment generation. The focus was on attracting more and more

investment to this country thereby creating employment. The focus was on economic growth. Should the comparison be made like this? What is your single largest achievement during the last five years? Can you say it is *notebandi* or note prohibition? What are all the achievements that you have done during the last five years?

Today, the hon. Members who spoke here went on mentioning so many schemes. Shri Adhir Ranjan Chowdhury has exposed that. All those are old schemes in new names. That means, it is old wine in a new bottle that you took forward. That is all. It continued like that; there is nothing else. So, you have not taken the country forward or you have no plan to do that even now. Now, immediately after the elections you have come here and the biggest talk is on triple talaq.

It is being shown that the Triple Talaq is the biggest problem that this country is facing. The biggest problem that this country is facing is triple talaq. It is a divorce among one particular community. Is it not a matter of shame that you talk that much about triple talaq here? You are making this Bill as the first priority after the election.

Now, you are talking about one nation, one election. It seems that we do not have any other problem. You are bringing some slogans which will divide the citizens, for example Citizenship (Amendment) Bill. You are bringing some slogans thereby you create an atmosphere to divide the people and you take advantage of that. You sold it on national security. I am not saying that the national security is not the most important thing. But you used that to the

maximum during the election. That was not in the interest of the country as such. So, I am not going ahead with these things.

In Bihar, many children have died. There is no mention about that. People are running for water. There is no employment for younger generation. These are the severe problems. There is no focus on these severe problems that our country is facing either by the Prime Minister or anybody else. There is no democratic discussion. There is no focus on development.

You are going to fail. Take it from me. Next time, you will not sell these things any more. It is not a wonder that the Government has come to power for the second time. The UPA also had come to power for the second time. You think as if you have conquered the world and you are going to rule the country forever.

**श्री गणेश सिंह (सतना):** सभापति जी, मैं आपका बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूँ। महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद का प्रस्ताव यहां पर जो आया, उसके समर्थन में मैं अपनी बात रख रहा हूँ। सबसे पहले मैं महामहिम राष्ट्रपति महोदय जी के प्रति कृतज्ञता प्रकट करता हूँ। सचमुच उन्होंने अपने अभिभाषण में देश की प्रगति का उल्लेख किया है। 2014 से 2019 के बीच में देश ने जो प्रगति के नए सोपान तय किए थे, उन्होंने बिन्दुवार अपने अभिभाषण में उल्लेख किया है।

सभापति महोदय, जब सत्रहवीं लोक सभा चुनाव के परिणाम 23 मई को आ रहे थे तो पूरा देश नहीं, पूरी दूनिया आश्चर्यचकित थी और हमारे देश के विपक्ष के नेता तो हैरान थे कि आखिरकार इतना बड़ा जनादेश कैसे मोदी जी के पक्ष में जा रहा है। शायद ये लोग भूल गए थे कि ये कोई आश्चर्यजनक परिणाम नहीं थे। मैं मानता हूँ कि यह स्वाभाविक जीत थी और सरकार के किए हुए कामों की जीत थी। देश के गरीबों ने, देश के आम मतदाताओं ने जिस तरह से भरपूर समर्थन दिया, देश में काफी वर्षों के बाद दूसरी बार सरकार फिर आई, पहले से ज्यादा संख्या लेकर के आई और काम के दम पर सरकार आई। जगह-जगह चर्चा होती थी। कांग्रेस के नेता जो यहां पर भाषण कर रहे थे, चौधरी जी तो कह रहे थे कि हमारे जमाने की बहुत सारी योजनाएं थी। मैं उनको आज आईना दिखाना चाहता हूँ। मैं जहां-जहां चुनाव में गया, मैं भरी सभाओं में पूछता था कि देश में सबसे ज्यादा असत्य बोलने वाली पार्टी का नाम बताएंगे।

लोग उठकर, खड़े होकर बोलते थे – कांग्रेस पार्टी। मैं दूसरा प्रश्न पूछता था कि देश में सबसे बढ़िया प्रधान मंत्री कौन हुआ, तो उत्तर मिलता था – श्री नरेन्द्र मोदी। फिर उस सभा में जो लोग उपस्थित होते थे, उनसे पूछता था कि क्या यहां कोई नए मतदाता हैं? उन नए मतदाताओं को मैं बुलाकर एक ही सवाल पूछता था कि क्या आप वोट डालने जाने वाले हैं? उत्तर मिलता – हाँ। किसको वोट देंगे तो लोग बोलते थे कि देश की खातिर प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने अच्छा काम किया है, इसलिए नरेन्द्र मोदी जी को वोट देंगे। यह नब्ज थी देश की, जो देश में विपक्ष के लोगों की समझ में नहीं आई, वे महागठबंधन बनाते घूम रहे थे। लेकिन देश की जनता ने तय कर

लिया था कि अगर देश का विकास चाहिए, प्रधानमंत्री ने जो एक मन्त्र दिया गया था – 'सबका साथ, सबका विकास' – उसके आधार पर देश की जो प्रगति इन पांच सालों में हुई, पिछले 55 सालों में नहीं हुई। यह उसकी विजय है।

मैं मानता हूं कि तीन दशकों के बाद, पहली बार देश के गरीबों ने अपनी आस्था नरेन्द्र मोदी जी में व्यक्त की है। सचमुच गरीबों के हित में जितने काम इन पांच वर्षों में हुए, नेहरू जी के जमाने में नारा लगा थे – 'रोटी, कपड़ा और मकान' देने का, फिर जब इंदिरा जी आईं, उन्होंने गरीबी मिटाने का नारा लगाया, लेकिन ये सिर्फ नारे रह गए, गरीबी और बढ़ती चली गई। गरीब एक-एक मकान के लिए तरसता रह गया। एक इंदिरा आवास योजना चलाई गई थी, पूरे 55 से 60 सालों में कुल 70 लाख मकान बने थे, वह भी कच्चे मकान और आधे-अधूरे पड़े थे। मोदी जी की प्रधान मंत्री आवास योजना आई तो डेढ़ करोड़ मकान एक साथ बन गए और अब 2 करोड़ का लक्ष्य रखा गया है, आज देश में ऐसा कोई गांव नहीं है, जहां सैकड़ों की संख्या में प्रधान मंत्री आवास न बने हों। मेरे इलाके के कई गांव ऐसे हैं, जो शहर बन गए। हमारे यहां एक परसमनिया पहाड़ नाम का आदिवासी क्षेत्र है, वहां एक कुरेछ पुरेही गांव है। पहले वहां कच्चे मकान होते थे। जब मैं चुनाव में गया, मैंने देखा वह गांव पूरा शहर हो गया। शाम का वक्त था बिजली जल रही थी। मुझे लगा कि मैं रास्ता भटक गया, लेकिन सचमुच उस गांव में सारे मकान पक्के बन गए थे, शाम को सबके घर में बिजली जलने लगी थी। वहां इतना सुंदर दृश्य था। मुझे एक आदिवासी भाई वहां लेकर गया कि चलो, मेरा घर देख लो। वहां उसके नाम का, उसके बेटे के नाम का, उसके दूसरे भाई के नाम का, तीनों की एक बखरी जैसी बनी थी। उसे देखकर मैं हैरान हो गया। सचमुच यह काम के विश्वास की विजय है।

आज देश की जनता इस बात को समझ चुकी है कि नारों से देश नहीं चलेगा, काम से देश चलेगा। यह सच्चाई भी है । इस बार के चुनाव में 303 लोक सभा क्षेत्रों में अकेले भारतीय जनता पार्टी चुनाव जीती है और 55.90 प्रतिशत मत मिला है। आम तौर पर कहा जाता है कि जब आम चुनाव होते हैं, 50 प्रतिशत से कम मतों में सरकार बन जाती है, लेकिन इस बार वे सारे रिकॉर्ड्स

भी टूट गए। मैं कांग्रेस को बताना चाहता हूं कि आपने 52 सीटें जीती हैं और 9.59 प्रतिशत मत मिला है। एक समय था, जब दूसरी बार लोक सभा का चुनाव देश में हुआ था तो कांग्रेस को 406 लोक सभा सीटें मिली थीं, लेकिन आज कांग्रेस की यह स्थिति हो गई है । क्या कारण है, विचार करें ।

अभी हमारे एक मित्र बोल रहे थे कि सभी चीजों के बारे में अधीर जी ने हमें आइना दिखा दिया। मैं बताना चाहता हूं कि अगर कांग्रेस के लोगों ने ईमानदारी से इस देश के विकास के लिए काम किया होता तो आज यह देश कहां से कहां पहुंच गया होता। आज 70 वर्ष बाद भी प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी को गरीबों के घर में शौचालय बनाने के लिए काम करना पड़ रहा है। गरीबों को मकान देने के लिए काम करना पड़ रहा है। बेशरम/बेहया पौधे की लकड़ियों से हमारी गरीब माताएं खाना बनाती हैं, जहरीले धुएं से बीमार होती हैं, आज उनको रसोई गैस देने का काम करना पड़ रहा है। यह वही देश है। आज गरीबी कहां से कहां पहुंच गई है। वर्ष 2022, जब देश अपनी आज़ादी के 75 वर्ष मनाएगा, प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने कहा है कि हम इस देश से गरीबी को विदा कर देंगे। देश के गरीबों की हर जरूरत को पूरा करना सरकार का पहला लक्ष्य होना चाहिए था। लेकिन यह लक्ष्य पहले उन लोगों ने स्वीकार नहीं किया, उस लक्ष्य को अगर किसी ने स्वीकार करने का काम किया तो प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया।

सभापति महोदय, मोदी जी देश में कोई राज करने नहीं आए हैं। राज तो कांग्रेस ने किया है, तभी तो इस देश की दुर्गति हुई। मोदी जी राष्ट्रसेवा का व्रत लेकर देश की सेवा करने आए हैं।

इसी वजह से आज देश तरक्की कर रहा है। अब मोदी जी मात्र देश भर के नेता नहीं हैं बल्कि वह वैश्विक नेता हो चुके हैं। स्वामी विवेकानंद जी की वह भविष्यवाणी साकार होने का समय आ गया है, जब उन्होंने कहा था कि 21वीं सदी दुनिया में आएगी तो वह भारत की होगी। भारत में एक व्यक्ति का जन्म होगा, जो देश के साथ-साथ दुनिया का नेतृत्व करेगा, वह कोई और नहीं बल्कि वह नरेन्द्र मोदी जी ही हैं। आज पूरी तरह से दिखाई पड़ रहा है। आज जब मोदी जी बोलते

हैं तो दुनिया सुन रही है। आज दुनिया का एजेंडा मोदी जी के कहने से तय हो रहा है लेकिन यह सब कांग्रेस के लोगों और विपक्ष के दूसरे साथियों को अच्छा नहीं लग रहा है।

सभापति महोदय, हमें इस चुनाव में एक और बड़ी विशेषता देखने को मिली है। जातिवाद, भाषावाद और क्षेत्रवाद बहुत तेज गति से फैलाया गया, लेकिन इस बार जातिवाद, भाषावाद और क्षेत्रवाद पराजित नहीं हुआ बल्कि धराशायी हो गया और राष्ट्रवाद एवं देश के विकास की विजय हो गयी। इस बार गरीबों और आम मतदाताओं ने जो निर्णय लिया, वह सचमुच ऐतिहासिक निर्णय था।

सभापति महोदय, सबका साथ, सबका विकास के मंत्र के साथ ही वर्ष 2014 में विकास की यात्रा शुरू हुई थी। आज उसमें एक और नया मंत्र जुड़ गया, अब सबका विश्वास भी उसके साथ जोड़ दिया या गया है। इसीलिए हमारे प्रधान मंत्री जी का आत्मविश्वास बढ़ा है। महान दार्शनिक सेंट मार्टिन ने कहा है कि आत्मविश्वास में वह अटूट शक्ति है, जिससे मनूष्य हजारों विपत्तियों का सामना अकेला कर सकता है। आज प्रधान मंत्री, नरेन्द्र मोदी जी में वह क्षमता है कि वह सभी तरह की परिस्थितियों का मुकाबला करते हुए देश की प्रगति को बहुत आगे तक ले जाने का काम कर रहे हैं । कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रधान मंत्री जी के लिए वे चौकीदार ........ शब्द का उपयोग कर रहे थे, मैं वह शब्द नहीं कह सकता हूं, जितनी बार इन्होंने इसे दोहराया, कहा है, उतना ही देश की जनता को गुस्सा आया, सबसे ज्यादा देश के गरीबों को गुस्सा आया और मतदान के दिन उन्होंने ईवीएम का बटन दबा कर इनको जवाब दिया, इससे भी अभी इनको समझ में नहीं आया है।

सभापति महोदय, विशेष रूप से मैं इस देश के उस वर्ग के लोगों की बात करना चाह रहा हूं, जिनकी आबादी 52 फीसदी है और वह वर्ग बहुत उपेक्षित है। इस देश के पिछड़े वर्ग के लोगों की आबादी 52 फीसदी है। इस देश के निर्माण के जितने भी काम हैं, वे सारे उसी वर्ग के लोगों के द्वारा होते हैं। अगर मैं कहूं कि दिन-रात मेहनत करके इस देश को आगे बढ़ा रहे हैं, तो वह वही कौम है। वह खेतों में काम कर रही हो, वह सड़क बनाने का काम रही हो, वह खलिहान में काम कर रही हो, वह विनिर्माण के क्षेत्र में कर रही हो, वह लोहे-लकड़ी का काम कर रही हो, पत्तल बनाने का काम कर रही हो या कम्बल बीनने का काम कर रही हों, ये जो छोटी-छोटी जातियां हैं, जो ठेला लगाते हैं

या फल बेचते हैं, ये वे कौम हैं, जिनके बारे में आज तक कांग्रेस जैसे दल ने विचार ही नहीं किया। काका कालेलकर आयोग वर्ष 1953 में इनके लिए बनाया गया था, उसकी रिपोर्ट वर्ष 1956 में आ गई थी, जिसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। फिर, मोरारजी भाई की सरकार बनी तो 20 दिसम्बर, 1978 को उन्होंने एक मंडल आयोग गठित किया, उसकी रिपोर्ट वर्ष 1980 में आ गई, लेकिन उस पर भी आगे कुछ नहीं हुआ। उसमें इस देश की 3,741 जातियां तय की गईं और उनमें सभी धर्मों की पिछड़ी जातियां हैं। उनमें हिन्दू, मुसलमान, सिख, ईसाई, सभी लोग थे। वी.पी. सिंह की सरकार के समय 7 अगस्त, 1990 को मंडल कमीशन की रिपोर्ट को लागू करके 27 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। सर्वोच्च न्यायालय ने 14 अगस्त, 1993 में राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग के गठन का आदेश दिया लेकिन वर्ष 2017 तक उस आयोग को संवैधानिक दर्जा नहीं दिया गया।

**<u>17.54 hrs</u>** (Hon. Speaker *in the Chair*)

मैं ओबीसी स्टैंडिंग कमेटी का चेयरमैन था। हम लोगों ने लगातार संसद में रिपोर्ट प्रस्तुत की। माननीय प्रधान मंत्री जी समिति के सभी माननीय सदस्यों ने मुलाकात की, उनको वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया और उसके चलते उन्होंने तय किया कि देश के पिछड़े वर्ग के आयोग को हम संवैधानिक दर्जा देने का काम करेंगे।

तब जाकर 123वां संविधान संशोधन हुआ और प्रधान मंत्री जी ने एक ऐतिहासिक काम किया। लगभग 8 हजार से ज्यादा शिकायतें वर्षों से लम्बित पड़ी थीं और उस समय कांग्रेस की सरकार थी। ये सभी उत्पीड़न के केस थे, लेकिन किसी को न्याय देने का काम नहीं हुआ।

मैं प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने देश के पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए ऐतिहासिक काम दिया है। इसी तरह से उन्होंने 124वां संविधान संशोधन किया और उच्च वर्ग के गरीब लोगों को 10 प्रतिशत का आरक्षण दिया, यह ऐतिहासिक कदम है, जिसके बारे में आज तक किसी ने सोचा भी नहीं था। यह हिम्मत का काम उन्होंने करके दिखाया। महात्मा गांधी जी ने साहस और उत्साह पर कहा था, उसे मैं कोट कर रहा हूं – 'संसार में कठिन परिस्थितियां आने के पश्चात जो व्यक्ति साहस और धैर्य अपनाए रखता है, वह कठिनाइयों पर काबू

पा लेता है’ और मोदी जी ने सचमुच यही करके दिखलाया है। आज उन्होंने कहा है कि हम उच्च शिक्षा में 2 करोड़ नई सीटों का निर्माण करेंगे, ताकि सभी को न्याय मिल सके।

अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से एक बात कहना चाहता हूं। पिछड़े वर्ग को 27 परसेंट आरक्षण मिला है, मैं वर्ष 2016 तक की स्थिति के आधार पर बता रहा हूं। केटेगरी-ए में कुल कर्मचारियों की संख्या 84705 है, जिसमें से अन्य पिछड़ा वर्ग के कर्मचारी मात्र 11016 हैं, केवल 13 परसेंट हैं। इसी तरह से ‘बी’ केटेगरी में 290941 कर्मचारी हैं और ओबीसी कर्मचारियों की संख्या 42995, केवल 14.88 परसेंट है। ‘सी’ केटेगरी में 2824066 कर्मचारी हैं और ओबीसी कर्मचारियों की संख्या 641930, केवल 22.65 प्रतिशत है। ‘डी’ केटेगरी में 48951 कर्मचारी हैं और ओबीसी कर्मचारियों की संख्या 7076, केवल 14.46 परसेंट है। जो 27 परसेंट का आरक्षण मिला था, इसे पूरा करने का काम बहुत जरूरी है।

महोदय, तीसरा सबसे बड़ा मुद्दा देश के किसानों का है। किसानों के मामले में हमारी सरकार ने मोदी जी की पहली कैबिनेट मीटिंग में पहला फैसला यदि किसी के पक्ष में लिया, तो किसानों के सम्मान के लिए लिया। मैं देश के किसानों की तरफ से प्रधान मंत्री जी को बहुत-बहुत बधाई देना चाहता हूं, जिन्होंने 30 तारीख को शपथ ली और 31 तारीख की पहली कैबिनेट में पहला फैसला किसानों के पक्ष में लिया। घोषणा-पत्र में हमारी पार्टी ने कहा था कि 5 एकड़ तक के किसानों को प्रधान मंत्री सम्मान निधि देंगे। मोदी जी ने कहा कि 5 एकड़ के किसानों को ही नहीं, बल्कि सभी किसानों को लाभ मिलना चाहिए। इतना उदार दिल बनाकर उन्होंने साढ़े चौदह करोड़ किसानों को एक मुश्त सम्मान निधि देने का काम शुरू करने का फैसला किया, उसमें लगभग 90 हजार करोड़ रुपये का व्यय हर साल सरकार के ऊपर आएगा। सवाल छह हजार रुपये का नहीं है, सवाल सम्मान का है। यदि किसी को सात श्रीफल सम्मान मिल जाता है, तो वह प्रसन्नता से फूल कर कुप्पा हो जाता है। आज किसान दिन-रात मेहनत करता है। प्रधान मंत्री जी की निधि से, भारत सरकार के खजाने से हर साल उसे जो सम्मान निधि दी जाएगी, सचमुच वह उसके लिए लाखों-करोड़ों रुपयों के बराबर है और यह सम्मान देने का जो फैसला पहली बार

हमारी सरकार ने प्रथम चक्र में किया है, यह बहुत ऐतिहासिक है। पांच करोड़ किसानों को तीन हजार रुपये प्रति महीने छोटे किसानों को पेंशन भी मिलेगी। इसी तरह से जो छोटा व्यापार करने वाले व्यापारी हैं, उन्हें भी तीन हजार रुपये की पेंशन देने का काम हमारी सरकार करेगी। यह ऐतिहासिक निर्णय है और इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए मैं प्रधान मंत्री जी को बधाई देता हूं। 25 लाख करोड़ रुपये का कृषि क्षेत्र में निवेश होगा। यह ऐतिहासिक फैसला है। जब हमारे प्रधान मंत्री जी कहते हैं कि वर्ष 2022 तक इस देश के किसानों की आमदनी दोगुना करेंगे, तो स्वाभाविक है उसके लिए काम करना पड़ेगा। इसके पहले उन्होंने फसल बीमा दिया। फसल बीमा के बारे में यहां जो लोग कह रहे थे, शायद उन्हें जानकारी नहीं है। फसल बीमा का व्यापक असर हुआ है और किसानों को बहुत बड़ी राहत मिली है। इसी तरह से मृदा परीक्षण में किसानों को बड़ी राहत मिली है।

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, छह बज गए हैं। सदन का समय बढ़ाने के लिए आपकी क्या राय है?

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल):** अध्यक्ष जी, जैसा बीएसी में तय हुआ था कि आज हाउस को आठ बजे तक चलाएंगे। मेरा अनुरोध है कि आज हाउस का समय आठ बजे तक के लिए बढ़ाया जाए।

**माननीय अध्यक्ष :** सभा की कार्यवाही का समय दो घंटे के लिए बढ़ाया जाता है।

**18.00 hrs**

**श्री गणेश सिंह :** किसानों के लिए नीम कोटेड यूरिया है। अभी-अभी हमारी सरकार ने ग्रामीण भण्डारण के बारे में फैसला लिया है। मैंने देखा है, जगह-जगह पर किसानों की गेहूँ खरीदी गई, धान खरीदी गई, लेकिन भण्डारण की सुविधा न होने के कारण बरसात में वह सब सड़ जाती हैं। इसलिए ग्रामीण भण्डारण का जो फैसला हुआ है, वह सचमुच में एक ऐतिहासिक फैसला है।

सोलर ट्यूबवेल की जहाँ तक बात है, तो जहाँ पर बिजली नहीं है, वहाँ पर हम सोलर पावर से ट्यूबवेल में सिंचाई के लिए पानी दे सकते हैं।

इसी तरह से 10 हजार नये किसान उत्पादन संघ बनाये जाएंगे। जहाँ पर मत्स्य उत्पादन होता है, वहाँ पर नीली क्रांति का भी निर्णय लिया गया है। मैं मानता हूँ कि देश के किसानों की कठिनाइयों को एक-एक करके दूर करने का प्रयास हमारी सरकार ने किया है। वास्तव में, किसानों की तो कोई बात ही नहीं करता था। अगर आज देश की राजनीति का एजेंडा बना है, उसमें किसान है, तो वह प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने बनाया है। किसानों की वास्तविक तकलीफ को दूर करने का उन्होंने काम किया है। जिस प्रकार से उन्होंने गरीबों का जीवनस्तर बदल दिया, उसी तरह से उन्होंने किसानों के जीवनस्तर को बदलने का जो संकल्प लिया है, उसको वे पूरा करने का काम कर रहे हैं।

मैं प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के इन सभी कामों की प्रशंसा करते हुए राष्ट्रपति जी के अभिभाषण का पूरी तरह से समर्थन करता हूँ और उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ।

बहुत-बहुत धन्यवाद।

**ADV. A. M. ARIFF (ALAPPUZHA):** Respected Speaker, Sir, as a new Member and since it is my maiden speech, I am seeking some more time for speaking.

Thank you very much for giving the opportunity to speak on the Motion of Thanks on President's Address moved by Shri Pratap Chandra Sarangi in this august House. I oppose the Motion of Thanks made by him.

First of all, I would like to congratulate Modi Ji and Amit Shah Ji, the unique combination of power politicos who have come to the power again. Then I thank the Hon. President of India for the remarkable effort to invoke the names of a few torch bearers of our society including Sree Narayana Gurudev who led a reform movement in Kerala against the injustice in the caste-ridden society of Kerala in order to promote social equality in his Speech. One thing you have to know that Sree Narayana Gurudev was totally against the Brahminical supremacy and the ideology of Manusmriti.

You have succeeded in diverting the real agenda that the people might have thought in a way that you will retain power again. But this does not mean that all the people forgot your anti-people policies that you had pursued in the last five years. You could divert the farmers' agitation into the Pradhan Mantri Kishan Samman Nidhi Yojana and for this, you spent Rs.13,000 crore within the last three months as per the Hon. President's speech.

You could smartly divert the discussion on the tragedy of demonetisation to Pulwama tragedy. You have enhanced and utilised the patriotic spirit of the people which, in turn, granted victory to your Party.

One thing I have to say that your idea of 'one country, one election' is totally anti-federal and undemocratic. My Party, CPI(M) has already submitted a specific note regarding this. We believe it to be a crooked idea or, otherwise, a first step to make over to a Presidential model of election in our country. How can it be possible in the present political system existing in our different States? After an election, a Government comes and thereafter their allies may separate within a short period of time. Then what is going to happen? Yes, the only thing is the Presidential Rule. It is now happening in various States. You are playing a crooked and dirty game for entering the States through the way of Presidential Rule. So, I request that you should withdraw the idea of one country, one election.

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्य, कृपया गैलरी में बात न करें।

**ADV. A. M. ARIFF** : The President's Address is silent about the price rise of the petroleum products. You always say that the Government has no role in increasing or decreasing the price of petroleum. But we have seen that the price was constant and decreased a little bit during the State and Central election. It shows that the ruling party has a hand in this phenomenon.

What steps are you going to take for the youth of this country? I am asking this because the same has not been mentioned in the President's Address.

As far as education is concerned, it is not possible for any ordinary family to go in for higher education of their children. There is no alternate policy

or steps that have been mentioned in the President's Address. Further, the SC, ST and OBC sections are still living in very sympathetic conditions.

What is the approach of the Government with regard to the Sachar Commission?

Atrocities against women and children are increasing in various parts of the country. As regards The Muslim Women (Protection of Rights on Marriage) Ordinance, the '*triple talaq*' form of divorce has already been declared illegal by the hon. Supreme Court. The legislation regarding this has made a civil wrong into a criminal offence with the imposition of a maximum of three years punishment. No other Marriage Acts prevalent here belonging to different religions have declared it as criminal offence except in the case of Muslims. It is against the concept of equal rights assured by our Constitution.

Crores of workers are engaged in traditional industries such as fisheries, coir, handloom about which the hon. President's Address is silent. The wages provided to them are very low, but nothing is said about these traditional industries. The fishermen living in the coastal areas are facing very severe sea turbulence, but there is no assistance provided from the Centre or no special package is announced to save their life and very existence. Further, at the time of elections, it was mentioned that the Department of Fisheries would be made into an independent Ministry, but it is still under the Ministry of Animal Husbandry, Dairying and Fisheries. Actually, they are cheating the common fishermen. The story of NDA's first Government is one of missed opportunities and dashed hopes of waiting for '*achhe din*', which never came.

Before concluding my speech, I want to mention the famous quote of *Sree Narayana Gurudev*, which states that : "*Matham ethayalum manushyan nannayal mathi",* which means that whatever may be the religion, the human being must be good. So, I would request you to follow it, and please do not force people into your Hindu-religious culture. *Sree Narayana Gurudev* was totally against supremacy of *Brahmana* and *Manusmriti*. Myself and all the secular forces believe in unity-in-diversity as our national anthem.

Thank you, Sir.

**श्री राम कृपाल यादव (पाटलीपुत्र) :** माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि आपने मुझे माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण प्रस्ताव पर बोलने का अवसर प्रदान किया है।

महोदय, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर इस वर्ष लगभग 130 करोड़ लोगों ने अपना समर्थन और आर्शीवाद देकर माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को दोबारा प्रधान मंत्री बनने का अवसर प्रदान किया है। देश के करोड़ों गरीब, किसान मज़दूर, नौजवान और देश की अंतिम पंक्ति में बैठे हुए करोड़ों गरीब लोग, जब दोबारा प्रधान मंत्री जी ने शपथ ग्रहण करने का काम किया, तो इन लोगों का सीना चौड़ा हो गया।

वर्ष 2014 में देश की जनता ने हिन्दुस्तान की आजादी के बाद एक ऐसे व्यक्ति को देश का प्रधान मंत्री चुना था, जो एक चाय बेचने वाले का बेटा था, जिसकी मां बर्तन साफ करती थी। यही भारतीय लोकतंत्र की खूबसूरती है कि एक चाय बेचने वाले का बेटा भी देश का प्रधान मंत्री हो गया। मैं यह दावे के साथ कह सकता हूं, मुझे 42 साल के सार्वजनिक जीवन का अनुभव है, मैं एक गरीब किसान के घर का बेटा हूं और यदि इस सोच का व्यक्ति, नरेन्द्र भाई जैसा व्यक्ति, अगर पहले देश का प्रधान मंत्री बना होता तो हिन्दुस्तान की यह हालत नहीं होती। आजादी के लम्बे अर्से के बाद, बहुत संघर्ष के बाद आजादी मिली थी और लोगों, किसानों, मजदूरों, नौजवानों ने आशा से कांग्रेस पार्टी पर अपना विश्वास व्यक्त करने का काम किया था, मगर कांग्रेस पार्टी ने लम्बे अर्से तक लगभग 50 वर्षों से भी अधिक समय तक राज करने का काम किया। अगर उसकी नीयत, नीति ठीक होती तो देश का यह हाल नहीं होता। 70 वर्ष से अधिक समय बीत गया है और आज हम लोग चिल्ला रहे हैं कि पानी नहीं है, बिजली नहीं है, मकान नहीं है, सड़क नहीं है, पुल नहीं है, पुलिया नहीं है, रोज़गार नहीं है। राज्यों के भी वही हालात हैं। मैं बिहार प्रदेश से आता हूं। बिहार देश का पिछड़ा प्रदेश है। अगर नीयत और नीति ठीक रही होती तो बिहार जैसा प्रदेश भी आज परेशानियों के हालात से नहीं गुजरता। मगर कहीं न कहीं कांग्रेस पार्टी, जिसके ऊपर लोगों ने विश्वास और आस्था व्यक्त की थी, उसने जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं किया, जिसकी वजह से देश के हालात

यह हैं। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी जब 2014 में प्रधान मंत्री बने, देश की आस्था और विश्वास प्राप्त किया, आशीर्वाद प्राप्त किया और एक मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास से योजनाओं को गावों तक, गरीबों तक, नौजवानों तक, महिलाओं तक पहुंचाया। उनके हालातों को ठीक करने का काम हो सकता था, उस तरह की नीतियां बनायीं। कुछ लोग आरोप लगाते हैं कि मोदी जी की सरकार ने भेदभाव करने का काम किया है।

**18.13 hrs**

(Shri Rajendra Agrawal *in the chair*)

मोदी जी की सरकार ने कोई भेदभाव नहीं किया है। पानी है तो सबके लिए है, बिजली है तो सबके लिए है, रोजी है तो सबके लिए है, रोजगार है तो सबके लिए है। 18000 ऐसे गांव थे, कांग्रेस पार्टी के अधीर रंजन चौधरी जी, मेरे बड़े अच्छे मित्र हैं, कह रहे थे कि हमने यह किया, हमने वह किया, क्या किया आपने? आपको मौका मिला था, क्यों नहीं 18000 गांवों में आपने बिजली पहुंचाई? हमारी प्रतिबद्धता थी, मोदी जी की सरकार को पांच साल का मौका मिला, हर घर में बिजली पहुंचाने का काम किया है। कोई ऐसा घर नहीं है, जहां प्रकाश न हो। यह है कमिटमेंट, यह है प्रतिबद्धता। स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी, हमारे नेता, देश के सर्वमान्य नेता। गांव में कभी सड़क नहीं जाती थी, केन्द्र की योजना से मैं छठी बार सांसद हूं। बहुत सारी सरकारों को मैंने देखा है। यहां रहकर भी देखा है, बाहर रहकर भी देखा है। अटल जी ने और उस समय की सरकार ने पॉलिसी बनायी, कोई ऐसा गांव है, जो सड़क से न जुड़ा हो। हमने पॉलिसी बनायी, क्योंकि हमारी प्रतिबद्धता थी। गाँव के गरीबों के सपने कि कब मेरा पक्का मकान होगा, इन सपनों को साकार करने के लिए नरेन्द्र भाई मोदी जी की गवर्नमेंट ने संकल्प लेने का काम किया है। वर्ष 2022 तक हिन्दुस्तान का कोई वयक्ति, चाहे वह शहरी गरीब हो या गाँव का गरीब हो, झोंपड़ी में नहीं रहेगा, खुले आकाश में नहीं रहेगा। मैं आपको बताना चाहता हूँ कि बिना भेदभाव के प्रधान मंत्री आवास योजना राशि की बढ़ोत्तरी भी की गई है।

सभापति महोदय, पहले 70000 रुपया मिलता था वह बढ़कर 1,50,000 रुपया हो गया है। डेढ़ करोड़ गरीबों को पक्का मकान देने का काम किया गया है, हजारों वर्षों से जिनके बाप-दादा ने पक्का मकान नहीं देखा था, आज पक्के आशियाने में आराम से सो रहे हैं। उनकी ज़िन्दगी बदल गई है। यह है परिवर्तन, यह है प्रतिबद्धता और यह है विकास। भाषण देने से विकास नहीं होता है। हमने यह किया, हमने वो किया, करके दिखाओ, किसने रोका था करने से ? और हमारे प्रधान मंत्री जी ने कहा-'हमारी सरकार दोबारा चुनकर आई है, हम वर्ष 2022 तक सबको मकान दिला देंगे।' महोदय, मैं बता रहा था कि जब वर्ष 2014 में प्रधान मंत्री जी ने लाल किले से शौचालय की बात की, तो लोग हँसी उड़ा रहे थे, मजाक उड़ा रहे थे। आज़ादी के वर्षों बाद हमारी माँ और बहनों को सड़कों के किनारे खुले आकाश में शौच के लिए जाना पड़ता था। शाम का इंतजार करना पड़ता था। शौच के लिए सूर्यास्त होने तक इंतजार करना पड़ता था। सरकारें तो बहुत आईं। काँग्रेस पार्टी के समय बहुत लम्बे-लम्बे भाषण चल रहे थे। यह क्या सूझ नहीं थी आपको? और मैं बताऊँ, हमारे प्रधान मंत्री जी ने कहा था कि मैं हर घर में शौचालय दूँगा और मैं कह सकता हूँ कि 10 करोड़ घरों में शौचालय का निर्माण किया गया। यह शौचालय महिलाओं के लिए इज्जत घर है। महोदय, यह कितनी बड़ी उपलब्धि है। जहाँ रोग से लोगों को निजात मिला, बच्चों को निजात मिला, महिलाओं को इज्जत मिली, सम्मान मिला। यह सरकार की प्रतिबद्धता है और मैं कह सकता हूँ कि साढ़े पाँच लाख से अधिक गाँव ओ.डी.एफ. हो गए हैं। 98 प्रतिशत से अधिक गाँवों में शौचालय का निर्माण हो गया है। यह है प्रतिबद्धता। लोग बीमारियों का शिकार हुआ करते थे, उससे मुक्ति मिल गई। महोदय, हमने प्रतिबद्धता के साथ काम किया है और जो मनरेगा जैसा महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, उसमें ग्रामीण विकास मंत्रालय के राज्य मंत्री के रूप में मुझे साढ़े चार साल तक कार्य करने का मौका मिला। मुझे प्रसन्नता के साथ कहना पड़ रहा है कि हमारी बहन ज्वाइंट सेक्रेट्री के रूप में ग्रामीण विकास मंत्रालय में थीं। वह सांसद चुनकर आई हैं। हमारी सरकार का योगदान है। मनरेगा को इम्प्लिमेंट करने का काम किया।

हम इससे चुप नहीं रहने वाले हैं। हम इसको और बढ़ोतरी देने का काम करेंगे। हमें जनता ने दोबारा चुना है । हम इसी प्रतिबद्धता के साथ काम करना चाहते हैं । मैं कितना गिनाऊ, अनगिनत काम हैं, उनके लिए दो घंटों का समय भी कम पड़ेगा। दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय आजीविका मिशन में लोग कहते हैं कि महिलाओं को कहां रोजगार मिला। आपको कहां समझ आएगा। देश की आधी आबादी महिलाओं की है। मैं सैल्यूट करना चाहता हैं कि मोदी सरकार को दोबारा लाने में महिलाओं ने अभूतपूर्व सहयोग दिया है। मैं महिलाओं को, अपनी बहनों को और अपनी माओं को सैल्यूट करना चाहता हूं, जिन्होंने मोदी जी की सरकार पर इतना विश्वास करने का काम किया है । मैं बताना चाहता हूं कि ग्रामीण विकास मंत्रालय की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसके तहत तीन करोड़ महिलाओं को दो लाख करोड़ रुपये का ऋण उपलब्ध कराने का काम किया गया है। जब मैं मंत्री था, तो छत्तीसगढ़ में साइट विजिट करने के लिए गया था।...(व्यवधान) मैं दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय आजीविका मिशन के बारे में बात कर रहा हूं। सेल्फ ग्रुप जिसकी एक महिला चुनकर आई हैं।...(व्यवधान) आपको समझ में नहीं आएगा। मैं एक उदाहरण बता रहा था। मैं सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं से बात करने के लिए गया। मैं उनसे इंन्टरैक्ट कर रहा था। उसमें महिला समूह की एक लीडर आई । मैंने कहा कि बहन बताइए कि आपको इससे जुड़कर कैसा अहसास हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस स्कीम ने मेरी जिंदगी बदल दी है। मैंने कहा कि क्या हुआ, उन्होंने कहा कि जब मैं इस स्कीम से नहीं जुड़ी हुई थी, मेरे पति विकलांग थे, मैं दर-दर की ठोकरें खा रही थीं, मैं भीख मांग रही थी, मेरी तीन बच्चियां थीं। मेरे पास कोई उपाय नहीं था। मैं न अपने पति का इलाज करवा पाती थी और न बच्चों को पढ़ाने की क्षमता थी। मैं इस सेल्फ हेल्प ग्रप से जुड़ी और आज मैं इतनी धनराशि कमा रही हूं, जिससे मैं अपने पति का इलाज करवा पा रही हूं और अपनी तीनों बेटियों को अच्छे ढंग से पढ़ा पा रही हूं। मुझे दो वक्त की रोटी मिल रही है। यह है, आजीविका मिशन का कमाल। सरदार जी मत हंसिए। आप बड़े घर के लोग हैं, गरीबी को नहीं देखा है। हम लोग गरीब घर से आए हैं। मैंने पीड़ा को देखा है, दर्द को देखा है। आप हंस रहे हैं, मजाक उड़ा रहे हैं। एक से एक काम, क्या कम बात है?

महोदय, माननीय प्रधान मंत्री जी की सोच देखिए, जो गरीब का बेटा होगा, वही तो सोचेगा। घरों में गैस का चूल्हा गरीबों के पास नहीं हुआ करता था। हम लोग पुराने एमपी हैं। साल भर में 25 रेकमेंड करने के लिए मिलते थे। आप सब लोगों को याद होगा। टेलीफोन और गैस का कनेक्शन भी रेकमेंड करने के लिए मिलता था। प्रधान मंत्री जी ने कहा कि हम सबको कनेक्शन उपलब्ध कराएंगे और प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से सबको कनेक्शन दे दिया। सात करोड़ महिलाओं को इसका लाभ मिला है। मैं गांव में घूम रहा था, मैं घूमता रहता हूं। आप सब लोग भी घूमते होंगे। जिन महिलाओं ने कभी गैस का चूल्हा भी नहीं देखा था, गैस का सिलेंडर नहीं देखा था, उन महिलाओं को चूल्हा दिया गया। मैंने कई महिलाओं से पूछा कि बहन अब जब आप गैस के चूल्हे पर खाना बना रही हैं, तो उससे क्या लाभ मिला है? उन्होंने कहा कि समय की भी बचत हो रही है, आंखों और शरीर में जो धुंआ जाता था, जिससे मैं बीमार होती थी, उससे भी मुक्ति मिली है। सात करोड़ महिलाओं को यह दिया है।

महोदय, यह सरकार की प्रतिबद्धता है और इस कार्यक्रम को हम लोग जारी रखेंगे। मैं बताना चाहता हूं कि सौभाग्य योजना के माध्यम से अक्टूबर 2017 से 2 करोड़ 62 लाख घरों में बिजली पहुंचा दी गई है। ये सौभाग्य योजना का कमाल है। एक लाख 19 हजार ग्राम पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ने का काम किया है। दुनिया बदल रही है। यह परिवर्तन, यह सरकार की प्रतिबद्धता है।

महोदय, मैं कनक्लूड कर रहा हूँ। बहुत दिन के बाद मुझे मौका मिला है। मैं पाँच साल नहीं बोल पाया था। मैं अपनी पार्टी का आभार व्यक्त करना चाहता हूँ, जिन्होंने मुझे बोलने का अवसर दिया है। मत रोकिए, मत रोकिए। मैं आपसे हाथ जोड़ कर प्रार्थना करता हूँ। उन्होंने बोलने ही नहीं दिया। मैं गरीबों की बात कर रहा हूँ। देश की जनता ने हमें गरीबों, नौजवानों, किसानों के उत्थान के लिए मेनडेट दिया है। हमारी सरकार ने, मोदी जी ने जो किया है उसको थोड़ा रखने देने का काम कीजिए। 50 करोड़ गरीबों को स्वास्थ्य सुरक्षा कवच प्रदान किया गया है। विश्व में पहली ऐसी स्कीम है- 'आयुष्मान भारत'। सरकारें बनी थीं, कांग्रेस पार्टी बहुत चिल्ला रही थी, यह किया,

परमाणु किया, फलां किया, यह क्यों नहीं किया? वह गरीब आदमी, जिसके पास दो वक्त की रोटी का पैसा नहीं है। जब वह बीमार पड़ता है दर-दर की ठोकरें खाता है, प्राणों की आहूति देता है, किसी से पैसा भी माँगे तो उस गरीब आदमी को कौन पैसा देगा, कोई कर्ज भी नहीं देगा। मगर महोदय, उसकी चिंता किसने की, गरीब का बेटा, नरेन्द्र मोदी जी ने चिंता की। इस 'आयुष्मान भारत' स्कीम को लागू करके उन गरीबों को सहायता देने का काम किया है, जिनके पास दो वक्त की रोटी नहीं थी और इलाज के लिए पैसा नहीं था। मैं समझता हूँ कि इस स्कीम के माध्यम से करीब-करीब 50 करोड़ गरीबों को गोल्डन कार्ड के माध्यम से पाँच लाख तक के इलाज के लिए मुफ्त राशि उपलब्ध की जाएगी। मैं समझता हूँ कि अब तक 26 लाख मरीजों के लिए इलाज की व्यवस्था की गई है। मैं इस पर एक छोटा सा एग्जाम्पल देना चाहता हूँ। वह मार्मिक है, सुन लीजिए। सदन सुन लें। मैं अपने क्षेत्र में किसी काम से घूमने के लिए गया। वहाँ एक ऑटो वाला दौड़ कर मेरे पास आया। मुझे अपने घर में बैठाया। उसने कहा कि मैं प्रधान मंत्री जी का आभार व्यक्त करना चाहता हूँ। मैंने कहा किस बात के लिए? मेरी पत्नी जिसके पेट में बीमारी थी, उसके ऑपरेशन के लिए मेरे पास पाँच रुपये नहीं था। जब मैं डॉक्टर के पास गया, उसने कहा कि 26 हजार रुपये लगेंगे। मेरे पास 26 पैसे नहीं थे। हमारे यहाँ आईजीआईएमएस एक सरकारी हॉस्पिटल है। वहाँ के कर्मचारी ने कहा कि यह तो बहुत आसान काम है। प्रधान मंत्री ने इतना बड़ा काम आप लोगों के लिए किया है। आपके पास क्या राशन कार्ड है? गरीब को जो राशन मिलता है। बोले- हाँ, तो उसने कहा कि ले आओ। वह ले आया, उसका कार्ड बन गया। उसकी पत्नी एडमिट हो गई। ऑपरेशन हुआ। छब्बीस पैसा भी नहीं लगा और उसकी पत्नी बिल्कुल ठीक हो गई। उसकी पत्नी आंख में आंसू लेकर, पति और पत्नी हाथ जोड़ कर आभार व्यक्त करना चाहते थे, किसका प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी का। उसी तरह से ये लोग न जाने कितने, 26 लाख लोग, जिसकी मैं चर्चा कर रहा हूँ, इनका जीवन बचने-बचाने का काम 'आयुष्मान भारत' ने किया। पहले सरकारें थीं कांग्रेस पार्टी की, कहाँ चिन्ता थी। मौज-मस्ती, भ्रष्टाचार इसी में लिप्त थे। कहाँ चिन्ता होगी इनको। इनको मेनडेट तो मिला था। उस मेनडेट का लाभ कहां उठाया।

महोदय, प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना, जिसकी मैं चर्चा कर रहा था। मैंने बताया कि डेढ़ लाख किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण हुआ है। 34 करोड़ से अधिक एलईडी बल्ब बांटे गए हैं, जिससे एनर्जी की बचत होगी। वह लम्बे समय तक रहेगा। इससे गाँव के गरीबों के घरों में उजाला हो जाएगा।

मुद्रा योजना, जिसकी चर्चा भाई सुरेश जी कर रहे थे। मुद्रा योजना के तहत लगभग 19 करोड़ लोगों को लोन दिया गया।

**माननीय सभापति:** बहुत माननीय सदस्य बोलना चाहते हैं।

**श्री राम कृपाल यादव :** मैं खत्म कर रहा हूँ।

**माननीय सभापति :** ज़रा कॉऑपरेट कीजिए प्लीज।

**श्री राम कृपाल यादव :** सर, मैं खत्म कर रहा हूँ। मैं कन्क्लूड करने जा रहा हूँ। आप थोड़ा और सहयोग करें। बड़ी कृपा होगी। "मिशन इंद्रधनुष" के तहत करोड़ों बच्चों का टीकाकरण हुआ। "बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ", "प्रधान मंत्री जीवन ज्योति योजना", "प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना" अगर मैं इन सबका डिटेल में वर्णन करूँगा तो बहुत लंबी बात हो जाएगी। समय का अभाव है। "अटल पेंशन योजना" ने ग्रामीण भारत के करोड़ों लोगों को सामाजिक सुरक्षा कवच प्रदान करने का काम किया है। यह हमारी सरकार, मोदी जी की प्रतिबद्धता थी। 20 करोड़ से अधिक किसानों को स्वाइल हेल्थ कॉर्ड बाँटे गए। "प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि" के माध्यम से सिर्फ तीन महीने में ही 12 हजार करोड़ रुपये की राशि किसानों के खाते में डाल दी गई। अब तो देश में हर किसान को इस योजना में शामिल कर लिया गया है। अब कोई किसान निराश नहीं होगा। इनकी सब स्कीम्स समाप्त हो गई हैं। 62 हजार करोड़ रुपया देंगे, सब कागज पर रह गया। हम 72 हजार करोड़ रुपया दे रहे हैं। जनता ने इन लोगों को रिजेक्ट कर दिया है।

महोदय, अब देश की जनता जाल में फंसने वाली नहीं है। जो करेगा सो पायेगा। जो खायेगा, सो जायेगा। ये खाने वाले गये और करने वाला आयेगा और फिर आयेगा, कोई रोक नहीं सकता है। देश के 112 आकांक्षी जिलों के विकास के लिए व्यापक स्तर पर एक नई कार्य योजना

प्रधान मंत्री जी के डायरेक्शन पर हुई। इन जिलों में देश के सबसे पिछड़े एक लाख पन्द्रह हजार गाँवों को शामिल किया गया। उनकी उन्नति और तरक्की के लिए, उनके विकास के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। चलाया गया नहीं है, चलाया जा रहा है और उसमें व्यापक परिवर्तन हुआ है।

महोदय, किसानों की आमदनी दोगुना हो, इसके लिए सरकार ने पॉलिसी बनाई है। मैं कह सकता हूँ कि ग्रामीण इलाकों में रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए हम लोगों ने लक्ष्य बनाने का काम किया है। मैं कृषि उत्पादन के बारे में कहना चाहूँगा। कई लोगों ने कृषि से संबंधित चर्चा की है। कृषि क्षेत्र की उत्पादकता को बढ़ाने के लिए आने वाले समय में 25 लाख करोड़ रुपये का निवेश, ग्रामीण भण्डार योजना, दस हजार नये किसानों का उत्पादकता संघ और नीली क्रान्ति से किसानों की आय में काफी सकारात्मक प्रभाव पड़ने वाला है।

**माननीय सभापति :** राम कृपाल जी, अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

**श्री राम कृपाल यादव (पाटलीपुत्र):** महोदय, अब मैं अपनी बात समाप्त करने जा रहा हूँ। देश के प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने, बहुत लोगों को इस नाम से एलर्जी है, जितना आप एलर्जी रखेंगे, उतना ही देश की जनता उसे अपनायेगी, अपनायेगी, अपनायेगी। इस बार इनकी कितनी सीट्स आई हैं? ये प्रतिपक्ष की भूमिका में भी नहीं हैं। अगली बार सब समाप्त हो जाइएगा, मैं आपको बता देता हूँ। आप सहयोग कीजिए। आप विपक्ष में हैं। सत्ता, सरकार विपक्ष के बिना नहीं होती है। आप सकारात्मक सहयोग कीजिए। प्रधान मंत्री जी ने जो काम किया है, आप उसकी प्रशंसा कीजिए। जो योजना चल रही है, क्या उससे आपको वंचित किया गया है? आपको वंचित नहीं किया गया है। देश के प्रधान मंत्री वर्ष 2024 तक भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में लाना चाहते हैं, यानी 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था को बनाने का लक्ष्य है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ग्रामीण भारत की सबसे अहम भूमिका होगी। इसलिए किसान, मजदूर, नौजवान सब नरेन्द्र मोदी जी के साथ हैं।

**माननीय सभापति :** कृपया, अब समाप्त कीजिए।

**श्री राम कृपाल यादव :** महोदय, मैं समाप्त कर रहा हूँ। मैं आपके निर्देश का अनुपालन करता हूँ। मैं चेयर का सम्मान करता हूँ। मैं केवल इतना ही कहूँगा, मुझे बोलना तो बहुत कुछ था, लेकिन समय का अभाव है। आप हमें फिर कभी मौका दे दीजिएगा, आपकी बहुत कृपा होगी। मैं राष्ट्रपति जी के अभिभाषण का समर्थन करते हुए देश की जनता का इस महासदन के माध्यम से आभार व्यक्त करना चाहता हूँ कि आपने बहुत आशा के साथ, बहुत विश्वास के साथ नरेन्द्र भाई मोदी जी को अपना आशीर्वाद दिया है। आप समर्थन देते रहिए, आशीर्वाद, प्यार और स्नेह देते रहिए। अब मोदी जी की गाड़ी रूकने वाली नहीं है। इस बार तो हमने और नये मूल मंत्र "सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास" के साथ काम करना प्रारम्भ किया है। हम आपका भी विश्वास चाहते हैं। सुरेश भाई, विश्वास दीजिए, हम आपको भी नहीं छोड़ेंगे। हम आपको भी नहीं छोड़ेंगे, केरल की जनता को भी नहीं छोड़ेंगे, केरल पर हमारी विशेष निगाहें हैं, हमारी पंजाब पर विशेष निगाह है। हमारी सभी राज्यों पर विशेष निगाह है। हम सबको समान रूप से देखना चाहते हैं। देश की तरक्की होनी चाहिए और वर्ष 2022 में हम एक नये भारत का निर्माण करना चाहते हैं। सबके हाथ में काम, सबके घर में बिजली, सबके घर में पानी, सबके खेत में पानी, हर गाँव में सड़क, हर स्कूल में शिक्षा, हर आदमी के पास स्वास्थ्य की व्यवस्था हम करना चाहते हैं। आप सहयोग करने का काम कीजिए। मैं माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण का समर्थन करते हुए आपका आभार व्यक्त करता हूँ।

**SHRI KODIKUNNIL SURESH (MAVELIKKARA):** It is very unfortunate. …(*Interruptions*) He is coming from Bihar. He has not mentioned about the death of children in Bihar. …(*Interruptions*)

**माननीय सभापति :** सुरेश जी, कोई बात रिकॉर्ड में नहीं जा रही है । प्लीज़, बैठिए । आप तो अनुभवी सांसद हैं। आप सब जानते हैं।

रविन्द्रनाथ जी, आप बोलिए।

…(व्यवधान)

**SHRI P. RAVEENDRANATH KUMAR (THENI):** Hon. Chairman, Sir, I express my sincere thanks for giving me this opportunity to participate in the Motion of Thanks debate. I also express my gratitude from my heart and soul to the people of my constituency who have elected me as their representative and given this opportunity to be their Member in the 17th Lok Sabha.

I wonder that this House has emerged with historical significance in which a number of initiatives and decisions have been taken since our Independence. I feel honoured that I am also a tiny part of this temple of democracy.

At this moment, I thankfully retrospect the unparalleled contribution of our dynamic leader, hon. former Chief Minister of Tamil Nadu, Puratchi Thalaivi Amma who had entrusted her entire life for the uplift of the common people and for the whole nation in general.

I am very delighted to congratulate the Government for its second term. The Address of the hon. President reflects the achievements of the Government in its previous term. Hon. President has mentioned particularly about the economic development of the nation which has reached 7.3 per cent during the last four-and-a-half years and has placed our country as the sixth largest economy in the world. It is appreciable that our country's contribution to the world GDP has reached 3.3 per cent during the year 2017 which was 2.6 per cent in 2014. This has become possible because of opportunities given by the Government with adequate financial support for the industrial sector in the country.

At this moment, I would like to underline the economic development achieved by the State Government of Tamil Nadu under the able leadership of the disciples of our hon. Puratchi Thalaivi Amma, hon. Chief Minister and Deputy Chief Minister of Tamil Nadu. Tamil Nadu is one of the States in the country which has been contributing significantly for the gross domestic product of the country every year. Being the fourth largest State of our country with development in manufacturing sector including automobiles, components, engineering, pharmaceuticals, and textiles, the State of Tamil Nadu stands alone at first among the States in terms of number of factories and industrial works. As per report of 2018-19 by National Sample Survey Office of the Ministry of Statistics and Programme Implementation, the State of Tamil Nadu stands at third place by contributing 8.2 per cent to national GDP during the year 2017-18.

Keeping view of its commitment for further growth with employment opportunities, the Government of Tamil Nadu organised the Second Global Investors Meet during the month of January this year, which has been appreciated by many economists and industrialists. On the basis of this axiomatic data, I feel, I have the privilege to urge the Central Government to allocate the required funds to the State of Tamil Nadu for various projects.

The hon. President in his Address has highlighted the successful implementation of various schemes of the Government. Among them, some sectors like education, health and family welfare, agriculture, and rural development are closely associated with all sections of the society.

Nowadays, unemployment is one of the biggest challenges for our country. While looking at the unemployment status of the country, we have to understand the fact that as per All-India Survey on Higher Education Report 2015-16, the total enrolment of students is more than three crores in our country; and out of this total number, a vast majority of approximately 2.74 crore students, that is 79.3 per cent, are enrolled in undergraduate level.

On the other hand, 11.3 per cent students are enrolled in postgraduation, which is approximately 39.2 lakh students. In Tamil Nadu alone, 7.5 lakh students have entered into universities. This data shows that every year the number of employment opportunities is doubled whereas the number of graduates coming out from universities is multiplied.

In this scenario, development of skilled training is very important to manage the unemployment situation in the country. In this regard, I appreciate the hon. Prime Minister for having launched the flagship scheme known as Pradhan Mantri Kaushal Vikas Yojana with an objective to provide skilling to one crore people every year in different skills under Skill India Mission.

I also appreciate the announcement in the Address of the hon. President that under this programme more than 15,000 ITIs, 10,000 Kaushal Vikas Kendras and more than 600 Pradhan Mantri Kaushal Vikas Kendras will play a major role in imparting skilled training to country's youth. However, I would like to suggest to the Government that implementation of such flagship programmes should reach the last person at the bottom of the society to increase the employment opportunities among the young generation. More

than 50 per cent of our population is below the age of 25 and more than 65 per cent is below the age of 35.

At this juncture, I would like to quote worthy words of Swami Vivekananda who told, “Give me 100 energetic young men and I shall transform India”. Now, I see such a great Swami Vivekananda in the face of our hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi. Hon. Chairman, Sir, we all - 65 per cent youth of total country’s population - stand in front of our hon. Prime Minister, Narendra Modi ji for transforming us into a powerful and developed nation in the world. We are strongly confident that under his dynamic governance the employment generation will multiply in future instead of being doubled at present.

I also appreciate that the hon. President has mentioned that the Central Government has released the burden of out-of-pocket expenses on medical cap for the poor and the middle class. Under Pradhan Mantri Bhartiya Jan Aushadhi Pariyojana, 4,900 Jan Aushadhi Centres in more than 600 districts are functioning and more than 700 different medicines are being dispensed at low cost in these centres. It is also a welcome step to bring reduction in the cost of cardiac stents which has resulted in the annual saving of about Rs.4,600 crore to the poor and the middle class. I hope, in coming years the number of Jan Aushadhi centres will be made functional in all rural parts of the country, particularly in remote villages. I would urge the Government to take initiatives so as to benefit more people.

The Address of hon. President has also mentioned about the development in education and the steps taken by the Government to make education more effective. I welcome the efforts of the Government to strengthen the foundation of the education system by opening 103 Kendriya Vidyalyas and setting up of more than 5000 Atal Tinkering Labs across the country.

Hon. Chairman, Sir, I would like to inform the House that at this moment the State of Tamil Nadu is implementing the Right to Education Act effectively. For example, more than 60,000 students from economically and socially disadvantaged sections have got admission in private schools under the Act this year.

Finally, the present situation in Tamil Nadu is mainly due to failure of monsoon and non-availability of Tamil Nadu cess from neighbouring States. There is water scarcity in our State. In view of the situation prevalent not only in Tamil Nadu but also in the entire nation, our hon. Divine Leader Amma had made the setting up of rainwater harvest system mandatory in every construction. This visionary spirit should be made prevalent and I urge the Government at this moment to bring a necessary Bill making rainwater harvesting system mandatory across the country.

Our hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi Ji's leadership qualities are acknowledged globally by one and all. I would like to quote from Shrimad Bhagavad Gita:

"महान व्यक्ति जो करते हैं, आम व्यक्ति उनके नक्शे-कदम पर चलते हैं और महान व्यक्ति जो भी मानक अनुक्रिया में क्रिया द्वारा नेतृत्व करते हैं, सम्पूर्ण विश्व उसे अपनाता है।"

It means whatever action is performed by a great man, common men follow in his footsteps and whatever standards he sets by exemplary acts, all the world pursues.

With these words, hon. Chairman, I thank you once again for giving me this opportunity. I also assure you all and the people of my constituency that I will function fruitfully as a Member of the 17th Lok Sabha and will put my entire efforts for fetching the benefits of various programmes and schemes of the Central Government to our people of Tamil Nadu under the golden governance of our hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi Ji. Thank you, Sir.

**श्री धर्मवीर सिंह (भिवानी-महेन्द्रगढ़):** सभापति जी, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, उसके लिए धन्यवाद । आज षड्डंगी जी ने जो प्रस्ताव माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के ऊपर रखा, उसके समर्थन में बोलने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं। हमारे देश को जब आजादी मिली, तो उस वक्त शहीदों के आशीर्वाद से देश की बड़ी जनसंख्या का एक सपना था कि हमारा देश भी एक समृद्धशाली देश बनेगा। परन्तु आजादी के बाद सत्ता कुछ ऐसे लोगों के हाथ में आई कि हमसे बाद आजाद होने वाला चाइना जैसा देश भी हमसे आगे निकल गया। भौगोलिक स्थिति को अगर हम देखें, तो हमारे पास संसाधनों की कमी नहीं थी। धीरे-धीरे 25 सालों तक मिली-जुली सरकारों के बाद वर्ष 2014 में आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनी। पूरे 5 साल तक काम करने के बाद इस देश की 130 करोड़ आबादी ने, जब दोबारा 2019 का चुनाव हुआ, तो पहली दफा लोगों ने भारी जन-समर्थन दिया। इससे पहले चाहे किसी चुनाव में 400 से भी ज्यादा सीटें किसी पार्टी को मिली हों, लेकिन इस चुनाव में कंडीडेट्स के जो मार्जिन्स थे, बड़े मार्जिन से लोगों ने वोट दिया । इस चुनाव को अगर आप देखेंगे, तो अकेले मोदी जी की वजह से, जिनके ऊपर देश ने विश्वास किया, क्योंकि मोदी जी 24 घंटों में से 18-19 घंटों तक काम करते हैं, दूसरे देश में जाते हैं और वापस आते ही फिर मीटिंग ले लेते हैं। केवल वे ही नहीं, उनकी कैबिनेट के भी बहुत से मंत्री इसी प्रकार से 18-19 घंटों तक नि:स्वार्थ भावना से काम करते हैं। इसका नतीजा था कि आम वोटर चाहे वह बुजुर्ग, अनपढ़, पढ़ा-लिखा था, वह भी बूथ के ऊपर गया। मैं आपको एक उदाहरण देता हूं, एक बूढ़ी महिला जब वोट देने गई और मशीन पर जब उसने बटन दबाया, तो वह उन कर्मचारियों से उलझ गई कि मोदी जी का फोटो यहां नहीं है । उसको बड़ी मुश्किल से मनाया गया कि कमल के बटन पर आप अगर उंगली से दबाओगे तो मोदी जी को ही वोट मिलेगा। इसका मतलब यह है कि जिन राजनैतिक नेताओं से लगभग जनता का विश्वास उठ चुका था, पहली दफा मोदी जी के आने के बाद दोबारा से राजनैतिक आदमियों पर विश्वास जमा है, क्योंकि मोदी जी ने इस प्रकार से पिछले 5 सालों में काम किया।

माननीय राष्ट्रपति जी का जो अभिभाषण था, उसमें उन्होंने स्पष्ट बताया कि दुनिया में आने वाला समय पानी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। देश के अंदर सबसे बड़ी आबादी किसान की है, मजदूर की है, जवान की है, जिसकी वजह से हम सुरक्षित हैं, वे हमारा पेट भरते हैं। किसान को चाहिए पानी, फसल का दाम। इसीलिए अभिभाषण के दौरान माननीय राष्ट्रपति जी की चिंता कि हम आने वाले समय में देश की नदियों को कैसे जोड़ें, कैसे भरपूर पानी दें, क्योंकि इन 70 सालों में हमारे पड़ोसी चाइना जैसे देश ने भी ब्रह्मपुत्र नदी को अपनी तरफ मोड़ने का काम किया, तो चिंता स्वाभाविक थी। आप देखते हैं कि 50-60 सालों के दौरान जो बारिशें पहले होती थीं, अरब सागर से उठकर मानसून की हवाएं सीधा चेरापूंजी से टकराकर तराई के इलाके में बिहार, उत्तर प्रदेश और पंजाब तक जाती थीं।

आपको भी याद होगा, पहले दो-दो महीने तक सावन की झड़ी लगती थी, पिछले पचास सालों में वह सावन की झड़ी पता नहीं कहां चली गई ? कहीं न कहीं मानसून ने अपना रुख बदला, दक्षिण-पश्चिम मानसून इधर से आई, चेरापूंजी जैसे पहाड़ी क्षेत्र में भी जहां दुनिया में सबसे ज्यादा बारिश होती थी, अब वहां भी सूखा हो जाता है। चाहे बिहार की बात हो या उत्तर प्रदेश की बात हो, सारे देश के बहुत बड़े ब्लॉक डार्क जोन में आ गए हैं। हमने पिछले साठ सालों में जमीन के नीचे का भी पानी निकाल लिया, ऊपर से बारिश कम, किसानों के खेत के लिए पानी, आदमी के सेहत के लिए पानी, पशुओं के लिए पानी, देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र भाई मोदी को इसकी चिंता लगी हुई है, इसीलिए 2014-15 में पहली बार प्रधान मंत्री बनते ही शारदा-यमुना का समझौता नेपाल में जाकर किया। इन नदियों को कैसे जोड़ा जा सकता है, फर्स्ट फेज में 99 प्रोजेक्ट्स हाथ में लिए, सेंकड फेज के लिए इतना पैसा दिया। मुझे याद है कि हरियाणा प्रदेश जिसमें राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश, जहां कई बार यमुना का बढ़ा हुआ पानी आ जाता है, दिल्ली को भी इससे खतरा हो जाता है। मेघवाल जी के पास पहले यह महकमा था। मैं मेघवाल जी को भी बधाई देता हूं। छह प्रदेशों के साथ मिलकर यमुना के ऊपर रेनुका-लखवाड़ डैम का समझौता करवाया। मुझे लगता है कि आने वाले दो महीने में किशाऊ डैम का समझौता भी

हो जाएगा, जिस पर बीस हजार करोड़ रुपये खर्च होगा, जिसका नब्बे परसेंट पैसा जल संसाधन मंत्रालय देगा, बाकी के छह प्रदेश मात्र दस परसेंट पैसा लगा कर इस प्रोजेक्ट को पूरा करेंगे। इस प्रोजेक्ट के पूरा होने के बाद जहां हमारे छह प्रदेश हैं, दिल्ली में मई-जून में कई बार पीने के पानी की भी दिक्कत में आ जाती है, वह भी कहीं न कहीं दूर होगी। केवल यहीं नहीं, प्रधानमंत्री खुद कई बार नदी जोड़ने का काम रिव्यू करते हैं। आने वाले भविष्य में सबसे जरूरी है कि किसी प्रकार नदियों को जोड़ा जाए, अस्सी परसेंट से ज्यादा पानी समुद्र में गिर जाता है।

लेकिन पिछले 50 सालों के दौरान जब कांग्रेस पार्टी की सरकारें थीं, वह इस बात को नम्बर एक पर लेकर नहीं चलना चाहते थे, कहीं न कहीं इससे बचना चाहते थे। हमारे विपक्ष के साथियों ने कुछ कहा, हमने प्रोजेक्ट्स शुरू किए, शुरू जरूर किये लेकिन पूरा एक भी नहीं किया। इसीलिए मैं माननीय प्रधानमंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं जिन्होंने इस प्रोजेक्ट को हाथ में लिया, इसके साथ किसानों की समस्याएं जुड़ी हुई है। किसानों की आमदनी दोगुनी कैसी हो ? उसी के लिए काम करना शुरू किया है, उदाहरण के लिए एमएमपी, हमारा क्षेत्र बाजरा ज्यादा पैदा करता है। चाहे सरसों के रेट की बात हो, कपास और गेहूं की बात हो, इन सब का एमएसपी बढ़ाया है। इसमें मेरा थोड़ा सा सुझाव है कि एमएसपी की बढ़ायी हुई कीमत का दाना-दाना जरूर खरीदें। इस प्रकार का डॉयरेक्शन स्टेट की सरकार को जरूर दिया जाए। अभी तेलंगाना के एक साथी ने महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना का जिक्र किया। मैं मानता हूं कि अगर पिछली सरकारें डेवलपमेंट के ऊपर और खासकर पानी बचाने में लगी होती तो आज हमें ये दिन नहीं देखने पड़ते। आज किसान की आमदनी दोगुनी करने के लिए समान पेंशन और किसानों को छह हजार रुपये प्रति वर्ष प्रति किसान को देने की बात की है। मैं तेलंगाना स्टेट को बधाई देता हूं, बाकी स्टेट्स भी इसी प्रकार की धनराशि प्रति एकड़ दें। मैं यह मान कर चलता हूं कि कंडीशनली दें, जिस यूरिया को हम खेत में डालते हैं, उसकी वजह से हमें जहर खाना पड़ता है, उसी जहर की वजह से कैंसर जैसी बीमारियां होती है, जिनका इलाज भी नहीं है, पैसा लगाने के बावजूद जिन्दगी नहीं बचती, किसान का परिवार भी खत्म हो जाता है। अगर कुछ राशि हम प्रति एकड़ उन स्टेट्स की तरह

दूसरे स्टेट्स भी पैसा देना शुरू कर दें तो वह केवल आर्गेनिक खाद ही अपने खेत में डालेगा ताकि जमीन की ताकत से पैदा होने वाली फसल हम अच्छी प्रकार से खा सकें। वहीं दूध पीएं, वहीं फल-फ्रूट और सब्जियां खाएं। मैं मान कर चलता हूं कि बीमारों पर खर्च होने वाले पैसे से भी बचाव होगा और 130 करोड़ की जनसंख्या भी जमीन की ताकत का ही खाद्यान्न पदार्थ खाएगी। मेरा सुझाव है कि इन स्टेटों की तरह बाकी स्टेट्स भी इस मामले को अपने हाथ में ले। हाउस की सभी पार्टियों से मेरी प्रार्थना है, पानी का मैटर स्टेट का नहीं होना चाहिए।

यह सेन्ट्रल सब्जेक्ट होना चाहिए, ताकि हर रोज एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश के जो झगड़े हो वे खत्म हो जाएं। इसी प्रकार से तीसरी सरकारों की तुलना में कितनी ही बातें दूसरी पार्टियाँ, यू.पी.ए. या कांग्रेस के लोग करते हों। यह आपको भी याद होगा, जब सौर ऊर्जा से हम बिजली पैदा करते थे, स्टार्टिंग में कांग्रेस के जमाने में 17 रुपये या 18 रुपये प्रति यूनिट के हिसाब से एम.ओ.यू. साइन होते थे। मोदी जी के आने के बाद वही सौर ऊर्जा की बिजली का समझौता मात्र तीन, साढे तीन रुपये में हुआ है। इसलिए आम आदमी के दिमाग में बात बनी बैठी है कि मोदी जी की सरकार की वजह से ही यह देश विकासशील श्रेणी से निकलकर विकसित देश की श्रेणी में आ सकता है।

दूसरा, माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में उल्लेख है कि किसान द्वारा अपना गेहूँ, चावल, अनाज को वेयर हाउस में रखने के बजाय, एफ.सी.आई. जैसी एंजेसियां रखती हैं। किसान के लिए जो विशाल भण्डारण की बात कही गई है, उसमें एफ.डी.आई. 100 परसेंट होने की बात कही गई है। मैं इस बात का समर्थन करते हुए एक बात और इसमें जोड़ना चाहता हूँ कि क्यों न हम उस किसान को ही यह कहें कि जब गेहूँ निकलता है तो वह उसका रख-रखाव अपने घर में ही करे और जो एफ.सी.आई. का खर्च आता है, वह 300-400 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से हम किसान को पहले ही दे दें तो गेहूँ खराब भी नहीं होगा, बारिश में भी ठीक रहेगा और किसान की भी आमदनी बढेगी। इसी प्रकार से जहां आपने दूसरी फसलों का एम.एस.पी. तय किया है- टमाटर, आलू, प्याज आदि का। जहां एफ.डी.आई. का पैसा आएगा, कहीं न कहीं उसके लिए आप

कारखाने लगाएंगे, तो उन किसानों को भी यह परमिशन मिले कि वे वेयर हाउस या कोल्ड स्टोरेज पी.पी.पी. मॉडल पर या खुद भी लगा दे, ऐसा प्रोत्साहन भी हम दें।

सभापति जी, आपने दो तीन बार घंटी बजा दी है, इसलिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देते हुए मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

**माननीय सभापति :** श्री मोहम्मद आजम खां ।

सर, लोक सभा में यह आपकी पहली स्पीच होगी, आपका स्वागत है।

**श्री मोहम्मद आजम खां (रामपुर):** मैं राज्य सभा में रहा हूं, यहां नहीं रहा हूं।

मान्यवर, मैं एक लम्बे सियासी तजुर्बे के बाद यहां आया हूं। मैं नौ बार विधान सभा में रहा और एक बार राज्य सभा में रहा।

"देखे थे हमने जो वो हसीन ख्वाब क्या हुए,
वो वादा हाय अतलस वो कम ख्वाब क्या हुए।"

बहुत अच्छी तस्वीर थी दिल में और दिमाग में, लेकिन मैंने यहां पहले दिन से जो देखा उससे बहुत मायूसी हुई है। मैं यह समझता हूँ कि अगर हम इस माहौल को बदल न सके तो शायद लोकतंत्र का सपना हमारा रास्ते में ही दम तोड़ देगा।

"मंजिल पे न पहुंचे उसे रास्ता नहीं कहते
दो चार कदम चलने को चलना नहीं कहते।"

मैं महामहिम राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण की मुख़ालिफत में नहीं खड़ा हुआ हूँ, लेकिन मुझे इस बात का अफसोस जरूर है कि जो बुनियादी बातें और बुनियादी सवालों के जवाब होने चाहिए थे, शायद वे जवाब नहीं हैं। हमारे सिस्टम की यह मजबूरी भी है कि राष्ट्रपति महोदय को अपने दिल और दिमाग से कुछ कहना नहीं होता है सिर्फ पढ़ना होता है । चमन के निगेहबानों को यकीनन निगेहबानी मुबारक हो, हालांकि इस सदन में इस समय कोई जिम्मेदार नहीं है, हो सकता है कि मेरी यह आवाज मेरी बात वहां तक पहुंचे कि सिर्फ चमन में फूलों की ही हिफ़ाजत नहीं होती, बल्कि वे कांटें जो फूलों की हिफ़ाजत करते हैं, अगर उन कांटों की हिफ़ाजत नहीं हुई तो चमन का बुनियादी तसव्वुर खत्म हो जाता है।

इस मुल्क की दूसरी बड़ी आबादी के साथ जिस तरह का सुलूक और जिस तरह का रवैया है, वह यकीनन बहुत तकलीफदेह है। मेरे जैसा व्यक्ति, जो एक यूनिवर्सिटी का फाउंडर है, एक ऐसा मेडिकल कॉलेज बनाया है, जिसे आप देखेंगे तो शायद राष्ट्रपति भवन अच्छा न लगे।

**19.00 hrs**

जहां डॉक्टरी पढ़ने वाले बच्चे पढ़ेंगे, जहां प्रधान मंत्री जी बैठते हैं, उस जैसा है । तकरीबन 500 एकड़ जमीन पर एशिया का लगभग सबसे खूबसूरत विश्वविद्यालय है। इसे मैंने इस तरह बनाया है, मान्यवर, हाथ और दामन फैलाकर। मेरे बच्चों के चार सीबीएसई बोर्ड के स्कूल चलते हैं, 300-350 रुपये की फीस लेता हूं। जिनके मां-बाप नहीं हैं, उन्हें मुफ्त पढ़ाता हूं, उन्हें ड्रेस मुफ्त देता हूं, किताबें मुफ्त देता हूं। अगर मां-बाप में से कोई एक नहीं है तो 50 प्रतिशत कन्सेशन रहता है। सड़क पर पत्थर तोड़ने वाला, रिक्शा चलाने वाले या मजदूरी करने वाले का बच्चा और बच्ची यदि वहां पढ़ता है तो मात्र 20 रुपये लिए जाते हैं। लेकिन इसी आज़ादी में मेरे जैसे व्यक्ति के साथ जो बर्ताव हुआ, उसने आज़ादी की सांसों को बहुत कम कर दिया। इसलिए मैं कहना चाहता हूं आपसे कि यहां बार-बार 1947 का जिक्र हुआ है, आज़ादी के 70 सालों का जिक्र हुआ है। हमारा बहुत विवाद है कांग्रेस से, बहुत नाराजगी है। मुरादाबाद से लेकर अयोध्या तक बहुत से सवालात हैं, जिनके जवाब नहीं हैं उनके पास, लेकिन यह नहीं कहा जा सकता कि विकास का काम सिर्फ इन्हीं पांच वर्षों में हुआ है। विकास बहुतों ने किया है। जब देश आज़ाद हुआ था तो हमारे पास लकड़ी के पहियों की गाड़ियां थीं, हमारे पास इतने भी हथियार नहीं थे कि 1947 के बंटवारे में जो खूंरेज़ी हो रही थी, उसे हम रोक सकते। मान्यवर, बहुत आसान है किसी पर कटाक्ष कर देना, लेकिन सच्चाई की आंखों से भी देखना पड़ेगा। मैं सदन के उन तमाम साथियों से और जो उत्तर प्रदेश से जीतकर आए हैं, उनसे कहना चाहता हूं, वे मुझसे व्यक्तिगत तौर पर वाकिफ हैं। मैं इस सदन में कहना चाहता हूं कि मेरे पूरे राजनीतिक जीवन में अगर सुई की नोक के बराबर भी कहीं बेईमानी, रिश्वत, कोई भ्रष्टाचार या व्यक्तिगत रूप से किसी के साथ कोई ज्यादती सरकारी कलम के साथ की हो तो मैं अभी इस सदन को छोड़ने का एलान करता हूं। …(व्यवधान) मैंने सुना नहीं, वरना मैं आपका जवाब देता। …(व्यवधान) मान्यवर, मैंने बहुत साफ-सुथरी जिन्दगी गुजारी है, वरना इतना लम्बा राजनीतिक सफर तय करने के बाद, मैं देश की सबसे बड़ी अदालत में खड़ा हुआ नहीं होता। …(व्यवधान) मैं उन उठने वाली आवाज़ों से भी कहना चाहता हूं कि 1947 में

बंटवारे के वक्त हमें हक था पाकिस्तान जाने का, आपको नहीं था। हमें हक था, लेकिन हमारे अजदाद ने तय किया कि यह वतन हमारा है। हमारे अजदाद की कब्रें हैं यहां। हमारे बुज़ुर्गों के मज़ारात हैं यहां, जामा मस्जिद है दिल्ली की, ताजमहल है, किले हैं हमारे, बुज़ुर्गों की यादें हैं। यही आज धरोहर है हमारे भारत की। वही लोग गद्दार हो गए। उन्हीं का नाम लेकर सड़कों पर मारा जाने लगा। हम अपनी मर्ज़ी से रुके थे, हमें किसी ने जबर्दस्ती नहीं रोका था। जो अपनी मर्ज़ी से रुके, उनके लिए आज इस सदन में यह कहा गया कि जो वन्दे मातरम नहीं कहेगा, उसे भारत में रहने का अधिकार नहीं होगा।...(व्यवधान) आप मेरी बात सुन लें। मेरी बात सुन लें, हो सकता है आपमें शर्मिन्दगी हो। ...(व्यवधान) बात वन्दे मातरम की नहीं है, मान्यवर। अगर कानून की बात करूं तो सुप्रीम कोर्ट कहता है कि वन्दे मातरम के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। सबसे बड़ी अदालत वह भी है।

अगर आपने इतिहास पढ़ा हो – रेशमी रुमाल तहरीक़, हिन्दुस्तान को आज़ाद कराने के लिए कितने उलेमा ने फांसी के तख्ते चूमे थे, कितने लोग मारे गए थे। देश में न जाने कितनी मिट्टी की पहाड़ियां वे हैं, जिनमें हमारी लाशें आज भी सड़ी-गली मौजूद होंगी, उनमें दफ्न हैं। रेशमी रुमाल तहरीक़ में अगर आप रेशमी रुमाल की तस्वीर देखेंगे तो उस पर आपको भारत माँ की तस्वीर छपी हुई मिलेगी। ये रिश्ते कब थे? 1942 में जब हिन्दू और मुसलमान ने एक बर्तन में खाना खाया करते थे, तब अंग्रेजों को लगा था कि वो अब हिन्दुस्तान पर राज़ नहीं कर सकेंगे। 1942 से उसने अपना बिस्तर बांधना शुरू कर दिया था और 1947 में हिन्दुस्तान आज़ाद हो गया था। हम आज भी एक ही मोहल्ले में रहते हैं, एक घर में बैठते हैं, हममें से किसी को एक दूसरे से डर नहीं लगता, लेकिन जब हम चुनी हुई संस्थाओं में आते हैं, जब वोट जैसी चीज हमारा मुकद्दर बनने वाली होती है, मान्यवर, तब इंसानियत के हमारे सारे रिश्ते टूट जाते हैं। इससे देश बहुत कमजोर हो रहा है, इससे हम बहुत कुछ खो रहे हैं।...(व्यवधान) आप मुझे मजबूर तो नहीं करेंगे। मैं आपसे कब कह रहा हूं कि कलमा पढ़िए आप? मैंने आपसे कब कहा कि कुरान की आयतें पढ़ी जाएं यहां?

यह लोकतंत्र का मंदिर है, यह संविधान का मंदिर है, जो चाहे कहे। अगर मैं कहूं तो आप रोक नहीं सकते हैं और मैं न कहूं तो आप मुझसे ज़बर्दस्ती नहीं कर सकते हैं। अगर आप ज़बर्दस्ती कर सकते हैं तो आप कहिए कि ज़बर्दस्ती कहना होगा।...(व्यवधान)

मान्यवर, देश संविधान से चलेगा, हम भी यही चाहते हैं।...(व्यवधान) अगर संविधान में कहीं किसी मजहबी किताब का कोई श्लोक या कोई आयत पढ़ने के लिए कहा गया हो तो मैं सबसे पहला व्यक्ति होऊंगा जो इस हुक्म पर नतमस्तक करूंगा। आप संविधान को मानो, मैं भी यही कह रहा हूं कि हमें संविधान को मानना चाहिए। जो लोग संविधान को नहीं मानेंगे, वे लोग देश के साथ अच्छा नहीं करेंगे। यह देश बहरहाल सबका है। पूरा जिस्म हाथों से बना हुआ नहीं है, पूरा जिस्म पैरों से बना हुआ नहीं है। शरीर का एक हिस्सा खत्म कर दिया जाए तो इंसान, इंसान नहीं रह जाएगा। हिन्दुस्तान एक बेहतरीन इंसान है, इसे बेहतरीन इंसान बना रहने दिया जाना चाहिए। मैं यह कहना चाहता हूं।

प्रधान मंत्री जी को, भारतीय जनता पार्टी को दूसरी सरकार बनाने के लिए बहुत मुबारकबाद, लेकिन यह याद रहे कि उनके कंधों पर जिम्मेदारियों का बहुत बोझ है। जो कहा जाए, वह किया जाए। मैं एक छोटा-सा व्यक्ति हूं और भैंसें भी पालता हूं। प्रधान मंत्री जी को जनसभा में मेरी भैंसों का ख्याल रहा, लेकिन मेरा ख्याल नहीं रहा। चार-चार साल के मासूम बच्चों को जिलाधिकारी और एडीएम स्कूल के अंदर कान पकड़ कर उठा ले, यही है कानून का राज?...(व्यवधान) मैं तीन तलाक की बात नहीं कर रहा हूं, मैं शिक्षा के अधिकार की बात कर रहा हूं। एक दरवाजा जो सरकार के पैसे से बना हो, जिसे सरकारी संस्था ने बनाया हो। मुंशी प्रेमचंद की ज़बान उर्दू थी। उर्दू मुसलमानों की ज़बान नहीं है। मुसलमानों की ज़बान अरबी थी। उनके कुरान की ज़बान अरबी है। उर्दू मुसलमानों की ज़बान नहीं है, हिन्दुस्तानियों की ज़बान है, इंकलाब जिंदाबाद की ज़बान है। इस ज़बान के साथ तास्सुब गलत है । उर्दू गेट बना हुआ था, तोड़ दिया

गया। सरकार के पैसे और सरकार की संस्था से बनाया हुआ दरवाजा गिरा दिया जाए तो कैसे कानून का राज चलेगा?

मान्यवर, मासूमों को कान से पकड़ कर उठा दिया जाएगा, आप कैसे शिक्षा देंगे? उत्तर प्रदेश में एक ऑर्डिनैंस लाने की तैयारी हो रही है, उससे मुझे कोई परेशानी नहीं है, क्योंकि मेरा गिरेबान, दिल और दामन साफ है, लेकिन मैं जानना चाहता हूं कि संवैधानिक बाध्यता है, हम शिक्षा और रोजगार देंगे। हमने कितना रोजगार दिया, स्वास्थ्य पर कितना ख्याल रखा? यह कह देना बहुत आसान है कि इतना पैसा खर्च कर दिया गया, लेकिन यह नेता सदन को बताना पड़ेगा कि गोरखपुर में बच्चे क्यों मर गए, उनका इलाज क्यों नहीं हो सका? मुख्य मंत्री के क्षेत्र में क्यों इतनी मौतें हो गईं, बिहार में इतनी मौतें क्यों हो गईं?...(व्यवधान)

मान्यवर, जब तक यह जहनियत नहीं बदलेगी, मेरे जैसे लोगों का सर्वाइवल नामुमकिन हो जाएगा। मैं चुना हुआ व्यक्ति हूं, इसलिए मैं बहुत अहमियत के साथ इस बात को कह रहा हूं कि आप एक कमीशन बैठाएं। इस लोकतंत्र के पर्व पर जो मेरे यहां हुआ है, 15 दिनों तक बराबर एडमिनिस्ट्रेशन ने जो नंगा नाच किया है, रामपुर शहर, स्वार, टांडा और दढ़ियाल के अंदर एक वर्ग के बहुत लोगों को बहुत मारा गया है । आप कमीशन बैठाएं और हमारा भी रोल देखें और जिलाधिकारी का भी रोल देखें । लोगों को शौकिया मारा है, लोगों के घरों में दरवाजे तोड़ कर घुसे हैं । पुलिस ने 77 हजार रेड कार्ड दिए हैं और 77 हजार परिवारों से यह कहा कि वोट डालने नहीं निकलोगे। जहां 77 हजार परिवार वोट डालने के लिए नहीं निकलेंगे तो लोकतंत्र कहां बाकी रह जाएगा?

मान्यवर, अगर यह ...* है तो यह भी नोट किया जाए, इसे कमीशन का हिस्सा माना जाए। अगर 77 हजार परिवारों को रेड कार्ड देकर वोट डालने से वंचित न किया गया हो तो जो सजा यह सदन चाहे तय कर ले।

---

* Not recorded.

मान्यवर मैं आपसे कह रहा हूं कि लोकतंत्र का बचना जरूरी है और लोकतंत्र आवाजों से नहीं बचेगा। लोकतंत्र तब बचेगा, जब फांसी के तख्तों पर चढ़ने से पहले शहीद भगत सिंह का वजन लिया जाएगा, तो पांच पाउंड वजन बढ़ चुका होगा, इससे साबित होता है कि देश की आजादी कैसे हुई थी। यदि आपस के रिश्तों को नहीं संभालेंगे, तो देश खुशहाल नहीं रह सकता । मैं कहता हूं कि यह पूरा शरीर हिंदुस्तान है। मेरे शरीर के पांचवें हिस्से पर यदि फालिज हो जाये, तो यह कामयाब हिंदुस्तान और सेहतमंद हिंदुस्तान नहीं होगा। पूरी दुनिया का कोई व्यक्ति इसे सेहतमंद हिंदुस्तान नहीं कहेगा।

मान्यवर, एक आवाज 'तीन तलाक' के विषय पर आई थी। कोई एक तलाक मानता है, वह माने। कोई दो तलाक मानता है, वह माने। कोई तीन तलाक मानता है, माने। यदि कोई तलाक मानता ही नहीं है, वह मत माने। मैं यह कहता हूं कि यह हमारा व्यक्तिगत मामला है। इस पर कुरान/सुन्नत जो हुक्म देता है, जो कुरान फैसला करता है, जो कुरान राय देता है, उस राय से हटकर कोई बात कबूल नहीं की जाएगी।...(व्यवधान) हरगिज कबूल नहीं की जाएगी। मैं एक बात और कहना चाहता हूं। ये जो महिलाओं के बड़े हमदर्द बनते हैं, महिलाओं की बड़ी वकालत करते हैं। उनके दुख, उनके दर्द, उनकी तकलीफों के बारे में भी बताएं। सबरीमाला के बारे में बताएं। उनके लिए एक पैमाना और मुस्लिम तलाकशुदा महिलाओं के लिए दूसरा पैमाना, यह ठीक नहीं है।

**माननीय सभापति :** आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

**श्री मोहम्मद आज़म खां :** मान्यवर, मैं सिर्फ आधे मिनट में अपनी बात समाप्त करूंगा। मुझे इस बात का भी अंदेशा है कि कहीं देश अपने आपको शादी के बंधन से अलग कर ले। कहीं ऐसा न हो कि शादी, ब्याह, निकाह और मंडप से लोग डरने लगें और हमारे यहां शादी का रिवाज ही खत्म हो जाए तथा लोग लिव इन रिलेशन को पसंद करने लगें। आइए, अपनी सभ्यता को, अपनी संस्कृति को वापस लाएं और अपने रिश्तों को वापस लाएं तथा एक नए हिंदुस्तान की परिकल्पना करें।

[*] **SHRI M. SELVARAJ (NAGAPATTINAM):** Hon'ble Chairman Sir, Vanakkam. I am thankful to you for this Opportunity to take part in the discussion on Motion of Thanks on the Hon. President's Address. Once again I thank you and Hon. Members of this Lok Sabha. Hon. President in his Address stated that the country will be led to a bright future. This Government also assured to make efforts for improving our agricultural based economy. Tamil Nadu has been totally neglected in this President's Address. Seven crore people of Tamil Nadu along with the State havealso been neglected in this Address. In my constituency, the Union Government is trying hard to acquire the cultivable land from farmers of Delta district for implementing hydrocarbon exploration scheme. The State Government is also cooperating with the Union Government in this regard. This is totally against the farming community. Union Government's move to acquire land from Puducherry to Rameswaram for immediate implementation of hydrocarbon and Methane exploration schemes is also against the farmers of Tamil Nadu. Acquiring farm land for such purposes should be given up. Otherwise farmers cannot be protected. Union Government should allow farmers to plough their own lands. GAIL is acquiring farm lands from Tamil Nadu for laying gas pipelines. As an alternative, they should try laying of gas pipelines along the Highways. High power electric poles are being installed on farm lands. This should be stopped at any cost.

[*] English translation of the Speech originally delivered in Tamil.

Similarly Government has been acquiring cultivable land for laying of 8-lane road in Tamil Nadu. Whether it is hydrocarbon or methane exploration or installation of high power electric poles or laying of gas pipelines, the Union Government is into grabbing of the farm land from the hands of farmers. This is an act of terror creating fear in the minds of farmers. Farmers are forced to leave their farm lands. Their views are not heard by the Government. If this is the situation, how can you improve the living conditions of farmers. Hon. President in his Address stated that the agricultural economy of the country will be developed. Do the farmers of this country get remunerative prices for their agricultural produce? They don't get remunerative prices. The farmers do not even get marketing facilities for their produce.

After demonetization and due to implementation of GST, the MSME, Micro Small and Medium Enterprises and their growth have been affected. GST should be brought down to 5 per cent. Otherwise the Micro Small and Medium Enterprises cannot be protected. Without improving this sector, how can you generate employment? Hon. President's Address did not clarify on how the unemployment problems will be addressed and did not specify the scheme of employment generation. Without developing the MSME sector, without giving them the favours that are needed, without reducing the GST for this sector, without ensuring undisrupted electricity supply to this sector, how can you see an upward trend of growth? In order to address unemployment problem, MSME sector should be developed. The tax levied on them should be brought down. Drinking water problem is a major issue. It has become as a

national issue now. People of Tamil Nadu have been suffering because of drinking water scarcity for the last several months. Monsoon has been a failure. Be it south-east or north-east monsoon. There is no water available in rivers, ponds or any other water bodies of the State of Tamil Nadu. Altogether, the people have been suffering due to non-availability of drinking water. During the regime of Kalaignar Karunanidhi, several drinking water schemes were started to bring water from Kollidam. During the present Government's rule, those schemes could not be upgraded. Due to which, there is drinking water scarcity. The issue of Cauvery river water is again affecting the farmers of delta region and their lives. The Cauvery River Water Tribunal was set-up after 70 years of long struggle. The Tribunal pronounced interim as well as final verdict. A case was filed in the Hon. Supreme Court and it has pronounced its judgement as well. But the Karnataka Government has defied the order of the Hon. Supreme Court. Tamil Nadu has become barren land as a result of non-release of water through Cauvery that is due for the State, as per the verdict. Kuruvai harvest has not been successful during the last 8 years. How can we enhance production is this is the case? How can you eat without agricultural production? If the farm lands are acquired for implementation of 4-lane and 8-lane road schemes, where will we get rice? There is no water available. Water that had to be released to Mettur dam was not released. This has affected agriculture of that region.

Farmers are committing suicide. There is no agricultural activity. There is no water availability, particularly in rivers. Agriculture should be protected in

Tamil Nadu. There are no positive aspects in this President's Address. On behalf of Communist Party of India, Myself and Thiru K. Subbarayan MP have given 22 amendments to be made in this President's Address.The atrocities faced by the people belonging to Scheduled Castes, Women and Muslims do not find a mention in this Address. In all, this Address lacks focus and substance. Thank you for this Opportunity.

**श्री असादुद्दीन ओवैसी (हैदराबाद) :** शुक्रिया सर, सदरे जम्हूरिया के खुत्बे पर जो मोशन मूव किया गया है, मैं उसकी मुखालिफत में खड़ा हूं। हिन्दुस्तान की 80 करोड़ आवाम मेरे साथ है। आपके साथ पाटलीपुत्र के लोग हैं । …(व्यवधान) आपको मुबारक, आप जीतकर आए हैं । …(व्यवधान) आप मुझसे अच्छी उम्मीद रखिये। …(व्यवधान)

सर, यकीनन हिन्दुस्तान की आवाम ने फैसला दिया, एक जम्हूरी इलैक्शन हुआ और उस इलैक्शन में हिन्दुस्तान की आवाम ने भारतीय जनता पार्टी को दोबारा इक्तेदार सौंपा है । हम हिन्दुस्तान के इस फैसले की, आवाम के फैसले की इज़्ज़त करते हैं। इस इन्तेखाबात में जो तीन इन्तेखाबी नतीजे आए, वो यकीनन उस बात को दोहराते हैं कि हिन्दुस्तान की आवाम ने, अगर मैं अंग्रेजी की इस्तेलां में कहूं, हिन्दुस्तान की आवाम ने एक कॉमनर को कामयाब किया और इलीटिस्ट को नाकाम किया। मेरी नज़र में ऐसे तीन पार्लियामानी हल्के हैं, जिसमें अमेठी शामिल है, गुना शामिल है और औरंगाबाद शामिल है। यहां की आवाम ने एक कॉमनर को कामयाब किया। सर, यह हमारी जम्हूरियत की सबसे बड़ी ताकत है।

सर, तीसरी बात यह है कि सदरे जम्हूरिया के खुत्बे में बहुत सी बातें कही गईं, उसमें हुकूमत के इरादों और हुकूमत के प्लान का इज़हार किया गया। उसमें सदरे जम्हूरिया ने एक बात यह कही कि हिन्दुस्तान की डायवर्सिटी और प्लूरलिज़्म इसमें नज़र आती है। मैं आपको बताना चाहूंगा कि ये जो नतीज़े आए हैं, मैं इनकी इज़्ज़त करता हूं। ये नतीजे आवाम ने दिये, मगर क्या यह इस ऐवान की डायवर्सिटी और प्लूरलिज़्म की अकासी करता है? आदाद-ओ-शुमार यह बताते हैं कि इस ऐवान में 29 फीसद अपर कास्ट और 22 परसेंट ओबीसी के लोग मुन्तखिब होकर आए। …(व्यवधान) अब इससे आप खुद अंदाज़ा लगा लीजिए, किसी को रॉकेट साइंटिस्ट होने की ज़रूरत नहीं है कि क्या यह ऐवान हिन्दुस्तान के उस अज़ीम प्लूरलिज़्म और डायवर्सिटी की अकासी करता है? मेरी नाकिस राय में वह नहीं करता है। …(व्यवधान) इसलिए, क्योंकि अगर इतनी बड़ी तादाद में 29 फीसद अपर कास्ट के लोग और ओबीसी के 22 फीसद लोग कामयाब होते हैं, यह हुकूमत की उस बात को नेगेटिव साबित करता है।

सर, यकीनन इस इलैक्शन में जितना हिन्दू कंसॉलिडेशन बीजेपी के पास हुआ है, उससे इंकार नहीं किया जा सकता। सीएसडीएस - लोकनीति का डेटा है कि पिछली बार से अबकी बार 37 परसेंट से 44 परसेंट हिन्दू वोट बीजेपी को मिला है। यह मैं नहीं कह रहा हूं। यह हिन्दू अखबार में सीएसडीएस - लोकनीति की रिपोर्ट है। हमारे मुल्क में एक रिलीजियस डिवाइड है, इससे इंकार नहीं किया जा सकता। एनडीए ने 51 परसेंट हिन्दू वोट लिया है। सर, आप 80 परसेंट का 51 परसेंट देखेंगे, तो आपको 60 फीसद वोट मिला है। …(व्यवधान) यह बात बिलकुल सही है कि कांग्रेस को, नाम-निहाद सेक्युलर पार्टियों को उनकी ज़िन्दगी में, उनकी पार्टी की तारीख में इतना मुस्लिम वोट नहीं मिला, जितना इस बार मिला है, बिलकुल मिला है। अब इन दोनों को सामने रखकर आप देखिए, मेरा हाल तो 'फंस गई रज़िया गुंडों में' वाला है। मैं बी-टीम और सी-टीम हूं, जिस किसी को सूट करता है, तो मैं उधर बी-टीम, इनको सूट करता है, तो मैं इनका बी-टीम, मगर यह जो डेटा आया है, इससे साफ ज़ाहिर हो गया है कि हमारे वतन-ए-अज़ीज़ में यह बड़ी अफसोसनाक और बदबख्ती की बात है कि रिलीजियस डिवाइड है, इससे इंकार नहीं किया जा सकता। यही वजह है कि हमारे इस ऐवान में मुसलमान जो कामयाब होकर आए है, वे 25, चार परसेंट हैं और बीजेपी के पास 300 से ज़्यादा अराकीन पार्लियामान हैं। …(व्यवधान) वे इस बात का इकरार नहीं कर सकते कि इनके पास एक भी मुसलमान जीतकर नहीं आया, मगर इसके बावजूद भी आपको ट्रिपल तलाक, मुस्लिम ख्वातीन से हमदर्दी है, मगर हमदर्दी तो कामयाबी में दिखनी चाहिए थी। …(व्यवधान)

चौथी बात, सदर-ए-जम्हूरिया ने निकाह हलाला की बात की। मैं हुकूमत को बताना चाहता हूं कि आपके पास कौन ऐसे नाकिस, जाहिल लोग हैं, जो ये खुत्बा तैयार करते हैं। इस्लाम में निकाह हलाला नाम की कोई चीज़ नहीं है, सिर्फ निकाह है और उन काबिल लोगों को यह बताइए कि सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट के बाद जब निकाह टूटता नहीं है तो हलाला कैसे होगा? कम से कम मजाक भी करना है तो अच्छे तरीके से करिए। गलतियां तो इतनी होती हैं कि अगर आप सिर्फ हसद की बुनियाद पर, बुग्ज़ की बुनियाद, तंगनजरी की बुनियाद पर ये बातें करेंगे तो आपका

मजाक उड़ रहा है । सर, प्राइम मिनिस्टर ने बात कही, सदर-ए-जम्हूरिया ने कहा कि हम 5 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनॉमी 2024 तक बनाएंगे । इसमें सब के विश्वास की बात हुई कि स्ट्राँग, सेफ, प्रॉस्परस एण्ड ऑल इन्क्लूजिव इण्डिया बनाया जाए । हम भी चाहते हैं और आपको मुबारकबाद हो । मगर आप मुझे बताइए कि अगर हर महीने या दो महीने में किसी एक मुसलमान को लिंच किया जाएगा, टोपी के नाम पर मारा जाएगा, गाय के गोश्त के नाम पर मारा जाएगा, उसको चोरी के नाम पर मारा जाएगा, उसकी जान ले ली जाएगी तो आप बताइए कि कैसे आप हिन्दुस्तान की इकॉनोमी को 2024 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की कर पाएंगे? आप 14 परसेंट अवाम को मॉब लिंचिंग के नाम पर मार-मारकर 5 ट्रिलियन के डॉलर के एकॉर्डिंग बना पाएंगे? नहीं बना पाएंगे आप ।

पांचवीं बात, आपको यह कामयाबी मिली, मैं आपको मुबारकबाद देता अगर आपकी कामयाबी इण्डियन नेशनलिज्म पर होती, वह नहीं हुई । क्योंकि डेटा बता रहा है कि आपकी कामयाबी, हिन्दू नेशनलिज्म को जो आपने फरोग़ दिया, उसका आपको फायदा मिला । मुझे नहीं मालूम कि ई.वी.एम. टेम्पर हुए या नहीं हुए, मगर मैं यह जरूर कहता हूं और आज भी कह रहा हूं कि 2014-2019 और 2019-2024 तक अक्सरयती तबके की मेजोरिटेरियन कम्युनिटी के माइण्ड को आप टेम्पर करेंगे । मैं आपसे गुजारिश कर रहा हूं कि इण्डियन नेशनलिज्म को अगर आप फरोग़ देंगे तो मॉब लिंचिंग खत्म हो जाएगी । मॉब लिंचिंग खत्म करने के लिए इण्डियन नेशनलिज्म को मानना पड़ेगा, मगर आप अपनी आइडियोलॉजी से इतना बंधे हुए हैं कि आप उसको तोड़कर निकल ही नहीं सकते हैं ।

सर, बात हुई सिक्योरिटी की । प्रेजीडेण्ट ने सिक्योरिटी के बारे में कहा । यह बात बिल्कुल सही है कि जम्मू कश्मीर में 2005 के बाद अब तक 73 सिक्योरिटी पर्सनल की मौत हुई है, 88 लोकल्स भी मारे गए हैं । अब तो आतंकवादी इतने शार्प शूटर हैं कि जब हमारे उत्तर प्रदेश के मेजर की मौत हुई तो वे लोग डायरेक्ट सिर पर मार रहे हैं, इतने शार्प शूटर हो चुके हैं । आप बताइए कि पुलवामा में ब्लास्ट हुआ और कितने इण्टेलीजेंस ब्यूरो, कितने रॉ के ऑफिसर्स को आपने संस्पेंड

किया? यह हम भी तो देखें कि हमारे गिरेबान में अगर कमजोरी है तो कैसे वहां पर बॉम्ब ब्लास्ट हुआ। वहां पर 150 किलो या 50 किलो आर.डी.एक्स. कैसे गया? देश जानना चाहता है कि आपने पुलवामा केस में कितने आई.बी. के ऑफीसरों को सस्पेंड किया? आप नहीं बता सकते हैं। आप यह बताइए कि जम्मू कश्मीर में, जितने कश्मीर के एम.पीज. जीतकर आए, कितने वोट लिए 9000, 6000? इतने वोट तो हमारे मुनिसिपल इलेक्शन में आ जाते हैं। त्राल में एक जगह पर आपने लीड किया, 400 वोट बी.जे.पी. ने लिए। यह आपकी जम्हूरियत की कामयाबी है। मैं आप पर छोड़ता हूं, क्योंकि मुझे मालूम है कि बरस्तु-ए-जमा हैं। मैं अपनी बात खत्म कर रहा हूं।

आप अमेरिका के पास आ जाइए। हमारे वजीर-ए-आजम डोनाल्ड ट्रंप से बहुत गले मिले। ऐसा लग रहा था कि ईद और बकरीद दोनों के गले मिल रहे हैं। वह बगलगीर हुए, मगर ट्रंप ने हमको क्या दिया? ट्रंप ने कह दिया कि रशिया से एस 400 मिसाइल नहीं ले सकते। ट्रंप कह रहा है कि चीन से 5जी टेक्नोलॉजी नहीं ले सकते। ट्रंप कह रहा है कि ईरान से ऑयल नहीं ले सकते। ट्रंप कह रहा है कि आप डेटा नहीं रख सकते। ट्रंप कह रहा है कि हार्ले डेविडसन मोटर साईकिल आप फ्री में लेकर आइए। सर, मुझे यकीन है कि आपका 56 इंच का सीना है, आप ट्रंप से क्यों डर रहे हैं? ...* ईरान से ऑयल खरीदिए। ढाई हजार करोड़ का बोझ हिन्दुस्तान की आवाम पर आ रहा है, आप ईरान से ऑयल नहीं खरीद रहे हैं। सबसे सस्ता ऑयल ईरान से मिलता है। इस देश को जरूरत है रशिया के एस 400 मिसाइल्स की। अतराफ के पड़ोसियों से खतरा है। सर, मैं अपनी बात अभी खत्म कर रहा हूं।

अमेरिका की रिलीजियस फ्रीडम की रिपोर्ट आई। विदेश से पोम्पियो आ रहे हैं। आप उससे इंकार करिए। मैं भी मानता हूँ कि अमेरिका को कोई अख्तियार नहीं है हमारे दाख़िली मामलात में दखल करने का, मगर आपकी जो वाहयात रिपोर्ट है, लिख रहे हैं कि आप उसको बोलेंगे। सर पैराग्राफ 101, 112 पर ऑब्जेक्टिव्स ऑफ न्यू इंडिया लिखा गया। मैं भी उस न्यू

---

* Not recorded.

इंडिया को चाहता हूँ। मैं भी चाहता हूँ, मगर अगर आप इस तरह से माहौल पैदा करते जाएँगे और सर आपके पास 308 सदस्य हैं। यहाँ पर अपोजीशन बहुत कम है, मगर सर मैं आपको यकीन दिला रहा हूँ कि जितने लोग यहाँ पर बैठे हैं, इसमें से कोई भी गोडसे को चाहने वाला नहीं है। इसमें कोई भी हेमन्त करकरे को मुर्दाबाद कहने वाला नहीं है। यह एज़ाज़, यह ऑनर आपको जाता है और 5 साल तक यह दाग़ आपको उठाना पड़ेगा कि आपके पास अक्सरियत है, मगर गोडसे को चाहने वाले आपके पास बैठे हैं, यहाँ पर नहीं बैठे हैं। सर आखिर में इकोनॉमी के बारे में, जी.डी.पी. को लेकर हमारे एक्स चीफ इकोनॉमिक एडवाइज़र कहते हैं कि यह 4.5 है। सच कौन बोल रहा है सर? हमारी अनइम्प्लॉयमेंट 6 प्रतिशत है। मुबारक हो आपको। आप जीत गए इलेक्शन, किस बुनियाद पर जीते इलेक्शन, वह देश भी जानता है और हम भी। मगर, 6 प्रतिशत? इसीलिए हम कह रहे हैं सर कि हर ऐतबार से आज आपके सामने एक चैलेंज है, एक मौका है। आप अच्छे काम करेंगे तो हम भी साथ देंगे। मगर, आप अच्छा काम आइडियोलॉजी की बुनियाद पर करना चाहते हैं। मैं आखिर में यह उम्मीद करता हूँ कि यह हुकूमत इंडियन नेशनलिज्म पर चलेगी, संविधान पर चलेगी, आपकी आइडियोलॉजी इस मुल्क को कमज़ोर करेगी, आपकी आइडियोलॉजी मॉब लिंचिंग में और इज़ाफा करेगी।

**جناب اسدالدین اویسی (حیدرآباد): شکریہ سر، صدرِ جمہوریہ کے خطبہ پر جو موشن موو کیا گیا ہے، میں اس کی مخالفت میں کھڑا ہوا ہوں۔ ہندوستان کی 80 کروڑ عوام میرے ساتھ ہے۔ آپ کے پاس پاٹلی پتر کے لوگ ہیں (مداخلت)۔۔ آپ کو مبارک، آپ جیت کر آئے ہیں۔ (مداخلت) آپ مجھ سے اچھی امید رکھئے۔۔ (مداخلت)۔۔۔**

**سر یقیناً ہندوستان کی عوام نے فیصلہ دیا ہے، ایک جمہوری الیکشن ہوا اور اس الیکشن میں ہندوستان کی عوام نے بھارتیہ جنتا پارٹی کو دوبارہ اقتدار سونپا ہے۔ ہم ہندوستان کے اس فیصلے کی ، عوام کے فیصلے کی عزت کرتے ہیں۔ ان انتخابات میں جو تین انتخابی نتیجے آئے ہیں، وہ یقیناً اس بات کو دوہراتے ہیں کہ ہندوستان کی عوام نے اگر میں انگریزی کی اصطلاح میں کہوں ، ہندوستان کی عوام نے ایک کامیونر کو کامیاب کیا اور ایلیٹیسٹ کو نا کام کیا۔ میری نظر میں ایسے تین پارلیمانی حلقے ہیں، جس میں امیٹھی شامل ہے، گُنا شامل ہے اور اورنگ آباد شامل ہے۔ یہاں کی عوام نے ایک کامنر کو کامیاب کیا۔ سر یہ ہماری جمہوریت کی سب سے بڑی طاقت ہے۔**

**سر، تیسی بات یہ ہے کہ صدرِ جمہوریہ کے خطبہ میں بہت سی باتیں کہیں گئیں، اس میں حکومت کے ارادوں اور حکومت کے پلان کا اظہار کیا گیا، اس میں صدرِ جمہوریہ نے ایک بات یہ کہی کہ ہندوستان کی ڈائورسٹی اور پلورلِزم اس میں نظر آتی ہے۔ میں آپ کو بتانا چاہوں گا کہ یہ جو نتیجہ آئے ہیں ، میں ان کی عزت کرتا ہوں ۔ یہ نتیجہ عوام نے دئے ہیں ، مگر کیا یہ اس ایوان کی ڈائورسٹی اور پلورلِزم کی عکاسی کرتا ہے ؟ اعداد و شمار یہ بتاتے ہیں کہ اس ملک میں 29 فیصد اپر کاسٹ اور 22 فیصد او۔بی۔سی۔ کے لوگ منتخب ہو کر آئے ہیں۔ (مداخلت) ۔۔ اب اس سے آپ خود اندازہ لگا لیجئے، کسی کو راکٹ**

سائنٹسٹ ہونے کی ضرورت نہیں ہے کہ کیا یہ اس ایوان کے اس عظیم پلورلِزم اور ڈائورسٹی کی عکاسی کرتا ہے۔ میری ناقص رائے میں وہ نہیں کرتا ہے۔ (مداخلت)۔۔ اس لئے کیونکہ اگر اتنی بڑی تعداد میں 29 فیصداپر کاسٹ کے لوگ اور او۔بی۔سی۔ کے 22 فیصد لوگ کامیاب ہوتے ہیں، یہ حکومت کی اس بات کو نیگیٹیو ثابت کرتا ہے۔ سر یقیناً اس الیکشن میں جتنا ہندو کنسولیڈیشن بی۔جے۔پی۔ کے پاس ہوا ہے، اس سے انکار نہیں کیا جا سکتا ۔ سی۔ایس۔ڈی۔ایس۔ لوک نیتی کا ڈاٹا ہے کہ پچھلی بات سے اب کی بار 37 فیصد سے 44 فیصد ووٹ بی۔جے۔پی۔ کو ملا ہے۔ یہ میں نہیں کہہ رہا ہوں ۔ یہ ہندو اخبار میں سی۔ایس۔ڈی۔ایس۔لوک نیتی کی رپورٹ ہے۔ ہمارے ملک میں ایک ریلیجیس ڈیوائڈ ہے، اس سے انکار نہیں کیا جا سکتا۔ این۔ڈی۔اے۔ نے 51 فیصدر ہندو ووٹ لیا ہے۔ سر آپ 80 فیصد کا 51 فیصد دیکھیں گےتو آپ کو 60 فیصد ووٹ ملا ہے (مداخلت)۔۔ یہ بات بالکل سہی ہے کہ کانگریس کو نام و نہاد، سیکیولر پارٹیوں کو ان کی زندگی میں ان کی پارٹی کی تاریخ میں اتنا مسلم ووٹ نہیں ملا جتنا اس بار ملا ہے، بالکل ملا ہے۔ اب ان دونوں کو سامنے رکھ کر آپ دیکھئے، میرا حال تو پھنس گئی رضیہ غنڈوں میں والا ہے۔ میں بی۔ٹیم اور سی۔ٹیم ہوں ، جس کسی کو سوٹ کرتا ہے ، تو میں ادھر بی۔ٹیم ، انکو سوٹ کرتا ہوں، تو میں ان کا بی۔ٹیم، مگر یہ جو ڈاٹا آیا ہے، اس سے صاف ظاہر ہو گیا ہے کہ ہمارے وطنِ عزیزمیں یہ بڑی افسوسناک اور بد بختی کی بات ہےکہ یہ ریلیجیس ڈیوائڈ ہے، اس سے انکار نہیں کیا جا سکتا۔ یہی وجہ ہے کہ ہمارے اس ایوان میں مسلمان جو کامیاب ہو کر آئے ہیں وہ 25، چار فیصد ہے اور بی۔جے۔پی۔ کے پاس 300 سے زیادہ اراکینِ پارلیمان ہے۔

(مداخلت)۔۔ وہ اس بات کا اقرار نہیں کر سکتے کہ ان کے پاس ایک بھی مسلمان جیت کر نہیں آیا، مگر اس کے با وجود بھی آپ کو ٹرپل طلاق، مسلم خواتین سے ہمدردی ہے، مگر ہمدردی تو کامیابی میں دکھنی چاہئےتھی۔۔ (مداخلت)۔۔۔

چوتھی بات، صدر،جمہوریہ نکاح حلالا کی بات کی۔ میں حکومت کو بتانا چاہتا ہوں کہ آپ کو پاس کون ایسے ناکس، جاہل لوگ ہیں جو یہ خطبہ تیار کرتے ہیں۔ اسلام میں نکاح حلالہ نام کی کوئی چیز نہیں ہے، صرف نکاح ہے اور ان قابل لوگوں کو یہ بتائیےکہ سپریم کورٹ کےک ججینٹ کے بعد جب نکاح ٹوٹتا نہیں ہے تو حلالہ کیسے ہوگا؟ کم سے کم مذاق بھی کرنا ہے تو اچھے طریقے سے کرئیے۔ غلطیاں تو اتنی ہوتی ہیں کہ اگر آپ صرف حسدکی بنیاد پر بغض کی بنیاد پر تنگ نظری کی بنیاد پر یہ باتیں کریں گے تو آپ کا مذاق اڑرہا ہے۔ سر، پرائم منسٹر نے بات کہی ، صدرِ جمہوریہ نے کہا کہ ہم 5 ٹریلین ڈالر کی ایکونومی 2024 تاک بنائیں گے۔ اس میں سب کے وِشواس کی بات ہوئی کہ اسٹرانگ، سیف، پروسپیرس اور آل انکلوزیو انڈیا بنایا جائے۔ ہم بھی چاہتے ہیں اور آپ کو مبارک باد ہو۔ مگر آپ مجھے بتائیےکہ اگر ہر مہینے یا دو مہینے میں کسی ایک مسلمان کو لِنچ کیا جائےگا، ٹوپی کے نام پر مارا جائے گا، گائے کے گوشت کےنام پر مارا جائے گا، اس کو چوری کے نام پر مارا جائے گا، اس کی جان لے لی جائے گی تو آپ بتائیے کہ کیسے آپ ہندوستان کی ایکونومی کو 2024 تک 5 ٹریلین ڈالرکر پائیں گے۔ آپ 14 فیصد عوام کو ماب لِنچنگ کے نام پر مار مار کر 5 ٹریلین کے ڈالر کے ایکارڈنگ بنا پائیں گے؟ نہیں بنا پائیں گے آپ۔

پانچویں بات، آپ کو یہ کامیابی ملی، میں آپ کو مبارک باد دیتا اگر آپ کی کامیابی انڈین نیشنلزم پر ہوتی، وہ نہیں ہوئی۔ کیونکہ ڈاٹا بتا رہا ہے کہ آپ کی کامیابی ہندو نیشنلزم کو جو آپ نے فروغ دیا، اس کا آپ کو فائدہ ملا۔ مجھے نہیں معلوم کہ ای-وی-ایم۔ ٹیمپر ہوئے کہ نہیں ہوئے، مگر میں یہ ضرورکہتا ہوں اور آج بھی کہہ رہا ہوں کہ 2019-2014 اور 2024-2019 تک اکثریتی طبقہ کی میجوریٹیرین کمیونیٹی کے مائنڈ کو آپ ٹیمپر کریں گے۔ میں آپ سے گزارش کر رہا ہوں کہ انڈین نیشنلزم کو اگر آپ فروغ دیں گے تو ماب لنچنگ ختم ہو جائے گی۔ ماب لِنچنگ کو ختم کرنے کے لئے انڈین نیشنلزم کو ماننا پڑے گا، مگر آپ اپنی آئیڈیولوجی سے اتنا بندھے ہوئے ہیں کہ آپ اس کو توڑ کر نکل ہی نہیں سکتے ہیں۔

سر بات ہوئی سیکیوریٹی کی۔ پریزیڈینٹ نے سیکیوریٹی کےبارے میں کہا ۔ یہ بات بالکل سہی ہے کہ جموں و کشمیر میں 2005 کے بعد اب تک 73 سیکیورٹی پرسنل کی موت ہوئی ہے، 88 لوکلس بھی مارے گئے ہیں ۔ اب تو آتنک وادی اتنے شارپ شوٹر ہیں کہ جب ہمارے اتر پردیش کے میجر کی موت ہوئی تو وہ لوگ ڈائرکٹ سر پر مار رہے ہیں، اتنے شارپ شوٹر ہو چکے ہیں۔ آپ بتائیے ک پلوامہ میں بلاسٹ ہوا، اور کتنے انٹیلی جینس بیوروں اور کیتنے را کے آفیسرس کو آپ نے سسپینڈ کیا؟ یہ ہم بھی تو دیکھیں کہ ہمارے گریبان میں اگر کمزوری ہے تو کیسے وہاں پر بمب بلاسٹ ہوا۔ وہاں پر 150 کلو یا 50 کلو آر-ڈی-ایکس۔ کیسے گیا؟ دیش جاننا چاہتا ہے کہ آپ نے پلوامہ کیس میں کتنے آئی-بی۔ کے افسران کو سسپینڈ کیا؟ آپ نہیں بتا سکتے ہیں۔ آپ یہ بتائیے کہ جموں و کشمیر میں، جتنے کشمیر کے ایم-پیز جیت کر آئے، کتنے ووٹ لئے 9000، 6000؟ اتنے ووٹ تو ہمارے میونسپل الیکشن میں آ جاتے ہیں۔ ترال

میں ایک جگہ پر آپ نے لیڈ کیا، 400 ووٹ بی۔جے۔پی۔ نے لئے۔ یہ آپ کی جمہوریت کی کامیابی ہے۔ میں آپ پر چھوڑتا ہوں، کیونکہ مجھے معلوم ہے کہ برستوں زماں ہے۔ میں اپنی بات ختم کر رہا ہوں۔

آپ امریکہ کے پاس آجائیے۔ ہمارے وزیرِ اعظم ڈونالڈ ٹرمپ سے بہت گلے ملے۔ ایسا لگ رہا تھا کہ عید اور بقرعید دونوں کے گلے مل رہے ہیں۔ وہ بغل گیر ہوئے، مگر ٹرمپ نے ہم کو کیا دیا؟ ٹرمپ نے کہا کہ روس سےایس-400 میزائل نہیں لے سکتے۔ ٹرمپ کہہ رہا ہے کہ چین سے 5جی ٹیکنولوجی نہیں لے سکتے۔ ٹرمپ کہہ رہا ہے کہ ایران سے آئل نہیں لے سکتے۔ ٹرمپ کہہ رہا ہے کہ آپ ڈاٹا نہیں رکھ سکتے۔ ٹرمپ کہہ رہا ہے کہ ہارلے ڈیوِڈسن موٹر سائکل آپ فری میں لے کر آئیے۔ سر مجھے یقین ہے کہ آپ کا 56 اِنچ کا سینہ ہے، آپ ٹرمپ سے کیوں ڈر رہے ہیں؟ (Not recorded) ایران سے آئل خریدئے۔ ڈھائی ہزار کروڑ کا بوجھ ہندوستان کی عوام پر آ رہا ہے، آپ ایران سے آئل نہیں خرید رہے ہیں، سب سے سستا آئل ایران سے ملتا ہے۔ اس ملک کو ضرورت ہے روس کے ایس400 میزائل کی۔ اطراف کے پڑوسیوں سے خطرہ ہے۔ سر میں اپنی بات ابھی ختم کر رہا ہوں۔

امریکہ میں ریلیجیس فریڈم کی رپورٹ آئی۔ وِدیش سے پومپیوں آ رہے ہیں۔ آپ اس سے انکار کرئیے۔ میں بھی مانتا ہوں کہ امریکہ کو کوئی اختیار نہیں ہے ہمارے داخلی معاملات میں دخل کرنے کا، مگر آپ کی جو واحیات رپورٹ ہے، لکھ رہے ہیں آپ اس کو بولیں گے۔ سر، پیراگراف 101، 112 پر آبجیکٹیوس آف نیو انڈیا لکھا گیا۔ میں بھی اس نیوانڈیا کو چاہتا ہوں۔ میں بھی چاہتا ہوں مگر آپ اس طرح سے ماحول پیدا کرتے جائیں گے اور سر آپ کے پاس 308 ممبر ہیں۔ یہاں پر اپوزیشن بہت کم ہے۔ مگر سر، میں آپ کو یقین دلا

رہا ہوں کہ جتنے لوگ یہاں پر بیٹھے ہیں اس میں سے کوئی بھی گوڈسے کو چاہنے والا نہیں ہے۔ اس میں سے کوئی بھی ہیمنت کرکرے کو مردہ باد کہنے والا نہیں ہے۔ یہ اعزاز یہ آنر آپ کو جاتا ہے اور 5 سال تک آپ کو اٹھانا پڑے گا کہ آپ کے پاس اکثریت ہے، مگر گوڈسے کو چاہنے والے آپ کے پاس بیٹھے ہیں، یہاں پر نہیں بیٹھے ہیں۔ سر آخر میں ایکونومی کے بارے میں جی۔ڈی۔پی۔ کو لے کر ہمارے سابق چیف ایکونومک ایڈوائزر کہتے ہیں کہ یہاں 4.5 ہے۔ سچ کون بول رہا ہے سر؟ ہماری ان ایمپلائمنٹ 6 فیصد ہے، مبارک ہوآپ کو۔ آپ جیت گئے الیکشن، کس بنیاد پر جیتےالیکشن، وہ دیش بھی جانتا ہے اور ہم بھی ۔ مگر 6 فیصد؟ اس لئے ہم کہہ رہے ہیں کہ سر ہر اعتبار سے آپ کے سامنے ایک چیلنج ہے، ایک موقع ہے۔ آپ اچھے کام کریں گے تو ہم بھی ساتھ دیں گے۔مگر آپ اچھا کام آیڈیولوجی کی بنیاد پر کرنا چاہتے ہیں۔ میں آخر میں یہ امید کرتا ہوں کہ یہ حکومت انڈین نیشنلزم پر چلے گی، آئین پر چلے گی، آپ کی آئیڈیولوجی اس ملک کو کمزور کرے گی، آپ کی آئیڈیولوجی ماب لِنچنگ میں اور اضافہ کرے گی۔۔۔ شکریہ۔۔۔

(ختم شد)

**SHRI TOKHEHO YEPTHOMI (NAGALAND):** Hon. Chairman Sir, I rise to support the Motion of Thanks on the President's Address to both the Houses of Parliament.

Sir, hon. President has highlighted the achievements of the Government in the last five years and he has also clearly highlighted the plans and programmes of this Government that are to be implemented in the next five years. That is the duty and the responsibility of the Members of this august House to implement the schemes for the welfare of the people of this great country.

Hon. Chairman Sir, while going through hon. President's Address, I saw that nothing has been mentioned about the North Eastern States' law and order and the insurgency problems. But a mention has been made about the situation in Jammu and Kashmir and naxalites.

Hon. Chairman Sir, Naga political negotiations have been going on for the last 22 years. But on 3rd August, 2015 under the leadership of hon. Prime Minister and the Government of India made framework agreement with the NSCN(I-M). The people of Nagaland have been expecting that there will be a solution, before the end of the last 16th Lok Sabha but that did not happen.

Hon. Chairman, Sir, these negotiations have been going on for the last 22 years and since the framework agreement had been signed, I would like to urge upon the hon. Leader of this House, the Prime Minister of India, to kindly expedite the Naga political negotiations and settle the issue at the earliest.

Hon. Chairman Sir, coming to the second point in the hon. President's Speech, a mention has been made stating that Citizenship (Amendment) Act will be amended.

**<u>19.34 hrs</u>** (Hon. Speaker *in the Chair*)

Hon. Speaker, Sir, there has been hue and cry about this Citizenship (Amendment) Bill especially among the north-eastern States. Sir, you are aware that North Eastern States share an international boundary with China, Bangladesh and Myanmar and people have their apprehensions that once this Citizenship (Amendment) Bill is passed, it will open floodgates for the immigrants to come to the North Eastern States.

Therefore, before this Bill is brought forward, I would like to request the hon. Prime Minister and the Home Minister to kindly deliberate on this issue with all the Chief Ministers of the North-Eastern States to have a smooth passage of this Bill.

Coming to the hon. President's Address, a mention has been made that special emphasis is being accorded to improving connectivity in the North-East and hilly and tribal areas. "In addition to increasing the ease of living of citizens in the North-East, tourism, agriculture and other allied sectors will also benefit from better connectivity, and steps are being taken to encourage organic farming in the North-Eastern States."

Hon. Speaker, Sir, you are aware that we, all the North-Eastern States and in the hilly areas, are dependent on road transport. As you are aware, we do not have waterways; we do not have railways, except in some districts of

Assam; and we are dependent on road transport. Therefore, in addition to the programmes that have been highlighted in the hon. President's Address, I would like to urge upon the Leader of the House to kindly give more priority to the road sector and enable the North-Eastern States to be part of the rest of the country.

With these few words, once again I want to thank you, hon. Speaker, for giving me the time to participate in the discussion on the Motion of Thanks.

**प्रो. रीता बहुगुणा जोशी (इलाहाबाद) :** आदरणीय अध्यक्ष जी, मैं आपका आभार व्यक्त करती हूं कि आपने मुझे सम्मानित राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर बोलने का अवसर दिया है। मैं प्रथम बार इस सदन में बोल रही हूं, इसलिए मुझे बड़े गौरव का अहसास भी हो रहा है। यह वह सदन है, जहां भारत का शीर्षस्थ नेतृत्व बैठता है। यह वह सदन है, जिसने न जाने कितने इतिहास रचे हैं, कानून बनाए हैं। नोक-झोंक होती हैं, वाद-विवाद होता है, लेकिन जब हम यहां से बाहर निकलते हैं, तो लोकतंत्र मजबूत होकर ही निकलता है, ऐसा मेरा मानना है। मैं यहां पर राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर जो प्रस्ताव आया है, उसके लिए खड़ी हुई हूं, जिसे आदरणीय प्रताप षडङ्गी जी ने प्रस्तुत किया है और डॉ. हिना गावित जी ने उसका समर्थन किया है, उसके पक्ष में मैं अपने विचार व्यक्त करना चाहूंगी।

अध्यक्ष महोदय, मैं सुबह से लगातार हर एक की डिबेट सुन रही हूं, हर एक का विचार सुन रही हूं। यह तो निश्चित है कि हर एक ने यह स्वीकार किया है कि यह चुनाव अभूतपूर्व था। ऐसा प्रभावशाली चुनाव, इतने आयामों का, इतने स्पष्ट मत का चुनाव पिछले तीन दशकों में पहली बार हुआ है। 61 प्रतिशत लोगों ने वोट दिया है, महिलाओं ने बराबर से वोट दिया है। तीस साल के बाद एक राजनैतिक दल और एक प्रधान मंत्री पूर्ण बहुमत लेकर आए हैं और प्रधान मंत्री बने। उनको सफलता मिली और सबसे बड़ी बात इस चुनाव ने एक सबक यह भी दिया है कि अगर अच्छा काम होता है, तो उम्मीद विश्वास में परिणत होती है। वर्ष 2014 में मोदी जी के प्रति राष्ट्र को संभावनाएं थीं, उनसे उम्मीद थी, आशा थी कि यह नेता कुछ करेगा, लेकिन वर्ष 2019 का चुनाव विश्वास का चुनाव हो गया है। राष्ट्र को विश्वास है कि अगर यह राष्ट्र उन्नति करेगा और आगे जाएगा, तो नरेन्द्र मोदी जी के ही नेतृत्व में होगा। इसलिए यह बहुत बड़ी बात है।

अध्यक्ष महोदय, मैं यह भी कहना चाहती हूं कि जब हम आंकड़े प्रस्तुत करते हैं, तो विपक्ष कहता है कि आंकड़े ठीक नहीं हैं। जनमत लेकर आते हैं, तो कहता है कि जनमत ठीक नहीं है। तो आप ही बताइए कि लोकतंत्र में तीसरा और कौन-सा मापदंड है? हम किस मापदंड से निकालें कि हम सही हैं और जनता हमको चाहती है। यह लोकतंत्र है। सब कहते हैं कि लोकतंत्र है, संविधान

है, शीश झुकाओ और स्वीकार करो। इसलिए जनमत को स्वीकार करना चाहिए, अच्छे काम को अच्छा कहना चाहिए। राष्ट्र ठीक कह रहा है। देखिए ये परास्त नहीं हुए हैं, ये पस्त हो गए हैं। राष्ट्र ने विपक्ष को पस्त कर दिया है। कुछ नहीं बचा है, मुट्ठी भर रह गए हैं। ये अब खुद का आत्मवलोकन नहीं करते हैं। इस समय कांग्रेस के यहां संसदीय दल के अध्यक्ष नहीं हैं।

मैंने सुना, उन्होंने बड़ी अच्छी रेटोरिक्स (rehtoric) यहाँ प्रस्तुत की। एक बात मुझे सुनते-सुनते याद आ रही थी, एक शेर भी मुझे याद आया वसीम बरेलवी जी का। बात यह समझ में आई कि जो यूथ है, यंग है वह घर के बुजुर्ग के पास जल्दी नहीं जाता । क्यों नहीं जाता? क्योंकि सोचता है कि वे बोर करेंगे, पुरानी-पुरानी बात सुनाऐंगे । यह कथा सनुाएँगे कि 50 साल पहले हमारे जमाने में एक आने में इतना मिलता था। हमारे जमाने में यह होता था। वही हाल कांग्रेस का हो गया। 100 वर्षों की पूरी बात बोल गए, 21वीं सदी की बातें ही नहीं कीं और आज का भारत 21वीं सदी की बात सुनना चाहता है। यह जो बर्बादी विपक्ष की हो रही है, वह इसलिए है कि वह यथार्थ से रूबरू नहीं हो रहे हैं। वह नहीं समझ रहे हैं कि देश क्या चाहता है? मैंने जैसा कहा था, मुझे फिर वह शेर याद आया है, जो इन पर बहुत फिट बैठता है। वह है-

अपने पास रखो अपने सूरजों का हिसाब,
हमने तो आखिरी घर तक दीया जलाना है।
दीया और दीये का फर्ज पूरा कर रहा हूँ मैं,
अंधेरों से कहो रोके, उजाला कर रहा हूँ मैं।

मैं उजाला कर रहा हूँ। अंधेरा अगर रोक सकता है तो उसको रोके। आप सूरज लिए घूम रहे हो, हम एक दीया ही सही। लेकिन यह दीया आज परिणत हो गया है करोड़ों लोगों को सशक्त करने में, उनको सामाजिक न्याय दिलाने में, उनको आर्थिक ताकत दिलाने में। अध्यक्ष जी, चुनाव में जब हम लोगों ने प्रवेश किया, हमको यह अंदाजा नहीं था कि प्रधान मंत्री जी की जो लोक कल्याणकारी योजनाएँ हैं, इसकी पहुँच कितनी दूर तक है। आज दूर-सुदूर के आदिवासी गाँव में, अगर आप मोदी जी का नाम लीजिए तो वहाँ महिलाएँ जो अनपढ़ हैं, वह उनको जानती हैं। उनसे पूछो कि मोदी जी ने क्या किया है? जवाब आता है । हमको शौचालय दिया है, हमको घर दिया है,

हमको आवास दिया है, हमको उज्ज्वला दिया है। हिन्दुस्तान का कोई गाँव ऐसा नहीं है, जहाँ इन योजनाओं का लाभ लोगों को न मिला हो। महिलाएँ सबसे ज़्यादा इससे हमको प्रभावित मिलीं। एक 80 साल की वृद्धा, मैं एक गाँव में गई थी कनवेसिंग करने के लिए, मैंने उससे पूछा कि किसको वोट दोगी, उसने सीने पर हाथ पटक-पटक कहा कि मोदी मेरे कलेजे में रहता है; मैं मोदी को वोट दूँगी। देखिए, यह भाव था कि सारे समीकरण ध्वस्त हो गए। सारे जातीय समीकरण, सारे क्षेत्रीय समीकरण सब ध्वस्त हो गए। उत्तर प्रदेश में जो समीकरण बना, गठबंधन बना, वह 40 फीट दूर से बोलता रहा और खुश होता रहा कि मोदी गए पर वह नहीं समझ सके कि वह हवा में तिनके की तरह उड़ने वाले हैं और वह उड़ गए। मेरा बस यही कहना है। देखिए, जो अभिभाषण हुआ, उसमें भारत की रूप-रेखा, भारत का भविष्य हमको दिखाई देता है। उसमें उन्होंने पाँच साल की उपलब्धियों की बात की। मैंने एक समाचार-पत्र में पढ़ा, किसी बड़े नेता ने टिप्पणी की कि अभिभाषण में तो एक साल की उपलब्धि का उल्लेख होना चाहिए, पाँच साल का क्यों? महादेय, यहाँ कुछ लोग तो 100 साल का इतिहास सुनाते हैं, हम कुछ नहीं कहते। हम पाँच साल का बोलते हैं तो आपको कष्ट हो जाता है। यह तो उचित नहीं है, यह तो गलत है । It is a continuous process of development. एक प्रक्रिया है, वह प्रक्रिया एक नए नेतृत्व में, एक नए दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ी है। अगर आप यह कहें, जैसे अभी हमारे एक सदस्य ने कहा कि क्या फायदा हुआ किसान बीमा योजना से? मैं उत्तर प्रदेश से आती हूँ, अभी वहां की मंत्रि परिषद में थी, कैबिनेट मिनिस्टर थी, मैं आपको बताती हूँ कि पिछले दो साल में जब से वहाँ पर योगी सरकार आई है, एक करोड़ दस लाख किसानों को इस योजना का लाभ मिला है। यह कोई छोटी संख्या है? अब आप नकारना चाहें तो आप सब कुछ नकार सकते हैं। लेकिन बात वही आ जाती है कि अगर उज्ज्वला मिला है, अगर आवास मिला है और अगर 'आयुष्मान भारत' मिल रहा है, 70 लाख लोग भारत में आयुष्मान भारत का लाभ ले चुके हैं तो यह प्रशंसा का विषय है । उत्तर प्रदेश में 55 हज़ार लोग इसका लाभ ले चुके और आप कहते हैं कि इसकी सुविधा लोगों को नहीं मिल रही है तो मैं कैसे मान जाऊँ? मैं बहुत प्रसन्न हूँ कि न केवल 78 महिलाएँ ही जीत कर आई

हैं, युवा भी बहुत आया है। इस सदन में 300 नए लोग जीत कर आए हैं और इतनी महिलाएँ और युवा आए कैसे? अच्छे-अच्छे प्रोफेशनल्स हैं, कोई ब्यूरोक्रेसी छोड़ कर आ रहा है, कोई अपनी लीगल प्रैक्टिस छोड़ कर आया है।

युवा, जो डॉक्टर है, वह भी आज राजनीति में चला आ रहा है, कोई कॉरपोरेट सेक्टर से आ रहा है। ऐसा इसलिए हो रहा है, क्योंकि राजनीति का कल्चर पिछले पाँच सालों में बदला है, संस्कृति बदली है। लोगों को लगता है कि लोकतंत्र मजबूत हो रहा है। लोगों को लगता है कि हमें भी इसमें भागीदार होना चाहिए। लोगों को लगता है कि मोदी हमें जगह देंगे। लोगों को लगता है कि अगर हम पाँच साल रहेंगे तो हम भी नव भारत के निर्माण में, 21वीं सदी के निर्माण में हमारा भी इतिहास में नाम जाएगा। इसलिए लोग आ रहे हैं। इस बात को समझने की आवश्यकता है। महिलाओं के लिए "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" से लेकर राजनैतिक प्रतिनिधित्व तक मोदी जी ने हर जगह महिला केन्द्रित पॉलिसीज को अपनाया है। मैं आपसे बहुत जिम्मेदारी से कहती हूँ कि वर्ष 1947 के बाद से अब तक जितनी भी सरकारें आई हैं, उनमें महिला को केवल महिला और बाल विकास विभाग दिया जाता था। ऐसा क्यों था? हमें बहुत खुशी है, क्योंकि हम जानते हैं कि महिला और बाल विकास कैसे होगा और इसे पुरुष नहीं बता सकता है। परन्तु जो पाँच हमारी सबसे बड़ी मिनिस्ट्रीज (मंत्रालय) होती हैं, डिफेंस, फॉरेन, एचआरडी, कॉमर्स और अब वित्त मंत्रालय समय-समय पर महिलाओं को देकर मोदी जी ने सिद्ध कर दिया कि अगर महिला के हाथ में पावर दी जाए तो वह कहीं भी कदापि कम नहीं है। हमारे पास समानता का अधिकार है। हमारे बच्चों को एक जैसी शिक्षा मिल रही है। आज माता-पिता अपनी बेटियों के दहेज के लिए पैसा नहीं बचाते हैं, वे अपनी बेटियों की शिक्षा में पैसा इन्वेस्ट करते हैं। आज बेटियाँ नाम भी रोशन कर रही हैं, बेटियाँ देश को आगे भी ले जा रही हैं। अब हमारे प्रधान मंत्री जी चाहते हैं कि जो हमारी लड़कियाँ हैं, जो हमारी बहनें हैं, आज सिर्फ इनका विकास न हो, इनके माध्यम से, इनके हाथ से इस देश का विकास हो और ये देश के विकास में बराबर की भागीदार हों। इससे हमें गर्व महसूस होता है। A leader leads by his own experience. वह अपने अनुभव से लीड करता है। हमारे लीडर ने

लीड किया है। "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" आज अंतर्राष्ट्रीय शब्द बन चुका है। लोग इस पर रिसर्च कर रहे हैं। बहुत सारे लोग अध्ययन कर रहे हैं कि "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" का क्या 'इम्पैक्ट' (प्रभाव) हुआ। सबसे बड़ा इम्पैक्ट तो पड़ोस में हुआ। हरियाणा राज्य, जो आर्थिक रूप से सम्पन्न था, यहाँ बेटियाँ पैदा होते ही दफन कर दी जाती थीं। आज आपको जानकर खुशी होगी, जो आंकड़े मैंने पढ़े हैं, हो सकता है कि आगे-पीछे हों, इनमें कुछ अंतर हो सकता है, आज से 5 साल पहले जब बच्ची पैदा होती थी, तो बेटे और बेटी में यानी बालक और बालिका में बहुत अनुपातित अंतर था। पहले एक हजार बालकों पर 850 बालिकाएं थीं। आज वर्ष 2019 का आंकड़ा देखिए, मैं न्यूबोर्न बेबी, नवजात का आंकड़ा बता रही हूँ, आज एक हजार बालकों पर 931 बेटियाँ पैदा हो रही हैं। यह अंतर "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" से आया है। आप सोचिए हम कैसे कह सकते हैं कि अंतर नहीं हो रहा है। उत्तर प्रदेश में अंतर हो रहा है। भारत के 104 जिले ऐसे हैं, जिनमें इसकी वजह से जबरदस्त अंतर आया है।

महोदय, हमें बोलने दीजिए। मैं पहली बार बोल रही हूँ। आपने 8 बजे तक का समय कहा है, कोई बात नहीं, सवा 8 हो जाएगा। मैं आपसे यह कहना चाहती हूँ। आजीविका मिशन बहुत बड़ा मिशन है, इससे देश की तीन करोड़ महिलाओं, बहनों को लाभ हुआ है। उत्तर प्रदेश में आजीविका मिशन से लाखों महिलाएं जुड़ी हुई हैं। आजीविका मिशन के माध्यम से उत्तर प्रदेश में हम लोग 22 लाख महिलाओं को लाभ पहुँचा रहे हैं। ये सारे आर्थिक सशक्तिकरण, राजनीतिक सशक्तिकरण, सामाजिक सशक्तिकरण इस सरकार के कार्यकाल में ही संभव हुआ है। चाहे उज्ज्वला योजना हो, सौभाग्य योजना हो, प्रधान मंत्री आवास योजना हो, स्वच्छ भारत अभियान में इज्जत घर या शौचालयों की योजना हो या अब जो हमारा "आयुष्मान भारत" आया है, इन सबका डायरेक्ट इम्पैक्ट, सीधा असर और सीधा लाभ महिलाओं को हो रहा है, क्योंकि वे गृहणी होती हैं, घर बनाती हैं। "मातृ वंदना योजना" को ले लीजिए। यह हमारी सरकार की बहुत बड़ी पहल थी। यह योजना लागू हुई और इसके माध्यम से 6 हजार रुपये प्रति महिला को दिया जाता है। बेटी पैदा होने पर माँ को अलग-अलग स्टेजेज पर 6 हजार रुपये प्रति महिला दिया जाता है।

असंगठित क्षेत्र को ले लीजिए। हमारी बहनें, बेटियां बहुत बड़ी संख्या में, खास तौर से शहरों में, असंगठित क्षेत्र में काम करती हैं। असंगठित क्षेत्र में जो हमारे कर्मचारी हैं, उनके लिए सम्मानजनक वर्किंग कंडीशंस हों, उनकी सैलरी पैकेज सम्मानजनक हों, उसके लिए भी बिल्स तैयार किए जा रहे हैं। ऐसा प्रधान मंत्री और ऐसी सरकार महिलाओं के बारे में इतना सोचती है, बेटियों के बारे में सोचती है।

जैसे 'खेलो इंडिया' है। इसका लाभ सिर्फ लड़कों को ही नहीं मिल रहा है, बल्कि 'खेलो इंडिया' में लड़कियां ज्यादा खेल रही हैं और खूब कीर्तिमान भी स्थापित कर रही हैं। हमारी सरकार बहुत अच्छी है और हमारे प्रधान मंत्री अभूतपूर्व काम कर रहे हैं।

महोदय, अब मैं सिर्फ एक विषय 'संघीय ढांचे' पर बोलना चाहूंगी। बहुत बातें होती हैं कि संघीय ढांचा नष्ट हो रहा है, सेन्ट्रलाइजेशन-ऑफ-पावर(Centralisation of power)हो रहा है। सबसे ज्यादा शोर बंगाल से मचता है, और ज़गहों से मचता है। उन्हें कष्ट क्या है?

अगर हम आपको यू.पी. का उदाहरण दें तो संघीय ढांचे का क्या असर होता है, क्षेत्रीय पार्टियों या सरकारों को इसकी कितनी चिंता है, आप इससे अंदाज लगाइए। हमारी केन्द्र में सरकार, मोदी सरकार 2014 में बनी। उत्तर प्रदेश में 2017 में भाजपा की सरकार स्थापित हुई। उन ढाई वर्षों में वहां न ही 'स्वच्छता अभियान' के अन्तर्गत शौचालय बनाए गए और आवास की बुरी हालत थी। वहां केन्द्र की कोई भी योजना, चाहे वह 'सौभाग्य योजना' हो, बिजली के कनेक्शंस से संबंधित योजना हो, चाहे 'उज्ज्वला योजना' हो या अन्य योजनाएं हों, वे वहां कहीं भी नहीं पहुंच रही थीं। लेकिन, जैसे ही वहां योगी सरकार आई, बीजेपी की सरकार आई, हम लोगों ने काम शुरू किया । पूर्व की स्थिति पर हमारी एनालिसिस हुई कि ऐसा क्यों हुआ? वह इसलिए हुआ कि अगर केन्द्र का पैसा ले लेंगे, अगर केन्द्र की योजनाओं को लागू कर देंगे तो कहीं इसका लाभ मोदी जी को न हो जाए! क्या संघीय ढांचे का अर्थ यह होता है कि आप अपने प्रदेश की जनता को उन सब योजनाओं से, सुविधाओं से महरूम रखें, जो उन्हें केन्द्र से मिल सकती है? आज़म खान साहब यहां बैठे हैं। ये इसके गवाह हैं। ये वहां पार्लियामेंटरी अफेयर्स मिनिस्टर (Parliamentary

Affiars Minister) थे, वहां पर दो-ढाई साल इनकी सरकार थी। वहां किसी भी योजना को ठीक से लागू नहीं किया गया। अब हम लोग आ गए। हम लोगों के आते ही, आप देखिए कि कितना जबर्दस्त अन्तर आया। दो सालों के अन्दर ही उत्तर प्रदेश में ढाई करोड़ शौचालयों का निर्माण किया गया। 'सौभाग्य योजना' में 75 लाख घरों में बिजली पहुंचा दी गयी जबकि पहले पाँच हजार घरों में भी बिजली नहीं पहुंचाई गई थी। 'आयुष्मान योजना' में 1.8 करोड़ लोग इसके पात्र होंगे, लेकिन अभी करीब 54 हजार लोग इसका लाभ ले चुके हैं और हम लोगों को इस योजना में तेजी से पंजीकृत कर रहे हैं। इस प्रकार, 'उज्ज्वला योजना' का लाभ एक करोड़ दस लाख लोगों को मिल चुका है।

ऋण मोचन की जहां तक बात है तो प्रधान मंत्री जी ने घोषणा की कि उत्तर प्रदेश में ऋण मोचन करेंगे। पहली ही कैबिनेट मीटिंग में वहां पर 36 हजार करोड़ रुपये का ऋण मोचन हुआ। हमने अपने संसाधनों से यह किया। इसलिए ऐसा नहीं है कि स्टेट्स (राज्य) काम नहीं कर सकते हैं और हर बात के लिए केन्द्र को जिम्मेदार ठहराना भी उचित नहीं है।

महोदय, हमें थोड़ा मौका दे दीजिए। मैं आखिरी बात कहूंगी। मैंने इंफ्रास्ट्रक्चर की बात कही। आप सोच लीजिए कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखण्ड एक्सप्रेसवे के बाद अब गंगा एक्सप्रेसवे भी बनने जा रहा है। हम लोग तीन सालों के अन्दर 1200 किलोमीटर का एक्सप्रेसवे बनाकर पूर्व को पश्चिम से दिल्ली से जोड़ देंगे। जब हमारा गंगा एक्सप्रेसवे बन जाएगा तो 600 किलोमीटर का यह मार्ग भारत का सबसे लम्बा एक्सप्रेसवे होगा। यह केन्द्र के आशीर्वाद से हो रहा है।

जहां उत्तर प्रदेश में हमारे पास सिर्फ दो एयरपोर्ट्स थे, 'उड़ान योजना' के जरिए आज हमारे पास छ: एयरपोर्ट्स फंक्शनल हैं और छ: नए एयरपोर्ट्स बन रहे हैं। वाटरवेज़ बन रहे हैं। भारत में क्या नहीं हो रहा है? सरफेस ट्रांसपोर्ट, वाटरवेज़, एयर ट्रांसपोर्ट सब चीजें उड़ान ले रही हैं, भारत उड़ान ले रहा है। भारत आगे जा रहा है और इतनी तेजी से जा रहा है कि विपक्ष बौखला गया है। उसे समझ में नहीं आ रहा कि उसे क्या करना चाहिए।

डिफेंस कॉरीडोर बन रहा है। बुंदेलखण्ड में 20 हजार करोड़ रुपये का निवेश आने वाला है। वह बुंदेलखण्ड, जो सूखे से मर रहा है, जब हमारी पिछली सरकार थी और वहां पानी की किल्लत थी तो हमारे प्रधान मंत्री जी ने जब एक वाटर ट्रेन भेजी तो उसे वापस भेज दिया गया और कहा गया कि हम यह पानी नहीं पिलाएंगे, क्योंकि यह मोदी का पानी है, इसे वापस ले जाओ। ऐसे देश नहीं चलता है। अगर आपको को-ऑपरेटिव फेडरलिज्म चाहिए तो अगर हम दो कदम आगे बढ़ते हैं और आप ज्यादा नहीं बढ़ सकते तो कम से कम एक कदम तो आगे बढ़ें।

सिर्फ एक्स्पाइरी प्राइम मिनिस्टर कह देने और जब तक मोदी है, हम पैसा नहीं लेंगे, तो आप यह नहीं कर सकते । यह जनता के साथ धोखा है ।

अंत में मैं यही कहना चाहूंगी कि चाहे टूरिज्म हो, इसमें पूरे देश को बहुत लाभ हुआ है। केन्द्र खासतौर से यूपी को सपोर्ट कर रहा है। हमारे स्टेट में इन्वेस्टर्स कॉन्क्लेव हुआ । हर स्टेट में प्रधान मंत्री जी उतनी ही दिलचस्पी लेते हैं। इन्हीं बातों के साथ आखिर में मैं एक बात कहूंगी। अब मैं आप सभी को एक शेर सुना रही हूं, प्लुरलिज़म की जो बात बार-बार आ रही है, यह उसी के संदर्भ में है-

"कोई कुछ भी कहे, लेकिन ये सारे लोग मेरे हैं,
किया है इनसे जो वादा, वह पूरा कर रहा हूं मैं।
किसी तुफान की साजिश से मेरा कुछ नहीं बिगड़ेगा,
कि अब कश्ती नहीं खुद पर भरोसा कर रहा हूं मैं।"

धन्यवाद, जय हिन्द। …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** श्री सुरेश नारायण जी।

**श्री हनुमान बैनिवाल (नागौर):** अध्यक्ष महोदय, अगर आप मुझे एक छोटी-सी बात रखने का मौका देते तो बड़ा अच्छा रहता। महोदय, आप भी राजस्थान से हैं। मैं एक मिनट में ही अपनी बात रख दूंगा। …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** आपने बोल दिया न। अब आपकी बात हो गई।

**श्री हनुमान बैनिवाल :** नहीं सर, घटना पर तो मैं जिक्र कर दूं। हमारे माननीय सदस्य को तो फिर भी टाइम मिल जाएगा। कल 23 जून को राजस्थान के बाड़मेर जिले में एक बहुत बड़ा हादसा हुआ, जिसमें पन्द्रह से अधिक लोगों की जान चली गई और 60-70 लोग घायल हो गए, लेकिन राजस्थान की सरकार गंभीर नहीं है। राजस्थान की सरकार ने मुआवज़ा भी बहुत कम दिया है। इस घटना पर माननीय प्रधान मंत्री जी ने भी दुख व्यक्त किया है। मैं चाहता हूं कि प्रधान मंत्री जी इस घटना का संज्ञान लें।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सुरेश जी।

**19.57 hrs**

**MOTION OF THANKS ON THE PRESIDENT'S ADDRESS –Contd.**

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सुरेश जी।

**श्री बालूभाऊ उर्फ सुरेश नारायण धानोरकर (चन्द्रपुर):** अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हो रही चर्चा में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं।

अध्यक्ष महोदय, मैं प्रथम बार सांसद बना हूं और आज पहली बार बोलने का मौका मिल रहा है। इसके लिए मैं अपनी नेता श्रीमती सोनिया गांधी जी और कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राहुल गांधी जी को धन्यवाद देना चाहूंगा, जिन्होंने मुझे पार्टी का पक्ष रखने का मौका दिया।…(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, सूखे के कारण महाराष्ट्र में पशुओं को पर्याप्त चारा और पानी उपलब्ध कराने के लिए फॉडर कैम्प्स चलाए जा रहे हैं, लेकिन वहां सत्ताधारी पार्टी के नेता फर्जी तरीके से बिना फॉडर कैम्प खोले रोजाना सरकारी खजाने का 7 से 14 लाख रुपये का चूना लगा रहे हैं, जो अपने आप में बड़ी शर्मनाक बात है। महोदय, अभिभाषण में आयुष्मान भारत की बात कही गई, इसलिए मैं पूछना चाहता हूं कि पहले उत्तर प्रदेश के गोरखपुर और अब बिहार के मुज़फ्फरपुर में नौनिहालों की मौत हो रही है, इसके लिए सरकार कोई उचित कदम क्यों नहीं उठा रही है? जब बीमार बच्चों के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं है तो आयुष्मान भारत योजना का क्या फायदा है? …(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, अभिभाषण में सर्जिकल स्ट्राइक का जिक्र हुआ, लेकिन हमारे वीर सैनिक जो रोजाना शहीद हो रहे हैं, 18 जून तक लगभग 17 घटनाओं में हमारे लगभग 11 जवान शहीद हो गए। सरकार ऐसी घटनाओं को रोकने में असफल रही है। पुलवामा अटैक में उपयोग हुआ विस्फोटक पदार्थ कहां से आया, कड़ी सुरक्षा के बीच चल रहे सेना के काफिले के बीच एक प्राइवेट

कार कैसे आई, ये सारी जानकारी भी सरकार को बतानी चाहिए थी, जो कि अभी तक नहीं बता पाई।

अध्यक्ष महोदय, अंत में मैं यही कहना चाहता हूं कि राष्ट्रपति जी का अभिभाषण केवल सरकार के झूठे वादों का पिटारा है। वर्ष 2014 के अभिभाषण का कोई भी वायदा सरकार पूरा नहीं कर पायी। सरकार अब तक हर कदम पर असफल रही है। मैं अपनी बात वसीम बरेलवी की दो लाइनों से समाप्त करना चाहूंगा –

"झूठ वाले कहीं से कहीं बढ़ गए,
और हम थे कि सच बोलते रह गए।"

धन्यवाद, जय हिन्द – जय महाराष्ट्र।

**माननीय अध्यक्ष:** सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 25 जून, 2019 को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

**20.00 hrs**

The Lok Sabha then adjouned till Eleven of Clock on
Tuesday, June 25, 2019/ Ashadha 4, 1941 (Saka)

___________